www.deshbandhu.co.in

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 21 अक्टूबर 2023 | वर्ष – 65 | अंक –187 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021–23



शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन माता कालरात्रि देवी की होगी आराधना

अभिमत
■ विश्व गुरु शांति प्रयास में पीछे क्यों रह गये? पृष्ठ 6

■ इजरायल-गाजा सीमा के पास इजरायली सैन्य गतिविधि में बढ़ोतरी
■ बाइडेन ने अमेरिकियों से की इज़राइल व यूक्रेन का समर्थन करने की अपील पृष्ठ 7

अगर स्टोक्स फिट हैं तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना होगा : माइकल आर्थर्टन पृष्ठ 8

# भूपेश ने छत्तीसगढ़ को बनाया दिल्ली दरबार का एटीएम

## दंतेवाड़ा की चुनावी सभा में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की हुंकार



■ केंद्रीय मंत्री ने माना परिवर्तन का मन बना चुकी है जनता
■ चैतराम की जीत से दंतेवाड़ा को मिलेगी परिवारवाद से मुक्ति
■ नामांकन रैली और सभा के बहाने भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

**दंतेवाड़ा**, 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा ने भी आज अपने उम्मीदवार चैतराम अटामी के नामांकन रैली के माध्यम से जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। इसके पूर्व चुनावी सभा भी हुई, जिसमें खास तौर पर दिल्ली से केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया दंतेवाड़ा पहुंचे थे। श्री मंडाविया ने सभा में केन्द्र सरकार की जमकर तारीफ की, वहीं प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार को भ्रष्टाचार की सरकार बताते राज्य को दिल्ली दरबार का एटीएम बनाने का आरोप भी लगाया।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है, इसकी शुरूआत दंतेवाड़ा से होगी। प्रत्याशी चैतराम यहां से चुनाव जितेंगे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है। दंतेवाड़ा को परिवार वाद से मुक्ति दिलाने उन्होंने चैतराम की विजय को जरूरी बताया। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने पिछले पांच साल शासन में रहते हुए भ्रष्टाचार के अलावा कुछ भी नही किया। इस सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य को गांधी परिवार का एटीएम बना दिया है। धान खरीदी के लिए केन्द्र सरकार पैसा दे रही है, लेकिन भूपेश सरकार अपना 6 सौ रूपए लगाकर इसका श्रेय खुद लुट रही है। इस सरकार ने जनता, किसान युवा समेत सभी वर्ग को छला है। यहां की जनता समझ चुकी है, इस बार छलावे में नही आने वाली है। जनता परिवर्तन के मूड में है। श्री मंडाविया ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार भ्रष्टाचारी एवं वायदा खिलाफी वाली सरकार है। आदिवासी विरोधी सरकार है, इनके खिलाफ़ जनता में आक्रोश है जनता बदलाव चाहती है। जनता की मंशा को देखते हुए मैं बता सकता हूं कि इस बार छत्तीसगढ़ में भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनेगी और हम यहां से डबल इंजन की सरकार बनाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा कि आज नामांकन दाखिल करने के लिये सर्वप्रथम उन्होंने अपने माता–पिता व जनसेवा की मूर्ति बुधरी ताती से मुलाकात कर उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। पूजा अर्चना के बाद समर्थको व भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ नामांकन दाखिल करने के लिये आये। आज सभा में किरंदुल के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह एवं 28 कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने भाजपा प्रवेश किया। सभा के बाद श्री अटामी की नामांकन रैली प्रारंभ हुई। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी शामिल हुए। पारम्परिक लोक नर्तक दल के साथ ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

# ईडी ने भाजपा नेता सहित 14 से ज्यादा लोगों के ठिकानों पर मारा छापा

## मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी के यहाँ भी दबिश



**रायपुर**, 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव से पहले प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को राज्य के कई शहरों में दबिश दी है। ईडी की टीम ने रायपुर, दुर्ग, कोरबा समेत अन्य शहरों में कई लोगों के घर और अन्य ठिकानों पर रेड डाली है। टीम ने रायपुर में 2, दुर्ग में 2 कोरबा में 1, राजनांदगांव में 1, इस तरह प्रदेश भर में 14 से ज्यादा राइस मिलर्स और कारोबारियों के यहां दबिश दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी के लॉंविस्टा खुशी वाटिका स्थित घर पर ईडी की टीम की दबिश दी गई है, जिसकी जांच जारी है। रायपुर के तिल्दा स्थित अमित चावल उद्योग, तिरुपति राइस मिल के ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा है। वहीं राजनांदगांव स्थित अन्नपूर्णा राइस मिल के मालिक आशीष खंडेलवाल के घर पर कार्रवाई की है। प्रदेशभर में कुल 14 से ज्यादा ठिकानों पर ईडी की रेड जारी है।

महासमुंद के राइस मिलर पारस चोपड़ा ठिकाने पर भी ईडी ने रेड डाली है। पारस चोपड़ा के यहां इसके पहले भी ईडी का छापा पड़ चुका है। जहां ईडी ने तीन दिनों तक दस्तावेज दस्तावेज खंगाले थे। इसके अलावा दुर्ग में भी ईडी की टीम राइस मिलर कैलाश ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## सार संक्षेप

### वर्ष का अंतिम चंद्रग्रहण 28 अक्टूबर को

**नई दिल्ली**। वर्ष 2023 का अंतिम चंद्रग्रहण 28-29 अक्टूबर की रात को शरद पूर्णिमा को लगेगा और यह भारत में आंशिक रूप से दिखाई देगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि 28 अक्टूबर की आधी रात को चंद्रमा उपछाया में प्रवेश करेगा और ग्रहण की अवधि 29 अक्टूबर के शुरुआती घंटे होगी। ग्रहण मध्यरात्रि के आसपास भारत के सभी भागों में दिखाई देगा।

### निठारी कांड का आरोपी पंढेर लुक्सर जेल से रिहा

**नोएडा**। निठारी कांड का आरोपी मोनिंदर पंढेर लुक्सर जेल से रिहा हुआ। निठारी में डी5 नंबर की पंढेर की कोठी के पास पुलिस तैनात किया गया है। इसी साल जून में उसे गाजियाबाद की डासना जेल से लुक्सर लाया गया था। बीमार होने के चलते उसे आइसोलेशन वार्ड में रखा गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी नरसंहार में सीबीआई कोर्ट से फांसी की सजा पाए सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर को दोषमुक्त करार दिया था।

### मानहानि मामले से हटे महुआ मोइत्रा के वकील

**नई दिल्ली**। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहादराई के खिलाफ दायर किए गए मानहानि मामले पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान वकील जय अनंत देहादराई ने आरोप लगाया कि महुआ मोइत्रा के वकील गोपाल शंकर नारायणन ने गुरुवार को उनसे संपर्क कर मोइत्रा के खिलाफ दर्ज शिकायत को वापस लेने को कहा था। देहादराई ने दावा किया कि उनके पास उनके और शंकर नारायणन के बीच हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग भी है। देहादराई ने हितों के टकराव का आरोप लगाकर वकील शंकर नारायणन को सुनवाई से हटाने की अपील की।

### संजय सिंह की याचिका खारिज

**नई दिल्ली**। दिल्ली हाईकोर्ट ने 20 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की याचिका खारिज कर दी। संजय को ईडी ने दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट ने उन्हें ईडी की रिमांड में भेज दिया गया था। संजय सिंह ने मामले में गिरफ्तारी और ईडी की दी गई रिमांड को हाईकोर्ट में चुनौती दी

# जनता भू-पे और खाऊ सरकार से उबी भाजपा के पक्ष में माहौल : अनुराग ठाकुर



**रायपुर**, 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय खेल एवं सूचना– प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता अब इस भू–पे और खाऊ सरकार उब चुकी है। कांग्रेस ने जिस तरह से संसाधनों को लूटा है और प्रदेश की ऐसी हालत कर दी है। छत्तीसगढ़ जो बहुत आगे जा सकता था, उसको पीछे की ओर धकेला है। अब छत्तीसगढ़ बर्दाश्त नहीं करेगा।

राजधानी रायपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने माना विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हो रहे भ्रष्टाचार, यहां खनन माफिया हो, शराब माफिया हो या फिर तबादला माफिया हो। हर माफियाओं की सरकार से छत्तीसगढ़ की जनता मुक्ति चाहती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अब दिल्ली की कांग्रेस का एटीएम नहीं बने, इसलिए अब छत्तीसगढ़ बर्दाशत नहीं करेगा। गौरतलब है कि अनुराग भाजपा के प्रत्याशी के नामांकन दाखिल प्रक्रिया में बीजापुर में शामिल हुए।

**भाजपा के पक्ष में है माहौल**

अनुराग ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के पक्ष में जो चुनावी माहौल बना है, उसके पीछे कारण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र की ओर से सहायता दी है, एक के बाद दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट दिया है। किसानों से धान खरीदी के लिए एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि उपलब्ध कराई है। वहीं दूसरी ओर जनता त्रस्त है, तुष्टिकरण से, सांप्रदायिकता से ऐसा लगता है। यहां की सरकार तुष्टिकरण से ग्रसित है, और देश भर में अगर सबसे भ्रष्ट सरकार कहीं पर है, तो वह छत्तीसगढ़ में है। अनुराग ने भाजपा के स्टार प्रचारकों को लेकर पूछे गए प्रश्न पर कहा कि आप कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची देखें। उसके बाद यह कांग्रेस का सवाल जरूर पूछिए। शायद कांग्रेस के पास जवाब नहीं होगा। छत्तीसगढ़ हमारा कई बार आना हुआ, सबका हुआ है और शायद पीड़ा कांग्रेस को यह हो रही है कि भाजपा के पास ऐसे चेहरे हैं, लेकिन कांग्रेस के पास भ्रष्ट चेहरे हैं।

# नगरनार संयंत्र के निजीकरण को लेकर झूठ बोल रहे हैं शाह : भूपेश



दीपक बैज, लखेश्वर और जतिन के नामांकन कार्यक्रम में हुए शामिल

**जगदलपुर**, 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के नामांकन दाखिल करने की अंतिम दिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में बस्तर जिला के तीनों विधानसभा प्रत्याशी बस्तर विधानसभा से लखेश्वर बघेल, जगदलपुर विधानसभा से जतिन जायसवाल और चित्रकूट विधानसभा से दीपक बैज ने अपने–अपने नामांकन दाखिल किये। शहर के मिशन ग्राउंड में आयोजित कांग्रेस की संकल्प सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नगरनार इस्पात संयंत्र को लेकर गृह मंत्री झूठ बोल रहे हैं। वे कह रहे हैं कि नगरनार इस्पात संयंत्र का निजीकरण नहीं होगा और कोलकाता की बैठक में निविदाओं पर चर्चा हो रही और उद्योगपति नगरनार इस्पात संयंत्र के निरीक्षण के लिए पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बस्तरवासी और कांग्रेसी एकजुट होकर ही नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण को रोक सकते हैं जिस तरह से नंदराज पहाड़ को उद्योगपति घराने के हाथों जाने से रोका गया है। श्री बघेल ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार की नजर बस्तर के आदिवासियों की जमीन पर है, इसलिए बार–बार मोदी और शाह बस्तर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह ने आदिवासियों की एक लाख एकड़ जमीन लुटवा दी। ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

# द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

**रायपुर**, 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन–2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। इस चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग की कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

प्रदेश में द्वितीय चरण में हो रहे निर्वाचन के लिए प्रत्याशी 30 अक्टूबर तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर को होगी तथा प्रत्याशी 2 नवम्बर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए 17 नवम्बर को मतदान होगा। प्रथम तथा द्वितीय दोनों ही चरणों की मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

# यात्री बस बंजारी घाट में गिरी

## दो की मौत 35 घायल एक महिला का पैर कटा



■ प्रयागराज से रायपुर आ रही थी यात्री बस
■ छत्तीसगढ़ से पलायन कर मजदूर वापस लौट रहे थे

**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। पेंड्रा बिलासपुर मार्ग में प्रयागराज से बिलासपुर जा रही यात्री बस बंजारी घाट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे बस में सवार 50 यात्रियों में 2 की मौत 3 गंभीर रुप से जबकि 35 लोगो को गंभीर चोटें, बस में सवार सभी यात्री मजदूर वर्ग के मजदूरी कर उत्तर प्रदेश से लौट रहे थे, घटना की सूचना पुलिस को मिलने के बाद रेस्क्यू की टीम मौके पर पहुंचकर हादसे में घायल यात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद जिला अस्पताल रेफर कर रही है

घटना पेंड्रा बिलासपुर मार्ग कार्यक्रम घाट की है जहां सुबह 5 बजे चालक की लापरवाही से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से छत्तीसगढ़ के बीच चलने वाली बस जो कारीआम बंजारी घाट के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई यात्री बस में सवार 50 यात्रियों में 35 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि पुष्पेंद्र पटेल 45 वर्ष पटेहरी थाना जिला मऊगंज मध्य प्रदेश मृतक राजू निर्मलकर पिता नीलकंठ निर्मलकर ग्राम नरियारा जिला जांजगीर के निवासी, एक महिला जिसका पैर कटा शिववती पति बदलू प्रजापति मऊगंज जुरहरा थाना मध्य प्रदेश, की रहने वाली है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लिए काफी मजदूर छत्तीसगढ़ से अन्य राज्यों में पलायन करते हैं और इन्हीं ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# मजदूर को देना होगा 30 लाख का मुआवजा



**नई दिल्ली**, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश में सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजन को 30 लाख रुपए मुआवजा देना होगा। सीवर की सफाई के दौरान कोई सफाईकर्मी स्थायी दिव्यांगता का शिकार होता है तो न्यूनतम मुआवजे के रूप में उसे 20 लाख रुपए दिया जाएगा। वहीं, अन्य दिव्यांगता पर अफसर उसे 10 लाख रुपए तक का भुगतान करेंगे। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों को लेकर दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो।

# बीआरएस को तेलंगाना से उखाड़ फेकेंगे : राहुल



दस साल में केसीआर ने जितना पैसा लूटा, हम आपको वापस देने जा रहे : राहुल

**हैदराबाद**, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि साल 2004 में कांग्रेस ने आपसे तेलंगाना बनाने का वादा किया था। सोनिया गांधी ने तेलंगाना बनाने में आपकी पूरी मदद की। मैं यह भी कह सकता हूं कि अगर सोनिया गांधी ने तेलंगाना की मदद नहीं की होती तो तेलंगाना बनता ही नहीं। राज्य के एक परिवार के पास सारा पैसा जाता है, आपका सारा पैसा केसीआर परिवार को मिलता है। पिछले 10 साल केसीआर ने आपसे पैसा लूटा है। मैं आपको बता रहा हूं, जितने रुपए केसीआर ने आपसे लूटे हैं, उतने रुपए हम आपको वापस देने जा रहे हैं। राहुल गांधी ने तेलंगाना में अंबेडकर स्टेच्यू सर्कल से लोगों को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। राहुल ने जगतियाल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस के बब्बर शेरों की सरकार होगी। यहां की जनता की सरकार होगी। कांग्रेस के बब्बर शेर बीआरएस की सरकार को उखाड़ फेकेंगे। तेलंगाना के सपने को पूरा करने के लिए पहला कदम जाति आधारित गणना है। मोदी और सीएम केसीआर यहां जाति जनगणना नहीं करवाना चाहते हैं। कांग्रेस तेलंगाना का इस सपने को पूरा करके दिखाएगी। मैंने लोकसभा में जाति जनगणना की बात उठाई। लेकिन प्रधानमंत्री ने मेरे सवालों का जवाब नहीं दिया।

# कोविंद समिति के साथ रोडमैप साझा करेगा विधि आयोग

**नईदिल्ली**, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। विधि आयोग एक साथ चुनाव कराने के अपने रोडमैप को अगले सप्ताह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति के साथ साझा करेगा। समिति ने विधि आयोग को 25 अक्तूबर को आमंत्रित किया है, ताकि वह इस बारे में उसकी राय जान सके कि देश में एक साथ चुनाव कैसे कराए जा सकते हैं। उच्च स्तरीय समिति ने हाल ही में अपनी पहली बैठक में राजनीतिक दलों की राय जानने का फैसला किया था और अब उन्होंने देश में एक साथ चुनाव कराने पर उनकी राय जानने के लिए उन्हें पत्र लिखा है। सूत्रों ने पत्र का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को भेजे पत्र में उसने परस्पर सहमति वाली तारीख पर उनके साथ बातचीत की मांग की है। न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाला विधि आयोग कार्यकाल बढ़ाकर या घटाकर सभी विधानसभा चुनावों को समन्वित करने के फार्मूले पर काम कर रहा है, ताकि ये चुनाव 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ कराए जा सकें। विधि आयोग लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक समान मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार कर रहा है ताकि लागत और मानवशक्ति (मैनपावर) के इस्तेमाल को कम किया जा सके।

# देश को मिली पहली रैपिड रेल की सौगात

**गाजियाबाद**, 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश को शुक्रवार को पहली रैपिड रेल रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की सौगात मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले चरण के तहत साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उसमें सफर भी किया। मोदी स्कूली बच्चों से बातचीत करते हुए नजर आए वहीं,



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी

ने कहा कि जिसका शिलान्यास हम करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं। मोदी ने कहा कि आज पूरे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं, न ही मरते–मरते चलने की। शुक्रवार को भारत की पहली रैपिड रेल सेवा 'नमो भारत' ट्रेन राष्ट्र को समर्पित हुई ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## मिशन गगनयान — इसरो के मिशन की तैयारी पूरी

# श्रीहरिकोटा से आज पहली परीक्षण उड़ान भरेगा टीवी-डी1

■ वापसी में बंगाल की खाड़ी में उतारा जाएगा मॉड्यूल

**चेन्नई, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने गगनयान मिशन को लेकर लगभग तैयारियां पूरी कर ली है। गगनयान मिशन के तहत टीवी-डी1 अपने पहली परीक्षण के लिए आज उड़ान भरेगा। जिसे सुबह आठ बजे श्रीहरिकोटा से भेजा जाएगा। इससे ही मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान को पंख लग जाएंगे।**

*कार्यक्रम से जुड़े जानकारों के मुताबिक, पहले परीक्षण उड़ान के नतीजों के आधार पर अन्य परीक्षण किए जाएंगे। इस दौरान क्रू मॉड्यूल को परखा जाएगा। जिसमें क्रू एस्केप प्रणाली भी शामिल है। बता दें कि गगनयान का यह हिस्सा तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने में इस्तेमाल किया जाएगा। इसरो का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए 400 किलोमीटर की लो अर्थ ऑर्बिट पर मानव को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना है। यह परीक्षण श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से होगा। इसमें क्रू मॉड्यूल की उड़ान, उसे वापस उतारने और समुद्र से रिकवर करने की प्रक्रियाएं शामिल होंगी। मॉड्यूल को वापसी में बंगाल की खाड़ी में उतारा जाना है। जिसे भारतीय नौसेना द्वारा रिकवर किया जाएगा। इसके के लिए नौसैनिकों का एक गोताखोर दल बनाया गया है। साथ ही मिशन के लिए एक जहाज को भी तैयार किया जाएगा। चंद्रयान–3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग और सूर्य के लिए आदित्य–एल 1 के सफल प्रक्षेपण के बाद गगनयान मिशन भारत को खगोल विज्ञान पर काम कर रहे अग्रणी देशों में शामिल करेगा।*

***क्रू-एस्केप से बचेगा जीवन***–*इसरो के मुताबिक, फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन–1 की तैयारियां पूरी हो गई हैं। मिशन में किसी अनहोनी की दशा में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने में यह क्रू-एस्केप प्रणाली काम आएगी। उड़ान भरते समय अगर मिशन में गड़बड़ी हुई तो यह प्रणाली क्रू मॉड्यूल के साथ यान से अलग हो जाएगा, कुछ समय उड़ेगा और श्रीहरिकोटा से 10 किमी दूर समुद्र में उतरेगी। इसमें मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को नौसेना की ओर से समुद्र से सुरक्षित* ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

# देश

**उवाच**

"जिस दिन इंडी गठबंधन बना था हमने कह दिया था यह बेमेल गठबंधन है। घमंडिया गठबंधन है, इनमें न लोगों के विचार एक हैं और न ही दिल एक हैं। केवल मोदी की लोकप्रियता से घबराकर ये बेमेल गठबंधन बना था जो बनने से पहले ही टूट रहा है:- **शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.1 | 16.1 |
| मुंबई | 35.9 | 25.4 |
| कोलकाता | 32.6 | 23.8 |
| चेन्नई | 32.7 | 24.4 |

# बिहार महापुरुषों की भूमि : राष्ट्रपति

## राष्ट्रपति ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया



**गया,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार को महापुरुषों की भूमि बताया और कहा कि यहां चाणक्य, आर्यभट्ट, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे विद्वान पैदा हुए हैं। श्री मुर्मू ने शुक्रवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार महापुरुषों की भूमि है। यहां चाणक्य, आर्यभट्ट, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे विद्वान पैदा हुए। उन्होंने कहा कि बिहार की भूमि अंबेडकर जैसे लोगों को मानने वाली भूमि है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय के प्रांगण में शिक्षा के क्षेत्र में चौहमुखी विकास हो रहा है। स्वर्ण पदक पाने वालों में छात्राओं की संख्या सबसे अधिक है, जो दर्शाता है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में गतिशील है। इसके अलावा अन्य शैक्षणिक विभागों का भी लगातार विकास हो रहा है, जहां अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और फैकल्टी की व्यवस्था है। श्रीमती मुर्मू ने कहा, 'आज का दिन बड़ा ही गौरवशाली है। जिन बच्चों ने डिग्री प्राप्त की है, मैं उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामना देती हूं। हमारी शुभकामना है कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी दिन-रात तरक्की करे। जो छात्र-छात्राएं यहां आज डिग्री धारण किए हैं, वे अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करें। यही हमारी शुभकामना है।'

**दीक्षांत समारोह में 1142 छात्र-छात्राओं को डिग्री दी गई**

**"बिहार महापुरुषों की भूमि है। यहां चाणक्य, आर्यभट्ट, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे विद्वान पैदा हुए। उन्होंने कहा कि बिहार की भूमि अंबेडकर जैसे लोगों को मानने वाली भूमि है:- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

दीक्षांत समारोह में 1142 छात्र-छात्राओं को डिग्री दी गई है, जिनमें 103 गोल्ड मेडलिस्ट हैं। इन गोल्ड मेडलिस्ट में छात्राओं की संख्या 66 है। राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित होने के बाद छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल रहा।

इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार के कुलपति कामेश्वर नाथ सिंह, भाजपा के महानगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार, औरंगाबाद सांसद सुशील सिंह, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। इससे पूर्व राष्ट्रपति के आगमन को लेकर यहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यूनिवर्सिटी के प्रांगण में पहुंची और वहां बने भव्य मंच पर कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ किया। इस दौरान लोगों ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति की।

### प्रियंका गांधी ने ओपीएस पर केंद्र की चुप्पी पर उठाए सवाल

# कांग्रेस सरकार ओपीएस लागू कर सकती है तो भाजपा सरकार क्यों नहीं कर सकती



**जयपुर**, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) पर चुप्पी को लेकर केंद्र पर निशाना साधा। प्रियंका गांधी ने कहा कि जब कांग्रेस सरकार इसे लागू कर सकती है तो भाजपा सरकार क्यों नहीं कर सकती ।

पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने राजस्थान के दौसा जिले में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राज्य की जनता को धोखा देने का आरोप लगाया। प्रियंका गांधी ने कहा, 'मैंने टीवी पर देखा, मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं, प्रधानमंत्री कुछ समय पहले राज्य में देवनारायणजी के मंदिर में गए थे और पीछे एक लिफाफा छोड़ गए थे। छह महीने बाद मैंने फिर देखा कि लिफाफा खोला गया और जनता सांस रोककर इंतजार कर रही थी। स्वाभाविक रूप से, जनता को उनके जैसे कद्दावर नेता से अच्छी खासी रकम की उम्मीद थी। लेकिन, उन्हें निराशा तब हुई जब लिफाफे में 21 रुपए की मामूली रकम थी। अफसोस की बात है कि देश कहां जा रहा है? बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जा रही हैं, मंच पर खड़े होकर तरह-तरह के लिफाफे दिखाए जा रहे हैं। जब आप उन्हें खोलते हैं, जब चुनाव खत्म हो जाते हैं और अपना काम दिखाने का समय आता है, तो कुछ नहीं होता है। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) का दूरगामी वादा भी इसी तरह किया गया था। कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, 'बीजेपी कार्यकर्ता कहते हैं कि हमारा चेहरा नरेंद्र मोदी होंगे। जनता को उनसे पूछना चाहिए कि क्या वह प्रधानमंत्री का पद छोड़कर राजस्थान के मुख्यमंत्री बनेंगे? प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि गरीबों से पैसा लूटकर उद्योगपतियों को दिया जाता है। अगर भाजपा सरकार सत्ता में आई तो पुरानी पेंशन योजना खत्म हो जाएगी और सस्ते सिलेंडर की सिर्फ कल्पना ही रह जाएगी।

बीजेपी के कई नेता खुद को भावी मुख्यमंत्री बता रहे हैं। पूरी भाजपा टुकड़ों में बंटी हुई है, लेकिन कांग्रेस मजबूती से खड़ी है और एकजुट है।

**'केंद्र की दोषपूर्ण नीतियां चीजों को मुश्किल बना रही हैं, लेकिन गहलोत सरकार आपको कठिन परिस्थिति से बाहर निकालने की कोशिश कर रही है। राज्य सरकार को महंगाई राहत शिविर लगाने पड़ रहे हैं क्योंकि केंद्र सरकार महंगाई पर काबू नहीं पा रही है:- प्रियंका गांधी, नेता कांग्रेस**

**प्रियंका गांधी ने राजस्थान के दौसा जिले में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया**

## मध्यप्रदेश में 18 साल में अर्थव्यवस्था हुई खस्ताहाल : सुप्रिया



भोपाल। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा सरकार के 18 सालों में अर्थव्यवस्था खस्ताहाल हो गई है कर्ज बेतहाशा बढ़ा है। श्रीमती श्रीनेत ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार पर क़रीब चार लाख करोड़ रुपए का कर्ज़ा है, इसके बाद क़रीब 20 हज़ार करोड़ रुपए से ज़्यादा सरकार ब्याज चुकाती है। राज्य के प्रति व्यक्ति पर 40 हजार रुपए से ज़्यादा का कर्ज है। कर्ज़ में डूबी हुई सरकार में भ्रष्टाचार भी बेलगाम है। उन्होंने कहा कि कर्ज का सीधा संबंध बेरोज़गारी से है। राज्य के दो करोड़ युवाओं के भविष्य की कोई बात ही नहीं कर रहा। 40 लाख से ज़्यादा बेरोज़गार रोजगार केंद्र पर पंजीकृत थे जिनमें से मात्र 21 लोगों को नौकरी मिली। नौकरी ना मिलने का सबसे बड़ा कारण है कि यहाँ निवेश नहीं आ रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में शिक्षा का बुरा हाल है। भर्ती घोटालों की वजह से बच्चों की आत्महत्या के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।

**सार संक्षेप**

### आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 26 करोड़ कार्ड बनें

**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) ने गुरुवार तक देश भर में 26 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने का मील का पत्थर पार कर लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि चार करोड़ आयुष्मान कार्डों के साथ उत्तर प्रदेश सबसे अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड वाले राज्यों की सूची में शीर्ष पर है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ क्रमशः 3.69 करोड़ और 2.04 करोड़ आयुष्मान कार्ड के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इनमें से 49 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड महिला लाभार्थियों के पास हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की प्रमुख योजना पांच लाख रुप का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है।

### बिहार में जदयू को छोड़कर पूर्व विधायक ललन पासवान भाजपा में हुए शामिल

**पटना।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड के उपाध्यक्ष रहे और पूर्व विधायक ललन पासवान ने शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। कुछ दिन पहले इन्होंने जदयू से त्यागपत्र दे दिया था। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पासवान ने बिहार सरकार और जदयू पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि जदयू में नेताओं की नाराजगी काफी हद तक बढ़ गई है। बहुत जल्द बड़ी संख्या में नेता जदयू को छोड़कर अन्य दलों में शामिल होंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भाजपा में आए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। बिहार में कर्पूरी ठाकुर को भी दो बार मुख्यमंत्री बनाने का काम जनसंघ और भाजपा ने किया है। लालू प्रसाद भी पहली बार भाजपा की मदद से ही मुख्यमंत्री बने थे। नीतीश कुमार की तो बात ही मत कीजिए। सुशील मोदी ने आंदोलन किया और फ़ायदा नीतीश कुमार को मिला।

### जातिवाद कोई मुद्दा नहीं, जनता विकास को चुनती हैः प्रहलाद

**बालाघाट।** केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने आज कहा कि देश में जातिवाद अब कोई मुद्दा नहीं है और भाजपा ने कभी भी जाति आधारित राजनीति नहीं की। चुनाव के अवसर पर जो लोग जाति के मसले को बड़ा बनाकर पेश कर रहे हैं, वे ये भूल गये हैं कि अब जनता विकास को देख चुकी है और वह उसे ही वोट देती है, जो विकास का हिमायती है। श्री पटेल बालाघाट जिले की परासिया विधानसभा के ग्राम हट्टा के गुजरी चौक में भाजपा प्रत्याशी रामकिशोर नानो कांवरे के समर्थन में आमसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मंच पर सांसद ढाल सिंह बिसेन एवं जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल सहित पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस का 30 महिलाओं पर दांव

## राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से 229 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई




**भोपाल,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित करने के मामले में बाजी मार ली है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से 229 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई है। इनमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 30 है। इस तरह लगभग 14 फीसदी महिलाओं को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। दरअसल, राज्य में कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की वकालत करते आए हैं। मगर कांग्रेस की जो सूची आई है, उसमें महिलाओं को उम्मीदवार बनाए जाने का प्रतिशत 14 है। कांग्रेस ने पहली सूची में 144 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था, जिसमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 19 थी। कांग्रेस की दूसरी सूची 88 उम्मीदवारों की आई है, जिनमें तीन उम्मीदवारों में बदलाव किया गया है। इसमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 11 है। इस तरह राज्य की 229 विधानसभा सीटों के लिए घोषित उम्मीदवारों में महिलाओं की संख्या 30 है। कांग्रेस की दूसरी सूची में जिन 11 महिला उम्मीदवारों के नाम हैं, उनमें चार बुंदेलखंड से हैं। यह हैं, बीना से निर्मला सप्रे, खुरई से रक्षा राजपूत, रहली से ज्योति पटेल, सागर से निधि जैन। इसके अलावा बांधवगढ़ से सावित्री सिंह, गाडरवारा से सुनीता पटेल, कुरवाई से रानी अहिरवार, सारंगपुर से कला महेश मालवीय, नेपानगर से गेंदु बाई चैहान, धार से प्रभा गौतम और धोहनी से कमलेश सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

## टिकट कटने के बाद कांग्रेस विधायक मावई ने दिखाए बगावती तेवर

मुरैना। मध्यप्रदेश में मुरैना के कांग्रेस विधायक राकेश मावई ने उनका टिकट काटे जाने के बाद एक तरह से बगावती तेवर दिखाते हुए आज सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी कि वे पार्टी के लिए कार्य नहीं करेंगे। श्री मावई ने यहां मीडिया से कहा कि वे किसी और पार्टी में भी नहीं जाएंगे और कांग्रेस के लिए काम भी नहीं करेंगे। श्री मावई ने प्रदेश के पार्टी नेतृत्व से जानना चाहा कि उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि उनका टिकट क्यों काटा गया। उन्होंने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि शायद उनका यह कसूर था कि उन्होंने अपने दस वर्ष के जिला अध्यक्षीय कार्यकाल में मुरैना जिले की छह की छह विधानसभा सीट पार्टी के लिए जितवायीं। श्री मावई ने कहा कि उन्होंने विधानसभा उपचुनाव में 'सिंधिया परिवार' से अपने परिवार के लगभग 40 साल के संबंधों को तिलांजलि देकर कांग्रेस का साथ दिया और उन्होंने स्वयं मुरैना की सीट जीतकर कांग्रेस को दी।

# सीबीआई 90 फीसदी जांच पूरी करने का दावा कर रही है, लेकिन किसी अधिकारी ने मुझसे संपर्क नहीं किया: शिवकुमार



**बेंगलुरु,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि हालांकि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का दावा है कि आय से अधिक संपत्ति मामले में उनके खिलाफ 90 फीसदी जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन आज तक किसी भी जांच अधिकारी ने उनसे संपर्क नहीं किया है।

उच्च न्यायालय द्वारा आय से अधिक संपत्ति के मामले को रद्द करने की उनकी याचिका खारिज किए जाने पर पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि किसी भी जांच अधिकारी ने किसी भी जानकारी के लिए उनसे संपर्क नहीं किया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस मामले पर अपने वकीलों से चर्चा करूंगा।' कांग्रेस नेता ने कहा, तत्कालीन मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने राजनीतिक कारणों से ही यह मामला सीबीआई को सौंपा था। हालांकि, अन्य मामले भी थे, लेकिन केवल उनका मामला ही सीबीआई को सौंपा गया। शिवकुमार ने कहा, 'महाधिवक्ता ने स्पष्ट रूप से कहा था कि इस मामले को जांच के लिए सीबीआई को नहीं सौंपा जा सकता है। इसे विधानसभा अध्यक्ष के पास भी नहीं पहुंचाया गया और येदियुरप्पा ने मामले को सीबीआई को सौंप दिया।' विपक्षी नेताओं द्वारा उन पर किए जा रहे हमलों के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा कि वह हर किसी की बात का जवाब नहीं दे सकते। कोर्ट और कार्यवाही का सम्मान करना होगा। उन्होंने कहा कि मीडिया को भी उनकी बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। विशेष रूप से, शिवकुमार, जो कांग्रेस के राज्य प्रमुख भी हैं, को झटका देते हुए उच्च न्यायालय ने गुरुवार को उनके खिलाफ सीबीआई कार्यवाही को रद्द करने की मांग वाली उनकी याचिका खारिज कर दी। अदालत ने उनके खिलाफ सीबीआई जांच पर जारी स्थगन आदेश भी हटा दिया। न्यायमूर्ति के. नटराजन की अध्यक्षता वाली कर्नाटक उच्च न्यायालय की पीठ ने सीबीआई को तीन महीने में जांच पूरी करने का निर्देश दिया।

**किसी भी जांच अधिकारी ने किसी भी जानकारी के लिए उनसे संपर्क नहीं किया है, 'मैं इस मामले पर अपने वकीलों से चर्चा करूंगा।' तत्कालीन मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने राजनीतिक कारणों से ही यह मामला सीबीआई को सौंपा था:-डी.के. शिवकुमार, उपमुख्यमंत्री कर्नाटक**

# उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना एक सतत प्रक्रिया है: केसीआर

- **गजवेल निर्वाचन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की विशाल बैठक को संबोधित किया बीआरएस अध्यक्ष केसीआर ने**



**हैदराबाद,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीआरएस नेता और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि आगामी चुनावों में बीआरएस की जीत निश्चित है और उन्हें जीत पर कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि कई कठिनाइयों और बलिदानों के माध्यम से हासिल की गई प्रगति एक महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गई है, इसलिए बीआरएस को फिर से जीतना चाहिए। इस दिशा में बीआरएस नेता मुख्यमंत्री केसीआर ने लोगों से कड़ी मेहनत करने और बीआरएस पार्टी के उम्मीदवारों को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया है। गजवेल में जीत के अलावा कार्यकर्ताओं से इसके बगल की तीन सीटों पर भी भारी बहुमत से जीत हासिल करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री केसीआर ने शुक्रवार को समीरपेट के पास एक समारोह हॉल में गज़वेल निर्वाचन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित एक विशेष बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और उन्हें संबोधित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 साल पहले वे अकेले ही आंदोलन के लिए निकल पड़े थे, तब निराशा और हताशा तो थी लेकिन समझ नहीं आ रहा था कि क्या करें। संयुक्त शासन के दौरान, मंजीरा नदी सूख गई और 800 फीट की गहराई तक पानी नहीं पहुंच सका। उन्होंने कहा कि हमने कुछ लोगों के साथ मिलकर आंदोलन शुरू किया और संघर्ष किया और आखिरकार तेलंगाना हासिल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे कितनी भी बाधाएं खड़ी की जाएं, तेलंगाना ने दृढ़तापूर्वक विकास किया है और जो हासिल किया है उससे संतुष्ट नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना एक सतत प्रक्रिया है और हम लोगों को गुणवत्तापूर्ण जीवनशैली प्रदान कर सकते हैं जो जारी रहेगी।

**कई कठिनाइयों और बलिदानों के माध्यम से हासिल की गई प्रगति एक महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गई है, इसलिए बीआरएस को फिर से जीतना चाहिए:-के चंद्रशेखर राव**

## पीएफआई को 'गैरकानूनी संगठन' घोषित करने के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

**नई दिल्ली,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गृह मंत्रालय (एमएचए) की उस अधिसूचना के खिलाफ पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई टाल दी, जिसमें उसे और उसके संबद्ध संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया गया था। याचिका शुक्रवार को जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध थी।

पीएफआई ने गृह मंत्रालय के बैन को बरकरार रखने वाले यूएपीए ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ एसएलपी दायर की थी। मार्च में, यूएपीए ट्रिब्यूनल ने यूएपीए की धारा 3(1) के तहत प्रतिबंध को बरकरार रखा था। सितंबर 2020 में, गृह मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना प्रकाशित की थी जिसमें पीएफआई और उसके विभिन्न सहयोगियों या मोर्चों को यूएपीए के तहत 'गैरकानूनी' घोषित किया गया था। आरोप है कि पीएफए का आतंकवादी संगठनों से संबंध है और वह आतंकी कृत्यों में शामिल है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना पीएफआई और उसके सदस्यों के खिलाफ देशव्यापी तलाशी, हिरासत और गिरफ्तारी अभियान के बाद आई थी।

# जिस पार्टी ने नीतीश कुमार की पीठ में छुरा भोंका उसमें जाना तो दूर वे देखेंगे भी नहीं: ललन सिंह



**पटना,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि भाजपा नेताओं से उनकी दोस्ती कभी खत्म नहीं होगी। सीएम के इस बयान के बाद से बिहार की राजनीति में उबाल है। राजद की तीखी प्रतिक्रिया और कांग्रेस की बेरुखी जाहिर हो रही है। हालांकि, जदयू की ओर से लगातार स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास भी जारी है। जदयू का कहना है कि व्यक्तिगत संबंधों की बातों को राजनीति से जोड़ना कतई सही नहीं है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने भी इसी लाइन पर अपनी बात कही है और इसका दोष मीडिया के माथे जड़ दिया है। ललन सिंह ने कहा जिस पार्टी (भाजपा) ने नीतीश कुमार की पीठ में छुरा भोंका उसमें जाना तो दूर वे देखेंगे भी नहीं। जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के बयान के जो भी गलत मायने निकाल रहे हैं, उनका नजरिया खराब है। राजनीति करने का मतलब दुश्मनी नहीं है। हमलोग रोज बोलते हैं कि सुशील मोदी हनारे मित्र हैं, और उनको राज्यसभा सांसद बना दिया जाय। व्यक्तिगत संबंध को राजनीति से जोड़ने का काम मीडिया करती है। मीडिया ने नीतीश कुमार के साथ बेईमानी की है। ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार बीजेपी की ओर कभी देखेंगे भी नहीं। ललन सिंह ने आगे कहा, इससे नीतीश कुमार भयभीत नहीं होने वाले हैं। बीजेपी धोखेबाज पार्टी है। 2020 में नीतीश कुमार की पीठ में छुरा भोंका है। एक नेता के साथ मिलकर षड्यंत्र किया था। व्यक्तिगत संबंद्ध पर नीतीश कुमार ने कहा था, लेकिन बिल्ली के भाग्य से छींका नहीं टूटेगा। नीतीश कुमार विपक्षी एकता के सूत्रधार हैं। 2024 में बीजेपी से मुक्त भारत बनाना नीतीश कुमार का लक्ष्य है।

**सीएम नीतीश कुमार के बयान के जो भी गलत मायने निकाल रहे हैं, उनका नजरिया खराब है, राजनीति करने का मतलब दुश्मनी नहीं है:- लल्लन सिंह**

**चुनाव** | *विधानसभा चुनाव में नाते रिश्तेदार भी एक-दूसरे के सामने ठोक रहे ताल*

# जेठ-बहू से लेकर चाचा-भतीजा आमने-सामने

**भोपाल, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में नाते रिश्तेदार भी एक-दूसरे के सामने ताल ठोकते नजर आ रहे हैं, कहीं जेठ और बहू आमने-सामने हैं तो कहीं चाचा और भतीजे के बीच मुकाबला है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होने वाला है।**

दोनों प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस तथा भाजपा अपने-अपने उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दे रही है। कांग्रेस तो 229 स्थान के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। वहीं, भाजपा अब तक 136 विधानसभा क्षेत्र के लिए ही उम्मीदवार तय कर पाई है।

राज्य में वर्तमान में जो स्थिति उभर रही है, उसमें सागर में सबसे रोचक मुकाबला नजर आ रहा है क्योंकि यहां पर भाजपा ने शैलेंद्र जैन तो वहीं कांग्रेस ने निधि सुनील जैन को मैदान में उतारा है। दोनों के रिश्ते को देखें तो शैलेंद्र जेठ हैं तो वहीं निधि उनके छोटे भाई की पत्नी हैं। कुल मिलाकर यहां मुकाबला जेठ और बहू के बीच है।

इसी तरह देवतालाब में भी रोचक मुकाबला है, जहां विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है तो उनके मुकाबले में भतीजे पद्मेश गौतम पर कांग्रेस ने दावा लगाया है। नाते रिश्तेदारों के बीच मुकाबला पर गौर करें तो डबरा में समधी और समधन के बीच मुकाबला है। यहां भाजपा ने जहां पूर्व मंत्री इमरती देवी को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस से विधायक सुरेश राजे चुनाव लड़ रहे हैं। यहां से वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भी यही मुकाबला था और कांग्रेस के सुरेश राजे जीत हासिल करने में सफल हुए थे।

राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए अभी सभी उम्मीदवार घोषित होने के बाद और भी कई रोचक मुकाबले नजर आने वाले हैं क्योंकि भाजपा की ओर से अभी 94 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान शेष रह गया है।



- **कांग्रेस तो 229 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी**
- **भाजपा अब तक 136 उम्मीदवार तय कर पाई**

### कांग्रेस विधायक अजब सिंह कुशवाह ने ली बसपा की सदस्यता

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की सुमावली विधानसभा से कांग्रेस के विधायक अजब सिंह कुशवाह का कांग्रेस ने टिकट काटे जाने के बाद उन्होंने आज बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सदस्यता ग्रहण कर ली। बसपा कार्यालय के सूत्रों के अनुसार श्री कुशवाह ने जिले की जौरा विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्यासी सोनेराम कुशवाह के समर्थन में आयोजित आमसभा में सदस्यता ग्रहण की। विधायक श्री कुशवाह के स्थान पर कांग्रेस ने कुलदीप सिकरवार को सुमावली विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है।

### आमिर खान के साथ फिर जोड़ी जमायेगी फातिमा सना शेख

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख एक बार फिर से आमिर खान के साथ सिल्वर स्क्रीन पर नजर आ सकती है। आमिर खान ने अपने प्रोडक्शन में बनने वाली पांच फिल्मों का जिक्र पिछले दिनों किया था। चर्चा है कि आमिर ने अपने प्रोडक्शन में बनने वाली एक और फिल्म के लिए फातिमा सना शेख को बतौर मुख्य कलाकार चुन लिया है। बताया जा रहा है कि यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म होगी। फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया गया है। अद्वैत चंदन इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। अद्वैत चंदन फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल की पहली तिमाही से शुरू होगी। इससे पहले आमिर ने फातिमा को मलयालम फिल्म जय जय जय जय हे की हिंदी रीमेक के लिए साइन किया था, लेकिन वह फिल्म नहीं बन पाई।

### हड्डी रोग विशेषज्ञों का दावा

# शीतल पेय का अधिक सेवन हड्डियों को बनाता है कमजोर

**लखनऊ,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। हड्डी रोग विशेषज्ञों का दावा है कि शीतल पेय के नियमित सेवन और गतिहीन जीवनशैली के कारण हड्डियां कमजोर हो रही हैं। इससे 40-50 आयु वर्ग के लोगों में अस्थि खनिज घनत्व (बीएमडी) में कमी आ सकती है, जो बाद में ऑस्टियोपोरोसिस में तब्दील हो जाती है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के प्रोफेसर शाह वलीउल्लाह ने चीन में सात वर्षों तक 17,000 लोगों पर किए गए एक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि दैनिक शीतल पेय का सेवन वयस्कों में फ्रैक्चर के उच्च जोखिम से जुड़ा है। अध्ययन में पाया गया कि शीतल पेय की अधिक खपत सामाजिक-जनसांख्यिकीय कारकों और समग्र आहार पैटर्न से स्वतंत्र रूप से फ्रैक्चर जोखिम से जुड़ी है। वलीउल्लाह ने कहा कि एक समान पैटर्न यहां देखा गया है। हमें ओपीडी में 40-50 आयु वर्ग के 100 में से 35 मरीज मिल रहे हैं, जिनका बीएमडी कम हो गया है। एक दशक पहले तक ऐसा नहीं था, जब वयस्क आबादी में शीतल पेय की खपत कम थी। आर्थोपेडिक सर्जन और

**स्वास्थ्य पर शीतल पेय का प्रभाव उनमें मौजूद चीनी, सोडियम और कैफीन की मात्रा के**



रेलवे अस्पताल के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि हड्डियों के स्वास्थ्य पर शीतल पेय का प्रभाव उनमें मौजूद चीनी, सोडियम और कैफीन की मात्रा के कारण होता है, जिससे कैल्शियम की हानि बढ़ जाती है और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा शीतल पेय की बोतल के उत्पादन में प्लास्टिक में पाया जाने वाला रसायन फेथलेट्स हड्डियों की प्रक्रियाओं को बाधित कर सकता है, जिससे कंकाल संबंधी विकृतियां और ऑस्टियोपोरोसिस हो सकता है। विशेषज्ञों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों और चिकित्सकों से इस मुद्दे का समाधान करने और लोगों की भलाई के लिए शीतल पेय की खपत में कमी को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

वलीउल्लाह ने कहा कि हमें लोगों को शीतल पेय के खतरों के बारे में जानकारी देते हुए उनकी हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए शिक्षित करने की जरूरत है। शुरुआती जांच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाओं को अधिक जागरूक होना चाहिए क्योंकि उन्हें पश्चिम की तुलना में एक दशक पहले ऑस्टियोपोरोसिस हो जाता है क्योंकि यहां रजोनिवृत्ति की उम्र 47 वर्ष है जबकि पश्चिमी देशों में यह 50 वर्ष है।

उन्होंने कहा कि चूंकि हार्मोन एस्ट्रोजन नई हड्डियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जब इसका स्राव बंद हो जाता है तो बीएमडी कम हो जाता है और ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बनता है। इसलिए 45 साल से अधिक उम्र की जिन महिलाओं को कमर दर्द की शिकायत है, उन्हें अपनी जांच करानी चाहिए।

# सप्ताह में केवल 2 बार रेड मीट खाने से बढ़ता है मधुमेह का खतरा



**न्यूयॉर्क,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक नई स्टडी के अनुसार, जो लोग प्रति सप्ताह रेड मीट की केवल दो सर्विंग खाते हैं, उनमें मधुमेह विकसित होने का खतरा उन लोगों की तुलना में अधिक हो सकता है जो कम मात्रा में रेड मीट खाते हैं। अधिक सेवन से यह जोखिम बढ़ जाता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए स्टडी में पाया गया कि रेड मीट को स्वस्थ प्रोटीन स्रोतों जैसे कि नट्स और फलियां या मामूली मात्रा में डेयरी खाद्य पदार्थों से बदलने से टाइप 2 मधुमेह का खतरा कम हो जाता है। हार्वर्ड में पोषण विभाग में पोस्टडॉक्टोरल रिसर्च फेलो जिओ गु ने कहा कि हमारे निष्कर्ष आहार संबंधी दिशानिर्देशों का दृढ़ता से समर्थन करते हैं जो रेड मीट के सेवन को सीमित करने की सलाह देते हैं, और यह प्रोसेस्ड और अनप्रोसेस्ड रेड मीट दोनों पर लागू होता है। द अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित स्टडी के लिए, शोधकर्ताओं ने नर्सेज हेल्थ स्टडी (एनएचएस), एनएचएस 2 और हेल्थ प्रोफेशनल्स फॉलो-अप स्टडी (एचपीएफएस) के 216,695 प्रतिभागियों के हेल्थ डेटा का विश्लेषण किया। 36 सालों तक हर दो से चार साल में भोजन आवृत्ति प्रश्नावली के साथ आहार का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान, 22,000 से अधिक प्रतिभागियों को टाइप 2 मधुमेह विकसित हुआ। शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रोसेस्ड और अनप्रोसेस्ड रेड मीट सहित रेड मीट का सेवन, टाइप 2 मधुमेह के बढ़ते जोखिम से जुड़ा हुआ था। जिन प्रतिभागियों ने सबसे अधिक रेड मीट खाया, उनमें सबसे कम रेड मीट खाने वालों की तुलना में मधुमेह विकसित होने का खतरा 62 प्रतिशत अधिक था। प्रोसेस्ड रेड मीट की हर अतिरिक्त डेली सर्विंग मधुमेह के विकास के 46 प्रतिशत अधिक जोखिम से जुड़ी थी और अनप्रोसेस्ड रेड मीट की हर अतिरिक्त डेली सर्विंग 24 प्रतिशत अधिक जोखिम से जुड़ी थी। शोधकर्ताओं ने रेड मीट की एक डेली सर्विंग को दूसरे प्रोटीन स्रोत से बदलने के संभावित प्रभावों का भी अनुमान लगाया। उन्होंने पाया कि इसके स्थान पर नट्स और फलियों का सेवन करने से टाइप 2 मधुमेह का खतरा 30 प्रतिशत कम होता है और इसकी जगह डेयरी उत्पाद का इस्तेमाल करने से 22 प्रतिशत कम खतरा होता है।

# डॉ. हरीश वर्मा ने बीमारी के इलाज व बचाव की दी जानकारी

**सीकर,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। अल्सरेटिव कोलाइटिस और क्रोहन रोग अर्थात आईबीडी छोटी और बड़ी आंतो में होने वाली आटो इम्यून बीमारी है, इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) आंतो के खिलाफ ही एंटीबाडी बनाने लगता है। इस बीमारी की शुरुआत मलाशय में होती है। और फिर यह बड़ी आंत में फैलती है। क्रोहन रोग में छोटी और बड़ी आंतो में सूजन और घाव हो जाते हैं इन घावों से रक्तस्राव होता है जो मल के साथ बाहर निकलता है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. हरीश वर्मा ने अल्सरेटिव कोलाइटिस व क्रोहन रोग के उपचार की जानकारी एक बेविनार में दी। कहा कि इसका इलाज आयुर्वेद में संभव है।



डॉ. वर्मा बताते हैं कि क्रोहन रोग में छोटी व बड़ी आंत में घाव हो जाते हैं। इन घावों से रक्तस्राव होता है। जो मल के साथ बाहर निकलता है। अल्सरेटिव कोलाइटिस होने पर मरीज को पेट के बाएं निचले हिस्से में दर्द, ऐंठन के साथ दस्त व खून आता है। अचानक शौच करने की इच्छा होना, वजन में कमी, रक्ताल्पता, थकान, मुह में छाले होना, आंतो में बलगम और मवाद व अपच जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। अल्सरेटिव कोलाइटिस और क्रोहन रोग का निदान कोलो स्कोपी या सिटी स्कैन द्वारा किया जाता है।

# अब भारत में गूगल सर्च के जरिए सुधारें लैंग्वेज स्किल्स

**नई दिल्ली,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। गूगल ने भारत सहित चुनिंदा देशों के लिए सर्च में एक नए फीचर की घोषणा की है, जो यूजर्स की स्पीकिंग प्रैक्टिस और उनके लैंग्वेज स्किल्स में सुधार लाने में मदद करेगा। अगले कुछ दिनों के भीतर, अर्जेंटीना, कोलंबिया, भारत (हिंदी), इंडोनेशिया, मैक्सिको और वेनेजुएला में एंड्रॉइड यूजर्स इंग्लिश में इंटरैक्टिव स्पीकिंग प्रैक्टिस से गूगल से और भी अधिक लैंग्वेज सपोर्ट पा सकते हैं। भविष्य में इस फीचर का विस्तार अधिक देशों और भाषाओं में किया जाएगा।




कंपनी ने बयान में कहा कि अब, अपने एंड्रॉइड फोन पर इंग्लिश से या इंग्लिश से अनुवाद करने वाले शिक्षार्थियों को पर्सनलाइज्ड फीडबैक के साथ इंग्लिश स्पीकिंग प्रैक्टिस का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। नए फीचर के साथ, शिक्षार्थियों को रियल-टाइम प्रॉम्प्ट्स दिए जाते हैं और फिर वे दिए गए शब्दावली शब्द का इस्तेमाल करके अपने स्वयं के बोले गए जवाब बनाते हैं। वे 3-5 मिनट के प्रैक्टिस सेशन में शामिल होते हैं, पर्सनलाइज्ड फीडबैक प्राप्त करते हैं और प्रैक्टिस जारी रखने के लिए डेली रिमाइंडर के लिए साइन अप करने का ऑप्शन प्राप्त करते हैं। कंपनी ने स्पीकिंग प्रैक्टिस एक्सपीरियंस के लिए भाषाविदों, शिक्षकों और शैक्षणिक विशेषज्ञों के साथ साझेदारी की है जो प्रभावी और प्रेरक है। गूगल ने कहा कि शिक्षार्थी प्रामाणिक संदर्भों में शब्दावली का अभ्यास करते हैं, और अवधारण दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए सामग्री को गतिशील अंतराल पर दोहराया जाता है जो शिक्षार्थियों को आत्मविश्वासपूर्ण वक्ता बनने में मदद करने में प्रभावी माना जाता है। कंपनी ने कहा कि वह कई भाषा सीखने वाले साझेदारों के साथ काम कर रही है ताकि वे कंटेंट तैयार कर सकें।

# ई-स्कूटर से होने वाली दुर्घटनाओं के मामले 70 प्रतिशत बढ़े

### हेलमेट का प्रयोग न करने से बच्चों व किशोरों में चोट लगने की संख्या वृद्धि

**वाशिंगटन,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। इलेक्ट्रिक स्कूटर तेजी से परिवहन का लोकप्रिय साधन बनते जा रहे हैं। एक शोध से यह बात सामने आई है कि हेलमेट का प्रयोग न करने से 18 वर्ष और उससे कम उम्र के बच्चों और किशोरों में चोट लगने की संख्या में 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



दो साल की अध्ययन अवधि में अमेरिकी आपातकालीन विभागों ने बाल चिकित्सा आबादी के भीतर ई-स्कूटर से संबंधित 13,557 चोटों की सूचना दी। चोटों की संख्या 2020 में 5,012 से 71 प्रतिशत बढ़ गई, जबकि 2021 में यह 8,545 थी। इन दुर्घटनाओं में सबसे आम प्राथमिक निदान फ्रैक्चर था, और इसमें सिर पर ज्यादा चोटें देखने को मिली।

पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के पेरेलमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन में मेडिकल छात्रा राधिका गुप्ता ने कहा कि चूंकि अधिक से अधिक बच्चे और किशोर इलेक्ट्रिक स्कूटर का उपयोग करने लगे हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि चिकित्सक, नीति निर्माता और शोधकर्ता सुरक्षित सवारी प्रथाओं और उचित बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए मिलकर काम करें जैसे कि सवारी के दौरान हेलमेट के उपयोग को लागू करना और अधिक बाइक और स्कूटर लेन की स्थापना करना।

जिन मामलों में हेलमेट का उपयोग बताया गया, उनमें से केवल 32 प्रतिशत ने चोट के समय हेलमेट पहनने की सूचना दी। शोध में बताया गया कि सिर की चोट वाले मरीजों में लगभग 67 प्रतिशत ने चोट के समय हेलमेट नहीं पहना था।

राधिका गुप्ता ने कहा कि इसके अतिरिक्त सभी मामलों में से लगभग 15 प्रतिशत में मोटर वाहन की भागीदारी का उल्लेख किया गया है और लगभग 10 प्रतिशत मामलों में जमीन या गड्ढों जैसी बाधाओं से टकराने का उल्लेख किया गया है। चूंकि, अधिक से अधिक बच्चे और किशोर इलेक्ट्रिक स्कूटर का उपयोग करने लगे हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि चिकित्सक, नीति निर्माता और शोधकर्ता सुरक्षित सवारी प्रथाओं और उचित बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए मिलकर काम करें।

2023 एएपी राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी में प्रस्तुत शोध में पाया गया कि ज्यादातर चोटें किशोरों को लगीं।

पेपर के वरिष्ठ लेखक और फिलाडेल्फिया के चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल में बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक सर्जन टॉड लॉरेंस ने कहा कि यह शोध ई-स्कूटर सवारों के बीच हेलमेट के उपयोग को बढ़ावा देने और मोटर वाहन चालकों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। शोध में कहा गया, परिवहन के लागत प्रभावी पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में साझा माइक्रोमोबिलिटी विकल्प तेजी से विस्तार कर रहे हैं। चूंकि, इनमें से कई स्कूटर वयस्कों के लिए बनाए गए हैं।

# 'बिग बॉस 17' : प्रियंका चोपड़ा ने 'छोटी' मन्नारा संग तस्वीर शेयर कर किया सपोर्ट



**मुंबई,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने अपनी कजिन व कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस 17' की कंटेस्टेंट मन्नारा को सपोर्ट किया। मन्नारा ने तेलुगु, तमिल, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है। वह प्रियंका और परिणीति चोपड़ा की कजिन सिस्टर हैं। उन्होंने 'जिद' जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया है।

प्रियंका, जिनके इंस्टाग्राम पर 89.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं, ने स्टोरीज सेक्शन में जाकर मन्नारा के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की।

यह तस्वीर प्रियंका के 'मिस वर्ल्ड 2000' प्रतियोगिता जीतने के समय की है। हम देख सकते हैं कि प्रियंका ने क्राउन पहना हुआ है, और वह छोटी मन्नारा को गले लगा रही हैं। दोनों कैमरे के सामने पोज दे रही हैं। प्रियंका ने कैप्शन में लिखा कि थ्रोबैक टू लिटिल मन्नारा। गुड लक लिटिल वन, इसके साथ रेड हार्ट और स्ट्रांग आर्म वाला इमोजी भी शेयर किया।

'बिग बॉस 17' के पहले एपिसोड में, मन्नारा, जो घर की पहली कंटेस्टेंट थीं, को नोमिनेट किया गया, जिसके चलते वह रोने लगीं।

'बिग बॉस 17' के वर्तमान कंटेस्टेंट्स हैं- जिग्ना वोरा, सना रईस खान, अनुराग डोभाल, मुनव्वर फारुकी, अंकिता लोखंडे और विक्की जैन, नवीद सोले, नील भट्ट, ऐश्वर्या शर्मा, अभिषेक कुमार, ईशा मालविया, रिंकू धवन, अरुण मैशेट्टी, सनी आर्य, फ़िरोज़ा खान, सोनिया बंसल और मन्नारा चोपड़ा। यह शो कलर्स और जियो सिनेमा पर प्रसारित होता है।

# मुझे लगता है कि मेरी पहली फिल्म इंतजार के लायक रही : नूपुर सेनन



**मुंबई,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस नूपुर सेनन तेलुगु फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वह इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं और यह इंतजार के लायक रहा। नूपुर, जो पहले एक्टर अक्षय कुमार के साथ म्यूजिक वीडियो में दिखाई दी थीं, ने अपने डेब्यू और एक्टर रवि तेजा के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। अपने डेब्यू के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मैं चाहती थी कि मेरा डेब्यू एक ही भाषा में हो। अब मुझे दर्शकों का छह गुना और छह अलग-अलग भाषाओं में प्यार मिल रहा है। मुझे लगता है कि मेरा डेब्यू इंतजार के लायक रहा।

एक्ट्रेस ने कहा कि फिल्म में मैं बहुत अच्छा किरदार निभा रही हूं, जहां मुझे कमर्शियल डांस, मस्ती, रोमांटिक सीन के साथ-साथ इंटेंस और चैलेंजिंग सीन भी करने को मिले। इसलिए मुझे अपनी पहली फिल्म में बेस्ट करने का मौका मिला। रवि तेजा के साथ काम करने के बारे में साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके साथ काम करना अद्भुत था। उन्होंने मुझे सीन देने में बहुत मदद की। उन्हें न्यूकमर के साथ काम करना पसंद है और वह वास्तव में न्यूकमर्स पर भरोसा करते हैं। एक इंसान के तौर पर वह सबसे विनम्र और ईमानदार इंसान हैं। वह कम बोलने वाले व्यक्ति हैं।

# बेजुबान जानवरों को हादसों से बचाने के लिए बांटते हैं रेडियम बेल्ट



**भोपाल,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश-दुनिया में आजकल सोशल मीडिया पर भोपाल के गौरक्ष और मध्य प्रदेश में भाजपा के खेल प्रकोष्ठ के संयोजक श्रवण मिश्रा का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वे केवल मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और राजस्थान तक बेजुबान जानवरों की सेवा करते हैं। खासकर, सड़कों पर बिना किसी मालिक के भटकने वाली गौमाता को संरक्षित करने का काम करते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो बेजुबान जानवरों के लिए समर्पित होकर उनके लिए निरंतर सेवाकार्य करने वाले भाजपा खेल मोर्चा के प्रदेश संयोजक श्रवण मिश्रा का है।

वीडियो में बताया यह जा रहा है कि श्रवण मिश्रा लंबे समय से सड़कों पर भटकने वाले जानवरों, गौमाता, स्ट्रीट डॉग्स को बचाने का काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा नेता श्रवण मिश्रा अक्सर सड़कों पर मारे-मारे फिरने वाले जानवर, सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होने वाले गौवंश और स्ट्रीट डॉग्स को हादसों से बचाने के लिए आधी-आधी रात को सड़कों पर घूमकर गौवंश और स्ट्रीट डॉग्स को रेडियम बेल्ट पहनाते हुए दिखाई देते रहते हैं।

श्रवण मिश्रा बताते हैं कि वे बेजुबान जानवरों की नि:स्वार्थ भाव से सेवा करते हैं और इसके लिए लोगों को प्रेरित भी करते हैं। उनका कहना है कि किसान दुधारु पशुओं का तभी तक उपयोग करता है, जब तक कि वे अपना दूध मानव जाति के साथ देती हैं। उसके बाद गौमाता को रोड पर लावारिस छोड़ दिया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में लावारिस फिरने वाले बेसहारा पशु भूख-प्यास से व्याकुल होकर दाना-पानी की तलाश में सड़कों और हाइवे पर निकल आते हैं। जहां ये निरीह प्राणी आए दिन अंधेरे में दूर से वाहन चालकों की नजर में न आने के कारण दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। इन हादसों में जहां कुछ जानवरों की मौत हो जाती है, जबकि कुछ गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। वहीं कई बार इन हादसों में सड़क पर चलने वालों को भी तकलीफ उठानी पड़ती है।

श्रवण मिश्रा आगे बताते हैं कि उन्हें बचपन से ही जानवरों के बीच रहने का शौक है। जब वे पुलिस की ट्रेनिंग ले रहे थे, वहां भी वे बेजुबान जानवरों, गौमाता और स्ट्रीट डॉग्स की सेवा करते थे। अपने साथ ट्रेनिंग लेने वाले पुलिसकर्मियों को प्रेरित कर स्ट्रीट डॉग्स् के लिए दूध और बेजुबान जानवरों के लिए खाने-पीने के सामान का इंतजाम करते रहे। इसके बाद भाजपा में आने के बाद भी उनका यह काम निरंतर जारी है।

वे बताते हैं कि इस गंभीर समस्या का हल निकालते हुए स्वयं के खर्चे पर वो लगातार तेलंगाना महाराष्ट्र मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के साथ राजस्थान और हरियाणा तक रेडियम बेल्ट प्रदान करते हैं। जिससे स्ट्रीट डॉग और गौमाता को दुर्घटना में शिकार होने की संख्या में भारी गिरावट देखी गई है। उन्होंने बताया कि अभी तक करीब लाख से अधिक रेडियम बेल्ट का वितरण किया जा चुका है। उनका कहना है कि वे न सिर्फ पशु प्रेमी है, बल्कि पक्षियों के लिए भी उनकी चिंता बहुत अधिक है। उनके घर की छत पर कई पक्षियों का बसेरा बना है। गौरैया संरक्षण में भी वे महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। उन्होंने अपने घर की छत पर कई पक्षियों और बेजुबान जानवरों को सहारा दिया है। वे उनके खाने-पीने का इंतजाम करते हैं और उनकी तन्मयता से देखभाल भी करते हैं। वे बताते हैं कि आधी रात को भी जानवरों की तलाश में निकल जाते हैं। यह उनके मिशन का हिस्सा है और जुनून भी। बेजुबान जानवरों के संरक्षण के लिए वे दूसरों को भी प्रेरित करते दिखाई दे जाते हैं।

# सूखे के बाद बारिश ने केसर की फसल में फूंकी है जान

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। चाहे कश्मीर में एक लंबे सूखे के दौर के बाद हुई बारिशों ने अन्य फसलों को क्षति पहुंचाई हो या फिर लोगों की मुसीबत को बढ़ाया हो पर सितंबर और अक्टूबर में समय पर हुई बारिश से इस साल केसर की बंपर फसल होने की उम्मीद जगा दी है। जानकारी के लिए केसर की फसल अपने फूलने के चरण के करीब है और इस सप्ताह घाटी में हुई प्रचुर बारिश ने पंपोर और बडगाम में केसर के खेत को सिंचित कर दिया है। अब उत्पादकों को उम्मीद है कि इस साल समय पर बारिश होने से केसर का उत्पादन कई गुना बढ़ जाएगा।

केसर ग्रोअर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल मजीद वानी कहते थे कि इस साल घाटी में लंबे समय तक शुष्क मौसम रहा। सौभाग्य से,



इस सप्ताह हमें प्रचुर बारिश हुई, जो केसर की फसल के लिए बहुत जरूरी थी। हमें इस साल अच्छी फसल की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि इस सीजन में फसलें बेहतर हैं, जो इस साल बंपर फसल का संकेत देता है। वानी कहते थे कि 24 अक्टूबर के बाद केसर का फूल आना शुरू हो जाएगा। बारिश के कारण फूल आने में देरी हुई। फिर भी, फसल स्वस्थ दिख रही है और हम इस साल अपने अनुमानित उत्पादन को जानने के लिए केसर के फूल आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले साल, केसर का कुल उत्पादन 16.34 मीट्रिक टन था, जो पिछले 27 वर्षों में इस फसल का सबसे अधिक उत्पादन था। जबकि वर्ष 2021 में केसर का उत्पादन 15.04 मीट्रिक टन दर्ज किया गया। जबकि वर्ष 2022 में प्रति हेक्टेयर उत्पादन 4.4 किलोग्राम दर्ज किया गया। केसर के उत्पादक किसान कहते थे कि जीआई टैग के बाद उन्होंने फसल से बेहतर रिटर्न पाने के लिए अपनी खेती के तरीकों को उन्नत किया है। एक अन्य केसर उत्पादक बशीर अहमद कहते थे कि अब इसमें केसर की इनडोर खेती शामिल है जो फसल खराब होने की कम से कम संभावना के साथ बेहतर उपज देती है। इसी तरह, किसानों ने खरपतवार और कृतंक नियंत्रण के लिए एक तंत्र स्थापित किया है, जिससे प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ता है। इस बीच, अब अधिक से अधिक किसान केसर की इनडोर खेती की कोशिश कर रहे हैं, जिसे 2021 में शेरे कश्मीर यूनिवर्सिटी द्वारा पेश किया गया था। अहमद कहते थे कि आने वाले वर्षों में हम देखेंगे कि अधिक किसान अपने केसर उत्पादन को बढ़ाने के लिए इस नवीन पद्धति को आजमाएंगे। प्रासंगिक रूप से, वैश्विक मानचित्र पर घाटी की विरासत फसल को बढ़ावा देने के लिए जुलाई 2020 में कश्मीरी केसर को जीआई टैग दिया गया था। इस साल राज्य सरकार अपनी नई निर्यात नीति के साथ केसर उत्पादन को और बढ़ावा देने पर विचार कर रही है। सरकार ने 60 देशों को शार्टलिस्ट किया है जहां केसर का निर्यात किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि अब तक, दुबई, अमेरिका और इज़राइल कश्मीर केसर के सबसे बड़े खरीदारों में से कुछ हैं।

**फसल को बढ़ावा देने के लिए जुलाई 2020 में कश्मीरी केसर को जीआई टैग दिया**

# अभिमत

*शनिवार को कैरो में शांति शिखर बैठक है। इस बैठक में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा, कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख मिसाल अल-अहमद, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस और इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी भी भाग लेंगे। फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने भी अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। मगर, सवाल है कि ऐसी बैठक में पीएम मोदी की उपस्थिति क्यों नहीं है?*

## विश्व गुरू शांति प्रयास में पीछे क्यों रह गये ?



पुष्परंजन

**इस समय दो-तीन बड़े सवाल हैं। सबसे पहला कि गाज़ा में फंसे बंधकों को बाहर कैसे निकाला जाए, साथ में जो स्थानीय नागरिक हैं, उन्हें आबोदाना और सुरक्षित आशियाना कैसे मुहैया कराया जाए? दो, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल के बीच हुआ, उसका डैमेज कंट्रोल कैसे हो? और तीसरा, अब्राहम अकॉर्ड का क्या होगा?**

राष्ट्रपति जो बाइडेन कन्फ्यूड हैं। हमास के हमले के समय बयान देते रहे कि हम नेतन्याहू के साथ हैं। अब बोले कि जिस तरह का हमला गाज़ा में हुआ, उसकी पुनरावृति नहीं होनी चाहिए। भारत की तरह अमेरिका में भी 2024 में चुनाव है। फ़र्क़ इतना भर है कि जिस तरह भारत में इस समय पांच राज्यों में चुनाव है, अमेरिका उस तरह से दो-चार नहीं है। वहां एक राउंड में ही फाइनल चुनाव है। भारत में फाइनल से पहले कई सेमीफाइनल हैं। पीएम मोदी इस समय पांच राज्यों में आहूत सेमीफाइनल की व्यूह रचना में खुद इतना उलझ गये कि सांस लेने तक की फुर्सत नहीं है। संभवत: यही विवशता है कि पीएम मोदी मध्यपूर्व में शांति के लिए लीड नहीं ले रहे हैं।

लेकिन जो बाइडेन की घरेलू राजनीति में इस समय इज़राइल चस्पां है। उन्हें साबित करना है कि वो एक सक्षम नेता हैं। मगर, बाइडन शांति स्थापना से अधिक आग लगाने में माहिर दीखने लगे। अपने घर की समस्याओं को अड्रेस करने में विफल जो बाइडेन एक युद्धकालीन नेता की तरह अचानक से सक्रिय हुए हैं। बावजूद इसके, प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकंस ने 80 साल के जो बाइडेन को एक कमज़ोर, शिथिल और ढीले-ढाले नेता के रूप में उनकी छवि गढ़ने में सफलता प्राप्त की है।

ठीक से देखा जाए तो हर आम चुनाव से कुछ महीने या साल पहले किसी दूसरे ज़मीन पर युद्ध की स्थिति बनती है, और अमेरिका में सत्ता और विपक्ष अपने हिसाब से नैरेटिव गढ़ता है। सन् दो हज़ार से पहले के कालखंड की चर्चा कभी बाद में करते हैं। मार्च 2003 में इराक युद्ध से ही इन्हें समझने का प्रयास करते हैं। तब अमेरिका में उसके अगले साल आम चुनाव था। उसके बाद, 2003 से 2011 तक इराक में युद्ध का सिलसिला चलता रहा, उन नौ वर्षों में अमेरिकी मतदाताओं और टैक्स पेयर्स की आंखों में अमेरिकी नेता धूल झोंकते रहे। 2016 में अमेरिकी आम चुनाव वाले समय सीरिया डिस्टर्ब कर दिया गया। सीरिया 2020 तक गृहयुद्ध में उलझा रहा, इस बीच अफग़ानिस्तान भी एक बड़ा मोर्चा था। अमेरिकी नेता अपनी घरेलू राजनीति को युद्ध के बहाने मज़बूत करते रहे।

इस बार भी विशेषज्ञों का मानना है कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले जो बाइडेन रिपब्लिकन की आलोचना से बचने की कोशिश कर रहे हैं। युद्धविराम के लिए दुनिया भर में बढ़ती मांग के बावजूद जो बाइडेन ने गाज़ा के खिलाफ़ इजरायली सैन्य अभियान को अपना समर्थन देने के लिए इस सप्ताह इजरायल का दौरा किया। लेकिन जिस पैमाने पर गाज़ा में नरसंहार हुआ, उसे देखते हुए जो बाइडेन भी चौतरफा दबाव में आ गये लगता है। गुरूवार को उन्हें कहना पड़ा कि ऐसी ग़लती न दोहराई जाए। ऐसे बयान का मतलब यही होता है कि मानवता के विरूद्ध इज़राइल ने अपराध किया है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में बेंजामिन नेतन्याहू पुतिन के बाद इस कालखंड के दूसरे नेता शायद हो जाएं, जिन्हें युद्ध अपराधी घोषित कर गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया जाए।

इस समय दो तीन बड़े सवाल हैं। सबसे पहला कि गाज़ा में फंसे बंधकों को बाहर कैसे निकाला जाए, साथ में जो स्थानीय नागरिक हैं, उन्हें आबोदाना और सुरक्षित आशियाना कैसे मुहैया कराया जाए? दो, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल के बीच हुआ, उसका डैमेज कंट्रोल कैसे हो? और तीसरा, अब्राहम अकार्ड का क्या होगा?

अब्राहम अकार्ड की चर्चा से पहले हमें इज़राइल फिलिस्तीन विवाद की टाइम लाइन को संक्षेप में समझ लेना चाहिए। वर्ष 1917 में प्रथम विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन ने ऑटोमन साम्राज्य से फिलिस्तीन के बड़े भूभाग को अपने कब्जे में लिया और 2 नवंबर, 1917 की बॅल्फोर घोषणा के तहत यहूदियों को बसने के लिए जगह देने का अहद किया गया। नवंबर 1947 में संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव-181 के तहत फिलिस्तीन के इस भूभाग को यहूदी और अरब राज्य में विभाजित कर दिया गया तथा जेरूसलम को अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में रखा गया। इस तरह के विभाजन से पूर्वी जेरूसलम सहित वेस्ट बैंक का हिस्सा जॉर्डन के पास और गाज़ा पट्टी का क्षेत्र मिस्र के पास चला गया। फलस्वरूप लगभग-लगभग साढ़े सात लाख फिलिस्तीनी शरणार्थियों ने वेस्ट बैंक, गाज़ा पट्टी और दूसरे अरब देशों में जाकर शरण ली।

14 मई, 1948 को इजराइल की स्थापना हुई, जो अरबों के लिए अस्वीकार्य था। 8 महीनों तक इजराइल और अरब देशों में युद्ध चला। मध्य-पूर्व के इतिहास में 1967 का 'सिक्स डे वॉर' दर्ज़ है, जिसमें इजराइल ने जॉर्डन, सीरिया और मिस्र को पराजित कर पूर्वी यरुशलम, वेस्ट बैंक, गाज़ा पट्टी और गोलन पहाड़ी पर कब्जा कर लिया। उसी साल अरब देशों ने खार्तूम बैठक में तीन का प्रस्ताव पेश किये, जिसके अंतर्गत 'इजराइल के साथ कोई शांति नहीं, इजराइल के साथ कोई वार्ता नहीं और इजराइल को किसी प्रकार की मान्यता नहीं' का संकल्प किया गया। यही बुनियादी कारण था कि भविष्य में युद्ध से ही सब कुछ तय करने के रास्ते खुल गये।

15 साल बाद खार्तुम प्रस्ताव को नकारते हुए 1979 में कैंप डेविड समझौते के आधार पर मिस्र ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर इज़राइल को मान्यता दी। उसके प्रकारांतर जॉर्डन ने वर्ष 1994 में इजराइल के साथ सुलह कर लिया। इस बीच इजराइल और फिलिस्तीन ने 1993 और 1995 में ओस्लो समझौते पर हस्ताक्षर किए। लेकिन 2000 के दशक की शुरुआत में जब इजरायल में विद्रोह की एक श्रृंखला शुरू हुई, तो समझौते टूट गए। 13 अगस्त 2020 को इजराइल-यूएई के बीच शांति समझौते की घोषणा हुई, और उसके प्रकारांतर 11 सितंबर को बहरीन-इजराइल समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इन समझौतों में अमेरिका और सऊदी अरब की अहम भूमिका को हम नकार नहीं सकते। मिडिल-इस्ट के ये वो देश हैं, जो अमेरिका के रहमों करम पर चलते रहे हैं।

मिडिल-इस्ट मामलों के जानकारों के अनुसार, सऊदी अरब की सहमति के बगैर बहरीन इस समझौते के लिये आगे नहीं बढ़ सकता था। इसे ध्यान में रखना चाहिए कि वर्ष 2011 में बहरीन में उठे जन-विद्रोह को नियंत्रित करने के लिये सऊदी अरब ने कुवैत और यूएई के साथ अपनी सेना भेजी थी। 2018 में सऊदी अरब ने बहरीन को 10 बिलियन डॉलर की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई थी। 15 सितंबर 2020 को अब्राहम अकॉर्ड पर हस्ताक्षर हुआ था, जिसमें हस्ताक्षर करने वालों में इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन थे। यहूदी धर्म और इस्लाम के बीच विश्वास मज़बूत करने के लिए इस समझौते को अब्राहम के नाम पर रखा गया है, क्योंकि दोनों ही एकेश्वरवाद के समर्थक हैं।

इस तरह के समझौते का ही नतीज़ा है कि दो दिन पहले यूएई के अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध के बावजूद अमीरात और इजरायलियों के बीच आर्थिक संबंध जारी रहेंगे। अमीरात के विदेश व्यापार राज्य मंत्री थानी बिन अहमद अल जायौदी ने कहा कि कूटनीति और कारोबार का हम मिश्रण नहीं करते। बहरीन और मिस्र भी लगभग इसी लाइन पर दीख रहे हैं। लेकिन इसका साइड इफेक्ट बाहर से यही समझ में आता है कि मुसलमान देश इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के सवाल पर ईरान की तरह आर या पार नहीं हैं।

2017 में प्रधानमंत्री मोदी इज़राइल गये थे, तब उनका ग्रैंड स्वागत हुआ था। मोदी और बीबी की दोस्ती परवान चढ़ती गई। यहां तक कि मोदी की सुरक्षा के वास्ते इज़राइल का श्वान दस्ता दिल्ली आया। भारत ने 1950 में इज़राइल को मान्यता दी थी, और 1992 में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे। 2022 में अदानी समूह और एक इजराइली भागीदार ने हाइफा पोर्ट के लिए 1.2 बिलियन डॉलर का टेंडर जीता। कुछ महीनों से भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते के लिए भी बातचीत चल रही है। बेशक, भारत के फिलिस्तीन व इजराइल से संबंध जटिल हैं। भारत फिलिस्तीनियों के समर्थन में कभी-कभार अपनी पुरानी लाइन पर वापिस लौट आता है। भारत के साथ ईरान के भी मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, लेकिन इस समय ईरान जिस इज़राइल को ललकार रहा है, उस तेवर से भारत का इत्तेफ़ाक रखना भी सहज नहीं है।

मिस्र की भी मोदी से निकटता बढ़ी है, जहां वो जून 2023 में काहिरा गये थे। अमीरात और सऊदी अरब 1 अरब 40 करोड़ आबादी वाले भारतीय बाज़ार की उपेक्षा नहीं कर सकते थे। यूएई-भारत के बीच तेल से अलग कमोडिटीज से संबंधित व्यापार 45 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। मोदी ने पश्चिम की ओर देखो नीति को धार देनी चाही, उसी का नतीज़ा था कि वो सऊदी अरब और यूएई जैसे दिग्गज देशों के क़रीब अपनी नीति को ले आये।

मगर, जो कुछ फिलिस्तीन-इज़राइल में हुआ, उसे शांत करने की पहल में पीएम मोदी पीछे रह गये, इस बात को स्वीकार कर लेना चाहिए। पहले पीएम मोदी ने नेतन्याहू को फोन किया, विदेश मंत्रालय ने इज़राइल के समर्थन में बयान दिया। बाद में फिलिस्तीन के समर्थन की बारी आई, महमूद अब्बास से भी पीएम मोदी ने बात की। यानी, प्रथम ग्रासे दक्षिणपंथी की नीति पर प्रधान सेवक अग्रसर हैं। मगर, हमारी सबसे बड़ी चिंता गाज़ा वाले हिस्से में फंसे भारतीय हैं, जिन्हें निकाल लाने में विदेश मंत्रालय ने विवशता ज़ाहिर कर दी।

विवश हम कूटनीति के मोर्चे पर क्यों हो गये? शनिवार को कैरो में शांति शिखर बैठक है। इस बैठक में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा, कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख मिसाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस और इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी भी भाग लेंगे। फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने भी अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। मगर, सवाल है कि ऐसी बैठक में पीएम मोदी की उपस्थिति क्यों नहीं है?

pushpr1@rediffmail.com

## बीता सप्ताह

**14 अक्टूबर**
- भारत 2023 ग्लोबल हंगल इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर रहा।
- महाराष्ट्र स्पीकर को विधायकों की अयोग्ता मामले में कोर्ट ने कहा कि कोर्ट के आदेशों की अनदेखी नहीं कर सकते।
- जम्मू कश्मीर के पूंछ जिले में सेना ने एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा।
- अफगानिस्तान में आए भूकंप से 17 हजार लोग प्रभावित हुए।

**15 अक्टूबर**
- इजरायल के युद्धग्रस्त इलाके से 235 भारतीयों को लेकर आई दूसरी उड़ान।
- विश्वकप क्रिकेट मैच में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर 8वीं बार शिकस्त दी।
- केंद्र सरकार ने ऐलान किया कि हर साल 23 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस।
- दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में सेजोंग हाकडॉग फाउंडेशन ने संस्कृति, खेल व पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से सेजोंग हाकडॉग आऊटस्टेंडिग लर्न से इविटेंशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम 2023 में भारतीय छात्रा श्रीजा विजेता बनीं।

**16 अक्टूबर**
- छग कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा के प्रत्याशियों की सूची नवरात्रि के पहले जारी की। छत्तीसगढ़ के 30 उम्मीवारों की सूची जारी की।
- युद्धग्रस्त इजरायल से ऑपरेशन अजय के तहत दो उड़ानों के जरिए भारतीय दिल्ली पहुंचे।
- मुंबई-नागपुर लमृद्धि एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 15 यात्रियों की मौत हो गई।
- 16 अक्टूबर से सेना के शीर्ष कमांडर्स की पांच दिवसीय सम्मेलन शुरु हुआ।

**17 अक्टूबर**
- बहुचर्चित निठारी हत्याकांड के दोषी सुरेन्द्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को इलाहाबाद के उच्च न्यायलय ने बरी कर दिया।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक विवाहित महिला की 26 सप्ताह से अधिक समय के गर्भ को समाप्त करने की याचिका खारिज कर दी।
- राजनीतिक दलों के चुनावी फंडिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- चुनावी बांड से जुड़ी याचिका पर संविधान पीठ सुनवाई करेगी।
- बिजनेस हस्ती डेनियल नोबोआ इक्वाडोर के नए राष्ट्रपति चुने गए।

**18 अक्टूबर**
- विधायकों की अयोग्यता मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- अगर स्पीकर समय सीमा तय नहीं करते तो कोर्ट तय करेगा।
- सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इंकार कर दिया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बालीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया।
- तमिलनाडु के दो फटाका फैक्ट्री में विस्फोट होने से दस लोगों की मौत हो गई।

**19 अक्टूबर**
- मोदी सरकार पर राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अडानी समूह ने 32000 करोड़ का घोटाला किया।
- केंद्र सरकार ने रबी फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया।
- भाजपा सांसद निशिकांत ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया।
- फर्जी डन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को रामपुर की अदालत ने सात साल की सजा सुनाई।

**20 अक्टूबर**
- छत्तीसगढ़ रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर के नगरनार इस्पात संयंत्र का निजीकरण नहीं किया जाएगा।
- दो हजार करोड़ शराब घोटाला कांड के आरोपी अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली।
- एडीआर (एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्मस) के विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में 186 भाजपा विधायक करोड़पति हैं।
- विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत की अवधि 1 नवंबर 23 तक बढ़ा दी।

## मैंगलोर से इंदौर तक स्त्रियों को बांधने की कोशिश

मध्यप्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में पिछले दिनों एक अजीब वाक़या हुआ। यहां एक बुजुर्ग को ने एक कैफ़े को आग के हवाले कर दिया। कैफ़े संचालक की शिकायत गिरफ़्तार किये गये इस शख़्स ने पुलिस को जो कारण बताया, वह बड़ा ही हास्यास्पद है। उसने कहा कि वह कई दिनों से देख रहा था कि कैफ़े में लड़कियां आती हैं, सिगरेट खरीदती हैं और वहीं खड़े होकर धुआं उड़ाती हैं। यूं खुलेआम लड़कियों के सिगरेट पीने से उसे सख़्त ऐतराज़ था और इसी बात के चलते उसने सोचा कि न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी। बस फिर उसने कैफ़े में आग लगा दी। इस मामले ने कोई डेढ़ दशक पहले मैंगलोर में हुई उस घटना की याद दिला दी जिसमें हिंदूवादी संगठन श्रीराम सेने के 40 से भी अधिक कार्यकर्ताओं ने एक पब में जबरदस्ती घुसकर वहां मौजूद लड़कियों के साथ बदसलूकी की थी, यहां तक कि उन्हें ज़मीन पर पटक भी दिया था। इस घटना के बाद श्रीराम सेने के मुखिया प्रमोद मुथालिक ने कहा था, 'जिसने भी यह किया है उसने अच्छा काम किया है। लड़कियों का पब में जाना स्वीकार्य नहीं है। इसलिए, सेना के सदस्यों ने जो भी किया वह सही था।'

ये दोनों मामले बताते हैं कि पिछले डेढ़ दशक में गंगा से लेकर कावेरी तक में चाहे जितना पानी बह गया हो, स्त्रियों को लेकर भारतीय समाज का रवैया जस का तस है। लगभग हर परिवार ये चाहता है कि उसकी बेटी कल्पना चावला बने लेकिन लक्ष्मण रेखा के भीतर रहकर सीता भी बनी रही। इस अपेक्षा के मुताबिक न चलने पर न जाने कितनी लड़कियों की इज्ज़त की खातिर हत्या कर दी जाती है, जात-बिरादरी से वे बाहर निकाल दी जाती हैं, पैतृक संपत्ति से उन्हें बेदखल कर दिया जाता है और कहीं तो उन्हें मरा हुआ तक घोषित कर दिया जाता है। अंकिता भंडारी जैसे काण्ड समाज की इस धारणा को मजबूती देते हैं कि लड़कियां अगर बाहर हैं और अकेली भी, तो वे सुरक्षित रह ही नहीं सकतीं। लेकिन इसी समाज में वो लोग भी हैं जो बलात्कारियों के समर्थन में जुलूस निकालते हैं, दुष्कर्म के आरोपी नेता के लिए तख्तियां लेकर खड़े हो जाते हैं कि हमारा विधायक निर्दोष है। ऐसी दोहरी सोच वाले समाज को लड़कियों का अकेले रहना, अकेले घूमना-फिरना, अपनी मर्जी से अपना साथी चुनना या फिर अविवाहित रह जाना, पान के ठेले पर खड़े होना या जाम लेकर चियर्स कहना भला कैसे रास आयेगा।

कुल मिलाकर परिवार या खानदान की इज्ज़त लड़की को ही बचाना है और संस्कृति की रक्षा का दारोमदार भी उसी पर है। उसके सिगरेट-शराब पीने से ये सब चीज़ें खतरे में आ जाती हैं और अगर उसने ये सबके सामने कर लिया तो शायद प्रलय ही आ जायेगी। खुलेपन के सारे मज़े लड़के लूटें लेकिन लड़कियों को उनका हिस्सा न मिले – श्रीराम सेने जैसे संगठन से लेकर एक अकेले बुजुर्ग तक ये सुनिश्चित करने के लिये तैयार बैठे हैं। दोपहिया वाहन बनाने वाली एक कंपनी ने लड़कियों को लक्ष्य करते हुए नारा दिया था – व्हाई शुड बॉयज़ हैव ऑल द फ़न यानी लड़के ही सारा मज़ा क्यों लें। इंदौर के बुजुर्ग ने जो किया वह महज एक सनक नहीं है, बल्कि एक मानसिकता है जो कहती है – व्हाई शुड गर्ल्स हैव फ़न एट ऑल ! स्त्रियों पर जैसी बंदिशें अफ़गानिस्तान में तालिबानी हुकूमत ने लगाई हैं या ईरान में जिस तरह अपनी आज़ादी के लिये महसा अमीनी जैसी स्त्रियों को अपनी जान की कुर्बानी देनी पड़ी है, इस मानसिकता के चलते वैसी परिस्थितियां अपने यहां भी बन सकती हैं।



पलाश सुरजन

**मौजूदा वक़्त में धर्म और संस्कृति को लेकर दुराग्रह देश में बढ़ता जा रहा है, उससे लगता है कि देर-सबेर स्त्रियों पर बंधन बढ़ेंगे ही नहीं, वे पहले से ज़्यादा मजबूत भी होंगे और येन केन प्रकारेण उन्हें जायज भी ठहरा दिया जायेगा। लेकिन यह विश्वास किया जा सकता है कि स्त्रियों ने पितृसत्ता की बाधाओं को पार कर थोड़ी-बहुत जो जगह अपने लिये बनाई है, वे उसे यूं ही नहीं जाने देंगीं।**

ऐसा इसलिए भी कि मौजूदा वक़्त में धर्म और संस्कृति को लेकर दुराग्रह देश में बढ़ता जा रहा है, उससे लगता है कि देर-सबेर स्त्रियों पर बंधन बढ़ेंगे ही नहीं, वे पहले से ज़्यादा मजबूत भी होंगे और येन केन प्रकारेण उन्हें जायज भी ठहरा दिया जायेगा। लेकिन यह विश्वास किया जा सकता है कि स्त्रियों ने पितृसत्ता की बाधाओं को पार कर थोड़ी-बहुत जो जगह अपने लिये बनाई है, वे उसे यूं ही नहीं जाने देंगीं। इसके लिये फिलहाल एक उदाहरण काफ़ी होगा। श्रीराम सेने के हमले के ख़िलाफ़ महिलाओं के एक समूह ने तब 'पिंक चड्डी अभियान' चलाया था। सर्वथा अनूठे और अहिंसक इस अभियान के तहत देशभर से बड़ी संख्या में महिलाओं के अधोवस्त्र श्रीराम सेने के दफ़्तर को भेजे गये थे। उसके बाद फिर कभी उस घटना का दोहराव देखने-सुनने को नहीं मिला। वैलेंटाइन डे पर लड़के-लड़कियों के साथ पाए जाने पर उनकी शादी करवा देने की धमकी भी श्रीराम सेने को वापस लेनी पड़ी।

## भारत में महिला श्रम शक्ति की हालत बताने वाला नोबेल पुरस्कार

इस साल अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को दिया गया है। वे इस पुरस्कार को जीतने वाली इतिहास की तीसरी महिला हैं और स्वतंत्र रूप से सम्मानित होने वाली पहली हैं। एकल पुरस्कार विजेता के रूप में अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाली पहली महिला होना बहुत खास है। नोबेल प्रशस्ति पत्र में उनके पांच दशकों के काम का वर्णन करते हुए कहा गया है कि यह पुरस्कार 'महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों की हमारी समझ को उन्नत करने के लिए है।' उनके कुछ व्यावहारिक और मूल योगदान अब आम ज्ञान बन गए हैं। ये याद रखने योग्य हैं और जिनकी यहां चर्चा की जा रही है। उनका सबसे महत्वपूर्ण और निश्चित अध्ययन अमेरिकी इतिहास के 200 वर्षों में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी और परिणामों का है। अमेरिकी आंकड़ों से निकाले गए उनके कई नतीजे और निष्कर्ष सांस्कृतिक और भौगोलिक मतभेदों के बावजूद भारत सहित अधिकांश अन्य देशों पर लागू होते हैं।

उनमें से कुछ की जांच करें तो सबसे पहले यही ज्ञात होता है कि अर्थव्यवस्था के विकास के रूप में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी का यू-शेप है। आर्थिक विकास के साथ अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान से औद्योगिक और अंत में सेवा प्रभुत्व वाली हो गई है। कृषि चरण में महिलाएं अपने पुरुषों के साथ खेतों पर काम करती हैं। औद्योगिकीकरण के साथ कारखानों और असेंबली लाइनों पर काम कम लचीला और अधिक कठिन है जिसके कारण महिलाओं की भागीदारी कम हो जाती है। अधिक आर्थिक प्रगति के साथ सेवा क्षेत्र हावी होता जा रहा है और जहां महिलाएं अधिक संख्या में भाग लेने में सक्षम हैं। यह यू-आकार (यू-शेप) है- प्रारंभिक चरण में उच्च भागीदारी, इसके बाद औद्योगिक चरण के दौरान कम तथा अधिक समृद्धि होने पर फिर से उच्च। अमेरिकी आर्थिक इतिहास की एक लंबी अवधि में यह क्रम देखा गया है। यह पैटर्न उन देशों में भी देखा जाता है जो इस समय विकास के विभिन्न चरणों में हैं। इस प्रकार समय के साथ-साथ दुनिया भर में यह एक पैटर्न है। आश्चर्य नहीं कि अधिकांश अमीर देश, जिनके पास बहुत बड़ा सेवा क्षेत्र है, उनमें उच्च महिला श्रम बल भागीदारी दर (फीमेल लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट-एफएलएफपीआर) भी होती है। स्वीडन जैसे देशों में यह भागीदारी 85 से 90 प्रतिशत तक हो सकती है। इसका मतलब है कि कामकाजी उम्र में उनकी 90 प्रतिशत महिलाएं या तो भुगतान वाले काम में कार्य कर रही हैं या नौकरी की तलाश में हैं। इसके विपरीत भारत में एफएलएफपीआर कम है। कुछ मामलों में यह 20 फीसदी से नीचे है और सभी जी-20 देशों में सबसे कम है। इस पर विवाद रहा है। भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 2023 के आर्थिक सर्वेक्षण में एफएलएफपीआर को 27.7 प्रतिशत बताया गया है। लेकिन इसके बारे में अधिक जानकारी बाद में नीचे दी गई है।

महिला भागीदारी के यू-शेप का एक और पहलू पूरी अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास प्रक्षेप वक्र (इकॉनामिक डेवलपमेंट ट्रेजक्टरी) के माध्यम से ही न देखते हुए परिवार की आय और सामाजिक रीति-रिवाजों के लेंस के जरिए से भी देखा जाना चाहिए। बहुत गरीब परिवारों की महिलाएं काम करने के लिए विवश हैं। इसलिए कार्यबल की भागीदारी दर अधिक है। जैसे-जैसे परिवार की आय बढ़ती है, महिलाएं पीछे हट जाती हैं और घर के काम और बच्चों की देखभाल करने लगती हैं। अमीर और बहुत अमीर परिवारों के लिए कार्यबल भागीदारी दर फिर से बढ़ जाती है। यह भी यू-आकार का है लेकिन घरेलू आय के संबंध में है। इस पैटर्न को सामाजिक रीति-रिवाजों द्वारा और अधिक विकृत किया गया है। यदि कोई महिला घर से बाहर वेतन के लिए काम कर रही है तो इसे एक सामाजिक कलंक से जुड़ा माना जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि घर का 'आदमी' या तो आलसी है या अपने परिवार के लिए पर्याप्त कमाने में असमर्थ है।

विभिन्न संस्कृतियों में यह धब्बा देखा गया है। इस प्रकार का सामाजिक कलंक भी विशेष रूप से मध्यम आय वाले परिवारों की महिलाओं की भागीदारी को रोक सकता है। यू-आकार को प्रदर्शित करने वाला जो एक अन्य कारक है वह है महिलाओं की शिक्षा। अनपढ़ या कम शिक्षा वाले लोगों के वर्ग में महिलाएं अधिक भागीदारी लेती हैं। अल्प शिक्षा (जैसे मिडिल स्कूल तक) के साथ उनकी भागीदारी दर गिर जाती है। उच्च शिक्षा (कॉलेज या स्नातकोत्तर) के साथ उनकी भागीदारी फिर से बढ़ जाती है। यह भी यू-शेप है। यह क्रम भारतीय आंकड़ों में भी देखा जाता है। यहां यू-आकार के लिए स्पष्टीकरण श्रम के आपूर्ति पक्ष से नहीं है या यह कि मध्यम शिक्षित महिलाएं काम नहीं करना चाहती हैं। यह वास्तव में श्रम की मांग की ओर से है। हाई स्कूल या मिडिल स्कूल तक शिक्षा प्राप्त महिलाओं के लिए पर्याप्त और उपयुक्त नौकरियां नहीं हैं। इसलिए नौकरियों के अभाव में वे श्रम बल से बाहर हो जाती हैं।

भारतीय संदर्भों में इस तरह की टिप्पणी सुनना काफी आम है कि 'मेरी बेटी एक अस्थायी नौकरी कर रही है लेकिन जैसे ही उसकी शादी हो जाएगी, वह नौकरी छोड़ देगी।' ऐसा लगता है जैसे नौकरी, शादी और मातृत्व से पहले की बस एक अस्थायी व्यवस्था है। दरअसल, गोल्डिन और अन्य लोगों के काम ने प्रमाणित किया है कि पुराने समय में किस तरह एक वयस्क महिला की प्रमुख कामकाजी उम्र का लगभग 60 प्रतिशत या तो गर्भवती होने या बच्चे का पालन पोषण कराने में खर्च हो जाता था। हमारे दादा-दादी की पीढ़ी को देखें जिसमें एक दर्जन भाई-बहनों वाले परिवार थे। उनकी माताओं की दुर्दशा की कल्पना करें। परिवार नियोजन, विवाह टालने और गर्भधारण के बीच अंतर के कारण यह सब बदल गया। इसके अलावा कुल प्रजनन दर यानी प्राइम एज महिला से पैदा हुए बच्चों की औसत संख्या में तेजी से गिरावट आई है। गोल्डिन के काम से एफएलएफपीआर को बढ़ाने में गर्भनिरोधक की विशेष भूमिका भी उजागर होती है। उनका काम कार्यस्थल में भेदभाव के खिलाफ और समान वेतन के लिए महिलाओं के संघर्ष को भी कवर करता है। नोबेल पुरस्कार विजेता गोल्डिन के पूरे और समृद्ध काम को एक लेख में वर्णित नहीं किया जा सकता।



डॉ.अजीत रानाडे

**विभिन्न संस्कृतियों में यह धब्बा देखा गया है। इस प्रकार का सामाजिक कलंक भी विशेष रूप से मध्यम आय वाले परिवारों की महिलाओं की भागीदारी को रोक सकता है। यू-आकार को प्रदर्शित करने वाला जो एक अन्य कारक है वह है महिलाओं की शिक्षा। अनपढ़ या कम शिक्षा वाले लोगों के वर्ग में महिलाएं अधिक भागीदारी लेती हैं। अल्प शिक्षा (जैसे मिडिल स्कूल तक) के साथ उनकी भागीदारी दर गिर जाती है।**

गोल्डिन को मिला नोबेल पुरस्कार भारत के लिए इससे अधिक समयानुकूल और प्रासंगिक नहीं हो सकता था। भारत में दो दशकों से एफएलएफपीआर लगातार गिर रहा है हालांकि हाल ही में इसमें कुछ वृद्धि हुई है। 2023 का आर्थिक सर्वेक्षण भी देश भर के उन 12 मिलियन स्वयं सहायता समूहों की मूक क्रांति का दस्तावेजीकरण करता है जो लगभग पूरी तरह से महिलाओं द्वारा चलाए जाते हैं। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के लिए हाल ही में लाया गया कानून भी बहुत जल्द नहीं आया है। सरकार के तीसरे स्तर में आरक्षण को धन्यवाद दिया जाना चाहिए जिसके कारण अधिकांश राज्यों में गांव, शहर और नगर परिषदों और निगमों में सभी निर्वाचित व्यक्तियों में से आधी महिलाएं हैं।

कई कंपनियां महिलाओं को उनकी पहली या दूसरी गर्भावस्था यानी मिड कैरियर के बाद फिर से भर्ती करने की कोशिश करने में सक्रिय हैं। दो कमियां दिखाई देती हैं जिन्हें भारत सरकार को तत्काल भरना चाहिए। पहला पुरुष और महिला श्रम भागीदारी दर (आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 56 और 28 फीसदी) के बीच का अंतर है और दूसरा एक ही काम के लिए पुरुष और महिला कर्मचारियों के बीच का वेतन अंतर है। यदि इन दोनों अंतरों को समाप्त कर दिया जाता है तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में काफी वृद्धि हो सकती है। गोल्डिन को मिले पुरस्कार के कारण ये मुद्दे फिर फोकस में आ गए हैं।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)**

# देश विदेश

## गाजा के मुख्य अस्पताल में केवल अगले 24 घंटों तक बिजली रहेगी: एमएसएफ

**गाजा,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (एमएसएफ) ने कहा कि गाजा के मुख्य अस्पताल, अल-शिफा में बिजली जनरेटर के लिए ईंधन का भंडार अधिकतम 24 घंटे तक ही रहेगा। गुरुवार को एक समाचार रिपोर्ट में, एमएसएफ ने कहा कि बिजली के बिना कई मरीज मर जाएंगे। मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों वाले मरीज और गर्भवती महिलाएं भी दवाओं की सामान्य कमी के कारण खतरे में हैं। गाजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 7 अक्टूबर को हमास-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद से शुक्रवार तक एन्क्लेव में कम से कम 1,524 बच्चों सहित 3,785 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 12,500 से अधिक अन्य घायल हुए हैं।

## बाइडेन ने अमेरिकियों से की इज़राइल व यूक्रेन का समर्थन करने की अपील



**'हम एक महान राष्ट्र के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के रास्ते में क्षुद्र पक्षपातपूर्ण, क्रोधपूर्ण राजनीति को नहीं आने दे सकते:-जो बाइडेन**

**वाशिंगटन,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने देश के नागरिकों से इजरायल और यूक्रेन का समर्थन करने का आग्रह किया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को ओवल कार्यालय से राष्ट्र के नाम एक संबोधन में राष्ट्रपति ने इतिहास में इस क्षण को एक महत्वपूर्ण बिंदु बताया। उन्होंने अमेरिकी लोगों से अपील की और यूक्रेन, इज़राइल, ताइवान और अमेरिकी सीमा पर सहायता और संसाधन पहुंचाने के लिए कांग्रेस से लगभग 100 बिलियन डॉलर की अनुमति का अनुरोध किया। बाइडेन ने कहा, 'हमास और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अलग-अलग खतरों का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन वे इसे साझा करते हैं: वे दोनों पड़ोसी लोकतंत्र को नष्ट करना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम एक महान राष्ट्र के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के रास्ते में क्षुद्र पक्षपातपूर्ण, क्रोधपूर्ण राजनीति को नहीं आने दे सकते। हम हमास जैसे आतंकवादियों और पुतिन जैसे अत्याचारियों को जीतने नहीं दे सकते और न ही जीतने देंगे।' उन्होंने जारी युद्धों को राष्ट्रीय सुरक्षा अनिवार्यता और दुनिया भर में अमेरिकी नेतृत्व और लोकतंत्रों के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि दोनों युद्धों के लिए समर्थन 'अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण' है। 'इतिहास ने हमें सिखाया है कि जब आतंकवादी अपने आतंक के लिए कीमत नहीं चुकाते हैं, जब तानाशाह अपनी आक्रामकता के लिए कीमत नहीं चुकाते हैं, तो वे अधिक अराजकता, मृत्यु और अधिक विनाश का कारण बनते हैं।

'अगर हम यूक्रेन में सत्ता और नियंत्रण के लिए पुतिन की भूख को नहीं रोकते हैं, तो वह खुद को सिर्फ यूक्रेन तक ही सीमित नहीं रखेंगे। अगर हम चले जाते हैं और पुतिन को यूक्रेन की आजादी को खत्म करने देते हैं, तो यह दुनिया के भविष्य के लिए खतरनाक साबित होगा।' उन्होंने कहा, 'संघर्ष और अराजकता का खतरा दुनिया के अन्य हिस्सों में फैल सकता है - इंडो पैसिफिक में, मध्य पूर्व में, खासकर मध्य पूर्व में।'

## इजरायल-गाजा सीमा के पास इजरायली सैन्य गतिविधि में बढ़ोतरी



**लंदन,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल-गाजा सीमा पर इजरायली टैंक जमा हो गए हैं और हजारों सैनिकों ने युद्ध के लिए खुद को तैयार कर लिया है। हजारों इजरायली सैनिक, बड़ी संख्या में टैंक और बख्तरबंद वाहन अब गाजा पट्टी पर जमीनी हमले के लिए सीमा पर तैनात हैं, जहां 203 बंधकों को हमास ने बंदी बना रखा है। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार सुबह तड़के सीमा पर भारी मशीनी गोलीबारी की आवाज सुनने के बाद सीमा पर तोपखाने और जवानों की भीड़ जमा हो गई। इजरायल ने गाजा पर लगातार हवाई हमले करना जारी रखा और उसने लेबनानी सीमा के पास एक उत्तरी इजरायली शहर को खाली करना शुरू कर दिया, जो आसन्न जमीनी आक्रमण का एक और संकेत है जो पूरे मध्य पूर्व में उथल-पुथल पैदा कर सकता है। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, छोटे से इलाके में फंसे 20 लाख फिलिस्तीनी, जहां हजारों लोग मारे गए हैं और पूरे शहर नष्ट हो गए हैं, अब खुद को आक्रमण के लिए तैयार कर रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप और बड़ी क्षति होने की आशंका है।

इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने भी गाजा सीमा पर तैनात सैनिकों का दौरा किया और उनसे कहा कि वे जल्द ही फिलिस्तीनी एन्क्लेव को 'अंदर से' देखेंगे। आईडीएफ में एक पैदल सेना कमांडर ने डेलीमेल को बताया कि वे आक्रमण के लिए तैयार थे, उन्होंने कहा कि उनके सैनिकों के बीच 'बहुत उच्च स्तर का आशावाद' था। इजरायल के नेता गाजा को उसके हमास शासकों से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, भले ही इसके लिए घर-घर जाकर अभियान चलाना पड़े, जो 'वर्षों' तक चल सकता है और इसके परिणामस्वरूप फिलिस्तीनियों को और बड़ी क्षति हो सकती है।

## इराक, सीरिया में अमेरिकी सैनिकों ने हाल ही में किए कई बार हमले



**वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत ने ईरान-गठबंधन हौथी आंदोलन द्वारा यमन से लॉन्च की गई मिसाइलों और ड्रोन को रोक दिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पेंटागन के एक प्रवक्ता ने कहा कि मिसाइलों को संभावित रूप से इजरायल में लक्ष्यों की ओर लॉन्च किया गया था। यूएसएस कार्नी, एक निर्देशित मिसाइल विध्वंसक, गुरुवार को उत्तरी लाल सागर में काम कर रहा था। पेंटागन ने कहा कि इराक और सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर हाल के दिनों में कई बार हमला किया गया, साथ ही यह भी कहा कि वाशिंगटन ईरान समर्थित समूहों की गतिविधि के लिए अलर्ट पर है क्योंकि इजरायल ने गाजा में हमास के ठिकानों पर हमला करना जारी रखा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पेंटागन के ब्रिगेडियर जनरल पैट्रिक राइडर ने कहा कि यमन से दागी गई तीन जमीनी हमले वाली क्रूज मिसाइलों और कई ड्रोनों को मार गिराया गया है।

## 'उ. कोरिया के पास दक्षिण कोरिया में अमेरिकी बल पर हमला करने का अधिकार सुरक्षित'

**प्योंगयांग,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने कहा है कि उसके पास अमेरिका की दक्षिण कोरिया में स्थानांतरित की जा रही रणनीतिक सेनाओं पर पूर्वव्यापी हमला करने का अधिकार सुरक्षित है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मीडिया ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि अमेरिकी परमाणु-सक्षम बी-52 बमवर्षक विमान पिछले दिसंबर में कोरियाई वायु सेना के साथ प्रशिक्षण शुरू करने के बाद पहली बार मंगलवार को दक्षिण कोरिया के हवाई अड्डे पर उतरा। लैंडिंग के बाद, दक्षिण कोरियाई मीडिया ने इस मामले से परिचित सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि सोल, अमेरिका और जापान 22 अक्टूबर को कोरियाई प्रायद्वीप के पास अपना पहला संयुक्त हवाई अभ्यास करेंगे, जिसमें जिसमें 'तीन देशों के बी-52 एस्कॉर्ट फाइटर जेट्स के साथ एक फॉर्मेशन फ्लाइट' भी शामिल होगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण कोरिया में तैनात कोई भी अमेरिकी रणनीतिक संपत्ति 'नष्ट होने वाला पहला लक्ष्य' बन जाएगी। इसमें कहा गया है कि अमेरिका 'अच्छी तरह से जानता होगा कि कोरियाई प्रायद्वीप तकनीकी रूप से युद्ध में है।' सरकारी मीडिया के मुताबिक उत्तर कोरिया का यह भी मानना है कि वे दिन गए जब पूर्वव्यापी हमले का अधिकार अमेरिका का 'एकाधिकार' था। उत्तर कोरिया का यह भी मानना है कि 22 अक्टूबर के लिए योजनाबद्ध संयुक्त अभ्यास अमेरिका के जानबूझकर परमाणु युद्ध उत्तेजक कदम हैं। पिछले हफ्ते परमाणु-संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस रोनाल्ड रीगन और उसका युद्ध समूह दक्षिण कोरिया के सबसे बड़े बंदरगाह बुसान में पहुंचे। इसके बाद उत्तर कोरिया की आलोचना हुई, जिसने बंदरगाह पर विमानवाहक पोत आने को सैन्य उकसावे के रूप में वर्णित किया। उत्तर का तर्क है कि प्रायद्वीप पर परमाणु संपत्तियों का निर्माण क्षेत्र को अस्थिर कर रहा है

## नीजर के अपदस्थ राष्ट्रपति ने की भागने की कोशिश: सैन्य जुंटा



**नियामी,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। नीजर की सैन्य जुंटा, जिन्होंने जुलाई में तख्तापलट के बाद सत्ता पर कब्जा कर लिया था, ने कहा कि अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम ने अपने परिवार, रसोइयों और सुरक्षा के साथ हिरासत से भागने की कोशिश की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी टीवी पर एक संबोधन में सैन्य प्रवक्ता अमादौ अब्द्रमाने ने कहा कि भागने का प्रयास गुरुवार सुबह करीब 3 बजे हुआ। उन्होंने कहा, 'अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम और उनके परिवार, उनके दो रसोइयों और उनके सुरक्षाकर्मी ने हिरासत से भागने की कोशिश की।' अब्द्रामने के अनुसार, बजौम ने राजधानी नियामी के बाहरी इलाके में एक ठिकाने पर भागने की योजना बनाई थी और बाद में एक विदेशी हेलीकॉप्टर पर सवार होकर नाइजीरिया की ओर उड़ान भरने की योजना बनाई थी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने बजौम के प्रयास को 'गैर-जिम्मेदाराना रवैया' बताया। 26 जुलाई को उनके राष्ट्रपति गार्ड के सदस्यों द्वारा तख्तापलट करने के बाद से अपदस्थ राष्ट्रपति घर में नजरबंद हैं।

## सुडोकू 6353


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | |
| | 6 | 2 | | 4 | | | 9 | |
| | | | | 7 | | | | 4 |
| 7 | | | | 3 | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 5 | |
| | | 4 | 2 | 8 | | | | 6 |
| 6 | | | | 2 | | | | |
| | 9 | | | 5 | | 3 | 2 | |
| | | | 3 | | | 4 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6353



**बायें से दायें:-**

१. प्यार भरी बातचीत
३. निछावर
५. अस्तित्व (उर्दू)
६. गाने वाला
७. शाक, सब्जी
८. चंद्रमा
१३. मेहनत
१५. आईना
१६. लुंगी
१७. प्रण
१८. जुड़ा, मिला हुआ, सहित
२०. प्रार्थना के योग्य
२२. मामूली
२३. सूर्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. दर्शक दीर्घा
२. फायदेमंद
३. बहुत ही बुरा (उर्दू)
४. भय-दुख या पीड़ा से पीड़ित होकर जोर से रोना-चिल्लाना
५. भारी (उर्दू)
९. तकलीफ़, झंझट (उर्दू)
१०. अंत, अवसान, नतीजा
११. लज्जत, जायका
१२. उत्रृण, जिसने कर्ज से छुटकारा पा लिया हो
१४. आय (उर्दू)
१७. तारीफ़
१९. जवान, तरुण
२०. जान, जी, दम
२१. अगर

## वर्ग पहेली-6352



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 21 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 7

### राशिफल

मेष -आज के दिन आप थकान, आलस्य और चिंता का अनुभव करेंगे। आज आपमें ताज़गी और स्फूर्ति नहीं रहेगी। बात-बात में आपको गुस्सा आएगा। नौकरीपेशा लोग आज किसी बात को लेकर चिंतित रहेंगे।

वृषभ -आज आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत ना करें। खान-पान में विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य बिगड़ने की आशंका बनी रहेगी। संभव हो तो प्रवास टालें।

मिथुन -आज के दिन आप मनोरंजन तथा आनंद-प्रमोद में व्यस्त रहेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आनंदित वातावरण में दिन गुजार सकेंगे। सामाजिक रूप से सम्मान और प्रसिद्धि भी प्राप्त कर सकेंगे। दांपत्यजीवन में सुख मिलेगा।

कर्क -आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। परिजनों के साथ समय सुख से गुजरेगा। आवश्यक काम पर धन खर्च होगा। आर्थिक लाभ के लिए दिन अच्छा है।

सिंह -आज आपका शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज अपनी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसानी से पूरा कर पाएंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात आनंददायी होगी।

कन्या -आज समय अनुकूल नहीं है। कई बातों को लेकर आप को चिंता रहेगी, जिससे आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ अनबन हो सकती है।

तुला -आज का दिन भाग्यवृद्धि का रहने वाला है। भाई-बहनों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। किसी धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। नए काम की शुरुआत के लिए दिन शुभ है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी है। अनावश्यक खर्च पर अंकुश रखें। वाणी पर संयम रखने से परिवार में सुख-शांति बना पाएंगे। विचारों पर नकारात्मकता छाई रहेगी, जिसे दूर करने का प्रयास करें।

धनु -आप शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य का ध्यान रखें। आज आप निर्धारित काम कर सकेंगे। आर्थिक लाभ की प्राप्ति होगी। प्रवास की विशेषकर धार्मिक यात्रा की संभावनाएं हैं।

मकर -आज के दिन आपको सावधानीपूर्वक रहना होगा। आज व्यावसायिक कामों में किसी का हस्तक्षेप बढ़ेगा। खर्च सामान्य से अधिक रहेगा। धार्मिक, सामाजिक कामों में व्यस्तता रहेगी और खर्च भी हो सकता है।

कुंभ -नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन अच्छा है। नौकरी तथा व्यापार में लाभ होने की संभावना है। मित्रों से लाभ मिल सकता है। भाग्य आप पर मेहरबान रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी ख्याति बढ़ेगी।

मीन -आपका दिन अत्यंत शुभ फलदायी है। आज आपके सभी कामों सफलता मिलेगी। अधिकारियों की कृपादृष्टि के कारण प्रसन्नता भरा दिन रहेगा। व्यापारियों को व्यापार में वृद्धि तथा सफलता मिलेगी। पिता तथा बड़े-बुजुर्गों से लाभ होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1296-अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली की गद्दी संभाली थी।
1555-इंग्लैंड के संसद ने फिलिप को स्पेन के राजा मानने से इनकार किया।
1577-गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की।
1727-रूस और चीन ने सीमाओं को सही करने के लिए समझौते किये।
1797 -अमेरिकी नौसेना के लिए बनाए गए पहले मालवाहक जहाजों में से एक द कंस्टीच्यूशंस का बोस्टन में जलावतरण किया गया।
1805 -स्पेन के तट पर ट्राफलगर की लड़ाई में फ्रांस और स्पेन की 33 पोत के बेड़े वाली संयुक्त नौसेना को ब्रिटेन की 27 पोत के बेड़े वाली नौसेना ने पराजित किया।
1833 -स्वीडन के स्टॉकहोम में अल्फ्रेड नोबेल का जन्म हुआ जिन्हें डायनामाइट के खोजकर्ता के तौर पर जाना जाता है। उनके नाम पर कुल 355 पेटेंट हैं। नोबेल पुरस्कार के नाम से दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान स्थापित करने का श्रेय उन्हें जाता है।
1934 -जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना की।
1943 -नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने स्वतंत्र भारत की प्रांतीय सरकार बनाई।
1950 -चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी तिब्बत में दाखिल हुई और कुनलुन तथा हिमालय की विशाल पर्वत श्रृंखलाओं के बीच 16000 फुट की ऊंचाई पर स्थित इस आध्यात्मिक और शांतिप्रिय देश पर कब्जा कर लिया।1951-भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई।
1954 -भारत और फ्रांस ने पुडुचेरी, कराइकल, और माहे को भारतीय गणतंत्र में शामिल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता 1 नवम्बर से लागू हुआ।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### भूपेश ने छत्तीसगढ़ को बनाया...

रैली कलेक्टोरेट मुख्य द्वार तक पहुंची। इसके बाद श्री अटामी अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे और नामांकन दाखिल किया।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सभा के पूर्व मांई दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। सभा में राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, संगठन प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी, झारखंड ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत यादव, विजय तिवारी, राम बाबू सिंह गौतम, श्रीकुमार सिंह भदौरिया, ओजस्वी मंडावी, कुणाल ठाकुर, रामू नेताम, मालती मुड़ामी, नंदलाल मुड़ामी, कुलदीप ठाकुर, बैसु राम मंडावी, जय दीप माकन, विनोद साहू, पायल गुप्ता, सुमित भदौरिया, सत्यजीत चौहान, अनोज भदौरिया, राहुल आसरानी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मुकेश शर्मा, कमला विनय नाग, दीपक बाजपेई, मयंक यादव, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

### ईडी ने भाजपा नेता सहित...

रूंगटा और सुंदर नगर निवासी चावल व्यापारी सुरेश कुकरेजा के निवास पर दबिश दी है। तीन दिन पहले भी सुरेश कुकरेजा समेत 5 व्यापारियों के निवास पर टीम ने कार्रवाई की थी। इसके अलावा होटल कैमबियन के मालिक और राइस मिलर कमल अग्रवाल के फार्म हाउस में भी ईडी की कार्रवाई जारी है। बता दें कि कमल अग्रवाल का होटल ग्रीन चौक दुर्ग में स्थित है।

टीम ने कोरबा में भारतीय जनता पार्टी नेता और व्यवसायी गोपाल मोदी के घर पर भी छापेमारी की है। सुबह 6 बजे ईडी की टीम ने उनके सीतामणि स्थित निवास पर रेड डाली है। घर के दोनों तरफ दरवाजे से टीम अंदर घुसी। पांच सदस्यीय टीम ने उनके ठिकाने पर दबिश दी है। किसी भी व्यक्ति को घर के अंदर और बाहर आने जाने पर रोक लगा दी गई है। गोपाल मोदी राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके तीन अलग-अलग ठिकानों पर टीम ने छापा मारा है। ईडी की टीम तीन वाहनों में पहुंची है। बता दें वर्तमान में गोपाल मोदी बीजेपी के जिला कोषाध्यक्ष हैं।

### नगरनार संयंत्र के निजीकरण को लेकर...

उन्होंने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों व आमजन की चिंता करती है, जबकि इसके उलट आदिवासियों व आमजन की चिंता भाजपा नहीं करती। यही कारण है कि अमित शाह कांग्रेसियों को उल्टा लटकाने की बात करते हैं, पहले तो उन्हें अपने ही पार्टी के घोटालेबाजों को लटकाना चाहिए। डॉ. रमन के द्वारा नान घोटाला, पनामा घोटाला और मुन्नीबाई मामले में कुछ नहीं बोल रहे।

उन्होंने सीधा केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा बस्तर और छत्तीसगढ़ को बेचना चाहती है। कांग्रेस बस्तर और छत्तीसगढ़ को बचाने का काम कर रही है। ऐसे में इस चुनाव में यदि भाजपा की सरकार बनाने में गलती कि तो बस्तर और छत्तीसगढ़ बिक जाएगा। उन्होंने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में 15 साल तक भाजपा की सरकार थी, तब आदिवासियों के साथ दूसरे तरह का व्यवहार किया जाता रहा। फर्जी एनकाउंटर में आदिवासियों को जेल भेजा जाता रहा और मार दिया जाता था। कांग्रेस की सरकार ने हर गांव तक सड़कों का जाल बिछाया, जिससे लोग अब आसानी से अंदरूनी गांवों तक पहुंच रहे हैं, जबकि पूर्व में लोग बस्तर आने से डरते रहे। उन्होंने कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों के लिए किए कामों को भी गिनाया और कहा कि पहले सिर्फ 12 लाख किसान धान बेचते थे, इस साल 26 लाख किसान समर्थन मूल्य में धान बेचेंगे। उन्होंने जगदलपुर, बस्तर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के लिए आमजन से समर्थन मांगा। इस दौरान कांग्रेस के छग प्रभारी कोरापुट के सांसद शप्तगिरी शंकर उल्का, लखेश्वर बघेल, रेखचंद जैन, राजमन बेंजाम ने भी अपने विचार रखे। महापौर सफीरा साहू, मिथलेश स्वर्णकार, सुशील मौर्य, बलराम मौर्य ,राजीव शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### मांई दंतेश्वरी की धरती में नहीं चलेगी झूठ की राजनीति - दीपक

पीसीसी अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के मंत्री व नेता बस्तर आकर झूठ बोल रहे हैं, लेकिन मांई दंतेश्वरी की धरती में झूठ की राजनीति नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने बस्तर के विकास में नया इतिहास लिखा है। बस्तर को बचाना है तो फिर से छत्तीसगढ़ में यू कांग्रेस को लाना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव एक युद्ध का मैदान है, लेकिन इसमें बम व तलवार लेकर सच्चाई को लेकर जनता के बीच जाना है और बस्तरहित के लिए लड़ना है।

### यात्री बस बंजारी घाट में ...

मजदूरों को लेकर वापस उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से छत्तीसगढ़ यह यात्री बस आ रही थी, जो बंजारी घाट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

बिना वैद्य परमिट की चल रही है यात्री बस

छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश चलने वाली यह सभी यात्री बसें पर्यटन परमिट पर इस मार्ग पर मजदूरों को पलायन कराने का काम कराती है । इन बसों पर क्षमता से ज्यादा यात्री सवार रहते हैं और बेखौफ होकर मजदूरों को भेड़ - बकरियां की तरह मार्ग से लगातार आवाजाही करते हैं।

### एक और हादसा

इसी मार्ग पर सुबह-सुबह दूसरी घटना हुई जिसमें पेंड्रा- बिलासपुर मार्ग पर घटोली पारा के पास कोयले से भरी ट्रेलर ढाबे में जा घुसी जहा ढाबे में काम करने वाले रसोईया और वेटर, टेलर के नीचे दबे हुए हैं, उन्हे रेस्क्यू कर निकालने का प्रयास जारी पुलिस एवं एंबुलेंस मौके पर पहुंची. पेंड्रा बिलासपुर मार्ग पर वाहनों का काफी दबाव है मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ सीमा पर कोयले के काफी खदान स्थित है जहां से बड़ी मात्रा में कोयले का परिवहन सड़क मार्ग द्वारा किया जाता है । कोयल का ट्रिप अधिक से अधिक लगाने की फोड़ लगी रहती है जबकि मार्ग खस्ताहाल एवं घुमावदार है जिसके कारण हद से लगातार होते हैं ऐसे ही घटना आज सुबह-सुबह हुई कोयले से नदी एक टेलर वहां जो मध्य प्रदेश के कोयला खदान से कोयला लेकर रायपुर जा रही थी सुबह-सुबह ढाबे में जा घुसी ढाबे का रसोइया एवं वेटर सो रहे थे ,इस बीच हाईवा वहां ढाबे में जा घुसा जिससे ढाबा पूरा क्षतिग्रस्त हो गया और हाईवा और ढाबा के मलबे के नीचे दोनों दब गए, पुलिस की रेस्क्यू टीम वहां पहुंचकर उन्हे निकाला गया।

### देश को मिली पहली रैपिड रेल...

है। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। शनिवार से आम नागरिक इस ट्रेन से यात्रा कर सकेंगे। इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों को 'नमो भारत' का नाम दिया गया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कल इसका नाम बदलने की घोषणा की थी।

### श्रीहरिकोटा से आज पहली परीक्षण...

वापस लाया जाएगा। इसरो ने कहा कि उड़ान भरने के लगभग 60 सेकंड बाद परीक्षण वाहन क्रू एस्केप सिस्टम के साथ 11.7 किमी की ऊंचाई पर वाहन (टीवी) से अलग हो जाएगा और अगले 30 सेकंड बाद सीएम-सीईएस 148.7 मीटर/सेकेंड के वेग से 16.7 किमी की ऊंचाई पर अलग हो जाएगा। इसके बाद सीईएस को अलग करने और पैराशूटों की श्रृंखला की तैनाती के साथ शुरू होने वाले गर्भपात जैसी स्थिति को स्वायत्त रूप से निष्पादित किया जाएगा।

### अगले साल भेजा जा सकता है गगनयान

गगनयान भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन है, इसे अगले साल के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। 2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। टीवी-डी1 वाहन एक विकास इंजन का उपयोग करता है, जिसके अगले सिरे पर क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम लगा होता है। वाहन की लंबाई 34.9 मीटर है, जबकि इसका भार 44 टन है।

## दुनिया को जानें


### स्मार्टफोन ऐप 'ओपनकैप' बीमारी के जोखिम की करेगा जांच

**न्यूयॉर्क,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक स्मार्टफोन ऐप डेवलप किया है, जो किसी व्यक्ति की एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने की क्षमता को ट्रैक और एनालिसिस कर सकता है। इसे लोकोमोशन और अन्य प्रकार की गतिविधियों के रूप में जाना जाता है। शोधकर्ताओं ने 100 प्रतिभागियों के साथ 'ओपनकैप' नामक ऐप का टेस्ट किया। दो या दो से ज्यादा स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हुए, ऐप ने मसल्स एक्टिवेशन, ज्वाइंट लोड्स और ज्वांइट मूवमेंट्स के वेब-बेस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एनालिसिस की अनुमति देने के लिए क्वालिटी वीडियो रिकॉर्ड किए। पीएलओएस कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी जर्नल में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, 100 प्रतिभागियों के लिए डेटा कलेक्शन में 10 घंटे से भी कम समय लगा और परिणामों की गणना में 31 घंटे लगे। यह स्टडी स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के स्कॉट एल. डेल्प और उनके सहयोगियों द्वारा आयोजित किया गया था। लोकोमोशन एनालिसिस के लिए फिक्स्ड लैब स्पेस और 150,000 डॉलर से ज्यादा मूल्य के उपकरणों की आवश्यकता होती है, जिसमें त्रि-आयामी इमेज को कैप्चर करने के लिए आठ या ज्यादा स्पेशलाइज्ड कैमरे शामिल हैं।

# खेल जगत

## लसिथ मलिंगा को मुंबई इंडियंस ने नियुक्त किया नया गेंदबाजी कोच

**मुंबई,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 सीजन से पहले श्रीलंका के तेज गेंदबाजी दिग्गज लसिथ मलिंगा को अपना नया गेंदबाजी कोच घोषित किया है। मलिंगा शेन बॉन्ड की जगह लेंगे, जो 2015 से इस सप्ताह के शुरू में पद छोड़ने तक टीम में इस पद पर थे। मलिंगा, जो पहले 2022 और 2023 सीजन के लिए आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी कोच थे। वो मार्क बाउचर के नेतृत्व वाली मुंबई इंडियंस कोचिंग टीम में शामिल हो गए हैं और उनके पूर्व साथी कीरोन पोलार्ड, जो बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्यरत हैं उनके साथ टीम से जुड़ेंगे। मलिंगा ने कहा, मुंबई इंडियंस का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया जाना मेरे लिए वास्तव में सम्मान की बात है। एमआई न्यूयॉर्क और एमआई केपटाउन के बाद वनफैमिली में मेरी यात्रा जारी है। मैं मार्क, पॉली, रोहित शर्मा और बाकी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।



# वॉर्नर और मिचेल मार्श के तूफानी शतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बनाए 9 विकेट पर 367 रन

■ पाक के अफरीदी ने चटकाए पांच और रउफ ने तीन विकेट

**नई दिल्ली,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श के तूफानी शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के अहम मैच में शुक्रवार को पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 367 रन का मजबूत स्कोर खड़ा। वॉर्नर( 163 रन, 124 गेंद, 9 छक्के, 15 चौके) और मिचेल मार्श (121रन, 108 गेंद, 10 चौके, 9 छक्के) की 33. 5 ओवर में पहले विकेट की 259 रन की तूफानी भागीदारी ने ऑस्ट्रेलिया के मजबूत स्कोर की नीवं रखी। पाकिस्तान के सबसे कामयाब बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी (5/54) ने अपने दूसरे स्पैल के पहले ओवर में मार्श को आउट कर उनकी और वॉर्नर की बड़ी भागीदारी को तोडने़ के बाद अगली गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल को आउट किया और पारी के आखिरी के ओवर की शुरू की दो गेंदों में मिचेल स्टार्क(2) और अगली पर जोश हेजलवुड को आउट कर पांच विकेट चटकाए। पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी और और हैरिस उर रउफ(3/83) ने लेग स्पिनर उस्मा मीर(1/82) के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया का पहला विकेट 259 रन पर गिरने के बाद अंतिम 16ओवर में उसके अगले आठ विकेट 108 रन निकाल कर उसे निश्चित रूप से पहाड़ का स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। शाहीन शाह अफरीदी ने अपने ससुर शाहिद अफरीदी की तरह वन डे विश्व कप में दो बार पांच विकेट लेने के कारनामे की बराबरी कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी के सात ओवर में 42 रन के पांच विकेट खोए

वॉर्नर और मार्श ने पारी के 31 वें बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज सातवें ओवर में दो गेंदों के भीतर शतक पूरे किए। वॉर्नर ने नवाज की गेंद को ड्राइव कर लॉन्ग ऑन पर खेल एक रन दौड़ कर 85 गेंद खेल छह छक्कों और सात चौकों की मदद से पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथा शतक पूरा किया और वन डे विश्व कप में अपना पांचवां शतक जड़ रिकी पॉन्टिंग (चार शतक) के ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे शतक जडने़ के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बर्थ डे ब्वॉय मिचेल मार्श ने नवाज की गेंद पर चौका जड़ 101 गेंद खेल छह छक्कों और दस चौकों की मदद से वन डे विश्व कप में अपना पहला शतक पूरा किया। तीन ओवर बाद पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के दूसरे स्पैल के लिए गेंद संभालने पर मार्श ने उनकी शुरू की चार गेंदों में दो छक्के जडने़ के बाद मार्श के फिर उनकी गेंद को उड़ाने के फेर में शॉर्ट फाइन लेग स्पिनर उस्मा मीर को कैच थमाने से उनकी और वॉर्नर की 259 रन की बड़ी भागीदारी आखिर टूट गई। अफरीदी ने अपनी अगली ही गेंद पर नए बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल (0) को कप्तान बाबर आजम के हाथों मिड ऑन पर कैच करा आउट कर पाकिस्तान को बहुत राहत दिलाई। अफरीदी ने अपने इस चौथे ओवर में दो छक्कों सहित 13 रन देकर मार्श और मैक्सवेल के अहम विकेट चटकाए। पारी के 35वें और लेग स्पिनर उस्मा मीर के सातवें ओवर की पांचवीं गेंद पर कप्तान बाबर आजम ने स्टीव स्मिथ (2) का आसान कैच टपका दिया अन्यथा पाकिस्तान को दो रन के भीतर तीसरा विकेट मिल जाता और वह मैच में वापसी कर सकता था। उस्मा मीर ने पारी के अपने अगले और पारी के 39 वें ओवर में स्टीव स्मिथ (7)को ड्राइव करने के मजबूर खुद ही उनका कैच लपक कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 284 कर दिया। वॉर्नर ने तेज गेंदबाज हैरिस रउफ के दूसरे स्पैल के पहले ओवर में उनकी कटर पर तेज प्रहार करने की कोशिश में स्थानापन्न फील्डर शादाब खान को पारी के 43 वें ओवर कैच थमा दिया और ऑस्ट्रेलिया ने अपना चौथा विकेट 325 रन पर खो दिया । ऑस्ट्रेलिया के स्कोर में 14 रन और जुड़े कि रउफ ने अपने अगले ओवर में जोश इंग्लिश(13) को विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। शाहीन शाह अफरीदी ने मरकस स्टोइनस (21 रन, 24 गेंद, एक छक्का, एक चौका) को एलबीडब्ल्यू आउट कराया अपना तीसरा विकेट चटकाया। हैरिस रउफ के बाउंसर पर मरनस लबुशेन(8)ने डीप मिडविकेट पर स्थानापन्न फील्डर शादाब को कैच थमा दिया और ऑस्ट्रेलिया ने सातवां विकेट 360 रन पर खो दिया। शाहीन शाह अफरीदी ने अपने और पारी के 50 वें अंतिम ओवर की पहली गेंद पर मिचेल स्टार्क(2) सौद शकील के हाथों कैच कराया और अगली गेंद पर जोश हेजलवुड(0) के हाथों कैच करा उसका स्कोर नौ विकेट पर363 कर दिया।



## वार्नर-मार्श ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया

**बेंगलुरु।** ऑस्ट्रेलिया की सलामी जोड़ी डेविड वार्नर और मिशेल मार्श ने पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण को धराशायी कर दिया और यहां एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के लिए 259 रनों की सबसे बड़ी विश्व कप की शुरुआती साझेदारी दर्ज की। इस धुंआधार बल्लेबाजी ने उन्हें 2011 विश्व कप में कनाडा के खिलाफ शेन वॉटसन और ब्रैड हैडिन के 183 रनों के रिकॉर्ड को पार करने में मदद की। शाहीन शाह आफरीदी ने मिशेल मार्श का विकेट लेकर 259 रन की शुरुआती साझेदारी का अंत किया। मैदान के चारों ओर पाकिस्तानी गेंदबाजों की पिटाई करने के बाद मार्श पवेलियन लौट गए, उन्होंने 108 गेंदों पर 121 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 9 छक्के लगाए। वार्नर ने 124 गेंदों पर 163 रन में 14 चौके और नौ छक्के लगाए। किसी भी बल्लेबाजी क्रम में ऑस्ट्रेलियाई टीम द्वारा अब तक की सबसे बड़ी वनडे साझेदारी 2015 में हुई जब डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे विकेट के लिए 260 रन जोड़े। मार्श और वार्नर ने 259 रनों के अपने प्रयास के साथ दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी दर्ज की। तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी 2003 में रिकी पोंटिंग और डेमियन मार्टिन के बीच बनी थी और 234 रन की थी। लखनऊ में श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने फिर से लय हासिल कर ली है और पाकिस्तान पर पूरी तरह हावी दिख रहा है।

# परिस्थिति देख कर खेलते हैं कोहली, इसीलिये शानदार रन चेजर : हुसैन

**नई दिल्ली** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में शतकीय पारी खेलने वाले विराट कोहली की तारीफ करते हुये इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि कोहली हमेशा परिस्थिति से खेलते हैं और यही कारण है कि वह रन चेज़ में शानदार हैं। स्टार स्पोर्ट्स के शो 'फॉलो द ब्लूज़' में हुसैन ने कहा कोहली हमेशा परिस्थिति से खेलते हैं और यही कारण है कि वह रन चेज़ में शानदार हैं। वह मैदान पर टीम की स्थिति को अपने सामने देखते हैं, उनका स्ट्राइक रेट ज्यादा पीछे कभी नहीं रहा क्योंकि वह हर गेंद पर रन बनाना चाहते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ अगर वह 350 रनो का पीछा कर रहे होते, तो दूसरे गियर में चले गए होते, लेकिन वह सिर्फ यह सुनिश्चित कर रहे थे कि भारत जीत के करीब पहुंच जाए जैसा कि वह अक्सर करते हैं।

रोहित शर्मा की आक्रामक कप्तानी के साथ-साथ विराट कोहली के शानदार शतक ने भारत को वनडे विश्व कप में बांग्लादेश पर छह विकेट से जीत दिलाई थी। हुसैन ने रोहित शर्मा की कप्तानी और बल्लेबाजी की सराहना की। उन्होंने कहा रोहित सफेद गेंद के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है। उनका रिकॉर्ड सर्वश्रेष्ठ है, उन्होंने विश्व कप में ऐसा किया है। बांग्लादेश के खिलाफ उनका रिकॉर्ड शानदार है, उनका पुल शॉट लाजवाब है। पिछले कुछ वर्षों में पुल शॉट में उनका औसत 400 था। उन्होने कहा सबसे महत्वपूर्ण चीज जो मुझे पसंद है वह है इरादा, वास्तविक इरादा है, कुछ समय के लिए उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में थोड़ा डर कर क्रिकेट खेला जिसके कारण वे उस सेमीफाइनल में एडिलेड में इंग्लैंड से हार गए। भारत का शीर्ष क्रम अलग दिखता है।

# केएल राहुल ने बताई विराट कोहली के शतक की सच्चाई

**पुणे,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ विजयी छक्का लगाकर अपना 48वां वनडे शतक पूरा किया, जिसमें दूसरे छोर पर केएल राहुल ने उनकी काफी मदद की क्योंकि इस जोड़ी ने आसान सिंगल्स को ठुकरा दिया था, जिससे कोहली इस मुकाम तक पहुंच सके। वनडे फॉर्मेट में कोहली के 48वें शतक का मतलब है कि वह भारत में विश्व कप 2023 के दौरान सचिन के 49 के सर्वकालिक रिकॉर्ड से आगे निकल सकते हैं। 34 वर्षीय खिलाड़ी का शतक आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में उनका तीसरा और वनडे करियर का 48वां शतक है। यह शतक इसलिए भी खास है क्योंकि जब भारत को बांग्लादेश के खिलाफ जीत के लिए 19 रनों की जरूरत थी, तब कोहली भी शतक से 19 रन दूर थे। लेकिन, दूसरे छोर पर राहुल ने उनका भरपूर साथ दिया और विराट का शतक पूरा करने में अहम भूमिका निभाई। मैच के




बाद, जिसे भारत ने 51 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से जीता, राहुल ने खुलासा किया कि सिंगल लेने से बचना उनका विचार था ताकि कोहली स्ट्राइक बनाए रख सकें और इस तरह शतक तक पहुंचने की उनकी संभावनाएं बढ़ सकें। राहुल ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से स्टार स्पोर्ट्स को बताया, वह असमंजस में थे, उन्होंने कहा कि हम सिंगल नहीं लेंगे तो यह अच्छा नहीं लगेगा। मैं ऐसा नहीं दिखना चाहता कि मैं सिर्फ अपना रिकॉर्ड हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन इसके बाद मैंने उन्हें कहा कि हम आसानी से मैच जीत रहे हैं, साथ ही आप अपना शतक पूरा कर सकते हैं। फिर विराट कोहली मान गए। इसके बाद विराट कोहली ने छक्का लगाकर शतक पूरा किया। साथ ही भारतीय टीम को लगातार चौथी जीत दिलाई। अपने शतक तक पहुंचने की प्रक्रिया में, भारतीय स्टार अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पुरुषों के खेल के इतिहास में सबसे तेज 26,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ कोहली की नाबाद 103 रनों की पारी का मतलब है कि केवल भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने विश्व कप 2023 में अब तक अधिक रन बनाए हैं। यह जोड़ी सर्वाधिक रन तालिका में शीर्ष दो पर है।

# अगर स्टोक्स फिट हैं तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना होगा : माइकल आथर्टन

**मुंबई,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां) । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन का मानना है कि अगर करिश्माई ऑलराउंडर बेन स्टोक्स मैदान पर उतरने के लिए फिट हैं तो उन्हें शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले विश्व कप मुकाबले में खेलना होगा। टेस्ट कप्तान स्टोक्स, इंग्लैंड के घरेलू धरती पर 2019 में जीते गए पुरुष वनडे विश्व कप खिताब का बचाव करने में मदद करने के लिए वनडे संन्यास से वापस आ गए हैं। लेकिन कूल्हे की चोट के कारण वह अभी तक खेल नहीं सके हैं, क्योंकि इंग्लैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल की, लेकिन न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान से हार गई, जिससे उनके अभियान और सेमीफाइनल की उम्मीदें खतरे में पड़ गईं।

हमारी समझ यह थी कि स्टोक्स अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के लिए फिटनेस के बहुत करीब थे, लेकिन इंग्लैंड काफी सतर्क था। अगर वह फिट हैं तो उन्हें अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना होगा। आथर्टन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, वह सही है कि वह मसीहा नहीं है, वह इसे सिर्फ अपने आसपास नहीं बदल सकता है, लेकिन वह एक बहुत बड़ी उपस्थिति है



और उसके साथ इंग्लैंड एक बेहतर टीम है। आखिरी बार जब वह एकदिवसीय क्रिकेट में खेला था तो उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से उच्चतम स्कोर (पिछले महीने किआ ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 182) बनाया था।

इंग्लैंड की अफगानिस्तान से आश्चर्यजनक हार में हैरी ब्रूक ने 61 गेंदों में 66 रनों की पारी खेलकर शीर्ष स्कोर बनाया, इसका मतलब है कि स्टोक्स एक ऑलराउंडर के रूप में आएंगे। इसका मतलब यह भी है कि इंग्लैंड के पास गेंदबाजी विकल्पों की कमी होगी क्योंकि स्टोक्स इस टूर्नामेंट में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे हैं, एक समस्या जिसकी आथर्टन को आशंका है। मैं अपने मन में निश्चित हूं कि मैं हैरी ब्रूक को भी खिलाऊंगा, इसलिए इंग्लैंड को जिस समस्या का समाधान करना है वह टीम के संतुलन पर है। क्या वे पांच गेंदबाजों में से एक के रूप में लियाम लिविंगस्टोन को 7वें नंबर पर और जो रूट को छठे गेंदबाज के रूप में खिलाएंगे या क्या वे रीस टॉपले, आदिल रशीद और मार्क वुड के साथ दो आउट-एंड-आउट गेंदबाज़ चुनते हैं?

इसके अलावा, ऑलराउंडर क्रिस वोक्स और सैम करेन का अच्छा प्रदर्शन न होना भी इंग्लैंड की चिंताओं को बढ़ाता है। वोक्स ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने चार ओवरों में 41 रन दिए जबकि करेन ने नई दिल्ली में उसी मैच में अपने चार ओवरों में 46 रन दिए। आथर्टन ने कहा, क्रिस वोक्स और सैम करेन का फॉर्म वास्तविक चिंता का विषय है और वे दोनों बहुत कमजोर हैं। करेन प्रति ओवर आठ रन से अधिक रन दे रहे हैं, वोक्स साढ़े सात रन प्रति ओवर की दर से रन दे रहे हैं और उन्होंने केवल दो-दो विकेट लिए हैं। करेन बीच के ओवरों में और वोक्स पावरप्ले में महंगे रहे।

# रन रेट को भी ध्यान में रखना चाहिए : पुजारा

**नई दिल्ली,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने बांग्लादेश के खिलाफ अपना 48वां वनडे शतक बनाने की विराट कोहली की उपलब्धि के बाद अपनी राय दी, जिसे उन्होंने रणनीतिक रूप से रन चेज के अंतिम ओवरों में सिंगल लेने से परहेज करके पूरा किया।

प्रशंसकों के एक वर्ग ने केएल राहुल के साथ साझेदारी करते हुए सिंगल लेने से परहेज करने के कोहली के फैसले के बारे में सोशल मीडिया पर अपनी राय व्यक्त की। 257 रन तक पहुंचने के भारतीय लक्ष्य के अंतिम चरण में कोहली मुख्य रूप से स्ट्राइक अपने पास रखकर अंतिम 30 रन बनाने में सफल रहे। इस दौरान कोहली ने आखिरी 21 गेंदों में 8 डॉट बॉल का सामना किया।

चेतेश्वर पुजारा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो को बताया, जितना मैं चाहता था कि विराट कोहली वह शतक बनाएं, उतना ही ये भी सोच रहा था कि हमें खेल को जल्द से जल्द खत्म करना चाहिए। आप चाहते हैं कि आपका नेट रन रेट शीर्ष पर रहे।

यही वह जगह है जहां मुझे लगता है कि



सामूहिक निर्णय के रूप में शायद आपको थोड़ा त्याग करना होगा। आप टीम को देखना चाहते हैं, आप टीम को पहले रखना चाहते हैं, मैं इसे इसी तरह देखता हूं। आप अपना रिकॉर्ड देखिए लेकिन टीम की कीमत पर नहीं। एक खिलाड़ी के रूप में, आपके पास हमेशा एक विकल्प होता है। लेकिन कुछ खिलाड़ियों को लगता है कि अगर वे शतक बनाते हैं, तो इससे उन्हें अगले मैच में मदद मिलती है। इसलिए यह इस पर निर्भर करता है कि आपकी मानसिकता किस तरह की है।

इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने टीम को विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में नेट रन रेट (एनआरआर) का ध्यान रखने की सलाह दी है क्योंकि यह अंत में टीमों को परेशान कर सकता है।

# हार्दिक टखने की चोट के चलते न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से भारतीय टीम से बाहर

**नई दिल्ली,** 20 अक्टूबर। भारत के उपकप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांडया पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अपना बाएं टखने में आई चोट के चलते धर्मशाला में रविवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल जाने वाले अहम मैच से बाहर हो गए। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें अपने अपने शुरू के चार चार मैच जीत चुकी है। न्यूजीलैंड अपने बेहतर नेट रन रेट के कारण फिलहाल फिलहाल शीर्ष पर है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा, % हार्दिक भारतीय टीम के साथ धर्मशाला नहीं जाएंगे। हार्दिकअब लखनउ में भारतीय टीम से जुड़ेंगे जहां उसे 29 अक्टूबर को मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से भिडना़ है। हार्दिक को आराम की सलाह दी गई है और वह बराबर बीसीसीआई की



मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। वह अपने टखने के इलाज से एनसीए(बेंगलुरू) जाएंगे।

हार्दिक ने पुणे में बृहस्पविार को अपने पहले और बांग्लादेश की पारी के नौवें ओवर में तीसरी गेंद पर बांग्लादेश के लिटन दास के शॉट को पैर रोकने की कोशिश और इसमें उनका टखना मुड़ गया था। इसके बाद हार्दिक को उनके टखने स्कैन के लिए अस्पताल ले जाया गया और इसके बाद

■ हार्दिक की जगह बतौर तेज गेंदबाज शमी हो सकते हैं ज्यादा कारगर

■ अब हार्दिक पांडया सीधे लखनउ पहुंच भारतीय टीम से जुड़ेंगे

उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में आगे शिरकत नहीं की। हार्दिक को आराम की सलाह दी गई है।

हार्दिक पांडया भारतीय एकादश के संतुलन के लिहाज से बेहद अहम कड़ी हैं। अब तक शुरू के तीन मैचों में हार्दिक पांडया ने सही वक्त पर विकेट चटकाने की कूवत दिखाकर कुल पांच विकेट चटकाए हैं। साथ ही अपने बल्ले से दे दनाकर अकेले ही प्रतिद्व-द्वी टीम के हौसल पस्त कर सकते हैं। भारत के पास हार्दिक पांडया की जगह उनकी तरह गेंद और बल्ले से अपने दम मैच का रुख पलटने वाला कोई खिलाड़ी नहीं है। ऐसे में भारतीय टीम को प्रबंधन को मजबूरन टीम संयोजन में बदलाव करना पड़ेगा। ऐसे में भारत अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने के लिए अब तक शुरू के चार में से एक भी मैच न खेल पाने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भारत अपनी एकादश में शामिल कर सकता है। बहुत मुमकिन है कि भारत खासतौर पर बीच के ओवर में अपनी बल्लेबाजी को जरूरी मजबूती देने के लिए शार्दूल ठाकुर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी एकादश में शामिल करने की बाबत सोच सकता है। इसका बड़ा कारण यह है कि धर्मशाला का ठंडा मौसम भारत की बजाय न्यूजीलैंड की टीम के लिए ज्यादा मुफीद है ऐसे में तब भारत के पास केवल पांच खालिस गेंदबाज ही उपलब्ध होंगे। बावजूद इसके धर्मशाला के ठंडे मौसम और पिच में नमी के चलते स्पिनर की बजाय तेज गेंदबाज ज्यादातर कारगर साबित हो सकता है।

## सार संक्षेप

### वर्ल्ड कप जीतने के लिए भारत लगा रहा है पूरी ताकत : इयान हीली

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर इयान हीली ने 2023 पुरुष विश्व कप अभियान में लगातार चार मैच जीतने के बावजूद भारत को लेकर कुछ चिंताएं व्यक्त की और आश्चर्य जताया कि क्या रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम टूर्नामेंट की शुरुआत में ही पूरी ताकत लगा रही है। गुरुवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में भारत ने विराट कोहली के नाबाद शतक की बदौलत बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और पाकिस्तान को हराने के बाद अपना विजय क्रम जारी रखा। लेकिन हीली इस बात को लेकर थोड़े परेशान दिखे कि भारत टूर्नामेंट के शुरुआती दिनों में बहुत अधिक तीव्रता और ऊर्जा डाल रहा है। हीली ने एसईएन रेडियो पर कहा, वे आसानी से आगे नहीं बढ़ रहे हैं, मेरे मन में भारत के लिए एक नया डर है। कोहली की अच्छी पारी थी, रोहित शर्मा और शुभमन गिल भी शीर्ष पर अच्छे थे। लेकिन अगर आप उनकी जीत में जा रही ऊर्जा को देखें, तो मुझे डर है कि उन्हें भावनात्मक रूप से निराश होना पड़ेगा। वे इसमें बहुत सारी ऊर्जा लगा रहे हैं, हो सकता है कि वे इसे ज़्यादा कर रहे हों। जब कोई खराब गेंद फेंकता है तो मैदान में तीव्रता, हाव-भाव, अच्छे फील्डिंग प्रयासों का अति-उत्साह, इस तरह की सभी चीजें। पुणे में फैंस की भीड़ थी और यह एक सुंदर दिखने वाला मैदान है। हालांकि, उनके पास एक बेहतरीन टीम है। मेरा मानना है कि मेजबानों को टूर्नामेंट के अंतिम चरण आने तक अपनी कुछ ऊर्जा बरकरार रखनी चाहिए।

### ब्रिस्बेन हीट महिला ने मेलबर्न रेनेगेड्स महिला को छह रन से हराया

**मेलबर्न।** वीमेंस बिग बैश लीग के शुक्रवार को खेले गये दूसरे मुकाबले में ब्रिस्बेन हीट महिला ने ग्रेस हैरिस के 49 और जॉर्जिया रेडमेन 49 रनों की पारी तथा सेरा ग्लेन, चार्ली नॉट की शानदार गेदबाजी की बदौलत मेलबर्न रेनेगेड्स महिला को छह रन से हरा दिया है।

### सुडोकू 6353 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 |
| 5 | 1 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 1.80 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.43 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.14 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.60 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 2.68 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.22 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 2.07 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.40 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.39 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |


### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## वित्तीय स्थिरता के साथ कोई समझौता नहीं : दास

**नई दिल्ली,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मूल्य स्थिरता और वित्तीय स्थिरता को एक दूसरे का पूरक बताते हुये आज कहा कि वित्तीय स्थिरता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

श्री दास ने यहां कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा वास्तव में मूल्य स्थिरता वित्तीय स्थिरता के लिए एक आधार है, लेकिन दोनों के बीच संबंध पर विराम लगाना पड़ता है। हमारा प्रयास इन पूरकताओं और इनके आपस के संबंधों को यथासंभव कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने का रहा है। विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता को प्राथमिकता देते हुए हम वित्तीय स्थिरता से कोई समझौता नहीं करते हैं। हमारी नीतियां और उपकरणों के विकल्प इस समग्र दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित होते हैं। हमने अपने व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों और बफ़र्स को मजबूत किया है और ये अर्थव्यवस्था को बड़े झटके झेलने और तेजी से अशांत एवं अनिश्चित वैश्विक सेटिंग में निपटने के लिए लचीलापन प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के पूर्व अध्यक्ष एलन ग्रीनस्पैन के इस वक्तव्य अधिक मौलिक रूप से, अधिक आर्थिक स्थिरता का माहौल दुनिया के अधिकांश हिस्सों में प्रभावशाली विकास की कुंजी रहा है का उल्लेख करते हुये कहा कि 12 वर्षों में भारत का आर्थिक प्रदर्शन इस दृष्टिकोण को विश्वसनीयता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मई 2022 और फरवरी 2023 के बीच नीतिगत दरों में 250 आधार अंकों की वृद्धि के बाद, बढ़ती मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुये बढ़ोतरी की मात्रा को समायोजित किया गया है और



अब तक 2023-24 में नीतिगत दरों में कोई बढोतरी नहीं की गयी है। 250 आधार अंकों की बढ़ोतरी अभी भी वित्तीय प्रणाली के माध्यम से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि धीमी वृद्धि और उच्च मुद्रास्फीति के मौजूदा वैश्विक माहौल में भी भारत में आर्थिक गतिविधि मजबूत घरेलू मांग के कारण सशक्त बनी हुयी है। 2023-24 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6/5 प्रतिशत लगाया गया है और भारत दुनिया का नया विकास इंजन बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंन कहा हम मुद्रास्फीति में बढोत्तरी पर अतिरिक्त सतर्क रहते हैं। सब्जियों की कीमतों में सुधार के साथ सितंबर 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति तेजी से घटकर 5.0 प्रतिशत पर आ गयी है। हालाँकि, खाद्य मुद्रास्फीति अनिश्चितताओं से घिरा हुयी है। उन्होंने कहा कि वित्तीय स्थिरता के मोर्चे पर हाल की अवधि में कई झटकों के दौरान रिज़र्व बैंक ने एक दृष्टिकोण अपनाया है और एक एकीकृत तथा सामंजस्य बना करके बैंकों, एनबीएफसी और अन्य वित्तीय संस्थाओं के विनियमन और पर्यवेक्षण में सुधार के लिए कई पहल की हैं। भारतीय वित्तीय क्षेत्र स्थिर बना हुआ है क्योंकि बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, पर्याप्त पूंजी और तरलता बफर तथा मजबूत आय वृद्धि के बल पर बैंक ऋण में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) गंभीर तनाव में भी न्यूनतम पूंजी आवश्यकताओं का अनुपालन करने में सक्षम हैं। जून 2023 के आंकड़ों के अनुसार एनबीएफसी के वित्तीय संकेतक भी व्यापक वित्तीय प्रणाली के अनुरूप हैं। हालाँकि, आत्मसंतुष्टि के लिए कोई जगह नहीं है क्योंकि अच्छे समय के दौरान कमज़ोरियाँ आ सकती हैं इसलिए, अच्छे समय के दौरान बफ़र्स का निर्माण सबसे अच्छा होता है। बैंकों, एनबीएफसी और अन्य वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं को सतर्क रहना चाहिए। भविष्य में संभावित प्रतिकूल माहौल का सामना करने के लिए बेहतर समय में नींव को मजबूत करने की जरूरत होती है। श्री दास ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को चुनौतियों की एक श्रृंखला का सामना करना पड़ रहा है। मुद्रास्फीति में धीमी गति से कमी भी प्रभावित हो रही है और धीमी गति से विकास तथा वह भी नई और बढ़ी हुई बाधाओं के साथ। वित्तीय अस्थिरता के लिए अगल जोखिम है। अपने प्राथमिक उद्देश्य के रूप में मूल्य स्थिरता वाले केंद्रीय बैंकों ने नीतिगत दरों को आक्रामक रूप से बढ़ाया है, जबकि दरों को लंबे समय तक ऊंचा रखने का संकेत दिया है। उनमें से कुछ ने दरों में बढ़ोतरी पर रोक लगा दी है।

## भारत सबसे पसंदीदा उभरता बाजार : मार्गन स्टैनली

**नई दिल्ली,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी ब्रोकरेज एजेंसी मार्गन स्टैनली ने भारत को सबसे पसंदीदा उभरता बाजार बताया है।

मार्गन स्टैनली ने कहा कि कंपनियों का मुनाफा बढ़ रहा है और वृहद अर्थव्यवस्था की स्थिरता के कारक ऊंची ब्याज दर की परिस्थितियों के लिए तैयार दिख रहे हैं। घरेलू निवेश का प्रवाह अच्छा है और दुनिया के कई ध्रुवों में बंटे होने से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और पोर्टफोलियो निवेश दोनों बढ़ रहे हैं। मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं दूर हो रही हैं और व्यापार संतुलन में सुधार हो रहा है।

रिपोर्ट में वास्तविक ब्याज दरों में बढ़ोतरी, भूराजनीतिक अस्थिरता और बाजार नेतृत्व के सिमटने से एशिया/उभरते बाजारों के शेयर मार्केट के जोखिमों को रेखांकित किया गया है।

एजेंसी ने कहा है कि इस साल जुलाई से अब तक उभरते बाजारों में मार्गन स्टेनली कैपिटल इंवेस्टमेंट शेयरों के भाव 10 प्रतिशत टूट चुके हैं। अक्टूबर 2022 के बाद बाजार जितना चढ़ा था उसका आधा वह इन तीन महीनों में गंवा चुका है।



रिपोर्ट में कहा गया है, हमारी इंडिया इकोनॉमिक्स टीम के हालिया ट्रैकर से पता चलता है कि कार्यान्वयन के तहत परियोजनाओं ने व्यापक वृद्धि दर्ज की है और जुलाई 2021 से विनिर्माण क्षेत्र का पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) वृद्धि दर्ज कर रहा है, जो संभवत: व्यापक बाहरी कमजोरी के बीच मजबूत घरेलू मांग से प्रेरित है।

इसके अलावा, सितंबर में खुदरा महंगाई दर घटकर 4.6 प्रतिशत पर आने से उच्च मुद्रास्फीति के कारण मौद्रिक नीतियों में अचानक बदलाव की पिछली चिंताएं कुछ हद तक कम हो गई हैं। टीम ने अक्टूबर में भी महंगाई दर पांच प्रतिशत से नीचे रहने का अनुमान लगाया है। सितंबर में सेवा व्यापार संतुलन में क्रमिक सुधार के साथ व्यापार घाटा भी कम हो गया है।

## नंबर पोर्टेबिलिटी नियम में नए संशोधन पर सुझाव की तिथि आठ नवंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी नियमन में नए संशोधनों के मसौदे पर हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करने की अंतिम तिथि बढ़ा कर आठ 08 नवंबर कर दी है। ट्राई ने 27 सितंबर को दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी मसौदा (नौंवां संशोधन) नियमन 2023 जारी किया था। इस मसौदे पर हितधारकों से लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर रखी गयी थी।

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपरोक्त मसौदे पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गयी है। बयान में कहा गया है कि एक उद्योग मंच से सुझाव पर और आग्रह पर लिखित टिप्पणियां सौंपने की अंतिम तिथि को 08 नवंबर तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। लोग इस संबंध में अपने सुझाव और टिप्पणियां अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम एवं लाइसेंसिंग), ट्राई को भेज सकते हैं।

## बेजोस समर्थित स्टार्टअप कॉन्वॉय ने मुख्य कारोबार किया बंद

**सैन फ्रांसिस्को,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित डिजिटल परिवहन स्टार्टअप कॉन्वॉय ने अपने मुख्य व्यवसाय को अचानक बंद कर दिया और अपने अधिकांश कर्मचारियों को निकाल दिया है। बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को कथित तौर पर पैसे भी नहीं मिले हैं। गीकवायर की रिपोर्ट के अनुसार, कॉन्वॉय के सीईओ डैन लुईस ने कर्मचारियों को भेजे मेमो में लिखा है कि हमें उम्मीद है कि यह दिन कभी नहीं आएगा।



उन्होंने गुरुवार देर रात कर्मचारियों को बताया, हमने बिजनेस के लिए सभी स्ट्रैटेजिक ऑप्शन्स पर विचार करने में 4 महीने से ज्यादा का समय लगाया। लेकिन कोई भी ऑप्शन कंपनी को बनाए रखने के लिए सामने नहीं आया।

ग्लोबल टेक इकोसिस्टम को झटका देते हुए, लुईस ने कहा कि कंपनी को माल ढुलाई बाजार में अभूतपूर्व गिरावट और पैसे की कमी दोनों का सामना करना पड़ा। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस समर्थित कॉन्वॉय में परिचालन बंद करने की घोषणा से पहले लगभग 500 कर्मचारी थे।

रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने लगभग 18 महीने पहले 3.8 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन पर 260 मिलियन डॉलर जुटाए थे। लुईस ने कहा कि कॉन्वॉय अपने मौजूदा मुख्य व्यवसाय संचालन को बंद कर देगा।

उन्होंने कर्मचारियों से कहा, हमारी टीम में से कुछ लोग इस वाइंड अप ट्रांज़िशन और संभावित फ्यूचर स्ट्रैटेजिक ऑप्शन्स को संभालना जारी रखेंगे, आज कंपनी में आपका आखिरी दिन है। सीईओ ने कहा, ट्रकिंग के लिए कॉन्वॉय के टेक केंद्रित दृष्टिकोण ने वास्तविक लाभ पैदा किए। इसने वास्तव में स्केलेबल टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म और बिजनेस मॉडल के लिए स्थितियां भी बनाईं, जिससे बाजार की स्थिति में सुधार होने पर वास्तविक वित्तीय लाभ प्राप्त होता। लेकिन अंत में, बाजार की ताकतें इतनी मजबूत थीं कि हम अपने दम पर उनका सामना नहीं कर सके। लुईस ने कहा, एम एंड ए एक्टिविटी काफी हद तक कम हो गई है और कॉन्वॉय के अधिकांश रणनीतिक अधिग्रहणकर्ता भी माल ढुलाई बाजार के पतन से पीड़ित हैं,

## वित्त मंत्रालय सरकारी कर्ज में कटौती के तरीकों पर कर रहा विचार : सीतारमण

**नई दिल्ली,** 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि उनका मंत्रालय सरकारी कर्ज के समग्र स्तर को कम करने के तरीकों पर विचार कर रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसका बोझ न उठाना पड़े।

कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में वित्त मंत्री ने कहा, हम आज भारत सरकार के कर्ज के प्रति सचेत हैं। कई अन्य देशों की तुलना में यह उतना अधिक नहीं हो सकता है। लेकिन वहां भी, हम सचेत रूप से दुनिया के विभिन्न हिस्सों में प्रयोगों पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम उन तरीकों पर विचार कर रहे हैं, जिनसे हम समग्र ऋण को कम कर सकते हैं और मुझे यकीन है कि इसमें बहुत सफल होने जा रहा हूं, क्योंकि मैं भारत की आकांक्षात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए काफी हद तक तैयार हूं। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि क्रिप्टोकरेंसी विनियमन के लिए एक प्रणाली स्थापित करने पर वैश्विक सहमति बनी है। उन्होंने जी20 बैठक के दौरान इस मुद्दे को सामने लाने में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। सीतारमण ने कहा, क्रिप्टो वह मुद्दा था, जिसे हम भारत की अध्यक्षता में जी20 बैठक में लाने में सक्षम हुए और सभी देशों को आम सहमति पर लाया। सभी जी20 देश एक टेम्पलेट पर सहमत हुए और वे उस टेम्पलेट के आधार पर विनियमन लाएंगे।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PAWAN KUMAR DHENGE S/O RAMESH DHENGE resident of H. NO. -79, SHARADA PARA, BHAIRAV BASTI, WARD-23, CAMP-2, POST- SECTOR-1, BHILAI DISTT . -DURG (C.G.)., 490001 have changed my old name PAWAN KUMAR DHENGE S/O RAMESH DHENGE so in future I should be recognized by my new name that is PAWAN RAMESH DHENGE S/O RAMESH DHENGE in all Government and other documents.

**PAWAN RAMESH DHENGE**
H. NO. -79, SHARADA PARA, BHAIRAV BASTI, WARD-23, CAMP-2, POST- SECTOR-1, BHILAI DISTT . -DURG (C.G.)., 490001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRAFULLA KUMAR S/O VIJAY PRASAD resident of 298/G RANITARAI ROAD NEAR KISAAN CHOWK NEAR BUS STAND JAMGAON R JAMGAON DURG (C.G.) 491223 have changed my old name PRAFULLA KUMAR S/O VIJAY PRASAD so in future I should be recognized by my new name that is PRAFULLA KUMAR TIWARI S/O VIJAY PRASAD TIWARI in all Government and other documents.

**PRAFULLA KUMAR TIWARI**
298/G RANITARAI ROAD NEAR KISAAN CHOWK NEAR BUS STAND JAMGAON R JAMGAON DURG (C.G.) 491223

**न्यायालय चतुर्थदश अतिरिक्त जिला न्यायाधीश रायपुर ( छ.ग. )**

प्रकरण क्रमांक-68ए/2023,
प्रोसेस क्रमांक-1004
पेशी दिनांक 03.11.2023
दीपेन्दु गांगुली व अन्य — अपीलार्थी/वादी
विरूद्ध
आम जनता — उत्तरवादीगण
बनाम,
आम जनता

अपीलार्थीगण दीपेन्दु गांगुली एवं अन्य ने आप आम जनता के विरूद्ध दावा वास्ते निषेधाज्ञा प्रदाय किये जाने संस्थित किया है। जिसकी इस न्यायालय में पेशी तारीख 03.11.2023 नियत है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 03.11.2023 को 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया जाता है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 19 माह 10 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 19.10.2023

मुहर — विभाग पाण्डेय
तुर्थदश अपर जिला न्यायाधीश
रायपुर ( छ.ग. )

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/202310110200069/
अ-6/2022-2023
ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45
रायपुर, दिनांक 17.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नेतराम साहू पिता स्व. श्री श्याम लाल साहू निवासी प्रगति नगर मोवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-178 के अंतर्गत खाता विभाजन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में लेख किया है कि उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 803/1 शामिल 806/1 रकबा 0.0240 हे. कुल रकबा 6 डिसमिल भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक एवं अनावेदकगण रामचरण साहू, मनोज साहू, रमेश साहू, लक्ष्मी साहू, रामेश्वरी साहू सभी पिता स्व. दशरू राम साहू निवासी प्रगति नगर मोवा रायपुर छ.ग. के संयुक्त नाम से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि पर आवेदक का 3 डिसमिल एवं अनावेदकगण का 3 डिसमिल हिस्सा है। आवेदित भूमि को आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य खाता विभाजन कर पृथक-पृथक दर्ज कर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 09.10.2023 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
रायपुर

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 13884/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 20/10/23

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर ( 550 जनता ग्राम ) योजना के अंतर्गत श्री सुरेश कुमार बुधवानी पिता श्री टी.आर. बुधवानी को जनता मकान क्रमांक 404 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट 30 ( तीस ) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त मकान को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान को फ्री होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 20.10.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 13845/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 20/10/23

प्राधिकरण की कटोरातालाब योजना के अन्तर्गत श्री संतोष कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री कन्हैयालाल अग्रवाल को भूखण्ड क्रमांक सी 1-72/7 क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 20.10.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 13855/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 20/10/23

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार ( कमल विहार ) योजनांतर्गत श्री सव्यसाची चौधरी पिता स्व. श्री एन. चौधरी को व्यावसायिक प्रयोजन ( सी.बी.डी. ) का भूखण्ड क्रमांक ए-111 क्षेत्रफल 975.00 वर्गफुट सेक्टर 7 बी में आबंटित है। विकास कुमार गोयल एंड संस ( एच.यू.एफ. ) द्वारा कर्ता विकास कुमार गोयल पिता श्री बृजलाल गोयल निवासी ए-43 वॉलफोट सिटी, भाठागांव तहसील अभनपुर जिला रायपुर ( छ.ग. ) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 05.07.2022 पंजीकृत तबादलानामा ( बिना प्रतिफल के ) के माध्यम से प्राप्त कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक .......... को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 13670/रा.शा./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 18/10/23

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार ( कमल विहार ) सेक्टर-01 योजनांतर्गत श्री अशोक कुमार गुप्ता पिता स्व. एम.डी. गुप्ता, श्री अरविंद गुप्ता पिता स्व. दुर्गा प्रसाद गुप्ता एवं श्री राजेश पाण्डेय पिता स्व. बिहारी लाल पाण्डेय को पुर्नगठित ( विकसित ) भूखंड क्रमांक ई-201, ई-202 एवं ई-203 क्षेत्रफल 180 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती द्वारा दिनांक 11.09.2023 को पलक बूरड पिता श्री कमल चंद बूरड को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नामांतरण पलक बूरड पिता श्री कमल चंद बूरड के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 18.10.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 13844/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 20/10/23

प्राधिकरण की कटोरा तालाब ( यो.क्र. 016 ) योजनान्तर्गत श्रीमती सुशीला ठाकुर पति स्व. पंचम सिंह ठाकुर को भूखंड क्रमांक डी-195/1 कुल रकबा 1500 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती श्रीमती सुशीला ठाकुर की दिनांक 22.09.2004 को मृत्यु हो जाने के कारण आबंटिती के वारिसान श्री राजेन्द्र सिंह ठाकुर एवं श्री राजेश सिंह ठाकुर पिसरान स्व. पंचम सिंह ठाकुर निवासी भूखंड क्रमांक डी-195 आर.एम.एस. कॉलोनी टैगोर नगर रायपुर ( छ.ग. ) द्वारा उत्तराधिकारी नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त उत्तराधिकारी नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ........ को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 13885/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 20/10/23

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर ( 550 जनता मकान ) योजना के अंतर्गत श्री सुरेश कुमार बुधवानी पिता श्री टी.आर. बुधवानी को जनता मकान क्रमांक 405 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट 30 ( तीस ) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त मकान को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 20.10.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 13842/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 20/10/23

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार ( कमल विहार ) योजनांतर्गत श्रीमती लक्ष्मी लालवानी पति स्व. किशोर कुमार लालवानी को भूखण्ड क्रमांक बी-105 रकबा 147.00 वर्गमीटर सेक्टर 7 ए में आबंटित हैं। क्रेता श्रीमती हरजिंदर कौर भाटिया पति श्री हरदीप सिंह भाटिया निवासी बी-100, सेक्टर 7 ए, कमल विहार डूण्डा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 26.09.2023 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से प्राप्त कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 20.10.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 13699/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 18/10/23

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना रायपुरा योजनांतर्गत अब्दुल जब्बार कुरैशी पिता स्व. अब्दुल रज्जाक कुरैशी को फ्लैट क्रमांक जी-215 प्रथम तल रकबा 290 वर्गफुट पर आबंटित है। आबंटिती की मृत्युपरांत इनके पुत्र श्री जिया कुरैशी पिता स्व. अब्दुल जब्बार कुरैशी, अनवर कुरैशी पिता स्व. अब्दुल जब्बार कुरैशी एवं इनके पुत्री सीमा हक पिता स्व. अब्दुल जब्बार कुरैशी, कहकशां हुसैन पिता स्व. अब्दुल जब्बार कुरैशी, दरख्शां अली पिता स्व. अब्दुल जब्बार कुरैशी के द्वारा उक्त फ्लैट को अपने नाम से प्राधिकरण में नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त फ्लैट का नामांतरण पुत्र श्री जिया कुरैशी पिता स्व. अब्दुल जब्बार कुरैशी, अनवर कुरैशी पिता स्व. अब्दुल जब्बार कुरैशी एवं इनके पुत्री सीमा हक पिता स्व. अब्दुल जब्बार कुरैशी, कहकशां हुसैन पिता स्व. अब्दुल जब्बार कुरैशी, दरख्शां अली पिता स्व. अब्दुल जब्बार कुरैशी के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक .......... को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर ( छ.ग. )**
**राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन**

रा.प्र.क्र./202310111500043/
अ-6/2022-2023
रायपुर, दिनांक 09.10.2023
प्रति,

1. हरीश कुमार सचदेव पिता शासन दास सचदेव, कमलादेवी सचदेव पति गोवर्धन दास सचदेव निवासी रूपरेला के बाजू गली फाफाडीह रायपुर ( छ.ग. )

द्वारा:- मालजमादार तहसील कार्यालय रायपुर ( छ.ग. )

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि प्रकरण भुईया ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त आवेदिका श्रीमती पुष्पा सिन्हा पति ए.के. सिन्हा निवासी बैकुंठपुर जिला कोरिया ( छ.ग. ) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम सरोना प.ह.नं. 56 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 80 खसरा नंबर 309/2, 311/2, 312/3, 315/2 का भाग 316/2, 316/4, 309/3, 311/1, 312/1, 312/2, 313, 314 का भाग रकबा 1750 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता श्री हरीश कुमार सचदेव पिता शामनदास सचदेव, कमलादेवी सचदेव पति गोवर्धन दास सचदेव दोनों निवासी रूपरेला के बाजू गली फाफाडीह रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 22.03.2013 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 25.10.2023 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — नायब तहसीलदार
रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर 04**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.नं. 00010 कोलर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324441628600 001

तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00010 के अंतर्गत ग्राम कोलर के वर्तमान भूमिस्वामी जी.के. कॉलोनाईजर्स एंड बिल्डर्स लिमि. द्वारा विनोद कुमार जैन पिता/पति हनुमान प्रसाद जैन पता विहार कॉलोनी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 5/3 0.0900 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रीति सचदेव पिता/पति हरीश सचदेव पता पंडरी रायपुर तह. व जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार
रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.नं. 00060 भाठागांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2023244407 22400015

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00060 के अंतर्गत ग्राम भाठागांव के वर्तमान भूमिस्वामी राम किशन जाखोदिया पिता/पति पुरूषोत्तम जाखोदिया पता समता कालोनी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 225/7, 0.1420, 225/8 0.0540, 261/15 0.01210, 224/2 0.1020, 225/4 0.1410, 226/2 0.0200, 225/6 0.0750, 225/5 0.1420 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कोमल मित्तल पिता/पति श्री आदित्य मित्तल पता बंगलो नंबर 3 मित्तल इन्क्लेव झीनझरी मुखारा कटनी मध्यप्रदेश, मंजूलता जाखोदिया पिता/पति स्व. राम किशन जाखोदिया पता नील वाली गली सिरकी महोल्ला कानपूर उत्तर प्रदेश, अंकित जखोदिया पिता/पति स्व. राम किशन जाखोदिया पता नील वाली गली सिरकी महोल्ला कानपूर उत्तर प्रदेश, अभिषेक जाखोदिया पिता/पति स्व. राम किशन जाखोदिया पता नील वाली गली सिरकी मोहल्ला कानपुर उत्तर प्रदेश के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार
रायपुर

**NAME CHANGE**

I ARCHI AGRAWAL W/O PRANAV AGRAWAL RESIDENT HO NO 188/2 SHREE RAM PUNAM CHAND BULIDING SHUBHASH CHOWK RAIGARH (C.G.) 496001 I am giving this information that I have given up my old name ARCHI SAWADIA W/O PRANAV AGRAWAL and have taken the new name ARCHI AGRAWAL W/O PRANAV AGRAWAL. All government and non-government documents should be known and read by my new name ARCHI AGRAWAL W/O PRANAV AGRAWAL.

**ARCHI AGRAWAL**
W/O PRANAV AGRAWALHO NO 188/2 SHREE RAM PUNAM CHAND BULIDING SHUBHASH CHOWK RAIGARH C.G.496001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MEENA DUBEY W/O VISHAL DUBEY resident of KBT-178, NEAR GURUNANAK CHOWK, KABIR NAGAR, TATIBANDH RAIPUR (C.G.) 492099 have changed my old name MEENA DUBEY W/O VISHAL DUBEY so in future I should be recognized by my new name that is NIDHI DUBEY W/O VISHAL DUBEY in all Government and other documents.

**NIDHI DUBEY**
KBT-178, NEAR GURUNANAK CHOWK, KABIR NAGAR, TATIBANDH RAIPUR (C.G.) 492099

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SAILENDRA KUMAR SHARMA S/O SHASHI KUMAR SHARMA resident of 188, UNI HOMES BHATAGAON, RAIPUR (C.G.) have changed my daughter old name AALIYA SHARMA D/O SAILENDRA KUMAR SHARMA so In future my daughter should be recog-nised by her new name that is BHUVI SHARMA D/O SAILENDRA KUMAR SHARMA in all Government and other documents.

**SAILENDRA KUMAR SHARMA**
188, UNI HOMES BHATAGAON, RAIPUR (C.G.)

# वृद्ध, नि:शक्त और दिव्यांग मतदाताओं को प्रत्येक मतदान केन्द्र में मिलेगी विशेष सुविधाएं

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान दिव्यांग, वृद्धजन और नि:शक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग, वृद्धजन एवं नि:शक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसका पूर्णत: पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग, वृद्धजन एवं नि:शक्त मतदाताओं हेतु पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएंगी। इसके साथ ही दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू-तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में सड़क होनी चाहिए। सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड के साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के अनुकुल शौचालय, मतदान केंद्रों में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित होना चाहिए।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग हेतु एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड स्वयंसेवकों की नियुक्ति किए जाने हेतु एवं मतदान केन्द्रों में उनका सहयोग लिए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है। मतदान केंद्र पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग (क्ष्र्र्थ) एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को कतार से मुक्ति देते हुए मतदान हेतु वरीयता प्रदान किया जाए। मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशील और जागरूक बनाने हेतु उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात् उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु नि:शुल्क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। मतदान केंद्र पर दृष्टिबाधित व्यक्ति को अपने साथ सहयोगी के रूप में एक साथी को ले जाने हेतु अनुमति है। मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ब्रेल लिपि में डमी मतपत्र मुद्रित कराकर रखे जाने के भी निर्देश हैं जिसे मांगे जाने पर संबंधित मतदाता को उपलब्ध कराया जाना है। दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ईवीएम मशीन पर ब्रेल लिपि में प्रत्याशियों का नाम मुद्रित कराया जाए। मतदान केंद्र पर स्थापित होने वाले मतदाता सहायता बूथ की स्थिति की जानकारी दिव्यांग मतदाताओं को देने हेतु साइनेज चस्पा किया जाए। दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं में से इच्छुक अनुपस्थित मतदाताओं के द्वारा फॉर्म-12डी के माध्यम से विकल्प देने की स्थिति में उन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान की सुविधा प्रदान किया जाए। भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा हेतु प्रसारित सक्षम एप का प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए हैं। इन दिशा निर्देशों के पूर्ण रूप से पालन हेतु जिले में निगरानी अधिकारी भी नियुक्त किए जाने के निर्देश आयोग ने दिए हैं।

# 61 लाख 56 हजार से अधिक मूल्य के 2290 नग भरे-खाली गैस सिलेन्डर जब्त

**बलौदाबाजार,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर खाद्य विभाग की टीम ने जिले में स्थित विभिन्न गैस एजेंसियों पर छापा मार कार्रवाई करते हुए 61 लाख 56 हजार 639 रूपये के 2290 नग भरे एवं खाली गैस सिलेंडर को जब्त किया है। उक्त कार्रवाई जिले के विष्णु गैस एजेंसी पलारी, कमलेश रमेश एलपीजी कसडोल, माँ महामाया एचपी गैस एजेंसी करमदा, राजलक्ष्मी एचपी गैस एजेंसी भाटापारा में किया गया है। उक्त एजेंसियों से घरेलू गैस 14.2 कि.ग्राम के भरे हुए 1299 नग, खाली 432 नग, घरेलू गैस 5 किग्रा. भरे हुए 40, खाली 95, कार्मिशियल गैस 19 किग्रा के 56 भरे हुए, खाली 183, कार्मिशियल गैस 5 किग्रा. के 119 नग भरे हुए एवं खाली 66 नग जब्त किया गया है।



उक्त एजेंसियों में सटॉक मिलान में भारी गड़बड़ी पायी गई इसके साथ ही लगातार कुछ दिनों से तय रीफिलिंग दर से अधिक रीफिलिंग दर में वसूलने की शिकायत मिल रही थी। जिसके चलते उक्त कार्रवाई की गई है। जांच टीम को इसके अतिरिक्त उक्त स्थलों में अग्निशमन किट भी उपलब्ध नहीं मिले। कुछ एजेसिंयों में अग्निशमन किट पाया गया तो उसकी वैद्यता समाप्त मिली। साथ ही अनाधिकृत व्यक्तियों एवं स्थलों पर गैस सिलेंडर मिले जो कि द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों का खुला उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त विस्फोटक अनुमति के शर्तों का खुला उल्लंघन भी पाया गया। जिले के सभी गैस एजेसिंयों को चेतावनी देते हुए स्टॉक संधारण को शत प्रतिशत पूर्ण करने एवं निर्धारित दर पर में ही रीफिलिंग करने के निर्देश दिए है। उक्त कार्रवाई खाद्य अधिकारी विमल दुबे के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस विभाग के सहयोग से किया गया। कार्रवाई के दौरान बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव, भाटापारा एसडीएम नरेन्द्र बंजारा, कसडोल एसडीएम भूपेन्द्र अग्रवाल, सहायक खाद्य अधिकारी सुशील टंडन, खाद्य निरीक्षक अमित शुक्ला,शीतलेश यादव, रामनारायण साहू, लक्ष्मण कश्यप सहित विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

## दिव्यांग मतदाताओं के सुगम मतदान विषय पर रेडक्रास में 30 को संगोष्ठी

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग ''कोई मतदाता न छूटे'' के सिद्धांत पर कार्य करते हुए प्रत्येक वर्ग विशेषकर दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने हेतु 30 अक्टूबर 2023 को दोपहर 12 बजे रायपुर कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि राज्य स्तरीय संगोष्ठी में दिव्यांग मतदाताओं के सुझावों पर विचार विमर्श किया जाएगा। दिव्यांग मतदाताओं के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं तथा उनके समाधान के संबंध में चर्चा होगी। दिव्यांगजन के उत्थान हेतु कार्यरत संस्थाओं द्वारा दिए गए प्रमुख सुझावों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में मतदान दिवस को मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं हेतु उपलब्ध कराई जा रही विशेष सुविधाओं के साथ ही सुगम मतदान हेतु जिलों में किए जाने वाले नवाचारों/अनुकरणीय कार्यों के संबंध में भी चर्चा की जाएगी।

# सालों से बना आंगनबाड़ी भवन, बिना खुले ही बना खंडहर

■ बिना शिक्षा रुखा सूखा दिया जा रहा नौनिहालो को भोजन

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकासखंड के सोनाखान परियोजना अन्तर्गत सुरबाय आंगनबाडी केंद्र अपनी बदहाली पर आंशू बहा रहा है। आपको बता दें कि इस आंगनबाड़ी केंद्र का सालों से अपना भवन तो है लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नोनिबाई की मनमानी के चलते आज तक नैनिहाल बच्चे आंगनबाड़ी भवन नही गए, ग्राम सुरबाय आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुलने का सबसे प्रमुख कारण ग्रामीणों ने बताया कि यहां पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नोनी बाई यादव आंगनबाड़ी केंद्र नहीं आती है और बच्चो को सहायक अपने ही घर खाना खिलाकर वापस भेज देती है। ये सारी दास्तान ग्रामीण सहित आंगनबाड़ी की सहायक स्वयं बताई।

पूरे मामले की पड़ताल करने से स्पष्ट हुआ कि आंगनबाड़ी स्कूल भवन के बाहर और अंदर लगभग 4 से 5 फीट घास पेड़ पौधे उग चुके हैं जहां एक ओर ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर मनमानी और लापरवाही का आरोप लगाते बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते नजर आए। वही कार्यकर्ता नोनी बाई ने कहा भवन बन तो गया है लेकिन अधिकारी उन्हें दिए नही है। आपको बता दें कि नोनी बाई यादव हमेशा आंगनबाड़ी केंद्र से नदारद रहती हैं और कभी भी आंगनबाड़ी केंद्र नहीं पहुंचती जिसकी वजह से गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और छोटे बच्चों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सुरबाय आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण के बाद से आजतक एक दिन भी नहीं खुला जिससे ना केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बल्कि महिला पर्यवेक्षक की भी बड़ी लापरवाही खुलकर सामने आ रही है क्योंकि महिला पर्यवेक्षक का काम है कि आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा कर शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाना और कमियों को शासन को अवगत कराकर कमियों को दूर करना लेकिन वर्तमान पर्यवेक्षक की बड़ी लापरवाही के चलते आंगनबाड़ी भवन सालों से बंद पड़ा है लेकिन विभाग की नजर इस बंद पड़े आंगनबाड़ी भवन पर आजतक नहीं पड़ी, वहीं इस पूरे मामले को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी का कहना है कि उन्हे मामले की जानकारी हमारे द्वारा दिया जा रहा है पूरे मामले पर जांच कर जल्द कार्यवाही की जाएगी।



इनका कहना है-5 वर्षो से आंगनबाड़ी भवन नही खुला है, नौनिहाल बच्चें केवल खाना खाकर घर जा रहें है-**रामसिंग देवदास, कोटवार।**

24 वर्षो से आंगनबाड़ी है, 15 साल से भवन है लेकिन मैं घर मे बच्चों को पढ़ाती हूँ। कुछ कारण से बच्चों का नाम दर्ज नही हो पाया है-**नोनिबाई यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।**

आपके माध्यम से जानकारी संज्ञान में आया है, आंगनबाड़ी भवन पूर्ण है या नही जानकारी लेलेता हूँ, अगर पूर्ण नही होगा तो संबंधित एजेंसी को सूचित किया जायेगा। एक सप्ताह के भीतर आंगनबाड़ी भवन में ही आंगनबाड़ी संचालित होगा-**टिकवेन्द्र जाटवर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बलौदाबाजार।**

# नगरनार स्टील प्लांट निजीकरण को लेकर अमित शाह झूठ बोल रहे: प्रमोद तिवारी

■ छग सहित पांच राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनेगी



**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा बस्तर में मोदी सरकार नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण कर रही है।इस मामले में अमित शाह और मोदी सरकार झूठ बोल रहे हैं। मोदी सरकार के कैबिनेट की कॉपी लहराते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा, ये वो दस्तावेज हैं, जिसमें नगरनार को बेचने का निर्णय हुआ। अगर ये गलत है तो मोदी सरकार भी ऐसे ही दस्तावेज निरस्तीकरण का लहरा के दिखाएं। झूठ बोलने से कोई फायदा नहीं होगा।

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, तेलंगाना और राज्यस्थान में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार पर जनता का भरोसा बरकरार है। मध्यप्रदेश में चुनाव जनता लड़ रही है, कांग्रेस की सरकार तय है। देश के श्रेष्ठतम मुख्यमंत्री के तौर पर भूपेश बघेल को जाना जाता है। भूपेश सरकार की योजनाओं से छत्तीसगढ़ की जनता को सीधा फायदा हुआ है। आर्थिक उन्नति हुई है। मोदी सरकार की ओर से बेहतर कार्य करने के लिए भूपेश सरकार को 65 राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। ऐसे में भूपेश सरकार पर भाजपा नेताओं को सवाल उठाने का मतलब ही नहीं रह जाता।

प्रमोद तिवारी ने कहा, राजस्थान में हमने झगड़ा सुलझा लिया है।वहां सरकार को लेकर कोई नाराजगी नहीं है।तेलंगाना में कांग्रेस के पक्ष में लहर है। परिवर्तन दिख रहा है। मिजोरम में गठबंधन के साथ सरकार हमारी ही बनेगी। मैं भाजपा के नेताओं और मोदी सरकार से पूछना चाहता हूं, ईडी, आईटी के इस्तेमाल के सिवाय और क्या किया है।

उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने कहा, अयोध्या में भगवान राम का मंदिर भाजपा बनाना ही नहीं चाहती थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद और जनता की भावना के साथ राम मंदिर बन रहा है।

# चुनाव के कार्य में लापरवाही बरतने वाले 14 कर्मचारियों को नोटिस

**कवर्धा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने तथा प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 14 कर्मचारियों के विरूद्ध को नोटिस जारी किया गया है। जारी आदेश में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण गत दिवस आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान मतदान दल के पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 2 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 3 सहित कुल 14 कर्मचारी प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए जाने पर नोडल अधिकारी प्रशिक्षण विधानसभा निर्वाचन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल ने नोटिस जारी करते हुए दो दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने कहा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार कुल 14 कर्मचारियों में से 3 पीठासीन अधिकारी, 4 मतदान अधिकारी क्रमांक 2 एवं 7 मतदान अधिकारी क्रमांक 3 शामिल है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण एवं वर्गीकरण नियम 1965 के तहत कारण बताओ सूचना जारी करते हुए कर्मचारियों से कहा गया कि निर्वाचन कार्य के अति महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं होना शासकीय कार्यों के प्रति घोर उदासीनता लापरवाही एवं स्वेच्छाचारित को दर्शाता है। समय सीमा में जवाब नहीं देने अथवा जवाब समाधान कारक नहीं होने की स्थिति में एक पक्षीय कार्रवाई करने की बात कहते हुए कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय की छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत कबीरधाम ज़िले के विधानसभा क्षेत्र पंडरिया क्रमांक-71 एवं विधानसभा क्षेत्र कवर्धा क्रमांक-72 में प्रथम चरण पर दिनांक 7 नवंबर 2023 को मतदान होना प्रस्तावित है। निर्वाचन के विभिन्न प्रक्रियाओं में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित कर सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी आवश्यक जानकारियां प्रदान की जा रही है।

### इन कर्मचारियों के विरूद्ध नोटिस जारी

कलेक्टर के निर्देश पर नोडल अधिकारी प्रशिक्षण विधानसभा निर्वाचन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल ने प्रधान पाठक श्रीमती मीना गुप्ता,व्याख्याता श्री अर्जुनराम चंद्रवंशी, श्रीमती परमजीत कौर अरोरा, राजेश कुमार साहू, कन्हैयालाल गुप्ता, सहायक प्राध्यापक अमोल कुमार गुप्ता, शिक्षक श्रीमती शिखा मिश्रा, श्रीमती रंजना राजपुत, सहायक शिक्षक श्रीमती प्रियंका चंद्रवंशी, श्रीमती सुनीता ठाकुर, श्रीमती बेनमती मोहले, श्रीमती ममता देवांगन,पंचदास पदवार, सहायक ग्रेड 03 हरीश कुमार ठाकुर को नोटिस जारी किया है।

# पामगढ़ कांग्रेस प्रत्याशी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



■ स्थानीय नेता को टिकट देने कर रहे मांग

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस में टिकट वितरण के बाद कई सीटों पर प्रत्याशियों का विरोध शुरू हो गया है। पामगढ़ से रायपुर पहुंचे सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन के सामने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी शेषराज हरबंश को टिकट दिए जाने का विरोध करते हुए गोरेलाल बर्मन को प्रत्याशी बनाने की मांग कर रहे हैं।

केवल गोरेलाल बर्मन के समर्थकों में ही नहीं बल्कि शेषराज हरबंश को टिकट दिए जाने से अनेक कांग्रेस नेताओं में भी रोष देखने को मिल रहा है। पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सालों से लगातार काम कर रहीं पूर्व लोकसभा सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ स्व. परसराम भारद्वाज की बेटी रोमा परसराम भारद्वाज ने भी टिकट नहीं मिलने पर सोशल मीडिया में अपना दर्द बयां किया है।

रोमा भारद्वाज ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि 'टिकट उन्हीं को मिलता है, जिनके पास जुगाड़ होता है। बाकी सर्वे तो फसल का भी होता है, लेकिन बीमा नहीं मिलता।

# रायगढ़ में कार से बरामद हुए 10 लाख

■ ओडिशा का रहने वाला है व्यक्ति

**रायगढ़,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन व्यय की सतत निगरानी तथा आदर्श आचरण संहिता का पालन कराने जिले के सभी क्षेत्रों में मुस्तैद है। पुलिसिया मुस्तैदी के चलते जूटमिल पुलिस ने छातामुडा चौक में वाहन चेकिंग के दौरान डस्टर कार में 10 लाख रुपये नगदी बरामद की। जिसे आचार संहिता उलंघन के प्रकरण के तहत रकम को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

पुलिस के मुताबिक रात्रि जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में छातामुड़ा चौंक पर एएसआई राजेन्द्र पटेल, नरेन्द्र सिदार एवं आरक्षक विकास सिंह द्वारा वाहनों की जांच में लगे थे। इस बीच पुलिस टीम को ब्लू कलर डस्टर कार ओडी 14 टी-5987 में बैग के अंदर 10 लाख रुपये नगद मिला।



पुलिस दल ने वाहन में मौजूद संतोष गहिर जो मूलत: ओड़िसा और वर्तमान रहवासी गजानंदपुरम कॉलोनी चक्रधरनगर को बैग में रखे कैश के संबंध में पूछताछ की गई। संतोष ने पूछताछ में रकम का हिसाब नहीं दे पाया। वहीं इसे प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करना बताया गया और नोटिस देकर वैध दस्तावेजों की मांग की गई जिसमें संतोष गहिर असफल रहा।

पुलिस द्वारा कार से बरामद रकम को संदिग्ध मानकर विधिवत जप्त कर निर्वाचन कार्यालय को सूचना दिया गया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। जप्त रकम को मुक्त कराने रकम के वास्तिवक स्वामी को सुसंगत दस्तावेज कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक-21 में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गठित उच्च समिति के समक्ष पेश करने होंगे, जिसका निराकरण समिति द्वारा किया जाएगा।

## जनता कांग्रेस, 16 प्रत्याशियों की पहली सूची घोषित

रायपुर, 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में 16 उम्मीदवारों को मौका दिया गया है।जनता कांग्रेस महामंत्री महेंश देवांगन ने ये सूची जारी की है। सूची में पहले चरण की 20 सीटों में होने वाले चुनाव के लिए 16 प्रत्याशियों की घोषणा की गई है।

पंडरिया रवि चंद्रवंशी,कवर्धा सुनील केसरवानी, खैरागढ़ लक्की कुंवर नेताम,डोंगरगढ़ लोकनाथ भारती, राजनांदगाव से शुमसूम आलम, डोंगरगांव से मुकेश साहू, खुज्जी विनोद पुराम, मोहला-मानपुर नागेश पूराम, कोंडागांव शंकर नेताम,

नारायणपुर बलीराम कचलाम, बस्तर सोनसाए कश्यप, जगदलपुर नवनीत चांद, चित्रकोट भरत कश्यप, दंतेवाड़ा बेला तेलाम ,बीजापुर से रामधार झुर्री,कोटा से देवेंद्र तेलाम प्रत्याशी बनाए गए है।

## यात्रियों की सुविधा के लिये दपूमरे ने विभिन्न ट्रेनों में 53 स्थायी व 241 अस्थायी अतिरिक्त कोच लगाए

**बिलासपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे द्वारा रेल यात्रियों को आरक्षित बर्थ/ सीट के साथ आरामदायक यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लगातार कार्य किए जाते है । इसके लिए त्यौहारों, छुट्टियों एवं अन्य अवसरों जिसके दौरान ट्रेनों में ज्यादा भीड़भाड़ रहती है, ऐसे समय पर ट्रेनों में अतिरिक्त कोचों की सुविधा आदि उपलब्ध कराई जाती है ।

इसी कड़ी में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन छुट्टियों, जिसमें लोग देश के अलग-अलग पर्यटन स्थलों पर सैर-सपाटे के लिए जाते है तथा शादी ब्याह के सीजन व त्योहारों के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा अप्रैल' 2023 से सितंबर, 2023 तक कुल 241 अतिरिक्त अस्थायी कोच अलग-अलग ट्रेनों में लगाए गये ।इसके साथ ही साथ 34 अलग-अलग ट्रेनों में 53 स्थायी कोच भी लगाए गए है । इन सभी कोचों से लगभग 02 लाख 50 हजार से भी अधिक रेल यात्रियों को कनफर्म बर्थ/सीट की सुविधा का लाभ मिला है ।

NECC

| 21.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.10 | 75 | 160 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 185 |

डिलीवरी 525 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

संतू ने एक सैलून खोला और बंटी वहां हजामत कराने गया।
संतू- मूंछें रखनी है?
बंटी- हां, जी।
संतू (मूंछें काटकर)- ये लो जी, जहां रखनी है, रख लो।

# स्वीप कार्यक्रमः 'वोट पंडूम नेवता' अभियान के तहत बेहतर लोकतन्त्र के निर्माण में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील



## गांव-गांव में डब्बा, ढोल बजाकर, तिलक लगाकर हल्दी चाँवल के साथ दे रहे आमंत्रण कार्ड

**सुकमा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस के निर्देशानुसार एवम् जिला पंचायत सीईओ डी एन कश्यप के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर स्वीप कार्यक्रमों के तहत कार्योजन तैयार कर विभिन्न कार्यक्रम प्रभात फेरी, विभिन्न प्रतियोगिता, सायकल रैली, मानव श्रृंखला मतदाता जागरूकता रैली जैसे आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए ''वोट पंडूम नेवता'' अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में सभी वर्ग सहित अति संवेदनशील में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु गांव-गांव में शिक्षक के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा डब्बा, ढोल बजाकर, तिलक लगाकर हल्दी चावल के आमंत्रण कार्ड देकर अपील की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के लगभग 50 हजार से अधिक परिवारों को आमंत्रण पत्र भेज कर लोकतंत्र के निर्माण में सभागिता निभाने, मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत इसे सफल बनाने हेतु, नवरात्रि में आयोजन विभिन्न कार्यक्रम में मतदाताओं को वितरण कर मतदान करने हेतु जागरुकता कार्यक्रम जारी है। उल्लेखनीय है कि सुकमा जिला अतिसंवेदनशील जिलों में से एक सुकमा जिले में शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर प्रशासन ने रणनीति तैयार कर ली है। साथ ही विधानसभा चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद से पुलिस-प्रशासन सक्रिय हो गई है।

## बस्तर से 8, जगदलपुर से 14 और चित्रकूट से 9 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**जगदलपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन कांग्रेस के तीनों विधानसभा के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया जबकि एक दिन पूर्व भारतीय जनता पार्टी के तीनों प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। आज की स्थिति में विधानसभा क्षेत्र बस्तर में 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर में 14 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र चित्रकोट में 9 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। इसके पश्चात नामांकन पत्रों की जांच होगी और नाम वापसी की तिथि के बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी।

## वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के सहयोग हेतु रणनीति तैयार

**जगदलपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 मतदान दिवस 07 नवम्बर 2023 को होने वाले प्रत्येक मतदान केन्द्र में शत प्रतिशत वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के मतदान केन्द्र तक लाने में सहयोग करने के लिए प्रशासन ने रणनीति तैयार कर ली है। मतदान केंद्र में वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के सहयोग के लिए एन.सी.सी. एवं स्काउट्स गाईड को स्वयं सेवको को नियुक्त कर, स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण सह कार्यशाला प्रशिक्षण भी दिया गया

# केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ली बस्तर जिले की तीनों विधानसभा की कोर कमेटी की बैठक



## जीत का लक्ष्य सुनिश्चित कर कार्य तेज करने कहा गया, एक-एक मतदाता पर फोकस,बूथ समितियों की सक्रियता पर जोर

**जगदलपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी मौजूदा विधानसभा चुनाव में विजय का लक्ष्य साध कर आगे बढ़ रही है। आज शुक्रवार को बस्तर प्रवास पर आये केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री व प्रदेश चुनाव सहप्रभारी मनसुख मांडविया जिले की तीनों विधानसभा चित्रकोट, बस्तर व जगदलपुर की कोर कमेटी की बैठकों में सम्मिलित हुये। उनके साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय व बस्तर संभाग प्रभारी संतोष पाण्डेय भी बैठकों में शामिल हुये। शाम करीब 4:30 बजे विशेष विमान से जगदलपुर आये केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया सीधे भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे और बस्तर जिले की तीन विधानसभा की सिलसिलेवार कोर कमेटी की बैठक लेकर चुनाव की तैयारियों एवं कार्यों की जानकारी ली। बैठक में सभी को एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में आक्रामक होकर कार्य करने कहा गया है। एक एक मतदाता से सीधा संपर्क बनाने व बूथवार गठित की गयी समितियों को सक्रिय रूप से ज़मीनी स्तर पर काम तेज करने बोला गया। देर शाम तक भाजपा कार्यालय में विधानसभा कोर कमेटी की बैठकें चलती रही। जीत का लक्ष्य निर्धारित कर प्रदेश भाजपा की सरकार बनाने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी, श्रीनिवास राव मद्दी, बैदूराम कश्यप, लच्छू राम कश्यप, डा. सुभाऊ कश्यप, विद्याशरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय आदि सहित विधानसभा कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

# निर्वाचन व्यय प्रेक्षक ने अंतरराज्यीय सीमा में स्थित धनपुंजी चेक पोस्ट का लिया जायजा



*व्यय प्रेक्षक ने स्थैतिक निगरानी दल को सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करने दिए निर्देश*

**जगदलपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बस्तर, जगदलपुर एवं चित्रकोट के लिए नियुक्त निर्वाचन व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने छत्तीसगढ़ और ओड़िसा अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित धनपुंजी चेक पोस्ट का जायजा लिया और स्थैतिक निगरानी दल के कार्यों की जानकारी ली। वहीं चेक पोस्ट में 24 घण्टे निगरानी के लिए स्थापित सीसीटीवी का भी अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान स्थैतिक निगरानी दल को सजगता से कार्य सम्पादित किये जाने निर्देशित करते हुए सभी वाहनों की जांच करने सहित संदिग्ध नकदी तथा अन्य सामग्रियों के परिवहन पर सतत निगरानी रखे जाने कहा। इस मौके पर निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों की ली बैठक



**सुकमा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान सुकमा सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार (आईएएस) ने शुक्रवार को व्यय अनुवीक्षण और मीडिया अनुवीक्षण, एसएसटी वीएसटी, एमसीसी के नोडल एवम् अन्य अधिकारियों का बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपस्थित निर्वाचन कार्य के नोडल अधिकारियों से परिचय लेते हुए निर्वाचन से संबंधित सौंपे गये दायित्वों का जानकारी लिया। इसके साथ ही सभाकक्ष में उड़न दस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, विडियो अवलोकन दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के सदस्यों की बैठक में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिया। संजीव कुमार ने कहा कि स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों के व्यय की सीमा निर्धारित की गई है तथा इन सभी दलों और समितियों के समन्वित कार्य, प्रभावी निगरानी और त्वरित कार्यवाही के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में आयकर विभाग, आबकारी विभाग, बैंक और पुलिस बल के जवानों के माध्यम से सहयोग लिया जाएगा।

सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार ने कहा कि मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति सभी अखबार, टेलीविजन चौनल के साथ ही स्थानीय केबल टीवी व अखबारों के साथ बांटे जाने वाले पाम्पलेटों पर भी नजर रखा जाएगा। उन्होंने अभ्यर्थियों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री तथा नगद राशि वितरण की निगरानी के लिए वीडियो टीम के उपयोग पर भी निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा सामान्य प्रेक्षक हरिस.एस ने विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन संबंधित कार्यो से अवगत कराते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में पुलिस ऑब्जर्वर चंदन कुमार झा, पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, आईएफएस अशोक कुमार पटेल, सीईओ जिला पंचायत डी एन कश्यप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा सहित अन्य नोडल अधिकारीगण उपस्थित थे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों और स्कूलों में किया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ जागरूकता रैली का आयोजन**

**जगदलपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों और स्कूलों में मतदाता जागरूकता अभियान किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों जाटम, चोकावाड़ा, तुसैल, कोयपाल, पल्ली चकवा, कोलेंग, ईरपा, तोकापाल, बाकेल, चमिया, टिकनपाल, में रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसी प्रकार जिले के सेजेस जगदलपुर सहित मगनपुर, मारकेल, खोरखोसा, बस्तर, लोहंडीगुड़ा, बड़ांजी, कोडरीछापर, बोदेनार, सान्गवेल-काकलूर, बास्तानार, बनियागाँव के स्कूलों में रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ डमी मतदान केंद्र बनाकर विद्यार्थियों से वोट डलवाया गया। इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए युवाओं तथा स्कूली छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला, जागरूकता रैली का आयोजन किया।

युवा मतदाताओं तथा नये मतदाताओं ने प्रत्येक निर्वाचन में मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल स्वीप कार्यक्रम प्रकाश सर्वे ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि जिले में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र की इस पर्व में अपनी सहभागिता दें।

# भाजपा के जगदलपुर विधानसभा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के आशीर्वाद से विजयी होगी भाजपा - किरणदेव



**जगदलपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां जोर पकड़ रही है। भारतीय जनता पार्टी जगदलपुर विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता शरद अवस्थी ने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया। सभी कार्यकर्ताओं से जीत का लक्ष्य साध कर प्राण प्रण से चुनावी मैदान में काम में जुट जाने आह्वान किया गया। भाजपा विधायक प्रत्याशी किरणदेव ने कहा कि हर चुनाव को चुनौती के रूप में लेना चाहिये। जनता भाजपा को आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है। संगठन के मार्गदर्शन में भाजपा का एक एक कार्यकर्ता संपूर्ण ताकत से चुनाव में जीत का परचम लहराने कार्य करने जुट जायें। शरद अवस्थी ने कहा कि रणनीतिक रुप से विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र में ध्यान केंद्रित कर उसे भाजपा के पक्ष में मजबूत बनाना है। हर घर व हर मतदाता से संपर्क साधना है और भाजपा को विजय दिलाने एकजुटता के साथ कार्यकर्ता काम करें। विधानसभा चुनाव संचालक श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि भाजपा को विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिये पार्टी का एक एक कार्यकर्ता पुरजोर ताकत से काम करे। भाजपा के कार्यकर्ता ही उसकी ताकत है। जगदलपुर विधानसभा सीट में जीत के साथ भाजपा समूचे छत्तीसगढ़ में विजयी होगी और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी।

# मलबा फेंके जाने पर 6500 रुपए का किया जुर्माना



**जगदलपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर के विभिन्न वार्डों के मार्गों पर इन दोनों माल में का जमावड़ा नजर आ रहा है जिसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने निगम के स्वच्छता कर्मचारियों को सड़क एवं नाली के ऊपर मलमा जमा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जिसके तहत निगम कर्मचारियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शहर के 48 वार्डों में हो रहे निर्माण कार्य पर निगरानी बनाये रखा गया है जिसके तहत निगम के स्वच्छता विभाग के अमले द्वारा घरों का मलबा अथवा कचरा डालने वालों पर शुक्रवार को भी शहर के कई इलाकों से रोड में फेंके गये मलबा फेंके जाने के कारण संबंधित के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही किया गया। साथ ही आम जनता से पून अपील किया गया कि किसी प्रकार की मलबा रोड अथवा नाली मे फेंके जाने पर इसकी सूचना नगर निगम कार्यालय में दिया जाये या टोल फ्री नम्बर 1100 पर काल कर शिकायत किया जा सकता है। आयुक्त हरेश मंडावी के आदेश के परिपालन के तहत निगम के स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों ने शहर के पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से तुलसी बघेल, लुभान पानीग्राही, लागू मेडिकल, सुबोध लागू एवं इंदिरा वार्ड से जय प्रकाश पर सड़क किनारे मलबा रखे जाने के कारण आज 20 अक्टूबर को जुर्माने की कार्यवाही कर 6500/- वसूली किया गया है यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी ।

## 28 एवं 29 अक्टूबर को होगा मतदान दलों का प्रशिक्षण

**जगदलपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु) ।जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान दलों के पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण प्रशिक्षण 28 अक्टूबर एवं 29 अक्टूबर 2023 को समय प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक विद्या ज्योति हायर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर में आयोजित किया गया है, जिसमें सर्व संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## मतदान दलों के 512 मतदान अधिकारियों को आज मिलेगा प्रथम चरण प्रशिक्षण

**जगदलपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के कार्यक्रम की घोषणा उपरांत निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किये गये मतदान कर्मियों के विभिन्न कारणों से विमुक्ति करने के उपरांत नव नियुक्त किये गए 492 मतदान अधिकारी एवं युवा मतदान केन्द्र के लिए नियुक्त किये गए 24 मतदान अधिकारियों का प्रथम चरण प्रशिक्षण 21 अक्टूबर 2023 को दोपहर 12 बजे कृषि महाविद्यालय कुम्हरावंड के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में सर्व सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## मांई दंतेश्वरी की धरती में नहीं चलेगी झूठ की राजनीति - दीपक

**जगदलपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। पीसीसी अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के मंत्री व नेता बस्तर आकर झूठ बोल रहे हैं, लेकिन मांई दंतेश्वरी की धरती में झूठ की राजनीति नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने बस्तर के विकास में नया इतिहास लिखा है। बस्तर को बचाना है तो फिर से छत्तीसगढ़ में यू कांग्रेस को लाना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव एक युद्ध का मैदान है, लेकिन इसमें बम व तलवार लेकर सच्चाई को लेकर जनता के बीच जाना है और बस्तरहित के लिए लड़ना है।

# विधानसभा कोंटा के लिए कुल 10 अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन



**सुकमा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत आज 20 अक्तूबर को नाम निर्देशन पत्र जमा करने के अंतिम दिन जिले के विधानसभा क्षेत्र कोंटा के लिए 05 अभ्यार्थियों ने आज नाम निर्देशन पत्र जमा किए। इस तरह विधानसभा कोंटा के लिए कुल 10 व्यक्तियों द्वारा विधानसभा क्षेत्र के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा ने बताया कि आज कुल 10 अभ्यार्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। जिनमें मनीष कुंजाम, कवासी लखमा, मड़कमी मासा, देवेन्द्र कुमार तेलाम, मूका सोयम, जगदीश प्रसाद नाग, चनाराम मरकाम, भीमा मरकाम, कवासी कुमार सुरेश और बीड़ा सोढ़ी शामिल है।

# मावली मंदिर में लक्ष्मी जगार , पारंपरिक धनकुल वाद्य से लोग हो रहे प्रभावित



**जगदलपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु )। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा में दो पीढ़ियों से लक्ष्मी जगार करने वाले गुरु माय, गुरु भाई निशुल्क गायन करते हैं जो एक या दो घंटे नहीं, बल्कि प्रतिदिन 12 घंटे लक्ष्मी पुराण का स्थानीय बोली के माध्यम से गायन करती है, जिसमें धनकुल नामक पारंपरिक वाद्ययंत्र का उपयोग करती है जिन्हें देखकर हर कोई अचंभित हो जाता है, लेकिन कलाकार बस्तर की खुशहाली के लिए दो पीढ़ी से हर साल बस्तर दशहरा मावली माता मंदिर में नौ दिवसीय लक्ष्मी जगार स्थानीय बोली के माध्यम से गायन करती है, जो भक्तिभाव के साथ आज भी जारी है। बस्तर में विभिन्न अवसरों पर तीजा जगार, लक्ष्मी जगार, आठे जगार, बाली जगार आयोजित किए जाते हैं और हर जगह पारंपरिक धनकुल वाद्य के साथ गुरु माय, गुरु भाई गायन करते हैं। बस्तर दशहरा के अवसर पर सन सिटी निवासी सुदर्शन गुरु के शिष्य प्रेम मनि, सुंदरलाल, रामवती जो बेलजात्रा के कारण बेलमती देवी के नाम से चर्चित हैं। सानिध्य में मावली माता मंदिर परिसर में नौ दिवसीय तीसरा वार्षिक लक्ष्मी जगार आयोजित किया गया है। रामबती ने कहा कि बस्तर पहले की तरह खुशहाल और शांति स्थल बने। इस अपेक्षा के साथ लक्ष्मी जगार शहर मध्य आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि हर साल हम लोग निशुल्क जगार करते हैं। इसके लिए हम लोगों ने टेंपल कमेटी से मांग की है कि दो पीढ़ी से लक्ष्मी जमार हम लोग कर रहे हैं। हम लोगों को भी कुछ मानदेय निर्धारित किया जाए, जिससे गुजर बसर हो सके।

# बस्तर राजा ने दंतेश्वरी माईं को भेंट की विनय पत्रिका




- बस्तर दशहरे में शामिल होने का दिया आमंत्रण
- वर्षों से निभाई जा रही रियासतकालीन परंपरा
- अष्टमी पर रवाना होगी माईं दंतेश्वरी की डोली और छत्र

**दंतेवाड़ा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र की षष्टमी तिथि पर भी दंतेश्वरी दर्शन के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। पंचमी के बाद आज अपेक्षाकृत भीड़ कम रही। महाष्टमी पर 22 अक्टूबर को एक बार फिर भक्तों की भीड़ दंतेश्वरी शक्ति पीठ में उमड़ेगी। बस्तर राज परिवार ने पंचमी तिथि पर माईं दंतेश्वरी को विनय पत्रिका भेंट कर बस्तर दशहरे का न्यौता दिया। अष्टमी पर माईं दंतेश्वरी बस्तर दशहरे में शामिल होने रवाना होंगी।

बस्तर राज परिवार के कमलचंद भंजदेव, मांझी, चालकी और राजगुरू माईं जी को बस्तर दशहरे का आमंत्रण देने पहुंचे थे। मावली परघाव की रस्म के साथ माईं दंतेश्वरी बस्तर दशहरे में शामिल होंगी। दशहरा में देवी दंतेश्वरी की डोली जगदलपुर जाती है। देवी के छत्र को राजा या पुजारी अपने हाथों में लेकर रथ पर रथारूढ़ होते हैं और इसके साथ रथ परिक्रमा की रस्म निभाई जाती है। माईं जी को भेंट की जाने वाली विनय पत्रिका संस्कृत में राजगुरू द्वारा लिखी जाती है। अक्षत सुपारी सहित बस्तर महाराजा द्वारा यह विनय पत्रिका माईं दंतेश्वरी के चरणों में अर्पित की जाती है और इसी दिन से माईं दंतेश्वरी की डोली गर्भ गृह से बाहर पटसार में रखी जाती है। महाष्टमी पर इस डोली को लेकर पुजारी और सेवादार जगदलपुर रवाना होते हैं। इसे मंदिर परिसर में सलामी दी जाती है। मंदिर से डोली निकलने के बाद डंकनी नदी के पास बने पूजा स्थल में इसकी विशेष पूजा होती है और यहीं से फूलों से सजे वाहन में माईं जी डोली और छत्र जगदलपुर के लिए रवाना होती है।

पहले माईं जी की डोली व छत्र को पैदल लेकर सेवादार रवाना होते थे, लेकिन अब वाहन में इसकी रवानगी होती है। डोली रवाना होते वक्त आंवराभाटा, गीदम, बास्तानार, किलेपाल, कोड़ेनार, डिलमिली, तोकापाल और पण्डरीपानी में पूजा की जाती है। रात्रि में डोली में जिया डेरा में विश्राम करती है और फिर मावली परघाव की रस्म के साथ बस्तर दशहरे में शामिल होती हैं। देवी दंतेश्वरी दसवीं सदी पूर्व से अब तक बस्तर की आराध्य देवी मानी जाती है। पहले नागवंशी राजाओं और फिर काकतीय चालुक्य राजाओं ने दंतेश्वरी देवी को अपनी इष्ट देवी मानकर आराधना की। नाग युगीन माणिक्य देवी काकतीय राज में दंतेश्वरी के नाम से जानी गई। काकतीय चालुक्य राजाओं में अन्नम देव और फिर बाद में पुरूषोत्तम देव ने देवी की उपस्थिति में दशहरे और फागुन मंडई की शुरूआत की। आज भी देवी दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना के बिना बस्तर में कोई शुभ कार्य संपन्न नहीं होता। इसी वजह से बस्तर दशहरे के लिए माईं दंतेश्वरी को न्यौता देने की परम्परा लंबे वर्षो से निभाई जा रही हैं।

# अनुज शर्मा का धरसीवां विधानसभा में सघन जनसंपर्क जारी



**खरोरा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। धरसींवा विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी अनुज शर्मा का सघन जनसंपर्क जारी है। जनसंपर्क ऐसा कि ना भीड़ जुटाने की जरूरत है और ना माहौल बनाने की, अनुज शर्मा के जनसंपर्क में पहुंचते ही अपने आप लोग इकट्ठा हो जाते हैं। सभी एक स्वर में कहते हैं च्च्आ गे हमर हीरोज्ज उल्लेखनीय है कि नेता से पहले अनुज शर्मा अभिनेता है और छत्तीसगढ़ी सिने जगत के सुपरस्टार हैं,उनका चेहरा सभी की निगाहों में है। भाजपा के प्रत्याशी अभिनेता अनुज शर्मा को लोग खुद आगे जाकर आशीर्वाद दे रहे हैं। अनुज शर्मा सभी से मिलकर अपने पक्ष में वोट की अपील कर रहे हैं।

इसी कड़ी में 19 अक्टूबर को गांवों में सघन जनसंपर्क चला। इसमें नरहरडीह, मांधईपुर, छडिया,पचारी,आलेसुर, कठिया, नकटी, कुम्हारी भरवा ढीही, मोहरेंगा में सघन जनसंपर्क किया गया। बता दें कि सघन जनसंपर्क

भारतीय जनता पार्टी की ओर से धरसीवां विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी घोषित किए जाने के उपरांत निरंतर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जारी है। प्रात: काल से देर रात्रि तक जनसंपर्क करते हुए भाजपा प्रत्याशी अनुज शर्मा डोर टू डोर एवं चौक-चौराहा पर जाकर मतदाता से मुलाकात कर रहे हैं। सभी से कमल छाप पर बटन दबाकर विजयश्री दिलाते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील कर रहे हैं। सघन जनसंपर्क में भाजपा के पदाधिकरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता प्रचार की बागडोर संभाले हुए हैं।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया विभिन्न शाखाओं का अवलोकन



**दंतेवाड़ा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दन्तेवाड़ा के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एल. के फ्रेंकलिन ने मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम कंट्रोल रूम, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, वीडियो वीविंग टीम, डाक मत पत्र शाखा एवं अन्य निर्वाचन से संबंधित शाखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय में रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष पर नाम निर्देशन पत्र दाखिला करने वाले कक्ष का भी जायजा लिया। इसके साथ ही अन्य तैयारियों के बारे में जानकारी ली। इस निरीक्षण के दौरान पुलिस प्रेक्षक राघवेंद्र कुमार, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, उप जिला निर्वाचन सुरेंद्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बिंजोली में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ विज्ञान मेला आयोजित



**कोण्डागांव,** 20 अक्टूबर (देस्बन्धु)। जिले के विकास खंड माकड़ी अंतर्गत संकुल बिंजोली में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी व विज्ञान गणित अंग्रेजी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में संकुल प्राचार्य नरेन्द्र राठौर संकुल समन्यक विसंभर बघेल, जहेन्द्र कोलेन्द्र, भोलानाथ सूर्यवंशी, आयतुराम नेताम, नीलाम्बर देवागन, प्रकाश कुंजाम, सुदामा नाग, संतोष पोर्ते, नारद साहू, धनेश्वर कश्यप सहित समस्त शिक्षक एवं शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों ने कबाड़ से जुगाड़ करके शिक्षा सामग्री तैयार की और छात्रों को उनकी शिक्षा में गुणवत्ता लाने का प्रयास किया। प्राथमिक शाला बिंजोली के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम के अंत मे प्राथमिक स्तर प्राथमिक शाला बीजागुड़ा प्रथम, प्राथमिक शाला बिंजोली द्वितीय, माध्यमिक स्तर पर माध्यमिक शाला डोंगरीगुडा बिंजोली प्रथम, छतोडी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें शालाओं को संकुल बिंजोली की ओर से ट्रॉफी प्रदान किया गया।

# ड्राप आउट छात्रों को नव गुरूकुल में फिर मौका

## इच्छुक छात्र-छात्राएं पुन: कर सकते है आवेदन

**दंतेवाड़ा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की अभिनव पहल नवगुरुकुल में नि:शुल्क 18 माह के आवासीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग कोर्स के लिए एडमिशन पुन: शुरू हो चुका है। इस संबंध में चयनित छात्रों के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जायेगी।

ज्ञात हो कि योजना के तहत कोर्स पूरा करने के बाद प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को जॉब की सुनिश्चितता रहेगी। इच्छुक छात्र छात्राओ के लिए शैक्षणिक योग्यता व उम्र सीमा-10 वीं ड्राप आउट या 12 वीं पास आउट निर्धारित की गयी है। इस संबंध में एडमिशन की प्रक्रिया के अनुसार नवगुरुकुल में प्रवेश लेने के लिए सबसे पहले 10वी स्तर तक की मूलभूत गणित का टेस्ट पास करना रहेगा। इसमें अच्छे अंक हासिल करने वाले छात्र छात्राओं का साक्षात्कार लिया जायेगा। इसी प्रदर्शन के आधार पर गुरुकुल में चयनित किया जायेगा। इस प्रकार किसी कारण वश 10वीं अथवा 12वीं परीक्षा के बाद ड्राप आउट करने वाले छात्र छात्राओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है।

## सार-संक्षेप

### निर्वाचन संबंधी मामलों के लिए उपलब्ध रहेंगे सामान्य प्रेक्षक

**दंतेवाड़ा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दंतेवाड़ा के लिए एल. के फ्रेंकलिन सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही पुलिस प्रेक्षक के तहत राघवेंद्र कुमार तथा व्यय प्रेक्षक रविराज खोगारे को जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किया गया है। इस संबंध में राजनैतिक दल या जनसामान्य द्वारा निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी या सूचना सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक को दी जा सकती है। इसके अलावा निर्वाचन संबंधी विषयों पर चर्चा मार्गदर्शन हेतु सभी राजनैतिक दल एवं आम जन सामान्य प्रेक्षक से समय पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे तक सर्किट हाउस के सभा कक्ष में भेंट मुलाकात कर सकेगें। इसके साथ ही सामान्य प्रेक्षक कक्ष क्रमांक-2 मोबाइल नंबर- 7587016536, पुलिस प्रेक्षक कक्ष क्रमांक-3 मोबाइल नंबर-7587016537 तथा व्यय प्रेक्षक कक्ष क्रमांक- 4 मोबाइल नंबर- 7587016538 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### 23 को बैंक प्रबंधकों की बैठक लेंगे प्रेक्षक

**दंतेवाड़ा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा, विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बैंकों से किये गये संदेहजनक लेन-देन के संबंध में जिला दंतेवाड़ा के व्यय प्रेक्षक द्वारा समस्त बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक की जाएगी। अत: इस संबंध में समस्त बैंक प्रबंधकों को 23 अक्टूबर अपराह्न 4 बजे जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित शंखनी सभाकक्ष में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है।

# दशहरा उत्सव की तैयारी शुरू समिति ने बैठक कर बनाई रणनीति



**गरियाबंद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नगर में दशहरा उत्सव के कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू हो गई। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के गांधी मैदान में दशहरा उत्सव समिति के द्वारा रावण दहन एवं आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही पारंपरिक रामलीला का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम के तैयारी को लेकर गुरुवार रात दशहरा उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम के भव्य आयोजन तथा सभी जरूरी व्यवस्थाओं को लेकर समिति सदस्यों के बीच चर्चा की गई। समिति के उपाध्यक्ष राजेश साहू ने बताया कि नगर में इस साल 20 ऊंचा पुतला तैयारी किया जाएगा। आकर्षक आतिशबाजी भी की जाएगी। इस अवसर पर दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष ओम राठौड़, वीरू यादव, लीलाराम सिन्हा, राजेश साहू, महेंद्र राजपूत, मनोज खरे, रितिक सिन्हा, जीतू सेन, बाबा सोनी, वीरेंद्र सेन, बसंत मिश्रा, मुकेश रामटेक, विनय दसवानी, प्रकाश रोहरा, निकेश यादव, अवध राम यादव, दादू सिंह, गेंदलाल सिंन्हा सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# गरियाबंद में गरबा की धूम



**गरियाबंद,** 20 अक्टूबर। नगर में नवरात्रि के अवसर पर गरबा की धूम है। स्थानीय गुजराती समाज द्वारा रोजाना रात पुराने देना बैंक परिसर में गरबा का आयोजन किया जा रहा है। बदलते परिवेश और आधुनिकता के दौर में गरबा महोत्सव में भी आधुनिकता की छाप दिलाई दे रही है। समाज के लोग रोज रोज नए नए ड्रेस कोड, आकर्षक परिधान के साथ ही गरबा नृत्य के विभिन्न विधाओं का लुफ्त उठा रहे है। खेलते नजर आ रहे है। आयोजन को लेकर बड़ी संख्या में लोग देखने पहुंच रहे है। गरबे की ताल और मधुर गीतों से मन मोहक दृश्य से लोग खूब आनंदित हो रहे है। समाज के प्रमुख हरीश भाई ठक्कर, घनश्याम सरवैया, संजय वखारिया ने बताया की बीते 50 वर्षो से नगर में गुजराती समाज द्वारा गरबा का आयोजन किया जा रहा है। आज समाज की तीसरी पीढ़ी उत्साह से गरबा खेल रही। गरबा समाज का प्रमुख उत्सव है, रोज रात पूरा समाज एकजुट होकर मां अम्बे की आरती के बाद गरबा की शुरवात करते है। जिसके बाद अलग अलग विधाओं में गरबा नृत्य करते है। इस अवसर पर भरत वखारिया, अरविंद भाई खिलोशिया, नितिन वखारिया, दीपक सरवैया, अमित ठक्कर, हरमेश चावड़ा, प्रकाश सरवैया, तरुण टांक, आशीष ठक्कर, अमित वखारिया, मयूर वखारिया, वैभव ठक्कर, नीरज वखारिया, राहुल मिठानी, हितेश ठक्कर सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरूष और युवा वर्ग उत्साह से गरबा खेलने शामिल होते है।

# दो जुआरियों से 4960 रुपए जप्त

**बिलाईगढ़,** 20 अक्टूबर (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन पर अवैध शराब, जुआ,सट्टा जैसे अवैधानिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सउनि अमृत भार्गव के नेतृत्व मे आज 19 अक्टूबर को मय शासकीय वाहन छ्त्र 03, 0226 में हमराह आरक्षक 254,318,238 के टाऊन पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था। जरिये मुखबीर सूचना मिला की झलवा तालाब के पास भटगांव सार्वजनिक स्थान में कुछ जुआडियान रूपये पैसे की हार जीत का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन को साथ लेकर घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया। कुछ जुआडियान पुलिस को देखकर भाग निकले, मौके पर जुआडियान 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकडा गया। पकड़े गये आरोपियों का नाम पता पुछने पर अपना अपना नाम रोहित कुमार खड़िया पिता छोटू खड़िया उम्र 25 वर्ष साकिन वार्ड नं 03 भटगांव, गुलशन साहू पिता होरीलाल साहू उम्र 31 वर्ष साकिन वार्ड नं 05 भटगांव का निवासी होना बताये। आरोपी रोहित खड़िया के फड से 1960/- रूपये पास से 1000/- रूपये, गुलशन साहू के फड से 1500/- रूपये एवं पास से 500/- रूपये, जुमला नगदी 4960/रुपये, 52 पत्ती ताश एवं तीन नग मोमबत्ती, एक प्लास्टिक बोरी आरोपियो के कब्जे से समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया । आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 की धारा 3(2) का अपराध सदर घटित करना पाये जाने से आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने एवं समक्ष जमानतदार पेश करने पर मौके पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में सउनि अमृत भार्गव थाना प्रभारी भटगांव, आरक्षक 254,238,318 एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



# अंतिम दिन 8 उम्मीदवारों के नामांकन

**दंतेवाड़ा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दन्तेवाड़ा के विधानसभा निर्वाचन हेतु नामांकन दाखिला करने के अंतिम दिन आज 8 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर शिवनाथ बघेल को सुपुर्द किया। इसके तहत् नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों में मासा राम कोड़ोपी आम आदमी पार्टी, कलमूम महेन्द्र छविन्द्र कर्मा इंडियन नेशनल कांग्रेस, भीमसेन मंडावी निर्दलीय, चैतराम अटामी भारतीय जनता पार्टी, अमुलकर नाग निर्दलीय, श्रीमती बेला तेलाम जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जें), लखमा कोर्राम इंडिया प्रजा बंधु पार्टी तथा राजू कर्मा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे.) ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है।

# शालिनी को शोध पत्र पर बेस्ट अवार्ड

**पिथौरा,** 20 अक्टूबर। समीपस्थ ग्राम लहरौद निवासी रायपुर कृषि महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा शालिनी गारुढ़िक ने राष्ट्रीय सेमिनार जबलपुर में अपनी शोध पत्र मेज हार्वेस्टर में शोध करते बेस्ट पेपर अवार्ड प्राप्त कर नगर व महाविद्यालय को गौरवान्वित की है। छात्रा शालिनी रमाकांत श्रीमती उषा गारुढ़िक की सुपुत्री है। इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# खादी नहीं, चलन में आया कोसा और कॉटन सिल्क का कुर्ता

**भाटापारा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। खादी नहीं, अब चलन में है कोसा सिल्क और कॉटन सिल्क। और हां, भगवा कलर इन दोनों में खूब मांगे जा रहे हैं। कीमत इतनी कम है कि आसानी से खरीदी जा सकती है।

माहौल है चुनाव का। इसलिए कपड़ा बाजार का पूरा ध्यान ऐसे कपड़ों और रंग पर है, जिसे प्रमुख पार्टियों का प्रतिसाद मिलता है। इसलिए कपड़ों में कोसा सिल्क और कॉटन सिल्क में खूब खरीदी निकली हुई है। अब आएं, उस खादी पर जिसकी पहचान ही राजनीतिक क्षेत्र की वजह से होती है। पहली बार परिवर्तन यह आया है कि इसमें डिमांड महज 5 फ़ीसदी रह गई है।



**खूब, कॉटन और कोसा**

दीपावली नहीं, मांग है चुनावी सीजन की। प्रमुख राजनीतिक दलों ने ना केवल परंपरागत पहनावा बदल डाला है बल्कि कपड़ों की चालिटी भी बदल दी है। कभी शिखर पर रहती थी खादी। परिवर्तन की बयार ने, इसे बाहर करते हुए कोसा सिल्क और कॉटन सिल्क की जगह मजबूत कर दी है। इसलिए बड़े नेताओं की तर्ज पर कार्यकर्ता भी इन्हीं कपड़ों की खरीदी करने लगे हैं। कीमत, प्रति मीटर 150 से 500 रुपए।

**खादी महज पांच फीसदी**

राजनीतिक क्षेत्र ने पहचान दी थी खादी को। यही क्षेत्र इसकी जैसी उपेक्षा कर रहा है, उसके बाद कपड़ा में खादी की हिस्सेदारी महज पांच फ़ीसदी रह जाने की जानकारी दे रहा है कपड़ा बाजार। पसंद से बाहर जाने के बाद खादी, अब चलन से भी बाहर होने की कगार पर पहुंच चुका है। प्रति मीटर 50 से 120 रुपए जैसी कीमत होने के बावजूद खरीदी को लेकर रुझान नहीं है।

## रंग में सफेद और भगवा पहले

**रंग में यह आगे**

सफेद और भगवा या फिर गहरा पीला। यह तीन रंग ऐसे हैं, जिन्हें राजनीतिक क्षेत्र पहली प्राथमिकता दे रहा है। वेशभूषा की बात करें, तो जैकेट और लंबा कुर्ता ही बनवाया जा रहा है। आंशिक परिवर्तन यह है कि कुर्ता के साथ पायजामा की जगह पेंट का चलन बढ़ता नजर आ रहा है। कपड़ा बाजार इस परिवर्तन को सुखद बता रहा है।

# पदयात्रियों की सेवा में जुटा समाज कल्याण विभाग

## हारम में भक्तों को प्रसाद वितरण



**दंतेवाड़ा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्रि मे दंतेश्वरी माता के भक्तजन विभिन्न तरीके से माता जी को अपनी भक्ति का परिचय दे रहे हैं। इसी तारतम्य मे समाज कल्याण विभाग भी हारम पटेलपारा मे नौ दिनो तक पदयात्रियो की सेवा मे पंडाल लगाकर लगे हुए हैं। यहां प्रतिदिन भक्तजनों को खिचड़ी, केला, चाय, पानी, खीर पूडी, हलुआ आदि का भोग प्रसाद वितरण का किया जा रहा है। पंचमी में विशेष रूप से खीर पूड़ी वितरण किया गया। विभाग के पुरे अधिकारी, कर्मचारी मिलकर भक्ति भाव से सेवा कर रहे हैं। पदयात्रियो के लिए विशेष व्यवस्था की गई, जहा रात्रि विश्राम करने वाले भक्तो को प्रोजेक्टर/सिनेमा दिखाकर भक्तो का मनोरंजन किया जा रहा है। पंडाल स्थल में पदयात्रियो के लिए मलहम, पट्टी, दवाई की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम की रूपरेखा उप संचालक, संतोष टोप्पो एवं वरिष्ठ लिपिक लुकेश कुमार वर्मा, वाहन चालक बरकत तुल्ला खान एवं समस्त कर्मचानियों द्वारा निर्धारित की गई है।

उल्टा पुल्टा

**टीचर-** विदेश में 15 साल के बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं.
**चिंटू-** मास्टर जी, हमारे देश में तो एक साल का बच्चा भागने भी लगता है.

# कांग्रेस के बाद आएगा भाजपा का चुनाव घोषणा पत्र

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा पत्र बनाने की कवायद चल रही है। लेकिन भाजपा का घोषणा पत्र कांग्रेस के बाद ही आएगा। कांग्रेस का घोषणा पत्र 25 के बाद लाने की तैयारी है। भाजपा काा घोषणा पत्र इसके बाद माह के अंत में आएगा।

भाजपा के घोषणा पत्र के लिए भले दो लाख से ज्यादा सुझाव मिले हैं, लेकिन इन सुझावों में मुख्य रूप से धान की कीमत, शराबबंदी, मुफ्त बिजली सहित महज दो दर्जन मुद्दों पर ही फोकस है। अब इन मुद्दों पर मंथन करने का काम भाजपा में चल रहा है। घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल का कहना है, इस माह के अंत तक घोषणा पत्र जारी करने की तैयारी है।

**90 विधानसभाओं में जाकर लिए सुझाव**

प्रदेश के भाजपा संगठन ने पहली बार विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र बनाने के लिए प्रदेश की जनता से ही सुझाव लेने का फैसला किया और एक घोषणा पत्र समिति के साथ 15 उप समितियां बनाने का काम किया है। भाजपा घोषणा पत्र समिति के संयोजक और सह संयोजकों ने सभी 90 विधानसभाओं का दौरा करके सुझाव लिए हैं। इसी के साथ 15 उप समितियों के सदस्यों ने भी हर विधानसभा में जाकर वहां पर अपने-अपने वर्ग के लोगों से बात करके सुझाव लिए हैं।



**किसानों के सुझाव ज्यादा**

किसानों को इस साल कांग्रेस सरकार 28 सौ रुपए कीमत देने वाली है। ऐसे में अब किसानों की तरफ से उप समिति के पास धान की कीमत को ज्यादा करने के हजारों सुझाव आए हैं। किसानों के लिए बनाई गई समिति के सदस्यों का कहना है, भाजपा को मिले दो लाख सुझावों में से 60 फीसदी से ज्यादा सुझाव तो किसानों के ही हैं।

किसान धान की कीमत ज्यादा देने की मांग के साथ भाजपा शासनकाल के कृषि पंपों पर प्रति एचपी पर सौ रुपए के फ्लैट रेट की भी मांग कर रहे हैं। खासकर सब्जी की खेती करने वाले किसानों को 24 घंटे बिजली की जरूरत रहती है, ऐसे में उनको बिल भारी पड़ रहा है। किसानों ने खेती-किसानों को लेकर कई तरह के सुझाव दिए हैं। खाद्य की बिक्री पर निजी क्षेत्र में प्रतिबंध लगाने की भी मांग है।

**ये सुझाव भी मिले**

थोक में महिलाओं ने शराबबंदी करने के सुझाव आए हैं। बिजली बिल हॉफ को लेकर पूरी खपत पर बिल हॉफ करने के साथ ही मुफ्त बिजली भी देने के सुझाव आए हैं। कर्मचारियों के नियमितिकरण का सुझाव भी आया है।

प्रधानमंत्री आवास देने की मांग, स्वास्थ्य सुविधा में सुधार की मांग, गांवों में अस्पताल, डॉक्टरों की मांग, आयुष्मान योजना में घुटने के प्रत्यारोपण को जोड़ने के साथ और भी कई बीमारियों हैं जो इसमें शामिल नहीं हैं, उनको भी आयुष्मान योजना में शामिल करने के सुझाव हैं। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, सरस्वती साइकिल योजना को फिर से प्रारंभ करने के साथ और भी कई सुझाव हैं। कानून व्यवस्था को लेकर भी सुझाव आए हैं

# सर्वे के आधार पर लिया गया टिकट का निर्णय : सिंहदेव

## बृहस्पति सिंह के बयान पर पलटवार, मानना चाहिए आलाकमान का फैसला

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि दो दिन की तैयारी से चुनाव नहीं लड़ा जा सकता और प्रत्याशी चयन के लिए कई दौर के सर्वे रिपोर्ट का सहारा लिया जाता है। पार्टी ने 90 में से 83 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। टीएस सिंहदेव ने बृहस्पति सिंह का बगैर नाम लेते हुए कहा कि पार्टी से जिनके जुड़े रहने की भावना है। उन्हें पार्टी आलाकमान का निर्णय मानना चाहिए।



टीएस सिंहदेव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी ने प्रदेश में अबतक 83 प्रत्याशियों के नाम घोषित हुए हैं, 7 सीटों पर नाम बाकी हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव की तैयारी दो दिन की नहीं हो सकती। एक चुनाव बीतता है तो दूसरे की तैयारी शुरू हो जाती है जो आप काम करते हैं, लोगों से संपर्क करते हैं। ये सतत प्रक्रिया बनी रहती है।ऐसा नहीं होता की अब चुनाव आ गया तो नया काम चालू होना है। इसी सिलसिले को बरकरार रखते हुए अब अंतिम समय प्रबंधन का है। तो प्रबंधन के लिए सभी साथ में बैठकर जिम्मेदारियां अपने अपने क्षेत्र में इकाइयों की पोलिंग बोथ की बैठक लेंगे।

विधायकों के टिकट काटने पर उनके नाराजगी पर टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस से जुड़ने की जिनकी भावना है। उनको कांग्रेस हाईकमान का निर्णय स्वीकार करना चाहिए और कांग्रेस परिवार के दायरे में बने रहना चाहिए।व्यक्तिगत बातें अलग होती है कि मैं की बात होगी तो फिर वो पार्टी की बात नहीं रह जाती। चर्चाएं कई प्रकार की होती हैं, अपवाद भले हो लेकिन इस बार की प्रकिया में मैंने देखा की जो निर्णय हुए हैं ये व्यक्तिगत किसी की राय से बहुत कम और अमूमन सर्वे कराए गए हैं। संघन सर्वे कराए गए हैं अनेकों एजेंसी के माध्यम से सर्वे कराए गए हैं और उस सर्वे में जो बातें सामने आई है उसके आधार पर निर्णय हुए हैं।पूरे 90 विधानसभा सीटों में लगभग ये ही स्थिति है।

# मतदान केंद्रों के बाहर टेंट लगाने और वीडियोग्राफी कराने 56 लाख का बजट

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा में इस बार जहां प्रत्याशियों के खर्च की सीमा और विभिन्न सामग्री के दाम में चुनाव आयोग द्वारा बढ़ोतरी की गई है, वहीं चुनाव आयोग के खर्च में कमी कर दी गई है। इस बार आयोग ने मितव्ययी चुनाव कराने के लिए वाहनों, मतदान केंद्रों में दी जाने वाली सुविधाओं पर होने वाले खर्च, वीडियोग्राफी जैसे खर्च पर कंट्रोल किया है।

आंकड़ों के अनुसार 2018 के विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्रों की वीडियोग्राफी का बजट पिछले विधानसभा चुनाव में लगभग एक करोड़ 12 लाख रुपये का था, इसे कम करते हुए इस बार 28 लाख रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा मतदान केंद्रों में लगाए जाने वाले टेंट में भी पिछले वर्ष एक करोड़ 58 लाख रुपये के लगभग राशि खर्च की गई थी, लेकिन इस बार इसके लिए भी सिर्फ 28 लाख रुपये का ही बजट दिया गया है।

वहीं इस विधानसभा चुनाव में कुल बजट 50 प्रतिशत से भी कम कर दिया गया है। आंकड़ों के अनुसार जिले में 1,869 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा चुनाव में तैनात अधिकारियों के लिए वाहन किराए से नहीं लिए जाएंगे। निगम मंडलों को आवंटित वाहनों में कटौती कर उन्हीं वाहनों को मतदान अधिकारियों को आवंटित किए जाएंगे। इसके अलावा विधायकों और मंत्रियों से जो वाहन वापस लिए गए हैं, उनको भी चुनाव के काम में लगे अधिकारियों को दिए जाएंगे।

- **पिछले वर्ष दोनों कार्यों में 2.7 करोड़ हुए थे खर्च**
- **इस विधानसभा चुनाव में कुल बजट 5 प्रतिशत से भी कम**

आयोग के खर्चे में टीए-डीए, पोलिंग पार्टियों का किराया, वीडियो सर्विलांस टीम, वेबकास्टिंग, टेंट, लाइट, माइक, भोजन, वीडियोग्राफी, मतदान सामग्री, मतदाताओं को जागरूक करने वाली सामग्री, जीपीएस ट्रैकिंग, प्रिंटिंग, अस्थाई निर्माण कार्य, ईवीएम को एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाना शामिल होता है।

बीते वर्षों में हुए निगम, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जिलों में बेहिसाब खर्च किया गया, लेकिन इसके लिए अनुबंधित वेंडरों को भुगतान समय पर नहीं मिल पाया। कई वेंडरों को दो से तीन वर्ष बाद इसका भुगतान किया गया था और कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद अब आयोग ने इसके खर्च को कम करने का निर्णय लिया है।

**1108 शहरी और 761 ग्रामीण मतदान केंद्र**

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 1869 कुल मतदान केंद्र हैं। जिसमें 1108 शहरी और 761 ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्र हैं। वहीं, कुल मतदान केंद्रों में से 935 बूथ की वेब कास्टिंग करवाई जाएगी, जिसमें सीसीटीवी के माध्यम से पोलिंग के दौरान मानीटरिंग होगी, जिसे राज्य निर्वाचन आयोग से लेकर केंद्रीय निर्वाचन आयोग भी इसे लाइव देख सकेंगे।

**24 चेकपोस्ट और 72 टीमें तैनात**

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से ही सी-विजिल ऐप नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है। इसके लिए 23 टीमें बनाई गई हैं। जिसमें 69 अधिकारी-कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा जिले भर में 24 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। 72 टीमें दिन रात निगरानी कर रही हैं।

# पहले चरण की 20 सीटों पर 227 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

## दूसरे चरण के लिए आज से शुरु होगी प्रक्रिया

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के पहले प्रदेश में पहले चरण की 20 विधानसभा सीटों पर 227 अभ्यर्थियों ने पर्चा दाखिल कर दिया है। इसी के साथ पहले चरण के मतदान के लिए प्रत्याशियों के नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर को खत्म हो चुकी है। वहीं दूसरे चरण की 70 सीटों के लिए नामांकन की अधिसूचना शनिवार को जारी होगी।

इसी के साथ नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी जो कि 30 अक्टूबर तक चलेगी। दूसरे चरण के मतदान की तारीख 17 नवंबर को है जिसे बदलने की मांग उठने के बाद मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने केंद्रीय चुनाव आयोग को तारीख बदलने का प्रस्ताव भेजा है।

**पहले चरण की प्रक्रिया हुई पूरी**

निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के साथ अन्य दलों ने चुनाव के लिए नामांकन जमा कराया है। निर्वाचन कार्यालय ने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का रेडमाइजेशन भी पूरा कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि राजनीतिक दलों की मौजूदगी में ईवीएम मशीनों को चुनावी प्रक्रिया के लिए रवाना कर दिया गया है। साथ ही मतदाताओं की संख्या भी अब फ्रीज हो चुकी है।

**दो अलग-अलग समय में पहले चरण का चुनाव**

पहले चरण के मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय भी अलग-अलग रखा गया है। दो निर्धारित शेड्यूल में मतदान होगा। सुबह आठ से शाम पांच बजे व नक्सल प्रभावित संवेदनशील आठ विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर व बस्तर में सुबह सात बजे से अपराह्न तीन बजे तक ही मतदान होगा।




**पहले चरण में 48.78 लाख मतदाता**

प्रदेश में जिन 20 सीटों पर पहले चरण का मतदान होगा, वहां 48 लाख 78 हजार 681 मतदाता हैं। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 20 लाख 84 हजार 467 व पुरुष मतदाताओं की संख्या 19 लाख 93 हजार 937 व तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 69 हैं। पहले चरण में बस्तर संभाग की 12 सीटों पर कई नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में भी पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

**दूसरे चरण के मतदान की बढ़ सकती है तारीख**

17 नवंबर को मतदान की तारीख बदलने के लिए निर्वाचन कार्यालय को प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर कार्यालय ने केंद्रीय चुनाव आयोग को फाइल आगे बढ़ा दी है। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में राजनीतिक पार्टियों और सामाजिक संगठनों ने 17 नवंबर के मतदान की तारीख बदलने की मांग की है। पार्टियों का कहना है कि छठ पर्व की वजह से दूसरे चरण का मतदान प्रभावित हो सकता है। कांग्रेस व भाजपा दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टी मतदान की तारीख आगे बढ़ाने की मांग कर चुके हैं। मतदान की तारीख बढ़ सकती है।

**प्रथम चरण में यहां होगा मतदान**

पहले चरण में बस्तर संभाग की 12 और दुर्ग संभाग की आठ सीटों पर मुकाबला होगा। इन सीटों में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, मोहला- मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

**कलेक्टोरेट में तैयारी पूरी**

शनिवार से शुरू हो रहे नामांकन के लिए राजधानी के कलेक्टोरेट में तैयारिया तेज हो गई है। नामांकन रैलियों की भीड़ को रोकने बेरिकेटिंग की जा रही है। वहीं जिले की सातों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति कर दी गई है। 21 अक्टूबर से नामांकन दाखिल करना प्रारंभ हो जाएगाए इसकी अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। चरसीवा विधानसभा के प्रत्याशी कक्ष क्रमांक 21 रायपुर ग्रामीण कक्ष क्रमाक 09 रायपुर नगर पश्चिम कक्ष क्रमाक 07 रायपुर नगर उत्तर कक्ष क्रमांक 12 रायपुर नगर दक्षिण कक्ष क्रमांक 04 आरंग कक्ष क्रमाक 17 और अभनपुर कक्ष क्रमांक 11 निर्धारित की गई है। इन कक्षों में प्रत्याशी अपना नामाकन दाखिल कर सकते है। दूसरी चरण में रायपुर जिले की सात विधानसभाओं में 21 अक्टूबर से नामांकन शुरू होगा। सार्वजनिक अवकाशों वाले दिनो और माह के चौथे शनिवार को नाम निर्देशन कार्य नहीं होगा। इस हिसाब से 22 अक्टूबर 24 अक्टूबर 26 अक्टूबर और 29 अक्टूबर को छुट्टी के दिनों में नाम निर्देशन की कार्रवाई नहीं होगी। जिले में नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी को नाम निर्देशन हेतु प्रारूप.2 ख तथा प्रारूप 26 शपथ पत्र प्रदान किया जाना है। रिटर्निंग अधिकारियों के प्रशिक्षण में मास्टर टेकनर ने बताया कि नामनिर्देशन के समय रिटर्निंग कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में केवल तीन वाहनों की अनुमति होगी एवं अभ्यर्थी समेत केवल 5 व्यक्ति को आने की अनुमति मिलेगी। सर्वप्रथम अभ्यर्थी नामनिर्देशन की निक्षेप राशि जमा कर रसीद प्राप्त करेगा। अनुसूचित जातिए जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी अगर निक्षेप राशि में छूट चाहते है तो उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ का जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। नामनिर्देशन पत्र पर तत्काल कम संख्या दिनांक व समय लिखें और आरओ एआरभी विधानसभा संख्या तथा विधानसभा का नाम लिखकर हस्ताक्षर करेंगे।

# प्रदेश की जनता सांप्रदायिक तुष्टीकरण से त्रस्त : ठाकुर

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि आज छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जो चुनावी माहौल बना है, इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए दी गई सहायता प्रमुख वजह है। श्री ठाकुर ने कहा कि एक के बाद एक बड़े प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ को दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार धान की खरीदी के लिए केंद्र सरकार द्वारा 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि उपलब्ध कराई गई है।



केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर शुक्रवार को रायपुर पहुँचने के बाद विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार तुष्टीकरण की क्षुद्र मानसिकता से ग्रस्त है और छत्तीसगढ़ की जनता भूपेश सरकार के सांप्रदायिक तुष्टीकरण से त्रस्त है। श्री ठाकुर ने दो टूक कहा कि देश भर में सबसे भ्रष्ट सरकार की बात करें तो वह छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार है। ये च्खाऊज सरकार दिल्ली के अपने च्खानदानीज नेताओं के लिए एटीएम (ऑल टाइम मनी) बन गई है। छत्तीसगढ़ में तो कहा जाता है कि च्भू-पेज करो। इस च्भू-पेज का साफ मतलब है कि कांग्रेस की तिजोरी छत्तीसगढ़ में किए जा रहे भ्रष्टाचार के पैसे से भरी जा रही है; चाहे वह खनन माफिया हो या शराब माफिया हो, तबादला माफिया हो, रेत माफिया हो। अब छत्तीसगढ़ की जनता इन माफियाओं की सरकार से मुक्ति पाना चाहती है।

विदित रहे, केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर शुक्रवार को रायपुर पहुँचने के बाद भाजपा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के नामांकन पत्र दाखिले के लिए आयोजित रैली में शामिल हुए।

# कांग्रेस चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक राजेश बिस्सा, विनोद वर्मा समेत 21 सदस्य शामिल

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। चिुनावी प्रबंधन के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपनी समिति गठित की है। प्रबंध समिति संयोजक की जिम्मेदारी राजेश बिस्सा के पास है। वहीं मुरारी गौर को समन्वयक बनाया गया है। कुल 21 सदस्यीय में एआईसीसी सदस्य विनोद वर्मा, सुशील शुक्ला, अमित पाण्डे, घनश्याम राजू तिवारी, दीपक मिश्रा, बैजनाथ चंद्राकर, अशोक राज आहूजा, हसन खान, सद्दाम सोलंकी, समीर पाण्डे भीशामिल हैं।



चुनावी साल में ये समिति पूरा चुनाव प्रबंधन संभालेगी।

चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने समिति का गठन किया है। सोशल मीडिया से लेकर पूरे प्रदेश में चुनावी प्रचार की रणनीति अब ये समिति संभालेगी। पहले चरण के चुनाव के लिए कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में तमाम पार्टियां चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। कांग्रेस ने अपने 83 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान भी कर दिया है।

# कांग्रेस में दम है तो अपने तीनों राज्यसभा सांसदों को चुनाव लड़ाए : श्रीचंद सुंदरानी

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने चुनौती दी है कि अगर कांग्रेस और उसके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल में दम है तो अपने तीनों राज्यसभा सदस्य को चुनाव में उतार दे। जनता उनके छत्तीसगढ़ियावाद के राजनीतिक पाखंड की हवा निकाल देगी और कांग्रेस को उसकी हैसियत बता देगी।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री सुंदरानी ने शुक्रवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारो वार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ियावाद का राग अलापने वाले मुख्यमंत्री बघेल को छत्तीसगढ़ में कोई ऐसा योग्य व्यक्ति नहीं मिला जिसको वह राज्यसभा भेज सकें। इसलिए 3 बाहरी लोगों को छत्तीसगढ़ से राज्यसभा भेजा गया, जो चुनाव जीतने के बाद अपना प्रमाण पत्र लेने के लिए भी छत्तीसगढ़ नहीं आए। सभी जानते हैं कि तीनों सांसद 10 जनपद में च्भू-पेज के आधार पर राज्यसभा पहुँचे हैं। रंजीता रंजन को छोड़ शेष दोनों राज्यसभा सांसदों का चेहरा छत्तीसगढ़ की जनता ने नहीं देखा है। मुख्यमंत्री बघेल का यह कैसा छत्तीसगढ़ियावाद है? श्री सुंदरानी ने मुख्यमंत्री बघेल और कांग्रेस को चुनौती दी कि यदि उनमें राजनीतिक साहस है तो शेष 7 विधानसभा क्षेत्रों में से किन्हीं भी तीन क्षेत्रों में इन राज्यसभा सांसदों को चुनाव लड़ा लें। यदि कांग्रेस और मुख्यमंत्री यह नहीं कर पाएँ तो कम-से-कम उन तीनों राज्यसभा सांसदों से प्रदेश में चुनाव प्रचार ही करा लें। और, अगर यह भी नहीं करा सकते तो प्रदेश में किसी भी भाजपा कार्यकर्ता के साथ इन तीनों सांसदों की खुली बहस करा लें। मुख्यमंत्री बघेल को अपने छत्तीसगढ़ियावाद के पाखंड की असलियत पता चल जाएगी। श्री सुंदरानी ने कहा कि भाजपा ने जीतने योग्य अपने सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाने का फैसला किया है तो इससे अपने सांसद दीपक बैज को चुनाव लड़ाने वाले मुख्यमंत्री बघेल और कांग्रेस के लोगों के पेट में मरोड़ क्यों उठ रहा है?



श्री सुंदरानी ने कहा कि भाजपा ने जब टिकट वितरण किया तब कांग्रेस ने भाजपा के आंगन में ताकझाँक करने और बड़बोलेपन का खूब परिचय दिया। लेकिन जबसे कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली और दूसरी सूची आई है, कांग्रेस का अंतर्विरोध और गुटीय द्वंद्व खुलकर दिखाई दे रहा है।

कांग्रेस टिकट के दावेदार कन्हैया अग्रवाल राजीव भवन जाकर अपने पदों से इस्तीफा देने की बात कर रहे हैं, महापौर एजाज ढेबर बड़ी संख्या में अपने समर्थकों को बुलाकर दबाव बना रहे हैं और समर्थक मिट्टीतेल छिड़ककर आत्मदाह पर उतारू हो रहे हैं। उन्होंने श्री सुंदरानी ने कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह के बयान का हवाला देते हुए कहा कि वे अपनी ही सरकार के उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव के च्छत्तीसगढ़ का शिंदेज्बनने की बात कह रहे हैं।

# वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने चलाया विशेष अभियान, 132 हुए गिरफ्तार



**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों को स्थायीध्अभियुक्त गिरफ्तारी वारंटो की तामिली हेतु निर्देश दिये गये थे। जिसके तारतम्य में समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने थानों के बलों के साथ अपने . अपने थाना क्षेत्रों में स्थायीध्अभियुक्त गिरफ्तारी वारंटीयों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान कार्यवाही के दौरान अलग . अलग थानों के मारपीट हत्या के प्रयासए चाकूबाजों धोखाधड़ी एवं विभिन्न गंभीर अपराधों के 81 स्थायी वारंट एवं 51 अभियुक्त गिरफ्तारी वारंट इस प्रकार कुल 132 स्थायी अभियुक्त गिरफ्तारी वारंटों की तामिली की जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कुल तामिल 132 स्थाई अभियुक्त गिरफ्तारी वारंटों में 07 वर्ष से अधिक समय से फरार अलग . अलग थानों के चाकूबाजो, धोखाधड़ी, मारपीट एवं विभिन्न गंभीर अपराधों 24 स्थाई, अभियुक्त गिरफ्तारी वारंट एवं 05 वर्ष से अधिक समय से फरार अलग.अलग थानों के चाकूबाजो, धोखाधड़ीमारपीट एवं विभिन्न गंभीर अपराधों के 36 स्थायीध्अभियुक्त गिरफ्तारी वारंट तामिल किये गये है।

## महादेव सट्टे पर ईडी ने पेश किया चालान 6 हजार करोड़ की हेराफेरी, 41 प्रापर्टी सीज़

**रायपुर।** महादेव आनलाइन सट्टा ऐप मामले में ईडी ने विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में चालान पेश किया। जो 8 हजार 887 पन्नो का है। इसमें फरार सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल समेत कुल 14 आरोपियों के नाम शामिल हैं। ईडी ने अपनी जांच में 6 हजार करोड़ के लेनदेन घोटाला का आरोप लगाया है। और इन सभी की 41 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी की सीज की गई है। ईडी के अधिवक्ता डॉ सौरभ पांडे ने बताया कि इस चालान पर अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी।

CMYK

# कांग्रेस के पोषण में प्रदेश की जनता का पैसा जा रहा : अरुण साव

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा है कि आखिरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मान ही लिया कि वह एटीएम हैं। हमारी पार्टी तो बहुत पहले से ही कहती आ रही है कि प्रदेश की भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस की एटीएम बना रखा है और यहाँ की जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा लूटकर वह कांग्रेस और उसके च्खानदानीज् आकाओं की तिजोरी भर रही है। समूची कांग्रेस के राजनीतिक पोषण में छत्तीसगढ़ के खजाने का पैसा जा रहा है। श्री साव ने कहा कि भाजपा ने तो बाकायदा इसके लिए च्भू-पेज् लॉन्च किया है ताकि प्रदेश की जनता को पता चले कि कांग्रेस ने ऐसा कोई क्षेत्र बाकी नहीं छोड़ा जहाँ उसने घोटाला नहीं किया। और, जहाँ उसे घोटाले करने की गुंजाइश नहीं दिखी, उन कामों को हाथ तक नहीं लगाया।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि जो पैसा देने की मुख्यमंत्री बघेल डींगें हाँक रहे हैं, वह सिवाय सियासी ड्रामेबाजी के कुछ और नहीं है। प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई का पैसों का कुछ हिस्सा जनता को लौटाकर भूपेश सरकार ने कोई बड़ा तीर नहीं मारा है। इसके लिए खुद को एटीएम समझने और बताने की गलतफहमी न पालें। श्री साव ने कहा कि किसानों को धान की कीमत के नाम पर जो भ्रम प्रदेश सरकार लगातार फैला रही है, उसका सच यह है कि धान खरीदी की 80 फीसदी राशि चावल लेकर केंद्र सरकार वहन करती है। च्प्रधानमंत्रीज् शब्द लिखा होने के कारण 16 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास से वंचित कर अपने राजनीतिक ओछेपन की हदें पार कर देने वाले मुख्यमंत्री बघेल किस गौधन न्याय योजना की दुहाई दे रहे हैं, जिसमें गौठान के नाम पर 1300 करोड़ रुपए और गोबर में 229 करोड़ रुपए का घोटाला करके उनकी सरकार बैठी है। श्री साव ने कहा कि 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का शराब घोटाला, कोयले के परिवहन में 540 करोड़ रु., गरीबों के अनाज में 5,000 करोड़ रु., पीडीएस में 600 करोड़ रु., महादेव एप में 5,000 करोड़ रु. का घोटाला करके बैठी प्रदेश की भूपेश सरकार ने 267 एसटी-एससी पदों पर अन्य लोगों की भर्ती की, जिससे एसटी-एससी युवाओं को निर्वस्त्र होकर रैली निकालनी पड़ी। मुख्यमंत्री बघेल इस पर शर्म महसूस करने के बजाय निर्लज्जतापूर्वक खुद को एटीएम बता रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जितने घोटाले किए हैं, उसकी स्वतंत्र भारत के किसी भी अन्य राज्य में शायद ही कोई और मिसाल मिले। घपले-घोटाले करके उन पैसों से कांग्रेस की तिजोरी भरने के लिए छत्तीसगढ़ को एटीएम बनाकर जिस तरह की लूट भूपेश सरकार ने मचाई है, उसकी पाई-पाई का हिसाब लेने तो अब विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता तैयार बैठी है। श्री साव ने कहा कि देशभर में पिछले पाँच साल में जहाँ भी चुनाव हुए, छत्तीसगढ़ के खजाने के पैसों से ही कांग्रेस ने अपनी साँसें गिनी हैं। मुख्यमंत्री बघेल को इतनी समझ होनी चाहिए कि छत्तीसगढ़ को एटीएम बनाने का मतलब क्या है? श्री साव ने कहा कि जनता के कल्याण और विकास के लिए एक धेला भी खर्च नहीं करने वाली भूपेश सरकार बेरोजगार युवाओं को महज 250 करोड़ रुपए किस बेरोजगारी भत्ते को देने का दंभ भर रही है? अगर मुख्यमंत्री बघेल में खुद को एटीएम बताने का इतना ही फितूर चढ़ा है तो पहले बेरोजगार युवाओं के 15 हजार करोड़ रुपए युवाओं के खाते में डालें। केवल झूठ फैलाने से न तो कांग्रेस का कोई भला होना है, न ही भूपेश सरकार सत्ता में लौटने वाली है।

## पिकअप की टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत व दो घायल

**नवापारा राजिम,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। यहां तेज रफ्तार पिकअप ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक्टिवा सवार एक युवक की मौत हो गई है, वहीं दो लोग घायल हुए हैं। मामला गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार ग्राम नवागांव छोटे पुलिया के पास एक्टिवा और टाटा एस डीआई की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल हुए है। तीनों युवक कुछ काम से गोबरा नवापारा की ओर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि ग्राम पाहंदा के रहने वाले डगेश साहू गुरूवार देर शाम अपने दो दोस्तों नीतेश साहू व राकेश साहू के साथ गौरभाठ से नवापारा की ओर आ रहे थे। ये पारागांव पुलिया के पास पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार टाटा एस डीआई सीजी 04 जेडी 4322 ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिर गए वहीं स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गया।

# राजनैतिक दलों के समक्ष ईवीएम और वीवी पैट का रेण्डमाईजेशन

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन हेतु रायपुर जिले के सातों विधानसभा के लिए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन के पश्चात फाईनालाईज्ड किए गये ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन में उल्लेख आईडी नंबर सहित सूची राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई।



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया हेतु सभी दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे सूची के आधार पर ईवीएम बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट का मिलान स्टंआ्रग रूम में विधानसभावार रखते समय कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभावार मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन कर लिया गया है। रेण्डमाईजेशन पश्चात मशीनों को स्ट्रांग रूम में विधानसभा के अनुसार सुरक्षित रखवाया जाएगा। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया में विधानसभा अंतर्गत कुल 1768 है जिनमें रायपुर क्षेत्र के 1759 मतदान एवं 09 सहायक केंद्र है। इस से 20 प्रतिशत अधिक बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट तथा 30 प्रतिशत अधिक वीवी पैट मशीनों का चयन किया गया। जिले में 5036 बैलेट यूनिट, 2621 कंट्रोल यूनिट और 2872 वीवी पैट एफएलसी ओके मशीनों का रेण्डमाईजेशन किया गया। मतदान केंद्रों में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का उपयोग करने के पहले पारदर्शिता के लिए विभिन्न चरणों में मशीनों का रेंडमाइजेशन किया जाता है। आज मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद इसका प्रिंट निकालकर सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से हस्ताक्षर कराने के बाद उन्हे इसकी प्रतिया प्रदान की गई। इसके बाद वेयर हाउस में अलग-अलग कक्षों में रखे सीयू, बीयू एवं वीवीपैट का अवलोकन कराया गया। पदाधिकारियों को स्ट्रांग रूम का अवलोकन कराने के साथ ही चुनाव से संबंधित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर, अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई एवं राजनौतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राजीव लोचन फाउंडेशन ने किया पौधारोपण



**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजीव लोचन फाउंडेशन ने लालपुर सामुदायिक भवन स्थित शिव मंदिर में बेल के पांच पौधे लगाकर उसके बड़े होते तक सुरक्षा की जिम्मेदारी ली।

अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि बेल के पौधे के रोपण से मंदिर में शिव भक्तों को बेल पत्ती सुलभ होगा ।पर्यावरण का शुद्धिकरण तथा ऑक्सीजन की मात्रा में वृद्धि होगी। वही चिड़ियों के लिए बसेरा भी उपलब्ध होगा । प्रकृति की नैसर्गिकता को बनाए रखने के लिए यह महत्वपूर्ण है । इस आयोजन में फाउंडेशन के संरक्षक इंजी रवि प्रकाश शुक्ला, इंजी प्रमोद मिश्रा, अध्यक्ष ललित मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा , विनोद मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, अरुण मिश्रा, अरविंद मिश्रा, संजय मिश्रा, अतुल मिश्रा, आलोक मिश्रा, अजय मिश्रा, मुकेश मिश्रा, आशीष मिश्रा, सुमित मिश्रा सहित पदाधिकारी शामिल थे।

## राजधानी में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य किया प्रतिदिन नियमित रूप से किया जा रहा है। इस क्रम में नगर निगम जोन क्रमांक 4 की टीम ने जोन क्षेत्र के अंतर्गत बैरन बाजार स्थित आरएससिटी परिसर में पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के सम्बन्ध में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूक बनाया। मतदाताओं सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शत - प्रतिशत मतदान करने की सामूहिक शपथ ली. नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2, 3 एवं 5 की टीमों ने जोन क्षेत्र के तहत विभिन्न वार्डों के रहवासी क्षेत्रों में पहुंचकर मतदाताओं सहित मतदाता जागरूकता रैली निकाली. इसके साथ ही मतदाताओं के साथ मिलकर शत - प्रतिशत मतदान करने सामूहिक शपथ ली. रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा रहवासी क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता रहवासियों को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का अभियान प्रतिदिन नियमित रूप से जारी रहेगा।




## दीपावली के पहले शासकीय सेवकों को डीए और एरियर्स देने की मांग

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने एक पत्र लिखकर कर्मचारियों को डीए और एरियर्स देने की मांग की है। इसके लिए फेडरेशन ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में दीपावली त्यौहार का जिक्र किया और कहा है कि आगामी महापर्व से पहले कर्मचारियों-अधिकारियों के साथ पेंशनर्स को 4 फीसदी महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त का भुगतान किया जाए। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने अपने पत्र में लिखा है कि दीपावली राष्ट्रीय त्यौहार होने के कारण उक्त पर्व को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए अन्य माह की भांति कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक व्यय का सामना करना पड़ता है। यह पर्व नवंबर माह के मध्य सप्ताह में होने के कारण कर्मचारियों एवं पेशनरों को दिवाली के पूर्व वेतन के अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होगी, ताकि वे अपने इस राष्ट्रीय त्यौहार को उल्लास पूर्वक मना सकें। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अनुरोध करता हैं कि दीपावली महापर्व के पूर्व प्रदेश के कर्मचारी अधिकारियों एवं पेंशनरों को केन्द्रीय कर्मचारियों की भांति शेष 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त निर्वाचन आयोग से अतिशीघ्र अनुमति लेकर भुगतान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करेंगे। ताकि इस राष्ट्रीय त्यौहार को हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा सकें।

**वृक्ष लगाएं पर्यावरण बचाएं**

## सार-संक्षेप

### डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष पूरक परीक्षा की समय-सारिणी घोषित

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड.) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष पूरक तथा अवसर परीक्षा वर्ष 2023 की समय-सारिणी घोषित कर दी है। डी.एल.एड. नवीन पाठ्यक्रम अनुसार सैद्धांतिक पाठ्यक्रम के विषय प्रथम वर्ष की परीक्षा 9 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2023 तक प्रातः 8 बजे से 11.30 बजे तक आयोजित होगी। इसी प्रकार डी.एल.एड. नवीन पाठ्यक्रम अनुसार सैद्धांतिक पाठ्यक्रम के विषय द्वितीय वर्ष की परीक्षा 9 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2023 तक दोपहर 2 बजे से शाम 5.30 बजे आयोजित की जाएगी।

# रेलवे द्वारा अचानक दिए गए नोटिस से परेशान कब्जाधारी

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिम में रेलवे के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट राजिम रैकयार्ड के चलते नगर के वार्ड क्रमांक 5 इंदिरा मार्केट स्थित रेलवे की जमीन पर वर्षों से मकान व दुकान निर्माण कर निवासरत और व्यवसायरत लगभग 400 लोगों को दक्षिण पूर्व रेल्वे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता के आदेश पर कविता साहू द्वारा लगातार तीन दिनों से नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर अपना कब्जा हटाने कहा गया है। बाकायदा घरों व व्यावसायिक दुकानों को टेप से नापकर नोटिस दी जा रही है। रेलवे द्वारा अचानक दिए गए नोटिस से हैरान-परेशान कब्जाधारी लोग रेलवे की कार्रवाई को फिलहाल टालने, मुख्य राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के चक्कर काटना शुरू किए।




वहीं कुछ दिनों पूर्व ही रेल्वे से नोटिस मिलने के बाद वार्ड नं. 05 के पार्षद एवं सभापति अजय कोचर के नेतृत्व में वार्डवासी विधायक धनेन्द्र साहू से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की थी। क्षेत्र के कांग्रेस विधायक धनेंद्र साहू ने भी इस दिशा में मानवीय पहल करने की बात कही है। हालांकि इसके बावजूद गुरुवार को रेलवे के अधिकारी इंदिरा मार्केट पहुंचे और अतिक्रमण मुक्त कराई जाने वाली जगहों को चिन्हांकित कर चले गए हैं।

पूर्व पालिका अध्यक्ष और भाजपा नेता विजय गोयल ने इस मामले के अलावा रेलवे के प्रोजेक्ट से संबंधित 3 अन्य जनहित के मुद्दों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के संज्ञान में लाकर रेल मंत्री से इस दिशा में रियायत दिलाने की मांग की, जिस पर डॉ. सिंह द्वारा तत्काल दूरभाष पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा किया ।साथ ही श्री गोयल को भोपाल में रेल मंत्री वैष्णव से व्यक्तिगत मिल एक आवेदन सौंपने निर्देशित किया, जिस पर श्रीगोयल ने भोपाल पहुंचकर रेल मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा है, जिस पर रेल मंत्री द्वारा आवश्यक कार्रवाई हेतु आश्वस्त किया गया है।

बहरहाल रेलवे के नजरिए से अगर इस मामले को देखा जाय तो, अब तक रेलवे की जमीन पर निवास व व्यवसायरत लोगों को, रेलवे का शुक्रगुजार होना चाहिए कि रेल्वे ने इतने वर्षों तक उन लोगों को अपनी जमीन बिना किसी टैक्स या किराए के उपभोग करने दी है। वहीं रेल्वे ने दीपावली तक का समय कब्जा खाली करने हेतु दिया है, उसके बाद भी कब्जा नहीं हटाने पर दीपावली के बाद कभी भी कब्जामुक्त कराया जायेगा।

## रोटरी क्लब ने किया मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन



**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के द्वारा आज जे आर दानी कन्या पूर्व माध्यमिक शाला रायपुर में वृहद मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया जिसमें हियरिंग केयर सेंटर के टीम द्वारा 135 छात्राओं , श्री दानी केयर मल्टिस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ राज मनहरे एवं डॉ विनीता गोस्वामी एवं उनकी टीम के द्वारा 163 जनरल व गायनिक चेकअप तथा डॉ शिवाकांत दुबे द्वारा 147 छात्राओं शिक्षकों की आंखों की जांच की गई । इस अवसर पर श्री दानी केयर मल्टिस्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। पांच छात्राओं में बीमारी के गंभीर लक्षण पाए गए जिनको बी पी , हार्ट , चेस्ट पेन , बेडफाल की शिकायत मिलने पर उनकी निशुल्क गहन जांच व इलाज के लिए हॉस्पिटल में बुलाया गया । एक छात्रा को स्पीच प्राब्लम होने से सघन निशुल्क जांच हेतु हियरिंग केयर सेंटर में रेफर किया गया। एक छात्रा को रेटीना प्रॉब्लम के लिए आवश्यक इलाज की सलाह दी गई । उक्त जानकारी से विद्यालय की प्रधान अध्यापिका क्रांति चंद्राकर एवं प्राचार्य डॉ विजय कुमार खंडेलवाल को अवगत कराया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष प्रदीप गोविद शितूत , एम पी आनंद , सुभाष साहू , डॉ राकेश पांडे , चंपालाल साहू आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### बलदाऊ गुप्ता

**बेमेतरा,** 20 अक्टूबर। वार्ड नं 10 निवासी भाई रवि गुप्ता एवं रोशन गुप्ता के पूज्य पिता बलदाऊ गुप्ता उम्र 53 वर्ष का आज सुबह 6 बजे हृदयगति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गृहग्राम समुदवारा में संपन्न हुआ।



### लक्ष्मी अम्माल

**भिलाई नगर,** 20 अक्टूबर। श्रीमति लक्ष्मी अम्माल का निधन 18 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास क्रमांक 2/क्रसड़क 32 सेक्टर 10 से दिन के 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे के.माधवन की पत्नी, दयाल उन्नी ,प्रभा भास्करन, उदय के विजयन ,चंद्रिका उनी कृष्णन ,एम. पुष्पा भाग्यवती सुनील की माता थी।



### उपेन्द्र कुमार कोचेटा

**रायपुर,** 20 अक्टूबर। रायपुर जलविहार कालोनी निवासी उपेन्द्र कुमार कोचेटा पुत्र स्व. नेमीचंद कोचेटा का निधन 18 अक्टूबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे सुरेश, विरेंद्र, राजेन्द्र कुमार, तरुण, अरुण, अभय कोचेटा (जैन) के भाई व स्वप्निल कोचेटा के पिता तथा प्रेरक कोचेटा के दादा थे।



## सांकरा चेक पोस्ट में गांजा तस्करी कर रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अवैध शराब, गांजा एवं संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग कर वैधानिक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी. नगरी मयंक रणसिंह के नेतृत्व में लगातार संदिग्ध वाहनों कि सघन चेकिंग कराई जाकर सतत् नजर रखी जा रही है।



इसी तारतम्य में थाना सिहावा पुलिस द्वारा 18 अक्टूबर को रात्रि मे ग्राम सांकरा फारेस्ट नाका चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग दौरान मैनपुर की ओर से आ रहे एक नीले रंग के पल्सर वाहन क्रमांक सीजी 05 व्ही 7431 जिसमे दो व्यक्ति सवार थे जिसमें से पीछे में बैठा व्यक्ति पुलिस को देखकर वाहन से कूदकर जंगल की ओर भाग गया व वाहन चला रहे व्यक्ति ओमप्रकाश पटेल पिता रामदास उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम किशनपुरी थाना नरहरपुर जिला कांकेर को दौड़ाकर पकड़ा गया जिनके पास रखे काले रंग के बैग की विधिवत् तलाशी पर अपने पास अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखे मिला जिसके कब्जे से 05 किलोग्राम गांजा कीमती 10,0000 रूपये, 01 नग एन्ड्राईड मोबाईल कीमती 3000 रूपये एवं मोटर सायकल पल्सर सी.जी. 05 व्ही 7431 कीमती 20,000 रूपये को आरोपी ओमप्रकाश पटेल के कब्जे से बरामद कर जप्त किया गया आरोपी को थाना सिहावा के अपराध क्र. 160/23 धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। फरार आरोपी शिवनारायण विश्वकर्मा का पतातलाश जारी है। थाना प्रभारी सिहावा निरी. लेखराम ठाकुर, उनि. जी.एस. राजपूत, सउनि. लक्ष्मीनाथ निर्मलकर, प्रआर. चंद्रपाल डहरे, आर. विष्णु मरकाम, हरिशंकर सिन्हा थाना सिहावा एवं आर. योगेश सोम, आर. रंजीत कुर्रे थाना मेचका का विशेष योगदान रहा।

# सतीश पर कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ने कार्यकर्ताओं ने बनाया दबाव

### वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी पर कार्यकर्ताओं ने उठाए सवाल

**भाटापारा,** 20 अक्टूर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी से भाटापारा विधानसभा में सबसे प्रबल दावेदार सतीश अग्रवाल को टिकट नहीं मिलने से उनके समर्थकों व जनता में जमकर आक्रोश है । ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र के लोग उनके निवास और संस्थान में पहुंचकर गहरा आक्रोश व्यक्त कर रहे है । समर्थकों की मांग है कि सतीश अग्रवाल निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे उनके चुनाव लड़ने जीत सुनिश्चित है। बता दे की सतीश अग्रवाल बीते 5 वर्षों से लगातार शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रहे हैं सभी समाज के कार्यक्रमों में उनका आना-जाना रहा है बड़ी संख्या में सतनामी समाज ,आदिवासी समाज, यादव समाज, साहू समाज के लोग सतीश अग्रवाल के निवास पहुंचे और अपनी नाराजगी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के प्रति जाहिर की अनेक कार्यकर्ताओं ने यहां तक कह दिया कि जब मन से ही कांग्रेस पार्टी को टिकट देना रहता है तो सर्वे और 5 साल की मेहनत का क्या मोल है। रामाधार ध्रुव, मोहन निषाद, पूजा ध्रुव, दुर्गेश वर्मा, जगमोहन निषाद ,राम सिंह ध्रुव, प्रमिला साहू ,प्रेम घिटोड़े, हेमिन ध्रुव, काशीराम ध्रुव, कलीराम ध्रुव, सहदेव ध्रुव, द्वारिका यादव, अनिल धृतलहरें, हरीश लहरे ,सहित काफी बड़ी संख्या में लोग सतीश अग्रवाल के निवास पहुंचकर सतीश अग्रवाल जिंदाबाद के नारे लगाते रहे ।और कांग्रेस के बड़े नेताओं की मनमानी पर आपत्ति दर्ज कराई। इस मामले में जब सतीश अग्रवाल से बात करने की कोशिश की गई तो उनसे बात नहीं हो पाई वह काफी ज्यादा व्यस्त रहे कार्यकर्ताओं से घिरे रहे। सतीश अग्रवाल के निवास पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी कोई शहर में ठीक से जानता है ना ही ग्रामीण क्षेत्र में ना ही उसे व्यक्ति की 5 साल कोई सक्रियता रही कांग्रेस किस आधार पर उसे टिकट दी है किस आधार पर प्रत्याशी बनाई है यह समझ से परे हैं।



**कांग्रेस नेतृत्व से भी पूछा कि किस आधार पर दी गई टिकट**

## राजधानी में दुर्गोत्सव के नजारे


मां दुर्गा मंदिर दुर्गोत्सव समिति कुशालपुर,


कालीबाड़ी दुर्गोत्सव समिति,


मां महारानी दुर्गोत्सव समिति छत्तीसगढ़ नगर,


स्वास्तिक दुर्गोत्सव समिति पचपेड़ी नाका

# नशीली टेबलेट के साथ आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रतिबंधित नशीली टेबलेट.सिरप की अवैध खरीदी.बिक्री और इसके व्यापर में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ जारी है। सरस्वती नगर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ आरोपी हरनाम सिंह उर्फ कल्लू गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को कुकुरबेड़ा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत कुकुरबेडा में एक व्यक्ति अपने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी सरस्वती नगर के नेतृत्व में थाना सरस्वती नगर पुलिस की टीम उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हरनाम सिंह उर्फ कल्लू निवासी सरस्वती नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग से ट्रामाडोल नामक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बरामद हुई। आरोपी हरनाम सिंह उर्फ

### बेचने के फिराक में घूम रहा था

कल्लू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 448 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट ट्रामाडोल कीमती लगभग 11 000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में धारा 22;सी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। आरोपी हरनाम सिंह उर्फकल्लू पूर्व में भी थाना सरस्वती नगर से नारकोटिक एक्ट प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुका है। आरोपी ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट कहां से लाई,इसके संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। इसी क्रम को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत मठपुरैना सिमरन सिटी गेट के पास एक व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मार्टिन सेमुवल उर्फगोल्डी निवासी टिकरापारा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में नाईट्रोटेन नामक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया।

# दो व्यक्तियों के कब्जे से 5 लाख 87 हजार नगदी रकम जब्त





**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक रेंज जिला रायपुर आर.एल डांगी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिला रायपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में अनेकों नाकेबंदी प्वाईन्ट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों सहित संदिग्ध वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। थाना देवेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत एम.जी रोड स्थित सिटी सेंटर मॉल के सामने एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दोपहिया चारपहिया वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। वाहन चेकिंग के दौरान टीम के सदस्यों द्वारा एक दोपहिया वाहन में सवार दो व्यक्तियों को रोककर उनके वाहन की डिक्की एवं थैले को चेक किया गया। थैले को चेक करने पर उसमें नगदी रकम रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम जितेन्द्र साहू एवं केशव राम सिन्हा होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने व वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा नगदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा जितेन्द्र साहू एवं केशव राम सिन्हा के पास रखें नगदी रकम 5,87,300 रूपये को धारा 102 जा.फौ के तहत थाना देवेन्द्र नगर में जप्त कर इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जा रही है।

# फिल्मी गानों पर गरबा को लेकर मचा हंगामा

### बजरंग दल ने जताया विरोध
### रात 10 बजे तक बंद करें गरबा

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्र के दौरान राजधानी रायपुर में गरबा की धूम है। कई जगहों पर आयोजन हो रहा है। इसी बीच रायपुर के गुढियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में गरबा के दौरान फिल्मी गानों पर गरबा किया तो बजरंग दल के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा मचाया। बजरंगियों ने फिल्मी गीतों पर गरबा का विरोध जताया। साथ ही रात 10 बजे तक गरबा बंद करने की हिदायत दी। इसके अलावा सबका आधार कार्ड देखकर ही गरबा में इंट्री देने के लिए कहा। घटना की जानकारी गुढियारी थाना की पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को बाहर किया।

### काफी देर के बाद शुरू हुआ कार्यक्रम

*दरअसल रायपुर के गुढियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में इन दिनों नवरात्र के मौके पर गरबा नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार रात को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि फिल्मी गानों पर गरबा किया जा रहा है कि जो कि सही नहीं है। इतना ही नहीं बजरंग दल के पदाधिकारी ने रात 10 बजे तक गरबा बंद करने की बात कही। इसपर आयोजन समिति ने आपत्ति जताई और पुलिस को खबर कर दी। मौके पर पहुंचे गुढियारी थाने की पुलिस को काफी देर तक बजरंग दल कार्यकर्ताओं से बात करते रहे और उन्हें वहां से जाने के लिए कहते रहे। हालांकि काफी देर कहासुनी के बाद पुलिस बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को गरबा स्थल से बाहर लेकर गई। उसके बाद फिर से गरबा शुरू किया गया।*

# गेहूं, चावल और शक्कर का टेंडर दिलाने के नाम पर कारोबारी से 88 लाख की ठगी

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा थाने क्षेत्र में एक कारोबारी को उत्तर.पूर्व राज्य में गेहूंए चावल और शक्कर की आपूर्ति करने का टेंडर दिलाने का झांसा देकर 88 लाख रुपये ठग लिए गए। कारोबारी ने दिल्ली और महाराष्ट्रए पुणे के तीन कमीशन एजेंट के खिलाफ ठगी का आरोप लगाया है। कारोबारी ने आरोप लगाया है कि उनके फर्म के जिस कारोबारी के साथ ठगी हुई थी दो वर्ष पूर्व इसी सदमें में 11 मार्च 2021 को उसकी मौत हो गई। विधानसभा थाना पुलिस से मिला जानकारी के अनुसार मेसर्स हनुमान पल्सेस के भागीदार रमेश झवर ने प्रेम रतन शर्मा

### सदमें से कारोबारी की मौत

बादशाह मलिक और पुणे निवासी विक्रम अदितो के खिलाफठगी की शिकायत दर्ज कराई है। रमेश झवर ने बताया कि सात वर्ष पूर्व प्रेम रतन उनके फर्म के भागीदार रतन झवर से मिलने उसके स्वर्ण भूमि स्थित आवास पहुंचे थे। प्रेम ने उत्तर.पूर्व राज्य मेघालय और नागालैंड में गेहूंए चावल और शक्कर की आपूर्ति करने टेंडर निकलने की बात कही। इसके बाद उसने टेंडर दिलाने का झांसा देते हुए कुल आपूर्ति किए गए माल का पांच प्रतिशत कमीशन की मांग की।

**आरोपितों ने बुलाया कोलकाता**

रमेश ने बताया कि प्रेम रतन और अन्य दो ने फर्म के भागीदार रतन को कोलकाता बुलाया। वहां एक होटल में किसी व्यक्ति से मिलवाते हुए उसे नागालैंड के खाद्य अधिकारी और टेंडर जारी करने वाला बताया गया। साथ ही कारोबारी के प्रेम रतन ने उसके नाम की फेक टेंडर दिखाते हुए पैसा देने के बाद टेंडर की कापी देने का झांसा दिया। इसके बाद किश्तों में अपने और अन्य लोगों के अकाउंट में राशि ट्रांसफर कर ठगी का शिकार बनाया।

# 8 किलो गांजा के साथ आरोपी पकड़ाया



**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना धरसींवा क्षेत्रांतर्गत सांकरा स्थित मोबाईल दुकान पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री कि फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर थाना प्रभारी धरसींवा एवं चौकी प्रभारी सिलतरा को आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना धरसींवा चौकी सिलतरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम राजेश मनहर निवासी सिलतरा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पाास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी राजेश मनहर को गिरफ्तार उसके कब्जे से 08 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 80,000 रूपये तथा बिक्री रकम 17,000 रूपये जुमला कीमती लगभग 97,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना धरसीवा में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया

# कट्टा एवं जिन्दा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार



### आरोपी के कब्जे से 01 नग कट्टा एवं 05 नग जिन्दा कारतूस जप्त

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से पिस्टल व कट्टा रखकर घुमने वालों तथा इसकी अवैध तरीके से खरीदी.बिक्री करने वालों के संबंध में जानकारी एकत्र कर तस्दीक किया जाकर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने व कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा कार्य योजना तैयार कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु अपने.अपने थाना क्षेत्र में मुखबीर लगाने के साथ ही पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत राजेन्द्र नगर रोड पास एक व्यक्ति अपने पास कट्टा रखा है तथा आने जाने वाले लोगों को आतंकित कर रहा है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस थाना प्रभारी उरला को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को कट्टा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना उरला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम रूपेश कुमार यादव निवासी उरला रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा रूपेश कुमार यादव की तलाशी लेने पर उसके पास कट्टा तथा जिन्दा कारतूस रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी रूपेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 01 नग कट्टा एवं 05 नग जिन्दा कारतूस जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। आरोपी द्वारा कट्टा एवं जिन्दा कारतूस को छपरा बिहार से लाना बताया गया है।

# धारदार चाकू के साथ युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना कबीर नगर पुलिस टीम द्वारा थाना कबीर नगर क्षेत्रांतर्गत चेकिंग के दौरान बाल्मिकी नगर शमशान घाट के पास आरोपी सुमित महानंद पिता स्व अमरेलाल महानंद उम्र 19 वर्ष निवासी बाल्मीकि नगर ब्लॉक 19 मकान नंबर 03 थाना कबीर नगर रायपुर का अवैध रूप से चाकू लेकर लोगो को डराते धमकाते मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़ कर गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग बटनदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कबीर नगर में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# व्यापारियों को ऑफलाइन कहने पर आपत्ति : पारवानी

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। (कैट) ने देश के व्यापारिक समुदाय के लिए ऑफ़लाइन कहने पर गहरी आपत्ति जताई है। और इसे व्यापारियों के लिए अपमानजनक शब्द बताते हुए कहा है कि ऑफलाइन का अर्थ है। बाहर हो जाना या समाप्त हो जाना जबकि देश के व्यापारी अनेक शताब्दियों से व्यापार में ही रहकर व्यापार कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें ऑफलाइन की संज्ञा देना उचित नहीं है। व्यापारियों को मेनलाइन कहा जाना चाहिए।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ,चेयरमैन मगेलाल मालू, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ,कार्यकारी अध्यक्ष परमानंद जैन ने कहा कि व्यापारियों के लिए ऑफ़लाइन शब्द का आविष्कार किसने किया ? ऐसा लगता है कि यह विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की एक भयावह साजिश है, जो खुद को ऑनलाइन और व्यापारियों को ऑफलाइन कहती है, जो भारत के व्यापारिक समुदाय की गरिमा और क्षमताओं को कमजोर करने के अलावा और कुछ नहीं है।

### नकदी की आवाजाही के लिए एसओपी जारी करने मांग

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन ने जारी बयान में कहा है कि त्यौहार और शादी के समय पर ही पांच राज्यों में चुनाव हो रहे है। सुरक्षा जांच के दौरान नकदी, सोने और आभूषणों की आवाजाही के संबंध में व्यापारियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।इस संबंध में कैट ने आज भारत के चुनाव आयोग को एक पत्र भेजकर आग्रह किया है वैध नकदी और आभूषणों आदि की आवाजाही के लिए एक एसओपी का जारी किया जाना आवश्यक है। उन्होनें आगे कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग के साथ काम करने की भी पेशकश की है। इस संबंध में कैट ने चुनाव आयोग से मिलने का समय भी माँगा है।

प्रेस को जारी संयुक्त बयान में व्यापारी नेताओ ने कहा ऑफ़लाइन शब्द व्यापारिक समुदाय के बड़े योगदान को पूरी तरह नकारता है।और उनके अस्तित्व पर ही एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। देश भर में व्यापारी एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला संचालित करते है। और उपभोक्ताओं के साथ अंतिम मील तक सीधे जुड़ने का एकमात्र माध्यम है।

कैट और रिटेल व्यापार से जुड़े अन्य संगठन अब से हर मंच पर चाहे वह सरकारी हो या निजी, उन्हें ऑफलाइन बुलाने पर आपत्ति जताएंगे और उन्हें मेनलाइन कहने का आग्रह करेंगे। कैट केंद्र सरकार के मंत्रालयों और अन्य विभागों और राज्य सरकारों तक पहुँच कर उन्हें व्यापारियों को मेनलाइन के रूप में ही परिभाषित करने की माँग करेगा।

# दुर्गा प्रतिमाओं का खारून नदी में होगा विसर्जन

**रायपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। देवी श्री दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर निगम की ओर से खारून नदी में सालिया के पास अगले मंगलवार विसर्जन की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए 24 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 28 अक्टूबर को सुबह 6 बजे तक निगम जनम सहित जन अगले की ब्यूटी लगा दी है। आयुक्त ने जान कर लाउडस्पीकर साफ सफाई आदि की व्यवस्था प्राथमिकता से करने गया है। निगम आयुक्त ने दुर्गा उत्सव के अवसर पर नेशनल एटीएस द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किये जाने विसर्जन स्थल पर दुगों विसर्जन के पूर्व पूजन सायुक्त पर एक नाथाची से विर्जित लामा अन्य बा एक दूसरी सामग्रियों को 24 घंटे के भीतर से बाहर निक जाने दुर्गा पालन किया नदी के जल की दूषित होने से बचाया जाए साथी पर पुलिस को सूचित कराने प्लास्टर से बनी दुर्गा मूर्तियों पर रोक लगाई गई है।

उल्टा पुल्टा

टीचर- विदेश में 15 साल के बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं.
चिंटू- मास्टर जी, हमारे देश में तो एक साल का बच्चा भागने भी लगता है.

## आज से दुर्ग जिले के सभी विस क्षेत्रों के लिये नामांकन



- नामांकन सुबह 11 से 3 बजे तक, 30 अक्टूबर अंतिम तारीख, 31 को स्क्रूटनी, 2 तक नाम वापसी व चिन्ह आबंटन
- कलेक्ट्रेट में भारी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम

**दुर्ग,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा चुनाव के अंतर्गत कल 21 अक्टूबर से दुर्ग जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के लिये नामांकन पत्र भरे व जमा किये जायेगें। नामांकन पत्र प्राप्त करने व जमा करने का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक है। नामांकन पत्र जमा कराने के लिये कलेक्ट्रेट के 6 कमरों को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के अनुसार निर्धारित किया गया है। जहां पर क्लर्कियल स्टाफ व पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। 22, 29 अक्टूबर को रविवार एवं 24 को दशहरा अवकाश की वजह से नामांकन प्रक्रिया बंद रहेगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर है। 2 नवंबर तक स्क्रूटनी, नाम वापसी व चुनाव चिन्ह आबंटित किये जायेगें। नामांकन शुल्क सामान्य अभ्यर्थी के लिये 10 हजार व अजा, जजावर्ग के लिये 5 हजार रूपये निर्धारित है।

कल 21 अक्टूबर को नामांकन शुल्क होने के साथ ही राजनीतिक गहमागहमी तेज हो जायेगी। कांग्रेस व भाजपा ने जिले के सभी 6 क्षेत्रों के लिये अधीकृत प्रत्याशी घोषित करने के साथ ही कल ही से नामांकन पत्र खरीदने वालों की निर्वाचन कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट में पहुंचने के साथ ही गहमागहमी बढ़ जायेगी। ऐसा माना जा रहा है कि अष्टमी व नवमी की धार्मिक मान्यता अधिक होने के साथ ही कतिपय प्रत्याशी मुहुर्त पर नामांकन पत्र जमा करा सकते है। रैली के रूप में नामांकन बाद में किया जा सकता है। यह प्रयोग पूर्व के चुनावों में भी किया जा चुका है। नामांकन पत्र भरने व जमा करने के लिये प्रत्येक प्रत्याशी के साथ मात्र 5 लोगों को ही प्रवेश की अनुमति दी गई है। शेष अन्य समर्थकों को कलेक्टर परिसर के बाहर ही रोका जायेगा।

पाटन विधानसभा क्षेत्र के लिये कक्ष क्रमांक 29 में रिटर्निंग आफिसर विपुल कुमार गुप्ता, कक्ष क्रमांक 33 में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिये रिटर्निंग आफिसर मुकेश रावटे नामांकन लेगें। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के लिये कमरा क्रमांक 31 में पीठासीन अधिकारी अरविंद कुमार एक्का, कक्ष क्रमांक 32 भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के लिये रोहित व्यास तथा कक्ष क्रमांक 39 में वैशाली नगर विधानसभा प्रत्याशियों के नामांकन पीठासीन अधिकारी हरवंश सिंह नामांकन पत्र लेगें। ये सभी कमरे कलेक्ट्रेट के प्रथम भूतल में है। पुरानी अहमद नगर प्रणाली वाले हाल से लगे कमरे है। इसके अलावा अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के लिये ऊपरी मंजिल में कमरा क्रमांक 20 में पीठासीन अधिकारी विनय सोनी नामांकन पत्र ग्रहण करेंगें।

कल से शुरू होने वाले नामांकन पत्र लेने की प्रक्रिया को पूरी तरह अनुशासित, भीड़भड़क्के से दूर रखने की पूरी व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है। नामांकन के लिये तामझान के साथ आने वाली रैली को रोकने की प्रक्रिया पटेल चौक में ही बेरीकेटस कर रोक दिया जायेगा। नामांकन जमा करने के लिये प्रत्याशी, प्रस्तावित समर्थक सहित कुल 5 लोगों को ही प्रवेश दिया जायेगा। कलेक्ट्रेट के सभी कक्षों के साथ ही गलियारों, बरामदों व पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है। पूरी नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जायेगी। कलेक्टर ने किया व्यवस्था का निरीक्षण : कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा एवं एसएसपी पी.आर.के.गर्ग ने आज जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रिटर्निंग अधिकारियों के कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टोरेट परिसर में बैरीकेटस वाहन पार्किंग, अभ्यर्थियों के प्रवेश तथा समर्थकों के रोकने आदि व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन, नामांकन के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये कहा है।

## शहर के दो राइस मिलर्स कारोबारियों के यहां ईडी का छापा



- मामला कस्टम मिलिंग और मनीलाड्रिंग से जोड़ा जा रहा

**दुर्ग,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही दुर्ग शहर के दो बड़े राईस कारोबारियों के यहां आज सुबह से ईडी की टीम ने दबिश देकर जांच कर रही है। इस मामले को लेकर शहर के राईस मिल व्यापारियों में भारी हड़कंप देखी जा रही है। ये दोनों कारोबारी कैलाश रूंगटा एवं कमल अग्रवाल है। ईडी की टीम इन दोनों के यहां लगातार अपनी कार्रवाई जारी रखे हुए है। कैलाश रूंगटा इस मामले में ईडी अधिकारियों द्वारा पूछे जा रहे सवालों के उत्तर दे रहे है किंतु कमल अग्रवाल शहर से बाहर बताये जा रहे है। उनके स्थान पर उनके भाई व परिवार ईडी अधिकारियों के प्रश्नों का उत्तर दे रहे है।

उल्लेखनीय है कि आज सुबह ईडी अधिकारियों की टीम श्री रूंगटा के दीपक नगर निवास सहित उनके अन्य ठिकानों पर दबिश दी। ईडी की टीम में केन्द्रीय सुरक्षा बल सहित स्थानीय अधिकारी भी शामिल थे। श्री रूंगटा के यहां दस्तावेजों की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि श्री रूंगटा ने कांग्रेस के शासनकाल में विगत तीन वर्षो से छत्तीसगढ़ राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष थे। उन्होंने हाल ही में रायपुर में हुई छत्तीसगढ़ राईस मिल एसोसिशन के सम्मेलन में अपनी पूरी प्रदेश कार्यकारिणी के साथ पद से इस्तीफा भी दे दिया है। दूसरे बड़े कारोबारी कमल अग्रवाल होटल व्यवसाई होने के साथ ही राईस मिलर्स भी है। उनकी ग्रीन चौक के पास होटल केम्बियन है। इस छापे से आज पूरे शहर में राईस मिल व्यापारियों एवं कस्टम मिलिंग से जुड़े सरकारी अधिकारियों में भारी हड़कंप है। यह संपूर्ण मामला कस्टम मिलिंग से जुड़ा बताया जाता है। कांग्रेस शासनकाल कस्टम मिलिंग की दर तीन गुना ज्यादा बढ़ा दी गई है। इसे लेकर कस्टम मिलिंग के साथ मनी लांन्ड्रिंग व हवाला के आरोपों के सिलसिले में पूरे संदर्भ में देखा जा रहा है।

ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व भी आयकर विभाग की टीम ने 2-3 माह पूर्व कैलाश रूंगटा के यहां छापा मारा था। आज इसी मामले में ईडी की दबिश से मामला और गहरा गया है।

## लोकरंग अर्जुन्दा के संस्थापक अंचल के प्रसिद्ध लोक कलाकार दीपक चंद्राकर का निधन



**दुर्ग,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुप्रसिद्ध रंगकर्मी दीपक चंद्राकर (69) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम अर्जुन्दा में कर दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अंचल के रंगकर्मी, रंगकर्म से जुड़े लोग, सामाजिकगण तथा अन्य लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिवंगत कलाकार दीपक चंद्राकर विगत साढ़े पांच दशकों तक विभिन्न कला संस्थाओं के माध्यम से रंगमंच से जुड़े रहे। उन्होंने दाऊ राम रामचंद्र देशमुख के चंदैनी गोंदा की समृद्ध कला, लोक पर्व, दाऊ महासिंह चंद्राकर के सोनहा बिहान के माध्यम से अपनी कला व लोककला को जन जन तक पहुंचाया। देशभर में नाचा विधा को बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

उन्होंने दिल्ली और उज्जैन के साथ ही देश के अनेक शहरों में अपनी प्रस्तुतियां दी। उन्होंने प्रसिद्ध कलाकार रामहृदय तिवारी सहित प्रदेश के अनेक कलाकारों के साथ मंच किया। लोकरग अर्जुन्दा के संस्थापक व संचालन में बखूबी भूमिका निभाई। उनके निधन की खबर मिलते ही कलाजगत में शोक की लहर फैल गई।

## आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन पर कारण बताओ नोटिस

**दुर्ग,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के रिटर्निंग ऑफिसर विनय कुमार सोनी ने आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन पर श्रमिक सेक्टर.1 गैरेज रोड भिलाई निवासी जहीर खान को आमसभा/कार्यक्रम की ली गई अनुमति से अधिक समय लेकर कार्यक्रम समाप्त करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार विगत 18 अक्टूबर को नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा क्षेत्र में जहीर खान द्वारा सिरसा गेट चौक भिलाई.3 में अपरान्ह 2 बजे से 4 बजे तक आमसभा कार्यक्रम की अनुमति लिया गया था। उक्त कार्यक्रम निर्धारित समय से अधिक 4.56 बजे समाप्त हुआ रिटर्निंग ऑफिसर ने इसे अनुमति आदेश का उल्लंघन के साथ ही आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए श्री खान को कारण बताओं नोटिस जारी कर 21 अक्टूबर को संध्या 5 बजे समक्ष उपस्थित होकर कर जवाब प्रस्तुत करने कहा है। इसके अभाव में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में कन्या महाविद्यालय विजेता



**दुर्ग,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ.वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की बॉस्केटबॉल टीम ने सेक्टर स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

रूंगटा महाविद्यालय आर.वन. द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग सेक्टर स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में अपने पिछले दस वर्षों के जीत को बरकरार रखते हुए इस साल भी सुराना महाविद्यालय, दुर्ग को 70-21 अंकों से परास्त कर एकतरफा जीत हासिल की। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने सेमीफाईनल में सेन्ट थॉमस महाविद्यालय, रूआबांधा, भिलाई को 52-15 से परास्त किया।

महाविद्यालय टीम का नेतृत्व पूनम नायक (कप्तान) ने किया एवं अन्य खिलाड़ी अर्चना निषाद, आंचल यादव, ज्योति प्रजापति, आरती सिंह, डी.अश्वनी, पिंकी जेना, ए. अर्चना टीम मैनेजर मधु पाण्डेय, प्रशिक्षक रूपेश साहू थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुशील चन्द्र तिवारी ने खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि में उन्हें बधाई दी। महाविद्यालय की क्रीडाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे, क्रीडा संयोजक डॉ.सुषमा यादव, जागृत ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## निगम ने अभियान चलाकर 40 आवारा मवेशियों को गौठान भेजा



**दुर्ग,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक अंतराल के बाद आज फिर से एक बार रोका छेका अभियान के तहत रायपुर नाका से लेकर पुलगांव तक विभिन्न मार्गो में आवारा घूमते 40 मवेशियों को पकड़कर नगर निगम टीम ने गौठान पहुंचाया। यह कार्रवाई कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के आदेश एवं नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं टीम द्वारा की गई।

उल्लेखनीय है कि शहर के मुख्य मार्गो, चौक चौराहों बाजार क्षेत्रों में पूरे समय आवारा मवेशी भटकते रहते है। उनकी वजह से बाजार आने वाले ग्राहकों व आम नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। अक्सर दुर्घटनाएं होने से अनेक लोग चोटग्रस्त हो जाते है। अतिक्रमण खाली कराने निकली टीम अपने साथ काउ केचर वाहन, रस्सी व अन्य आवश्यक संसाधन लेकर निकल रही है।

## हेमचंद विवि में स्नातक की पूरक परीक्षा आरंभ

**दुर्ग,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में स्नातक स्तर की पूरक परीक्षाएं आज तीनों पालियों में आरंभ हो गई। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि आज कुल 46 परीक्षा केन्द्रों में से 27 परीक्षा केन्द्रों पर स्नातक स्तर की बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए की द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की पर्यावरण अध्ययन एवं मानव अधिकार विषय की परीक्षा आयोजित हुई। पूरक परीक्षा के दूसरे दिन 21 अक्टूबर को कम्प्यूटर एप्लीकेशन विषय की अतिरिक्त विषय की बीकॉम भाग एक, दो एवं तीन की परीक्षा आयोजित होगी।

डॉ. पटेल के अनुसार 20 एवं 21 अक्टूबर को आयोजित पूरक परीक्षा के परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाएं विभिन्न संग्रहण केन्द्रों से शीघ्र लायी जायेंगी तथा 26 अक्टूबर से विष्वविद्यालय में केन्द्रीय मूल्यांकन के द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रस्तावित है। उत्तरपुस्तिकाओं के केन्द्रीय मूल्यांकन हेतु संबंधित विषयों के विशेषज्ञ प्राध्यापकों को आमंत्रित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पत्र जारी किया जा रहा है। छात्रहित में शीघ्र परीक्षा परिणाम जारी करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्रीय मूल्यांकन की प्रक्रिया अपनायी जा रही है।

आज आयोजित प्रश्नपत्र में नकल का कोई प्रकरण नहीं मिला।

पूरक की परीक्षाएं 21 अक्टूबर बाद दषहरा अवकाश के पश्चात् 25 अक्टूबर से पुन: आरंभ होंगी। इसी बीच वि.वि. में अक्टूबर माह में दो पीएचडी वायवा शिक्षा एवं माइक्रोबायोलॉजी विषय के क्रमश: 27 अक्टूबर एवं 31 अक्टूबर को आयोजित होंगे।

## औषधि एवं प्रसाधन नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर कार्रवाही

**दुर्ग,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पदेन उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. जे.पी.मेश्राम के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षकों द्वारा माह अक्टूबर में कुल 55 निरीक्षण किया गया।

इस अवधि में एक औषधि का नमूना डीपीसीओ के अंतर्गत लिया गया। इनमें 8 औषधियों की गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त हुई। सभी औषधि मानक स्तर के पाए गए। अन्य प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर दो फर्मो को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया। फर्म मेसर्स सिन्हा मेडिकल स्टोर्स धनोराए मेसर्स प्रेरणा मेडिकोज हुडको भिलाई मेस्स ओम श्री सांई मेडिकल मालवीय नगर दुर्ग, मेसर्स माता लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स, जुनवानी रोड, भिलाई ;कुल 04 फर्म पर निलंबन की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त जिले के औषधि निरीक्षकों द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कोटपा एक्ट 2003 के तहत धमधा क्षेत्र के बस स्टैण्ड, गंडई चौक के पास पानठेला, बीरझापुर के किराना स्टोर्स, सुपारी सेंटर, स्कूलों के आस पास, थाना छावनी क्षेत्र के बस स्टैण्ड, बाजार चौक के पास पानठेला, नंदनी रोड भिलाई क्षेत्र में चालानी क र्यवाही की गई। सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान करना प्रतिबंधित है व 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पाद खरीदना व बेचना प्रतिबंधित है की समझाईश के साथ कुल 16 प्रतिष्ठानों में चालानी कार्यवाही की गई।

## वनांचल में भाजपा नेता बिरजू तारम की हत्या



**मानपुर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मोहला मानपुर जिले में बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को बीजेपी नेता बिरजूराम तारम के घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया गया है।

मामला औंधी चौकी क्षेत्र के सरखेड़ा गांव का मामला है।बताया जा रहा है कि 56 साल के भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बिरजूराम के घर हथियारों से लैस कुछ अज्ञात लोग पहुंचे थे।

इस वारदात में नक्सलियों का हाथ होने की भी आशंका जताई जा रही है। हालांकि इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हो सकी है। विधानसभा चुनाव में वनांचल क्षेत्र में इस तरह की वारदात से क्षेत्र के अंदर दशहत व्याप्त है।

## कन्हारगांव में आज रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता

**डोंगरगढ,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कन्हारगांव में आज शनिवार को जय माँ सरस्वती उत्सव समिति धुर्वापारा ;डोगरगढ्ढ के तत्वाधान में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ज्ञात हो की गांव में नवरात्रि के अवसर पर समिति द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है जिसमें नवरात्रि के सप्तमी वाले दिन समिति द्वारा आज शाम 7 बजे से रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है उक्त प्रतियोगिता में सामूहिक डांस के लिए पुरुस्कार. प्रथम. 3ए333 ६. ए द्वितीय. 2ए222 ६. ए तृतीय. 1555६. ए शेष पृष्ठ 9 पर

## बरनारा डायवर्सन कार्य पूर्ण होने से किसानों में खुशी की लहर



**डोंगरगढ,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के डोगरगढ़ ब्लॉक के वनांचल ग्राम बरनारा पर सन 2002 से प्रारंभ हुए सिंचाई परियोजना भाजपा के 15 साल कार्यकाल तक काम रुका हुआ था जो की कांग्रेस सरकार बनने पर क्षेत्रीय कांग्रेस नेता सुरेश सिन्हा, गोकुल वर्मा, सामसाय टांडेकर के मांग पर विधायक भुनेश्वर बघेल ने स्वीकृत कराकर कार्य प्रारंभ कराया जिसमें 2 साल विनीत कंस्ट्रक्शन कंपनी लगातार काम सिंचाई विभाग डोगरगढ़ एसडीओ प्रदीप नदिया, इंजीनियर असद अंसारी ने लगातार तत्परता से कार्य कराया जिसमें सफलता मिली और पानी आना प्रारंभ हो गया इस खबर को जैसे ही पता चला घोटिया एढारा एसलोनी, छपरा, ठाकुरटोला, पलांदुर सहित 25 गांव के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई जिस पर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा एवं उनकी टीम ने डोगरगढ़ विधायक का अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण भुनेश्वर बघेल को लड्डू मिठाई खिलाकर धन्यवाद एवं आभार जताया तथा छत्तीसगढ़ के किसान हितैषी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व सिंचाई मंत्री धनेश पाटीला को भी धन्यवाद ज्ञापित की है आभार जताने वाले में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, कोमल साहू, रतन यादव, वरिष्ठ किसान नेता गोकुल वर्मा, सामसाय टांडेकर, कार्तिक वर्मा, गौतम वर्मा, शिवानंद यादव, गोकरण वर्मा एवं अन्य उपस्थित थे।

## हरुना किस्म धान की फसल कटाई शुरू



**गुरूर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकासखंड में धान की फसल पककर तैयार है, फिरहाल लगभग 10 प्रतिशत किसान ही फसलों की कटाई कर रहे हैं क्योकि अधिकांश गांव में खेतों में नमी होने के कारण फसल कटाई प्रभावित हो रहा है।

किसानों का कहना है कि दशहरा पर्व मनाने के बाद क्षेत्र में फसल कटाई कार्य तेजी से किया जाएगा। वही सितंबर माह में हुई बारिश एवं आंधी तूफान के कारण गुरुर सहित ग्राम पलारी, कोलिहामार, कुलिया, ठेकवाडीह, सांगली, धोबनपुरी, दानीटोला, दुपचेरा, रमतरा, पेन्वरो सहित अन्य गांव के खेतों में धान की फैसले जमीन में गिर गई है, जहां पानी भरा होने के कारण धान की फैसले खराब होने लगी है ऐसे में फसल उत्पादन प्रभावित होगा।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने एक नवंबर से धान खरीदी करने के लिए निर्धारित किया है इस आधार पर क्षेत्र में लगभग 50त्न फसल कटाई होने की संभावना जताई जा रही है। वर्तमान में फसल कटाई के बाद कुछ किसान थ्रेसर के माध्यम से मिजाई कर रहे हैं तो कुछ किसान खेतों में ही कटी हुई फसलो को सुरक्षित कर रहे हैं।

## धान खरीदी को लेकर केंद्रो में तैयारियां शुरू

**गुरूर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा अपने लक्ष्य के अनुरूप 1 नवंबर से धान खरीदी को लेकर तिथि निर्धारित किया है। शासन द्वारा निर्देश मिलने के बाद विकासखंड के सभी धान खरीदी केंद्रो में तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

सभी केंद्रो में साफ सफाई, स्टेक निर्माण, किसानों के लिए पेयजल, प्रसाधन सुविधा, बारदाना की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा रहा है।

ब्लॉक मुख्यालय गुरुर में संचालित केंद्र में इस वर्ष 19 सौ से अधिक किसान धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। यंहा गुरुर सहित ग्राम खैरवाही, कोलिहामार, दानीटोला, मुजगहन, बोरतरा, बोहारडीह, भूलनडबरी, कोचेरा, दरगहन, ठेकवाडीह के किसान धान बेचकर लाभान्वित होंगे।

इसी तरह सेवा सहकारी समिति मर्यादित मे कोचवाही कुल 9 जैसे ग्राम बालोदगहन, करेंझर, ओनाकोना, मुस्केरा, अलोरी, पेटेचुवा, कंकालीन, मुजालगोंदि, कोचवाही, भैसमुड़ी, पोड से लगभग 430 सौ किसान धान बेचेंगे। ग्राम बासीन, पलारी, सोरर, धनौरा, मिर्रिटोला सहित अन्य केंद्रो में धान खरीदी को लेकर प्रबंधन समिति द्वारा तैयारियां की जा रही है।

## जमात पर स्थित मां सरस्वती पंडाल की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र





**छुई खदान,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। जमात पर स्थित मां सरस्वती पंडाल आकर्षक झांकी के वजह से पूरे क्षेत्र में इन दोनों चर्चा का विषय बना हुआ है। शारदीय नवरात्रि में लोग इसे देखने दूर-दूर से आ रहा है सुंदर मां सरस्वती के प्रतिमा के साथ-साथ चंद्रयान 3 का झांकी एवं गुप्त गुफा बनाया हुआ है। गुफा के होते हुए मां सरस्वती का प्रतिमा का दर्शन होता है जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है शाम होते ही लोगों का भारी हुजूम उमड़ पड़ता है पूर्व पार्षद आलोक यादव ने बताया जमात पारा सरस्वती उत्सव समिति द्वारा विगत 3 वर्षो से सुंदर आकर्षक झांकी बनाया जा रहा है जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं समिति के सभी सदस्यों द्वारा पूरे मेहनत एवं लगन से कार्य किया जाता है एवं लोगों के भावना एवं श्रद्धा के अनुरूप झांकी का निर्माण किया जाता है। जिसे लोग बहुत पसंद कर रहे हैं।

# आरोपी बैग समेत गिरफ्तार मकान मालिक ने धरदबोचा

**भिलाईनगर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई-3 के पदुम नगर के एक घर में चोरी की घटना को अंजाम देकर तीन चोर जैसे ही देर रात निकल कर भागने की फिराक में थे, तभी बैग पकड़ा एक आरोपी लड़खड़ा कर गिरा और चोट आने की वजह से पकड़ा गया। शेष दो आरोपी भाग निकलने में सफल रहे। लेकिन उनकी पहचान बेपर्दा हो गई है क्योंकि पकड़े गए आरोपी ने सारा कुछ पुलिस को बता दिया है। आरोपी एक सोने की अंगूठी, भगवान गणेश की मूर्ति और दो मोबाईल समेत लगभग 80 हजार का सामान ले भाग रहे थे तभी एक बैग समेत गिर कर घायल हो गया। पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि पदुमनगर भिलाई-3 निवासी 33 वर्षीय विभा दास घर में बुधवार की रात भोजन कर सोई हुई थीं। पति सुमन कुमार दास भी घर पर थे। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात जोर से आवाज आने पर विभा की नींद खुली तो उन्होंने पति को जगाया और दूसरे रूम में देखा कि आलमारी खुली हुई है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। तभी एक व्यक्ति घर अंदर रखा बैग में लेकर भागा और गिर गया और उसे चोट आई। सुमन दास ने उसे घर की सीढ़ी के पास पकड़ लिया। आस पड़ोस के लोग भी वहां पहुंच गए। चोर का नाम पूछने पर उसने अपना नाम मोहन बताया तथा भागे दो अन्य साथियों की पहचान पृथ्वी और सुधीर के रूप में हुई है। बैग से दो मोबाईल, चांदी की गणेश की मूर्ति, एक नग सोने की अंगूठी मिली है। मोहल्लेवासियों ने पकड़े गए आरोपी को थाना लाया और विभा ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुरानी भिलाई पुलिस फरार दो अन्य आरोपियों को तलाश रही है। इस मामले में आरोपी मोहन एवं पृथ्वी, सुधीर के खिलाफधारा 380, 457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की जा रही है। फिलहाल भिलाई-3 पुलिस दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार की तालाश कर रही है।

# युवाओं ने लिया शत प्रतिशत मतदान का संकल्प

**भिलाईनगर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नवरात्र के नौ संकल्प अभियान जिला निर्वाचन कार्यालय तथा नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अलग अलग विधा एवं कार्यक्षेत्र में कार्यरत नागरिको को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए संकल्प दिलाकर प्रेरित किया जा रहा है। निगम ने भिलाई क्षेत्र में संचालित कॉलेज के छात्र. छात्राओं, युवा खिलाड़ियों को शत प्रतिशत मतदान करने औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिको को संकल्प दिलवाया। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित ब्यास के निर्देश के बाद यह अभियान 22 अक्टूबर तक निरंतर जारी रहेगा। जिसमें अलग-अलग वर्ग को शत-प्रतिशत मतदान करने का सकल्प कराया जाता है।

# वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए पीएसओ प्रशिक्षण




**भिलाईनगर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव को देखते हुए दुर्ग जिले में होनी है कई वीआईपी व वीवीआईपी व्यक्तियों के दौरे को लेकर दुर्ग रेंज एवम राजनंदगांव रेंज के पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय रेंज स्तरीय पीएसओ प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग बीएन मीणा की पहल पर कलामंदिर सिविक सेंटर में किया गया। कार्यशाला में वीआईपी व वीवीआईपी सुरक्षा को लेकर एक्सपर्ट्स ने टिप्स दिए। आगामी दिनों में होने वाले वृहद स्तर पर वीवीआईपी व वीआईपी प्रवास की संभावनाओं को ध्यान मे रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग बीएन मीणा द्वारा दुर्ग रेंज एवम राजनांदगांव रेंज के उप निरीक्षक से लेकर आरक्षक स्तर के अधिकारी व कर्मचारियों की एक दिवसीय सुरक्षा पीएसओ प्रशिक्षण कार्यशाला में दुर्ग रेंज एवम राजनांदगांव रेंज के जिलों से 350 से अधिक उप निरीक्षक से आरक्षक स्तर प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यशाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग ने कहा कि हमे अपनी ड्यूटी में बहुत सावधानी पूर्वक अलर्ट होकर ड्यूटी करनी है और उसके संबंध में जो भी कमियां हमे यहां बताई जाएगी उससे सीख कर आत्मसात करना है। उन्होंने पीएचक्यू रायपुर से आए हुए अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज बीएन मीणा ने कहा कि कानून व्यवस्था ड्यूटी, अपराधों की रोकथाम एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी के अलावा वीआइपी सुरक्षा ड्यूटी भी जिला पुलिस का एक महत्वपूर्ण अंग है, इस विषय को पूर्ण रूपेण समझना आवश्यक है। आगामी दिनों में चुनाव के दौरान वीवीआईपी व वीआईपी प्रवास के समय जिले में उपलब्ध बल के द्वारा ही सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंधन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी को अलर्ट होकर इस कार्यशाला को सुन कर समझना है और बिना झिझक के सवालों को पूछना है, और प्रशिक्षण के दौरान उत्पन्न होने वाले डाउट्स को प्रश्नउत्तर के माध्यम से स्पष्ट करने को बताया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में पीएचक्यू रायपुर से आए एमएल कोटवानी, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा ने कहा गया कि वीआईपी सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है जिसकी जानकारी जिला पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारियों को होना अत्यंत आवश्यक है। वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में संलग्न सभी अधिकारियों को अपना 100 प्रतिशत देना आवश्यक है। इसमें 1 प्रतिशत भी गलती की गुंजाईश नही होती, सुरक्षा व्यवस्था में चुक क्षम्य नही होता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा का कार्यक्षेत्र विस्तृत है। जिसके हर पहलूओं को एक दिन की इस कार्यशाला मे रखने की कोशिश की जायेगी। प्रशिक्षण में एमएलकोटवानी द्वारा निर्देश, वीआईपी सुरक्षा के सिद्धांत, आपातकालीन उपबंध, आमसभा, मंच, हेलीपेडए मार्ग व्यवस्थाए हाईराईजए कैम्प व्यवस्था आदि विषय पर क्लास ली गई। निशांत शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक वीआईपी सुरक्षा द्वारा मोटर केड, एस्कार्ड अधिकारी, पायलेट अधिकारी इत्यादि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। गुरूनारायण प्रधान उप पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा पुलिस मुख्यालस रायपुर उपकरणों के संबंध में जानकारी दी गई तथा जयंतपाल. पीसी वीआाईपी सुरक्षा रायपुर द्वारा पीएसओ की परिभाषा, उद्देश्य. सामान्य व्यवहार, कर्तव्य, वेशभूषा, इत्यादि विषय पर डेमो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, अनंत कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मीता पवार एवम समस्त राजपत्रित अधिकारी व दुर्ग एवम राजनांदगांव रेंज के अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# व्यक्तित्व विकास पर सर्टिफिकेट प्रोग्राम का आयोजन



**भिलाईनगर**, 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। पी.जी. मनोविज्ञान विभाग. सेंट थॉमस कॉलेज ने व्यक्तित्व विकास पर सर्टिफिकेट प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसका शीर्षक था बिंग ए कंप्लीट ह्यूमन कार्यक्रम के सत्रों में मानव व्यक्तित्व के बहुत महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। छात्रों ने जो विषय सीखे उनमें दूसरों की भलाई, क्रोध-प्रबंधन, जीवन-कौशल, संचार-कौशल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, गैर-मौखिक और शारीरिक भाषा और कई ऐसे बहुत ही प्रासंगिक विषय शामिल थे। जिन्हें व्यावसायिक जीवन के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में भी अपनाना आवश्यक है। प्रमाणपत्र कार्यक्रम का समापन कॉलेज के प्रशासक रेवण् फादर डॉ. जोशी वर्गीस और प्राचार्य डॉ. एम.जी. रॉयमन द्वारा लाभार्थी छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित करने के साथ हुआ। पाठ्यचर्या संबंधी शिक्षण के अलावा छात्रों को एक ऐसा मंच देना बहुत महत्वपूर्ण है जहां वे सीखे गए सिद्धांतों के अनुप्रयोगों के बारे में जान सकें। साथ ही अपने व्यक्तित्व के आयामों को बढ़ाने के बारे में जान सकें और उन्हें अपने दैनिक जीवन में आत्मसात कर सकें। मनोविज्ञान विभाग की विभागअध्यक्ष डॉ. देबजानी मुखर्जी ने अपने विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुमिता सिंह. डॉ. अंकिता देशमुख और मिस संचना के साथ मिलकर इस प्रमाणपत्र कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसे कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने बहुत सराहा। मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में द साइकोमेट्रिशीयन एसोसिएशन ने भी मिस ऊर्जा परवाना के मार्गदर्शन में अथक प्रयास किया और सभी सत्रों का संचालन बहुत ही कुशलता से किया।

# दो अस्पतालों पर गिरी गाज नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई

**भिलाईनगर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई.3 स्थित ज्योति हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ नर्सिंग होम एक्ट के तहत जांच करने पहुंची टीम को चौकाने वाली लापरवाही मिली है। इस हास्पिटल का जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन का एनओसी 12 मार्च 2021 से 28 मई 2023 तक की ही था। जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी और बिना पर्यावरण एनओसी के नियमित रूप से इस चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा जो कि नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन व नियम विपरीत है। नतीजतन ने नर्सिंग होम एक्ट के अध्याय तीन की कंडिका 12 क (1) के तहत चिकित्सकीय व्यवसाय तत्काल बंद कर वैध दस्तावेज कार्यालय में पेश करने के बाद ही संस्थान का संचालन करने का निर्देश दिया है। इसी तरह कैलाश नगर कुम्हारी स्थित एपेक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण करने नर्सिंग होम एक्ट जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर अनिल शुक्ला टीम के साथ पहुंचे। यहां भी जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन की एनओसी 21 मार्च 2023 तक की ही थी। बिना पर्यावरण एनओसी के नियमित रूप से चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा था। एक्ट के अध्याय तीन की कंडिका 12 क (1) के तहत चिकित्सकीय व्यवसाय तत्काल बंद करने कहा गया है। जांच टीम ने दोनों अस्पताल के संचालकों से पूछा है कि आज दिनांक तक पर्यावरण एनओसी के बिना ही चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा था। यह नियम विपरीत है, तो क्यों न नियम विरुद्ध संचालन के लिए उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत कर लायसेंस निरस्तीकरण की अनुशंसा की जाए।

# सेवानिवृत्त कर्मियों को मिले संयंत्र का आवास



**भिलाईनगर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीएसपी के खाली आवासों को पूर्व कार्मिकों को लाइसेंस में देने की मांग संयुक्त मोर्चे ने उठाई है। जिसमें 650 वर्गफीट के मकान कार्मिकों एवं ईक्यू-1 वर्ग के मकान अधिकारियों को लाइसेंस में देने पर चर्चा। ओए व बीएसपी के यूनियनों द्वारा गठित संयुक्त मोर्चा की बैठक नगर सेवा विभाग के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं जितेन्द्र यादव सपकाले, महाप्रबंधक आई आर जे एन ठाकुर एवं उपमहाप्रबंधक एनफोर्समेंट के के यादव, महाप्रबंधक अमरेश कुमार, सहायक महाप्रबंधक सचिवालय नगर प्रशा एवं सीएसआर राघवेन्द्र गर्ग, सहायक महाप्रबंधक श्रीमती जी.एम.व्ही पदमिनी कुमार की उपस्थिति में संयुक्त मोर्चा की ओर से बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव परविन्दर सिंह, इंटक यूनियन से कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा महासचिव वंश बहादुर सिंह, सीटू के अध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद, केवेन्द्र सुन्दर, एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी, विनय कुमार मिश्रा, इस्पात श्रमिक मंच से महासचिव राजेश अग्रवाल एवं शेख महमूद, एच.एम.एस. के प्रमोद कुमार मिश्रा एवं हरीराम यादव एस.डब्ल.यू.के अध्यक्ष नन्द किशोर गुप्ता एव टंडन दास, बी.डब्लु.य.के के.एल. अहिरे तथा लुमेश कुमार बैठक में शामिल हुए। आफिसर्स एसोसिएशन सहित लगभग सभी ट्रेड यूनियनों ने मिलकर एक संयुक्त मोर्चा का गठन किया है, जो भिलाई के कार्मिकों, अधिकारियों तथा नागरिकों को एक बेहतर भिलाई तथा एक सुरक्षित भिलाई एवं भयमुक्त भिलाई प्रदान करने हेतु संयुक्त रूप से भिलाई के हितों के लिए निरंतर संघर्ष करेगा। मोर्चा की बैठक में प्रमुख रूप से पानी टंकियों के पुर्ननिर्माण एवं संधारण के साथ ही अवैध कब्जों को खाली कराने, शासन प्रशासन से समन्वय कर अवैध कब्जों पर शीघ्र कार्यवाही, अवैध कब्जों को रोकने हेतु खाली आवासों को बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को ईक्यू.1 ग्रेड के मकान एवं कार्मिकों को 650 वर्गफीट के मकान लाइसेंस पद्धति से आबंटित करना, दो आवासों को आपस में जोड़कर आबंटन करना, सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु सड़क पर हुए कब्जो को हटाना, थर्ड पाटी आबंटित मकानों पर पुर्नविचार किया जावे। जबरिया अवैध कब्जों को भिलाई टाउनशिप की शांति व्यवस्था के लिए खतरा बताया है। इन अवैध कब्जों से भिलाई के नागरिकों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न होने लगी है। टाउनशिप में असामाजिक तत्वों की उपस्थिति बढ़ने लगी है।

# हथियार सहित आरोप गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज शुक्रवार को दोपहर 12 बजे करीबन मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति सुपेला चर्च चौक के पास आम जगह में धारदार हथियार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगो को डरा धमका रहे है। आदतन बदमाशो पर सतत् निगाह रखते हुए अपराधियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त है। आज 20 अक्टूबर को मुखबीर सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस द्वारा तत्काल संदेही को घेराबंदी कर चर्च चैक के पास सुपेला से आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपी मुबारक हुसैन को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में दुर्ग जेल भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा थाना प्रभारी थाना सुपेला, सउनि दिनेश सिंह एवं आरक्षक सूर्य प्रकाश का विशेष योगदान रहा। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई।

# स्वच्छ मतदान हमारा नैतिक कर्तव्य



**भिलाईनगर**, 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 में शत प्रतिशत मतदान को लेकर भिलाई निगम द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के छटवें दिन बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई और घर घर जाकर नागरिकों को मतदान करने का संकल्प दिलाए। जिला निर्वाचन कार्यालय एवं नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर नवरात्र के नौ संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिला समूहों, मितानीन एवं नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने आगामी विधानसभा चुनाव में बिना किसी जाति, धर्म, भाषा के भय, लोभ में आए बिना लोकतंत्र के पर्व में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिए। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नवरात्र में नौ संकल्प लिया जाना है जिसके अंतर्गत आज छटवें दिन स्वास्थ्य संकल्प अर्थात स्वास्थ्य सेवा में संलग्न रहने वालों को आगामी विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दिया गया। भिलाई निगम के आजीविका मिशन के महिला समूहों के सदस्यों द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर महिला का समूह एकत्रित होकर उन्होंने मतदान हमारा अधिकार, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, बिना किसी भेदभाव के, बिना कोई डर और उंच नीच जात पात से उठकर स्वच्छ मतदान करने संकल्प लिए साथ ही अपने रिश्तेदार व घर परिवार के सभी मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का भरोसा दिलाए। इसी प्रकार सेक्टर-9 स्थित पीजी नर्सिंग कॉलेज में नर्सिंग की पढ़ाई करने वाली छात्राओं तथा बैकुंठधाम मांगलिक भवन में बड़ी संख्या में मितानीनें शामिल हुई जिन्होंने स्वंय तथा समाज के हर व्यक्ति को मतदान शामिल होकर लोतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने स्वंतत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीकें से निर्वाचन करने का संकल्प लिए।

# सोसाइटी ने दी रिटायर कर्मियों को विदाई



**भिलाईनगर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर.4 ने संयंत्र की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को विदाई दी। सभी रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान रिटायर सदस्यों ने अपनी सदस्यता जारी रखने का प्रस्ताव रखा। अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने इस मौके पर रिटायर सदस्यों के योगदान का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि हमें हमेशा आप लोगों का मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने रिटायर सदस्यों की सदस्यता बरकरार रखने के संबंध में कहा कि प्रस्ताव विचाराधीन है। इस मौके पर रिटायर सदस्यों में मनमोहन दास जांगड़े और बालकृष्ण देशमुख, रामाधार साहू, दिनेश कुमार साहू, प्रभाकर गोयल, सच्चिदानंद सूर्यवंशी, सुखदेव, साधुराम वर्मा, धनसाय साहू, हेमलाल सोनवानी, , वी.कृष्ण राव, हलदार लाल साहू, श्रोणीत कुमार परगनिहा, प्रदीप कुमार मित्रा, रामेश्वर सिंह ठाकुर शामिल थे। सभी ने अपने उद्बोधन मे अपना सेवाकाल याद किया और सोसायटी की कार्यशैली की प्रशंसा की। अधिकांश सदस्यों ने कहा कि उनके बच्चों की उच्च शिक्षा में संस्था का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, आसमां परवीन, संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, पूरनलाल देवांगन, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण सिंह, नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी और सोसायटी के कर्मियों में पीयुष कर, सुदीप बनर्जी, नारायण साहू, सुरेश कुमार व कमल बोस सहित अन्य लोग उपस्थित थे। समारोह में आभार प्रदर्शन विपिन बंछोर ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभाग के कर्मी व बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर.4 सदस्य उपस्थित थे।

# मुकेश ने किया जीत का दावा

**भिलाई नगर।** कांग्रेस पार्टी के वैशाली नगर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्यासी मुकेश चन्द्राकर को उम्मीदवार बनाये जाने पर वैशाली नगर क्षेत्र के भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, महिला समूह, राजनैतिक , धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी सदस्यो ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस के उम्मीदवार की जीत दिलाने संकल्प लिया। मुकेश चन्द्राकर ने कहा वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डो में विकास कार्य किया गया खेल के क्षेत्र में, तालाब संधारण कार्य, अंग्रेजी भाषा स्कूल खोल गया। नेहरू नगर बायपास टोल प्लाजा शुल्क मुक्त किया गया साथ ही सड़को नलियों का निर्माण कार्य किया गया है ।कांग्रेस पार्टी की सरकार ने वैशाली नगर विधान सभा के विकास कार्य किया गया है । कांग्रेस ने जो राज्य में कार्य किया गया है उस लोगो मे पार्टी के प्रति विश्वास पूरे राज्य में दिख रहा।

# माता रमाई के कलाकारों ने सिखा अभिनय के गुर



**भिलाईनगर,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। नीतू राज फिल्म प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनने वाली सामाजिक फिल्म त्यागमूर्ति माता रमाई की तैयारियां जोरों पर चल रही है। इस सिलसिले में एक्टिंग वर्कशॉप का समापन डॉ अंबेडकर सामुदायिक भवन झिरिया पारा रूआबांधा बस्ती में हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम प्रभारी सातवीं बटालियन भिलाई थी। कार्यशाला में कलाकारों को अभिनय कला सिखाई गई। इस फिल्म के माध्यम से छत्तीसगढ़ के कलाकारों को उनकी अभिनय क्षमता के आधार पर फिल्म में काम करने का मौका दिया जा रहा है। इस दौरान प्रज्ञा मेश्राम ने माता रमाई की त्याग और संघर्ष को सारी दुनिया के सामने लाने वाले इस फिल्म के प्रोड्यूसर एडायरेक्टर और कलाकारों का अभिनंदन किया और भिलाई भूमि से माता रमाई के त्याग पर हिंदी फिल्म निर्माण की सोच और क्रियान्वयन की सराहना की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाबासाहेब की सफलता के पीछे माता रमाई के त्याग संघर्ष का संदेश पूरे विश्व में जाएगा और दुनिया की हर महिला माता रमाई की जीवनी से प्रेरित होगी। इस दौरान झिरिया पारा की बौद्ध महिलाओं ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम का अभिनंदन किया। फिल्म के माध्यम से डॉ. अंबेडकर की जीवन संगिनी माता रमाई के जीवन के त्याग व संघर्ष को पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का प्रयास है। यह फिल्म एक तरह से हर उस महिला की कहानी है जो पर्दे के पीछे रहती है और पुरुष की सफलता की कहानी गढ़ती है। इस फिल्म के लेखक निर्देशक कबीरदा, संगीतकार दिनेश अर्जुना, बांसुरी वादक मिलिंद सेवरे, गायक दिनेश, अर्जुना, गायिका वैशाली माडे सहित कई ख्यातिलब्ध हस्तियां शामिल है। फिल्म के गीतों को कृष्णा रावत और गौतम शेंडे ने लिखा है। वहीं कृष्णा चौहान, राजकुमार रामटेके, प्रवीण वासनिक व शैलेंद्र भगत भी विशेष रूप से इस फिल्म से जुड़े हैं। असिस्टेंट डायरेक्टर अशोक देवलिया व सार्थक बोरकर है। फेमस वर्सेटाइल एक्टर अभिनेता राजा मुराद और ओंकार दास मानिकपुरी सहित कई अन्य जाने माने टीवी सीरियल के कलाकार इस फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। थाईलैंड से भंते सिद्ध रतन ने भी फिल्म की कामयाबी के लिए मंगल कामनाएं व्यक्त की है।

# त्यौहार पर महंगाई भत्ते की स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने रखी मांग

**भिलाईनगर**, 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री व प्रदेश प्रवक्ता सैय्यद असलम ने राज्य सरकार से राज्य के अधिकारी कर्मचारियों व पेंशनर्स को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता जुलाई 2023 से बढ़ाने की मांग किया है प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम व प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा ने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता कल केंद्र सरकार ने बढ़ाया है। जिससे उन्हें अब 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता दर से भुगतान होगा जबकि राज्य के अधिकारी कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता दर से वेतन भुगतान हो रहा है प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि वर्तमान में दशहरा दीपावली छठ ओर गुरूनानक जंयती जैसे बड़े पर्व है। केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता ओर बोनस दिया है। राज्य सरकार के कर्मचारियों को अगर महंगाई भत्ता की 4 प्रतिशत दर बढाई जाता है तो त्योहारों के सीजन में अच्छा रहेगा । जब जब केंद्र सरकार महंगाई भत्ता बढाती है तो राज्य सरकार उसके अनुरूप राज्य में महंगाई भत्ता दर बढा सकतीं हैं मांग करने वालों में संरक्षक ओ पी शर्मा, प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा, महामंत्री सैय्यद असलम, अश्वनी गुर्देकर, आर डी दीवान, कार्याकारी प्रांताध्यक्ष रविन्द्र तिवारी, प्रदीप बोगी, उप प्रातांध्यक्ष प्रमेश पाल, बी के शुक्ला, पी सी जेम्स, अजय सिंह परिहार, भूपेंद्र राय, श्रीमती प्रदीपी सरकार, श्रीमती सबीना मंसूरी, एस पी देवांगन, एस एस सोनी, अनिल पांडेय, श्रीमती जैकलीन डान, नर्सेस प्रकोष्ठ अध्यक्ष शयमा देवी, एस के पांडेय, अजय नायक, सत्येन्द्र गुप्ता, मोहन राव, अनिल गढेवाल, प्रफ्फुल पाल, अन्नू राव सहित पदाधिकारी ने की है। शिव से प्राप्त शक्तियों द्वारा हर मानव अपने में व्याप्त बुराइयों का संहार कर सकता है।

# चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ



**भिलाईनगर** 20 अक्टूर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सडक्-2, सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम ग्राउंड में चैतन्य देवियों की भव्य आकर्षक झांकी का शुभारंभ हुआ। जिसमें ध्वनि एवं प्रकाश के अद्भूत समायोजन से शिव की शक्ति राजयोग साधनारत ब्रह्माकुमारी बहनों को चैतन्य देवी मूर्ति रूप में दिखाया गया हैं। विशाल अलौकिक झांकी में पर्वतों एवं अंतरिक्ष से चैतन्य देवियां रहस्यमय ढंग से प्रगट हो रही है। पर्वतों के मध्य एवं धरती के गर्भ से सिंह पर सवार मां जगदंबा प्रकट होकर विकारों और बुराइयों का प्रतीक महिषासुर का वध का दृश्य सभी को मंत्रमुग्ध करता है। कमलपुष्प पर विराजमान माँ लक्ष्मी जी के दर्शन होते है, और दूसरी ओर मां सरस्वती को हंस पर विराजित होते हुए दिखाया गया है और मां काली एवं देवी उमा को गुफा से निकलकर दर्शन देते हुए दिखाया गया है। एक के बाद एक प्रगट हो रही मूर्ति रूप में चैतन्य देवियों से सभी भक्तजन शक्ति प्राप्त कर अपनी जीवन की बुराइयों को अर्पण कर रहे है। जिसे झांकी के अंत में राजयोग मेडिटेशन कमेंट्री द्वारा प्रेरणा दी जा रही है। ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा राजयोग की सतत साधना और गहन तपस्या के फलस्वरूप मन की एकाग्रता एवं शारीरिक स्थिरता द्वारा चैतन्य देवियों के रूप में विराजित होती हैं तो वह सजीव होते हुए भी एकदम निर्जीव मूर्तियों के समान प्रतीत होती हैं। कुछ पल उस वातावरण में बैठने से भक्तों को उनके द्वारा प्रवाहित शान्ति और शक्ति के प्रकम्पनों की अलौकिक अनुभूति होती है। इस सम्पूर्ण झांकी में यह संदेश दिया जा रहा है की आसुरी वृत्तियों और बुराइयों को शिव से प्राप्त शक्तियों के रूप में हर मानव अपने में व्याप्त बुराइयों का संहार कर सकता है। यह झांकी 23 अक्टूबर तक शाम को 6. 30 से रात्रि 10 बजे तक रहेगी।

# जांच टीम ने कलेक्टर को सौंपा रिपोर्ट, मामला राम मंदिर जमीन अदला-बदली का

**बेमेतरा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। राम मंदिर भूमि हस्तांतरण का मामला जांच टीम की रिपोर्ट से नामांतरण की प्रक्रिया गलत पाई गई है, तीन सदस्यि टीम के द्वारा जमीन अदला बदली को लेकर जांच की गई जिसमें नामांतरण की प्रक्रिया को नियम विरुद्ध पाया गया है,जिसकी रिपोर्ट जांच कमेटी ने कलेक्टर पी एस एल्मा को सौप दिया है। इस संबंध में कलेक्टर पी एस एल्मा का कहना है की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुका है और नामांतरण की प्रक्रिया नियम विरुद्ध पाई गई है ट्रस्ट की जमीन का हस्तांतरण नहीं हो सकता उन्होंने बताया कि मामला हाईकोर्ट में लगा हुआ है, हाई कोर्ट के संज्ञान में है तथा हाई कोर्ट के निर्देश के अनुसार ही आगे की प्रक्रिया की जाएगी। गुरुवार को इस मामले को लेकर सनातन हिंदू समाज के आदित्य सिंह राजपूत ,अनशन में बैठी पार्षद नीतू कोठारी ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा , हर्षवर्धन तिवारी ,विजय सुखवानी ,अजय तिवारी ,पार्षद नीलू राजपूत ,राकेश मोहन शर्मा ,महेश राजपूत ,चंद्रशेखर सिंह राजपूत, गोलू कोसले ,रोशन दत्ता आदि लोगो ने कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर जांच रिपोर्ट की कॉपी प्रदान करने की मांग की है। सनातन समाज के सदस्यों ने कहा है कि



सनातन हिंदू समाज के द्वारा राम मंदिर ट्रस्ट की भूमि के अवैध हस्तांतरण के विरुद्ध दिए गए आवेदन पर 15 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट का आश्वासन कलेक्टर द्वारा दिया गया था 15 दिवस जाने के पश्चात भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाने पर सनातन हिंदू समाज के प्रतिनिधि ने कलेक्टर से मिलकर जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की कलेक्टर द्वारा जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं किए जाने की बात कही गई आवेदन करने पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई एवं कलेक्टर द्वारा यह कथन किया गया कि जानबूझकर सनातन हिंदू समाज के बैनर तले 2022 के मामले को 2023 सितंबर में उठाया जा रहा है। जिस पर सनातन समाज के प्रतिनिधियों ने बताया की सितंबर माह में यह मामला हमारे संज्ञान में आया जिसकी सत्य प्रतिलिपि प्राप्त होने के पश्चात 15 सितंबर से आंदोलन आमरण धरना बेमेतरा बंद जैसे अनेक कार्यवाही की जाने पर प्रशासन द्वारा जांच कमेटी बनाकर 15 दिवस में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही गई किंतु 15 दिवस बीत जाने पर भी जांच रिपोर्ट अप्राप्त शीघ्र ही जांच रिपोर्ट की मांग की गई अन्यथा कार्यवाही नहीं की जाने पर आंदोलन को जारी रखने की बात कही गई मांग करने वाले में प्रमुख रूप से सनातन हिंदू समाज के आदित्य सिंह राजपूत ,अनशन में बैठी पार्षद नीतू कोठारी ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंह, हर्षवर्धन तिवारी ,विजय सुखवानी ,अजय तिवारी (जिला पंचायत उपाध्यक्ष )पार्षद नीलू राजपूत ,राकेश मोहन शर्मा ,महेश राजपूत ,चंद्रशेखर सिंह राजपूत, गोलू कोसले ,रोशन दत्ता, सहित अनेक सनातन हिंदू समाज के कार्यकर्ता उपस्थित थे सभी ने एक स्वर में मांग की है जल्द ही जांच सार्वजनिक कर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें और राम मंदिर की जमीन भगवान राम मंदिर ट्रस्ट को वापस किया जाए.।

# संगवारी मतदान दल एवं दिव्यांग मतदान दलों का प्रशिक्षण संपन्न

**बेमेतरा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में आज विधानसभा निर्वाचन के सन्दर्भ मे निर्मित संगवारी मतदान केंद्रों एवं दिव्यांग मतदान केन्द्रो के अधिकारियों के द्वारा संचालित मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। साथ ही मतदान वितरण एवं जमा हेतु नियुक्त एवं प्रथम प्रशिक्षण मे अनुपस्थित कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण मे जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के द्वारा मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया से परिचित कराया गया, मतदान मशीन (ई वी एम) को जोड़ने, सील करने एवं उसकी सम्पूर्ण क्रिया विधि का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया साथ ही प्रशिक्षण लेने वालों ने मशीन का प्रायोगिक संचालन करके देखा। मास्टर ट्रेनर ने मतदान के दौरान की जाने वाली सभी गतिविधियों जैसे मॉक पोल, निविदत्त मत, चैलेंज मत, परीक्षण मत आदि की जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के प्रभारी एस डी एम उर्वशा, सहायक नोडल अधिकारी अरविंद मिश्रा एवं सुनील तिवारी ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उक्त प्रशिक्षण मे जिले मे निर्मित 30 संगवारी मतदान केंद्रों एवं 3 दिव्यांग मतदान केंद्रों के तथा रिजर्व अधिकारी उपस्थित थे 7



- जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया समझायी
- प्रशिक्षण लेने वालों ने मशीन का प्रायोगिक संचालन करके देखा

# आज निर्वाचन अधिसूचना जारी होने के साथ मिलने शुरू हो जायेगें नामांकन पत्र

**बेमेतरा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र की कल 21 अक्टूबर 2023 (शनिवार) निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र प्रदाय और प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सार्वजनिक अवकाश दिवसों (छुट्टी) और महीने के (चौथे शनिवार)को नामांकन पत्र नहीं मिलेंगे और ना ही जमा होगें। इस प्रकार 22 अक्टूबर (रविवार) 24 अक्टूबर (दशहरा) 28 अक्टूबर (चौथा शनिवार) और 29 अक्टूबर (रविवार) को नामांकन संबंधी प्रक्रिया नहीं होगी। 30 अक्टूबर 2023 (सोमवार) तक नामांकन जमा होंगे नामांकन भरने वाले अभ्यार्थियों को केवल तीन वाहन ही संयुक्त जिला कार्यालय (रिटर्निंग कार्यालय) के 100 मीटर के दायरे में आने की अनुमति होगी।



- नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर
- कलेक्टरएल्मा ने नामांकन संबंधी तैयारियों को दिया अंतिम रूप

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीपी एस एल्मा ने तैयारी को अंतिम रूप दिया । उन्होंने आज संयुक्त जिला कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के नामांकन कक्ष का भी अवलोकन किया । कलेक्ट्रट के कक्ष क्रमांक 31 में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा नामांकन पत्र दिये जाएगे । इसी प्रकार विधानसभा क्रमांक 69 बेमेतरा कक्ष क्रमांक 2 और विधानसभा क्रमांक 70 का नामांकन कक्ष क्रमांक 6 में जमा होगा । कलेक्टर ने सभी कक्षो पर की गई तैयारियों के साथ पंजी प्रक्रिया का भी अवलोकन किया ।

कलेक्टर के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल बाजपेयी,सी.एल. मारकण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारीउमाशंकर बंदे साथ थे । विधानसभा साजा के एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफीसरविश्वास राव मास्के, नामांकन फार्म लेगे, बेमेतरा, के नामांकन एसडीएम रिटर्निंग आफिसर सुश्री सुरूचि नामांकन प्राप्त करेंगी इसी प्रकार विधानसभा नवागढ़ क्षेत्र के नामांकन एसडीएम रिटर्निंग आफिसरभूपेन्द्र सिंह नवागढ़ प्राप्त करेंगें।

# जिले में ईवीएम तथा वीवीपैट मशीनों का पहला रेंडमाइजेशन हुआ

- राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद
- सभी राउंड पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की संतुष्टि के बाद ही प्रक्रिया फाइनल की गई



**बेमेतरा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए जिले की तीनों विधानसभा क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों की ईव्हीएम, वीववीपैट मशीनों का पहला रेंडमाइजेशन आज यहां संयुक्त जिला कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीपी.एस. एल्मा की देखरेख में आयोजित हुआ। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल बाजपेयी,सी.एल. मारकण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारीउमाशंकर बंदे एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफीसर बेमेतरा, सुश्री सुरूचि सिंह,विश्वास राव मास्के, साजा औरभूपेन्द्र सिंह नवागढ़ उपस्थित थे ।

कलेक्टर एवं जिला निववार्चन अधिकारीपी.एस. एल्मा ने बताया कि रेंडमाइजेशन के तहत ईवीएम व वीवीपीएटी मशीनों को विधानसभावार आवंटन की प्रक्रिया हुई। उन्होंने कहा कि रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया आपके समक्ष पारदर्शी तरीके से कंप्यूटर पर उपलब्ध निर्वाचन आयोग के (ईएमएस) साफ्टवेयर का उपयोग कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपीएटी का पहला रेंडमाइज किया गया है। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के सभी राउंड पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की संतुष्टि के बाद ही प्रक्रिया फाइनल की गई ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तीनों विधानसभा के लिए कुल 270 मतदान केन्द्र है। जिनमें तीन मतदान केन्द्र (औक्सिलारी) सहायक के रूप में है। उन्होंने बताया कि जिले में बनपाये गए मतदान केन्द्रों की तुलना में बेमेतरा निर्वाचन कार्यालय के पास 128 प्रतिशत वीवीपीएटी के साथ-साथ 120 प्रतिशत बैलेट यूनिट (बीयू) और कंट्रोल यूनिट (सीयू) है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन अतिरिक्त मशीनें आरक्षित (रिर्जव) रखी जायेगी । श्री एल्मा ने कहा कि निर्वाचन अभ्यर्थियों का अपने खर्च की सीमा का पता होना चाहिए। प्रत्येक प्रत्याशी निर्वाचन में 40 लाख रुपए तक खर्च कर सकता है। उन्होंने कहा कि किसी प्रत्याशी या राजनीतिक दल के संबंध में आदर्श आचार संहिता संबंधित कोई शिकायत है, तो वह सी-विजिट एप पर की जा सकती है। इस ऐप पर शिकायत आने के बाद 100 मिनट के अंदर की जाती है। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यार्थियों और राजनीति दल आदर्श आचार संहिता का पालन करें ।

# वोट के लिए आचार संहिता में कर्मचारियों का दुरूपयोग घोर निंदनीय, निर्वाचन आयोग संज्ञान ले : डॉ सियाराम

- शासकीय कर्मचारी का दुरूपयोग कर दबाव बनाकर मत परिवर्तन कराने की कोशिश लोकतंत्र की हत्या




**कवर्धा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता कर पूर्व विधायक सियाराम साहु ने कटंगी कला में बीट गार्ड द्वारा ग्रामीणों पर दबाव बनाये जाने के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दो दिन पूर्व कवर्धा विधानसभा में जो मामला सामने आया है वह निंदनीय है ऐसे मामले पर स्वत- सज्ञान लेकर निर्वाचन आयोग और जिला निर्वाचन अधिकारी को कार्यवाही करनी चाहिए 7

उन्होंने बताया कि ग्राम कटंगी कला में 18 तारिक को तकरीबन 11 बजे कटंगी बीट का वन कर्मी गावं आता है और कहता है मो. अकबर जो वन मंत्री है उन्हें वोट करें अन्यथा ग्रामीणों को शासन से प्राप्त वन पट्टा फर्जी कहकर निरस्त किया जायेगा . इस वक्तब्य से ग्रामीणों में भय का माहौल है वे जिन्हें चुनना चाहते है उन्हें मत न देकर दबाव में मतदान करेंगे 7 यह एक प्रकार से लोकतंत्र की हत्या है .उन्होंने कहा हम भी 15 वर्षो तक सरकार में रहे पर निर्वाचन हमेशा निष्पक्ष हुआ . इस पुरे मामले में कटंगी कला के ग्रामीणों ने मीडिया के समक्ष भी अपनी बात रखी है . कल से ग्रामीणों का वीडियो भी सोशल मिडिया में वायरल है किन्तु अब तक निर्वाचन विभाग मौन है यह दुर्भाग्य पूर्ण है . आचार संहिता उल्लघन से जुड़ा यह गम्भीर उल्लघंन है जहाँ बलपूर्वक दबाव बनाकर मत परिवर्तन की कोशिश की जा रही है ,इस तरह के गम्भीर अपराध और आरोप की तुरंत जाँच कर सबंधित अधिकारी या कर्मी पर कार्यवाही सुनिश्चित कर सार्वजानिक करना चाहिए . ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न घटे .

उन्होंने राजनितिक टिप्पणी करते हुए कहा यदि जनता के ऊपर कांग्रेस प्रत्याशी को भरोसा नही रहा .या 5 साल जो दबाव की राजनीति की उसके परिणाम से डर लग रहा है .तो अपने डर का सार्वजनिक उदघोस करे . छोटे छोटे कर्मचारियों पर दबाव बनाकर इस तरह की राजनीति करना अशोभनीय है .

उन्होंने ग्राम सिवनी कला के ग्रामीणों के आरोप का भी जिक्र किया .सिवनी कला में बीएलओ के जानकारी के बगैर मतदाता सूची में वहां निवास न करने वालो का नाम जोडा गया है . उन्होंने कहा हमारे विधिक प्रकोष्ट ने लिखित शिकायत की है लेकिन आज पर्यन्त कोई जवाब तलब निर्वाचन विभाग ने नही किया . क्या निर्वाचन विभाग भी शासन के दबाव में काम कर रही है .

प्रेस वार्ता में भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा ,कवर्धा विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र वैष्णव ,जिला अध्यक्ष अशोक साहू ,महामंत्री संतोष पटेल ,उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा सिवनी व कटंगी कला के ग्रामीण उपस्थित रहे . ग्रामीणों ने भी मिडिया के समक्ष अपनी बात रखी .

# अमलीडीह कला के स्कूल में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**खैरागढ़,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में 20 अक्टूबर को समाज कल्याण विभाग व महिला बाल विकास विभाग सहित शिक्षा विभाग के तत्वाधान में दिव्यांग एवं वृद्धजनों का सम्मान कर मतदान करने के लिए आग्रह किया गया।




- दिव्यांग व वृद्धजनों का किया गया सम्मान

15 दिव्यांग व वृद्धजन सहित महिला समूह के सदस्यों का पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात मतदान के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई वीवीपेट व ईवीएम मशीन के संबंध में भी उनकी समस्या को दूर किया गया। उसके पश्चात कार्यक्रम में सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए मतदाताओं को शपथ दिलाया गया।

कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं संयुक्त कलेक्टर आभा तिवारी, सहायक नोडल अधिकारी के के वर्मा जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी आर के जम्बुलकर, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक गणेश राम वर्मा, राम अवतार साहू, प्रमोद चौधरी, अशोक तिवारी, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह कला के प्रधान पाठक रूपेश कुमार देवांगन, सुपरवाइजर बीना उसारे बीएलओ गीता वर्मा, बिनदू मानिकपुरी, शिक्षक तेजराम वर्मा, कृष्ण प्रसाद वर्मा, सहित पंचायत सचिव संजय वर्मा कार्यक्रम में उपस्थित

# आचार संहिता लगने के बाद पुलिस द्वारा सभी वाहनों की जा रही चेकिंग

**गुरुर,** 20 अक्टूबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न दिशा निर्देश जारी किया गए हैं। आचार संहिता लगने के बाद सभी जगह इसका कड़ाई से पालन कर जा रहा है।



वही गुरुर पुलिस द्वारा भी आचार संहिता लगने के बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं मुख्य मार्ग से गुजरने वाले सभी वाहनों की चेकिंग की जा रही है। शुक्रवार को देर शाम पुलिस थाना के सामने मुख्य मार्ग से गुजरने वाले सभी वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा बालोद एवं धमतरी की तरफ से होकर आने वाली सभी वाहनों को रुकवा कर वाहन की तलाशी ली गई।

इस दौरान पुलिस द्वारा आचार संहिता का पालन एवं यातायात के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए भी अपील की गई। वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा वाहन में अवैध शराब, प्रतिबंधित सामग्री जैसे अन्य वस्तुओं की तलाशी ली गई जहां किसी प्रकार से कोई प्रतिबंधित सामग्री नहीं मिला।

# वैश्विक महामारी कोरोना मे किट खरीदी मे करोड़ो का भ्रष्टाचार, आपदा बना अवसर ?

- कारनामों से भरा है अधीक्षक डॉ बेक का कार्यकाल !

**राजनांदगांव,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। महामारी पर किसी ने सच्च ही कहा था कठिन समय में कोई अपने जीवन के लिए संघर्ष करता है तो कोई आपदा कोई अवसर बनाकर उसमें भी अपनी भ्रष्टाचार की रोटी सेंकने की जुगत मे लगा होता है ।सर्व विदित है कि देश के कोरोना महामारी से अत्यंत कठिन दौर में भयभीत जनजीवन की स्थिति में वैश्विक महामारी कोरोना का गुजरा दौर शायद ही कोई भूल पाया होगा। जिस तरह भयानक लॉकडाउन की स्थिति ने लोगों को अपने गुर्जर बसर को लेकर चिंता मे डाल रखा था तो कोई हजारों किलोमीटर का सफर पैदल ही चलने मजबूर था विभत्स नजारों ने जीवन मुहाल कर रखा था। स्थिति हर पल की वह शायद अपनों के बीच जिंदा पहुंच पाएगा या नहीं या अपने सुरक्षित रह पाएंगे या नहीं, समूचे राष्ट्र में भयाक्रांत स्थिति और लोग अपनी जान बचाने के जद्दोजहद मे । वही दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अमले के अधीक्षक आपातकाल में आई हुई राशि मे सेंध मारी किए जाने के हतकंडे मे मशगूल ,स्वास्थ्य विभाग के कतिपय लोग जिन्होंने




ऐसा अवसर जो शासकीय राशि को अपने जेब भरने का साधन बना लिया है जिसके परत दर परत कारनामों ने शोध को हिला कर रख दिया है ।शासन ने बड़े समर्पण और तन्मयता से स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा की दृष्टि से स्वास्थ्य कर्मचारी को अधिकारियों को सुरक्षा किट खरीदने की ज़िम्मेदारी दी ताकि कठिन दौर मे महफूज रह कर लोग मानव सेवा के काम मे अपनी ईमानदारी की ड्यूटी का निर्वहन कर सके। शासन ने करोड़ों रुपयों का आवंटन उपलब्ध कराया था। जिसे मनमानी तरीके से खर्च करने के उद्देश्य से अधीक्षक डॉक्टर बेक ने आनन फानन में क्रय समिति का गठन कर सुरक्षा कीट क्रय हेतु कमेटी से अनुमोदन पश्चात रायपुर के एक प्रतिष्ठान से 41 लाख 65 हजार का सुरक्षा किट मात्रा ( 8000नग) एक ही किट को अलग अलग दर पर खरीदा गया सुरक्षा किट क्रय का अनुमोदन लिया इस अनुमोदन के आधार पर यही डॉक्टर बेक ने पुन: 34 लाख तीस हजार का अनुमोदन लिया इस अनुमोदन के आधार पर यही डॉक्टर बेक ने पुन: (भिन्न भिन्न दरो) वाला किट 6000नग खरीदा। इतने से ही संतुष्ट न होकर राजनंदगांव के स्थानीय फर्म से सबसे महंगी किट 3463(तीन हजार चार सौ तिरसठ रुपए) प्रति नग की दर पर स्थानीय राजनांदगांव के एक मेडिकल सप्लायर से खरीदा गया इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि कम दामों वाले कीट को रायपुर राजधानी से खरीदा गया और महंगे किट को राजधानी की बजाय राजनांदगांव से खरीदा गया यह अत्यंत चौंकाने वाला विषय है। कि आखिर किट की ऐसी कौन सी खासियत रही होगी जिसे 7 गुना अधिक दर पर खरीदा गया। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की क्या मंशा थी 7 गुना अधिक दर पर क्रय किया गया इससे स्पष्ट है की सुरक्षा के लिए किट खरीदी में विभिन्न दरों , विभिन्न स्तरों से स्वास्थ्य अधिकारियों कर्मचारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत कीट की खरीदी की गई। स्वास्थ्य कर्मचारी एवं अधिकारियों की जान की कीमत शासन के नजरों में वैश्विक महामारी का दौरान भी भेदभावपूर्ण रही यह इस बात को भी प्रमाणित करता है। भिन्न दरों पर पृथक पृथक गुणवत्ता के किट खरीदे गए यह निश्चित ही अमानवीय दृष्टिकोण रहा होगा। सबसे बड़ी चौकाने वाली बात तो यह है कि सस्ती दर की किट राजधानी से खरीदी गई और महंगी किट राजनांदगांव से खरीदी की गई आखिर इसके पीछे ऐसी क्या वजह है। यह तो जांच के बाद ही पुख्ता हो पाएगा पर इसमें कहीं कोई संशय की स्थिति नहीं की वैश्विक महामारी जैसे अत्यंत ही कठिन दौर में भी भ्रष्टाचार को अंजाम देने की सूझबूझ काफी सक्रिय रही।

के आपातकाल के सारे नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए जन सेवा की आड़ में करोड़ों रुपए की खरीदी की निविदा अपने चहेतों को लाभान्वित करने की दृष्टिकोण से कराई गई जबकि शासन के नियमों के तहत् 20 लाख के अधिक की खरीदी पर प्रदेश स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर समाचार पत्रों या इंटरनेट के माध्यम से निविदा मांगा जाना चाहिए लेकिन करोड रुपए के किट पर अपने चहेते को बुलाकर निविदा लिया गया। आपातकाल महामारी मे इस कदर अनियमिता हुई कि स्टॉक पंजी में क्रय किए गए सुरक्षा कीट की न तो चालिटी न हीं दर दर्शाया गया केवल विभिन्न स्वास्थ सस्थाओ को प्रदाय बताया गया आवश्यक लोगों को किट प्रदान किया गया इसके पहले अध्ययन अवकाश के दैनिक वेतन भोगी की नियुक्तियों में भी गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं और सबसे बड़ी बातें यह है कि मेडिकल कॉलेज के स्थापना दिनांक 2014 से अब तक राजनांदगांव जिले में मेडिकल अधीक्षक पद पर आसीन है । यदा कदा शासन ने दिखाने के लिय क्षणिक समय के लिए हटाया जरूर गया था ताकि मेडिकल कॉलेज में स्थायित्व स्थिति बरकरार रखने में कोई तकनीकी खामी ना आ सके यही कारण है कि लंबे समय तक अधीक्षक डॉक्टर बेक डटे हुए हैं। और अपने मंसूबों को साधने की दिशा मे सबसे अव्वल नजर आते है। सबसे बड़ी बात यह है कि गंभीर आरोप लगने के पश्चात भी आखिर क्या वजह है जिसमें स्वास्थ्य सचिव स्वास्थ्य आयुक्त भी अधीक्षक के कार्यकलापों की जांच को लेकर अपना रुख अख्तियार करने मे उदासीन है।

# रेलवे द्वारा अचानक दिए गए नोटिस से हैरान-परेशान कब्जाधारी

## व्यवसायरत लगभग 400 लोगों को दक्षिण पूर्व रेल्वे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता के आदेश

**नवापारा राजिम,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर में रेलवे के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट राजिम रैकयार्ड के चलते नगर के वार्ड क्रमांक 5 इंदिरा मार्केट स्थित रेलवे की जमीन पर वर्षों से मकान व दुकान निर्माण कर निवासरत और व्यवसायरत लगभग 400 लोगों को दक्षिण पूर्व रेल्वे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता के आदेश पर कविता साहू द्वारा लगातार तीन दिनों से नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर अपना कब्जा हटाने कहा गया है। बाकायदा घरों व व्यावसायिक दुकानों को टेप से नापकर नोटिस दी जा रही है। रेलवे द्वारा अचानक दिए गए नोटिस से हैरान-परेशान कब्जाधारी लोग रेलवे की कार्रवाई को फिलहाल टालने, मुख्य राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के चक्कर काटना शुरू किए।




वहीं कुछ दिनों पूर्व ही रेल्वे से नोटिस मिलने के बाद वार्ड नं. 05 के पार्षद एवं सभापति अजय कोचर के नेतृत्व में वार्डवासी विधायक धनेन्द्र साहू से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की थी। क्षेत्र के कांग्रेस विधायक धनेंद्र साहू ने भी इस दिशा में मानवीय पहल करने की बात कही है। हालांकि इसके बावजूद गुरुवार को रेलवे के अधिकारी इंदिरा मार्केट पहुंचे और अतिक्रमण मुक्त कराई जाने वाली जगहों को चिन्हांकित कर चले गए हैं।

पूर्व पालिका अध्यक्ष और भाजपा नेता विजय गोयल ने इस मामले के अलावा रेलवे के प्रोजेक्ट से संबंधित 3 अन्य जनहित के मुद्दों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के संज्ञान में लाकर रेल मंत्री से इस दिशा में रियायत दिलाने की मांग की, जिस पर डॉ. सिंह द्वारा तत्काल दूरभाष पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा किया । साथ ही श्री गोयल को भोपाल में रेल मंत्री वैष्णव से व्यक्तिगत मिल एक आवेदन सौंपने निर्देशित किया, जिस पर श्रीगोयल ने भोपाल पहुंचकर रेल मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा है, जिस पर रेल मंत्री द्वारा आवश्यक कार्रवाई हेतु आश्वस्त किया गया है।

बहरहाल रेलवे के नजरिए से अगर इस मामले को देखा जाय तो, अब तक रेलवे की जमीन पर निवास व व्यवसायरत लोगों को, रेलवे का शुक्रगुजार होना चाहिए कि रेल्वे ने इतने वर्षों तक उन लोगों को अपनी जमीन बिना किसी टैक्स या किराए के उपभोग करने दी है। वहीं रेल्वे ने दीपावली तक का समय कब्जा खाली करने हेतु दिया है, उसके बाद भी कब्जा नहीं हटाने पर दीपावली के बाद कभी भी कब्जामुक्त कराया जायेगा।

अगर मामले के मानवीय पहलू को देखा जाए तो लोगों को बेघर कर देने से गरीब परिवारों पर क्या गुजरेगी ? यह समझा जा सकता है । हो सकता है कि ऐसे में कल को अगर रेलवे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करता है, तो यहां निवासरत व व्यवसायरत लोग भावावेश में स्वयं के साथ कुछ अप्रिय घटना कारित कर सकते हैं । ऐसे में रेलवे को यह बात समझनी होगी कि कब्जा हटाने से पूर्व प्रभावित (बेघर) हो रहे लोगों को राज्य सरकार के सहयोग से किसी भी तरह सम्मानपूर्वक व्यवस्थापित करे ।

विदित हो कि नवापारा में लगभग 130 वर्षों से रेलवे का राजिम रेलवे स्टेशन स्थापित है । कुछ वर्षों पहले तक रायपुर से नवापारा के इसी राजिम रेलवे स्टेशन तक छोटी लाइन की रेल सेवा चालू थी, जिसे लोग छुकछुकिया रेलगाड़ी भी कहते थे । छुकछुकिया, नवापारा और इस मार्ग में आने वाले ग्रामों के गरीब लोगों के लिए एक लाइफलाइन के समान थी । गरीब लोग नाममात्र सस्ते दर पर रायपुर से अपने गंतव्य तक आना-जाना कर लेते थे । छुकछुकिया के बंद होने के बाद से ही इंदिरा मार्केट में निवासरत व व्यवसारत कब्जाधारियो को एहसास हो गया था कि वह अब ज्यादा दिनों तक इस जमीन पर नहीं रह पाएंगे, लेकिन आर्थिक रूप से काफी कमजोर इन लोगों के पास अपने व्यवस्थापन के लिए पैसा नहीं होने से, वे अब तक अपने व्यवस्थापन के लिए पहल नहीं कर पाए हैं।

# कांग्रेस नेता ऋत्विक मिश्रा द्वारा पत्रकार के साथ की गई मारपीट की घटना पर पत्रकारों में आक्रोश

## श्रमजीवी पत्रकार संघ ने की कडी कार्रवाई की मांग

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। कसडोल में सभी दुर्गा समितियों का दुर्गा स्थापित करने के पूर्व शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें दुर्गा की मूर्ति स्थापना करने दशहरा त्यौहार मनाने को लेकर शांति से एकमत होकर सब ने सहमति दी थी और पूरे नगर के किसी भी दुर्गोत्सव समिति द्वारा गरबा का कार्यक्रम नहीं कराने की बात को लेकर सभी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इन सबके बीच मे गरबा का कार्यक्रम अपने दम पर कराने को लेकर बीते दिवस कांग्रेस नेता और नगर पंचायत के उपाध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा द्वारा पत्रकार गुनिराम साहू के ऊपर गायत्री चौक में मारपीट की गई जो कि पूरा मामला सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है। सीसीटीवी फुटेज में मौजूद मारपीट की विडियो में लगातार कांग्रेस नेता मारपीट कर रहे है, जिसकी निंदा अब नगर में हो रही है। वही इस घटना से पूरे कसडोल नगर में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। उक्त घटना को लेकर पत्रकारों में भी आक्रोश व्याप्त है। श्रमजीवी पत्रकार संघ ने उक्त घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की गयी है।

कांग्रेस पार्टी की छवि हो रही धूमिल- इधर घटना के बाद कांग्रेस नेता ऋत्विक मिश्रा द्वारा किये गए मारपीट का वीडियो वायरल होने पर कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। पत्रकारों के हितों और उनकी सुरक्षा की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी के नेता जब सरेआम किसी पत्रकार के ऊपर मारपीट करेंगे तो भला सरकार की किरकिरी होना लाजमी है। इधर श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मारपीट की घटना पर घोर निंदा किया हैं। साथ ही आरोपी कांग्रेस नेता को पार्टी से बर्खास्त करने के अलावा जिले के संवेदनशील वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा से मांग किया कि उक्त नेता के खिलाफ151 के तहत अन्य धाराएं भी जोड़ा जाए साथ ही पत्रकार के साथ सरेआम हुई मारपीट पर उक्त नेता के खिलाफप्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया जाए।

कांग्रेस नही करेगी कार्रवाई तो होगा विरोध-शुक्रवार को श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल की बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारियो ने बैठक के दौरान कहा कि अगर जल्द कांग्रेस पार्टी उक्त नेता के खिलाफ कठोर कार्रवाई नही करती तो पत्रकार संघ कसडोल द्वारा कांग्रेस पार्टी के तमाम कार्यक्रम सहित घोषित प्रत्याशी का विरोध किया जायेगा। संघ ने यह भी निर्णय लिया की उक्त नेता के खिलाफ कार्रवाई नही होने तक विरोध जारी रहेगा।

# पिकअप की टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत व दो घायल

**नवापारा राजिम,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। यहां तेज रफ्तार पिकअप ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक्टिवा सवार एक युवक की मौत हो गई है, वहीं दो लोग घायल हुए हैं। मामला गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के अनुसार ग्राम नवागांव छोटे पुलिया के पास एक्टिवा और टाटा एस डीआई की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल हुए है। तीनों युवक कुछ काम से गोबरा नवापारा की ओर आ रहे थे।

इलाज के दौरान एक की मौत

बताया जा रहा है कि ग्राम पाहंदा के रहने वाले डगेश साहू गुरूवार देर शाम अपने दो दोस्तों नीतेश साहू व राकेश साहू के साथ गौरभाठ से नवापारा की ओर आ रहे थे। ये पारागांव पुलिया के पास पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार टाटा एस डीआई सीजी 04 जेडी 4322 ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिर गए वहीं स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा को गई।

घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने तीनों को नवापारा सामुदायिक केन्द्र लाया। जहां इलाज के दौरान नीतेश साहू की मौत हो गई। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

# देवता हरदेलाल में लोगों की आस्था

**नवापारा राजिम**, 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवापारा के सदर रोड में स्थित नगर देवता हरदेलाल का मंदिर है जिसमे नगर के कोई भी धार्मिक कार्य करने से पहले इनका पूजा पाठ किया जाता है लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है की बहुत कम लोगो को इसकी जानकारी है की हमारे नगर में भी कोई देव विराजमान है जो यहां पूजा पाठ के लिए आते है ऐसे लोगो को ही जिनमे कुछ गिने चुने लोग होंगे जिनको मालूम है की यह हरदे लाल देव की मूर्ति स्थापित है ये मदिर साल भर खुला रहता है, लेकिन चहल-पहल नवरात्रि के ही दिनों में देखने को मिलता है इस मंदिर का देखरेख हरदेलाल मां शीतला सेवा समिति के सदस्यों के द्वारा की जाती है समिति के अध्यक्ष पूरन साहू से ज्ञात हुआ कि इस मंदिर परिसर में पार्षदों द्वारा अपने निधि से अनुदान दीप प्रज्ज्वलित कक्ष के निर्माण के लिए दिया गया है जिसका कार्य प्रगति पर है आने वाले नवरात्रि में यहां पर भी मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया जाएगा उक्त जानकारी पंडा। उक्त जानकारी लखन यादव ने दी, साथ ही उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नगर




देवता हरदेलाल नयापारा की सीमा में स्थित घटोरिया दाई शीतला माता ,मौली माता ,सात बहिनिया इनकी बहन है और नरसिंह नाथ ठाकुर देवता सहाड़ देवता उनके भाई हैं चौक चौराहों पर विराजित दुर्गा माता के विसर्जन से पहले समिति के सदस्यों द्वारा सीमा में निवास कर रही इन माता और देवताओं के पास जाकर पूजा अर्चना करते हैं और यही कामना करते हैं की माता का विसर्जन और जोत जावरा विसर्जित हो जाय किसी प्रकार का अनहोनी घटनाएं न हो और नगर में सुख शांति बने रहे यह कार्य चौत्र नवरात्रि में भी होता है शादी के समय दूल्हा दुल्हन को हल्दी लगाने से पहले शादी वाले घर के लोग सबसे पहले माता शीतला को हल्दी लगाते हैं इसके बाद वापस आकर हरदेलाल नगर देवता को हल्दी लगाते हैं उसके बाद इस हल्दी को दुल्हन और दूल्हा पर घर वाले लगाते हैं इतना महत्वपूर्ण देव स्थल होने के बाद भी नगर देवता हरदेलाल के तरफबहुत कम लोगो का ध्यान जाता है।

# सर्व ब्राह्मण समाज महिला विंग द्वारा किया गया नवरात्रि गरबा उत्सव

## प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**बलौदाबाजार,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज महिला विंग बलौदा बाजार के द्वारा दो दिवसीय नवरात्रि गरबा का आयोजन किया गया। आयोजन पंडित वाल्मीकि शुक्ल विप्र वाटिका बलौदाबाजार में एक सप्ताह की प्रैक्टिस और 18, 19 अक्टूबर को फाइनल प्रतियोगिता के रूप में रखा गया। जिसमें नगर की महिलाएं और लड़कियों ने उत्साह से भाग लिया। तीन कैटेगरी में प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सभी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए गए। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन, वेषभूषा और मार्गदर्शन और सांत्वना के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।



सभी विजेताओं में पहले चरण में 10 साल से 15 साल की बच्चियों को पुरस्कृत किया गया। जिनमें ऑल राउंडर मान्यता बाजपेई, गेटअप वामिका शुक्ला, डांस प्रथम पुरस्कार सोनाया विश्नोई, डांस द्वितीय पुरस्कार अदिति त्रिवेदी, डांस तृतीय पुरस्कार अक्षरा जैन, सांत्वना पुरस्कार एंजल गोविंदानी, इशिका वर्मा को प्रदान किया गया। इसी प्रकार दूसरे चरण में 15 से ऊपर वाली बच्चियों में ऑल राउंडर प्रज्ञा शुक्ला, गेटअप प्रतीक्षा वर्मा, डांस प्रथम पुरस्कार दीपाली पटेल, डांस द्वितीय पुरस्कार निकिता दुबे, डांस तृतीय कीर्ति त्रिपाठी, सांत्वना तृषा मेहता तथा शिवानी शर्मा को प्रदान किए गए। तीसरे चरण की प्रतियोगिता जो 19 तारीख को हुई उसमें महिलाओं में ऑल राउंडर स्वाति पांडेय, गेटअप में पायल विश्नोई, डांस में प्रथम सुष्मिता शुक्ला, द्वितीय हिमानी बाजपेई, तृतीय अनीता सोलंकी, सांत्वना पुरस्कार निम्मी साहू और पूजा सिंह को प्रदान किए गए। कार्यक्रम में समाज के महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही जिसमें वरिष्ठ सलाहकार डॉ. निशा झा, अध्यक्ष शैलजा मिश्रा, सचिव ऋचा द्विवेदी, अलका शर्मा, नीतू शुक्ला, आरती दुबे, मनीषा शुक्ला, शशि शुक्ला, रजनी बाजपेई, प्रभा शर्मा, मंजू मिश्रा, रीता बाजपेई, मोना शुक्ला, प्रभा तिवारी, सरस्वती तिवारी, कीर्ति शर्मा, करुणा दुबे, श्रद्धा दुबे, बबली दुबे, स्वाती मिश्रा, नेहा बाजपेई, पिंकी मिश्रा, रोशनी शुक्ला, अर्चना त्रिवेदी प्रमुख रहीं।

# पंचमी में डुबान क्षेत्र के मंदिरों में आशीर्वाद लेकर भाजपा प्रत्याशी रंजना साहू ने किया जनसंपर्क

**धमतरी,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। धमतरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रंजना डीपेंद्र साहू ने नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर पंचमी में गंगरेल मंडल के डुबान क्षेत्र का दौरा करते हुए शीलतरा में विराजमान माता अंगार मोती की छोटी बहन नंदेश्वरी देवी, कोड़ेगांव बी में माता मनकेशरी, बिहार में विराजमान रणवासिनी, माता, मोनगरागहन में शीतला माता, कोलियारी नया में खड़ादेव बाबा, एवं चिखली में विराजमान मावली माता से आशीर्वाद लिए एवं इस दौरान प्रत्याशी रंजना साहू ने मतदाताओं से सघन जनसंपर्क करते हुए कमल छाप पर बटन दबाकर विजय बनाने के लिए अपील किए। इस दरमियान प्रचार करने गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, जिला पंचायत सदस्य दमयंती केशव साहू, भाजपा वरिष्ठ देवनाथ नेताम, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मोनिका देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष अहमद अली, मंडल मंत्री चंद्रहास जैन, पवित्रा दीवान, गीता शर्मा, अनिता यादव, लता अवनेंद्र साहू, अनीश देवांगन, पंकज साहू, जितेश सिन्हा, लोकनाथ साहू, सुरजीत सिंह, घुरवा राम, दिलीप नाग सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नाम निर्देशन पत्र प्रदान व ऑनलाइन पोर्टल में एंट्री करने कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद,** 20 अक्टूबर (देशबंधु)।विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र 39 सरायपाली, 40 बसना, 41 खल्लारी एवं 42 महासमुंद के लिए अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र प्रदान करने एवं अमानत राशि प्राप्त कर सीजीटीएसी काटना एवं अन्य कार्यों के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा भूषण लाल ध्रुव जिला नाजिर महासमुंद, हेमप्रकाश निर्मलकर सहायक ग्रेड.03 और कुलेश कुमार दीवान भृत्य जिला कार्यालय महासमुंद की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार नाम निर्देशन प्रक्रिया के दौरान प्रतिदिन प्राप्त होने वाली जानकारियों एवं दस्तावेजों को निर्धारित वेब पोर्टलध्सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि किए जाने एवं मतदान दिवस को मतपेटियों के संग्रहण के समय पीठासीन डायरी से वोटर टर्नआउट की जानकारी ऑनलाइन पोर्टलध्सॉफ्टवेयर में एंट्री करने एवं मतगणना के समय गूगल शीट आदि प्रविष्टि किए जाने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# जयकारे लगाते निकाली चुनरी यात्रा

**महासमुंद,** 20 अक्टूबर (देशबंधु)। गुरुवार शाम 6 बजे हाईस्कूल मैदान से मां अम्बे के जयकारे लगाते हुए बाजे.गाजे के साथ भक्ति गीतों की धुन पर थिरकते हुए चुनरी यात्रा निकली। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, बबलू हरपाल और गरबा नाइट आयोजन समिति के पदाधिकारी, सदस्यों और नागरिकों के साथ नगर की कुल देवी माँ महामाया माता में 51 मीटर की चुनरी चढड़ाने के लिए यात्रा निकली करीब रात 9 बजे मंदिर पहुंच माता में चुनरी चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग ने लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। चुनरी यात्रा में पालिका के पार्षदों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। यात्रा नेहरु चौक, स्वामी चौक, अम्बेडकर चौक, बस स्टैंड, बिठोबा टॉकीज चौक से होते हुए महामाया मंदिर पहुंची।



# पतई मातेश्वरी मंदिर समिति ने निकाली 301 मीटर की चुनरी यात्रा

**महासमुंद,** 20 अक्टूबर (देशबंधु)। शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर में जगत जननी माँ पतई मातेश्वरी मंदिर में ललिता पंचमी के शुभ अवसर में 301 मीटर चुनरी श्रृंगार यात्रा निकाली गई। यात्रा प्रारम्भ के पूर्व पतई माता समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, सचिव हरीश देवांगन, खोम सिन्हा सुरेन्द्र सिंह ,रोशन पटेल, मदन पटेल, राजू साहू सहित सभी सदस्य द्वारा पूजा अर्चना कर चुनरी यात्रा सिद्ध बाबा मंदिर से भारी संख्या में महिलाओं ने 301 मीटर लंबी चुनरी को अपने हाथों में लेकर चुनरी यात्रा निकाली। 20 से अधिक गावों के जनसमूह संगीत एवं सोनई रुपाई कौनकेरा के झांकी के साथ भव्य रूप से माता के दरबार तक पहुची। इसके अलावा माता के जस गीतों के साथ माता रानी की जयकारा लगाते साथ.साथ चल रही थी। इस यात्रा में माता रानी की 301 मीटर की लंबी चुनरी लोगों के विशेष आकर्षण का केंद्र रही। चुनरी यात्रा सिद्ध बाबा मंदिर जोगीडीपा मंदिर से शुरू होकर पटेवा बस स्टेण्ड बस्ती होते हुए माँ पतई माता के मंदिर में जाकर संपन्न हुई। चुनरी यात्रा नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत भी किया गया। यात्रा के देवस्थान माता मंदिर में पहुंचने पर वहां महिलाओं द्वारा माता को 301 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की गई। । श्री पटेल ने कहा कि चुनरी यात्रा के बाद माँ पतई मातेश्वरी मंदिर में आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। शारदीय नवरात्र पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु मंदिरों में पूजा.अर्चना करने के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर के नवनिर्नमाण के बाद माता रानी का दरबार और भी मनमोहक लग रहा हैं इस अवसर पर मंदिरों को सजाया गया है। लोगों ने सुबह.शाम की आरती में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।



# जांच के दौरान आम नागरिकों को ना हो किसी प्रकार की तकलीफ, रखें इसका ध्यान : कलेक्टर

## आचार संहिता का कड़ाई से पालन के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**बलौदाबाजार,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर चंदन कुमार की अध्यक्षता में आदर्श आचरण संहिता के पालन हेतु गठित सभी निगरानी दलों की बैठक का अयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा भी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर कुमार ने सभी निगरानी दलों को सक्रिय होकर भ्रमण करने तथा ठोस कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा परिवहन एवं आबकारी अधिकारियों को प्रशिक्षण में दी गई जानकारियों को गम्भीरता पूर्वक आत्मसात करने हेतु सख्त हिदायत दी गई है।



जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश देते हुए प्रतिदिन जांच टीम के लिए प्लानिंग की जावे कि कौन से टीम किस क्षेत्र में भ्रमण करेगी। विशेष करके नेशनल हाई-वे पर फोकस किया जाकर जॉच कार्यवाही किया जाए। संयुक्त जांच टीम गठित कर रात्रि में भी जांच किया जावे। इसके साथ ही शराब, नगदी तथा अन्य सामग्रियों के अवैध परिवहन पर पूरी तरह नियंत्रण रखा जावें। जांच के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जावें कि आम नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो बल्कि उनका सहयोग लिया जावें। उनके साथ शालीनता का व्यवहार किया जावें लेकिन नियमों के अनुपालन में कोई समझौता न हो। जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब परिवहन पर प्रतिदिन जब्ती की कार्यवाही में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। सूचना तंत्र को मजबूत कर छापेमारी की कार्यवाही किया जावे। उपस्थित उड़नदस्ता दल सहित अन्य निगरानी दलों को अपने विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी तथा जी.एस.टी की टीम से सम्पर्क में रहकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। क्षेत्र भ्रमण में जाने के दौरान टीम को विडियोग्राफी हेतु कैमरा दिया जावें। ताकि विडियों को साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सके। शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा बलौदाबाजार एवं लीड बैंक अधिकारी को निर्देशित किया गया कि बैंक में होने वाले कैश जमा भुगतान का विवरण प्रतिदिन शाम को नोडल अधिकारी, व्यय अनुवीक्षण दल को प्रस्तुत किया जावे तथा रोज के लेन-देन जमा निकासी का परीक्षण किया जाए कि कहीं अप्रत्याशित निकासी तो नहीं हो रहा है।जिले में स्थित गोदामों का संयुक्त रूप से जांच सत्यापन करने हेतु पुलिस विभाग एवं जी.एस.टी. विभाग को निर्देशित किया गया. रेल्वे स्टेशन के बाहर निकासी द्वार पर आने-जाने वालों की जांच किया जावे।

इसी प्रकार बस स्टैण्ड में मालवाहक वाहनों की जांच भी किया जावे। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को उक्त आदेशों का पालन कड़ाई से करते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरतने के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर बीसी एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, जिला नोडल अधिकारी, आयकर, जिला परिवहन अधिकारी, बलौदाबाजार, सहायक आयुक्त, आबकारी, नोडल अधिकारी, व्यय अनुवीक्षण दल, सहायक व्यय प्रेक्षक, राज्य कर सहायक आयुक्त, भाटापारा वृत्त भाटापारा, शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक बलौदाबाजार, लीड बैंक मैनेजर समस्त दल प्रभारी एस.एस.टी. एफएस.टी,एम.सी. एम.सी.उपस्थित रहें।

# अनुज शर्मा का धरसीवां विधानसभा में सघन जनसंपर्क जारी



**खरोरा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। धरसींवा विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी अनुज शर्मा का सघन जनसंपर्क जारी है। जनसंपर्क ऐसा कि ना भीड़ जुटाने की जरूरत है और ना माहौल बनाने की, अनुज शर्मा के जनसंपर्क में पहुंचते ही अपने आप लोग इकट्ठा हो जाते हैं। सभी एक स्वर में कहते हैं च्चआ गे हमर हीरोज्ज उल्लेखनीय है कि नेता से पहले अनुज शर्मा अभिनेता है और छत्तीसगढ़ी सिने जगत के सुपरस्टार हैं,उनका चेहरा सभी की निगाहों में है। भाजपा के प्रत्याशी अभिनेता अनुज शर्मा को लोग खुद आगे जाकर आशीर्वाद दे रहे हैं। अनुज शर्मा सभी से मिलकर अपने पक्ष में वोट की अपील कर रहे हैं।

इसी कड़ी में 19 अक्टूबर को गांवों में सघन जनसंपर्क चला। इसमें नरहरडीह, मांधईपुर, छडिया,पचारी,आलेसुर, कठिया, नकटी, कुम्हारी भरवा ढीही, मोहरेंगा में सघन जनसंपर्क किया गया। बता दें कि सघन जनसंपर्क

भारतीय जनता पार्टी की ओर से धरसीवां विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी घोषित किए जाने के उपरांत निरंतर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जारी है। प्रात: काल से देर रात्रि तक जनसंपर्क करते हुए भाजपा प्रत्याशी अनुज शर्मा डोर टू डोर एवं चौक-चौराहा पर जाकर मतदाता से मुलाकात कर रहे हैं। सभी से कमल छाप पर बटन दबाकर विजयश्री दिलाते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील कर रहे हैं। सघन जनसंपर्क में भाजपा के पदाधिकरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता प्रचार की बागडोर संभाले हुए हैं।

# दशहरा उत्सव की तैयारी शुरू समिति ने बैठक कर बनाई रणनीति



**गरियाबंद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नगर में दशहरा उत्सव के कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू हो गई। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के गांधी मैदान में दशहरा उत्सव समिति के द्वारा रावण दहन एवं आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही पारंपरिक रामलीला का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम के तैयारी को लेकर गुरुवार रात दशहरा उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम के भव्य आयोजन तथा सभी जरूरी व्यवस्थाओं को लेकर समिति सदस्यों के बीच चर्चा की गई। समिति के उपाध्यक्ष राजेश साहू ने बताया कि नगर में इस साल 20 ऊंचा पुतला तैयारी किया जाएगा। आकर्षक आतिशबाजी भी की जाएगी। इस अवसर पर दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष ओम राठौड़, वीरू यादव, लीलाराम सिन्हा, राजेश साहू, महेंद्र राजपूत, मनोज खरे, रितिक सिन्हा, जीतू सेन, बाबा सोनी, वीरेंद्र सेन, बसंत मिश्रा, मुकेश रामटेक, विनय दसवानी, प्रकाश रोहरा, निकेश यादव, अवध राम यादव, दादू सिंह, गेंदलाल सिंन्हा सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# कविता प्राण लहरे को कांग्रेस से मिली टिकट

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने नये चेहरा कविता प्राण लहरे महिला को टिकट देकर महिला का सम्मान किया है। कांग्रेस से टिकट मिलने के बाद प्रचार प्रसार का दौर शुरू हो गई है। अभी तक बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्र से किसी भी राजनीतिक दलों द्वारा प्रत्याशी नहीं बनाया गया था किंतु कांग्रेस ने इस बार कविता प्राण लहरे को अपना उम्मीदवार बनाया है। क्षेत्र में बहुत ही लोकप्रिय चेहरा माना जाता है और इनका बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्र में मजबूत पकड़ भी है।



अभी वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य है क्षेत्र में भूपेश कांग्रेस सरकार के द्वारा चलाए जा रहे महत्वकांक्षी योजनाओं व क्षेत्रीय विकास कार्य के लिए कांग्रेस सरकार ने जो सहयोग किया है उसे जन जन तक पहुंचाने का कार्य करते रहे। अपने कुशल व्यवहार के चलते क्षेत्र में प्रभावशाली कांग्रेसी नेता के नाम से जाने जाते हैं पिछले चुनाव में भी कांग्रेस से टिकट के लिए दावेदारी कर चुके थे लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पाई थी लेकिन इस बार कांग्रेस पार्टी ने उनके प्रति विश्वास करते हुए बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया गया है। नये चेहरा कविता प्राण लहरे को टिकट देकर कांग्रेस ने क्षेत्र में दुसरी बार जीत दर्ज करने के उद्देश्य से किसी महिला चेहरा को प्राथमिकता दिया है। ज्ञात हो कि उनके राजनीति जीवन में कई बार उतार चढ़ाव आने के बाद भी कांग्रेस से जुड़ी रही और कांग्रेस के प्रति उनकी निष्ठा कम नहीं हुई शायद इसी को देखते हुए कांग्रेस उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन कैसे होगी ? क्षेत्र में कांग्रेस छोटे छोटे गुटों में बटी हुई दिखाई दे रही है सभी कांग्रेसी को एक मंच लाना मुश्किल काम जरूर है लेकिन असम्भव भी नहीं है। कांग्रेस को यदि इस क्षेत्र में दुसरी बार जीत दर्ज करना है तो सभी को एक मंच में लाना होगा अन्यथा बाजी हाथ से निकल सकती है। हालांकि बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ माना जाता है लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता काम नहीं करेंगे तो गढ़ किस काम की अब देखने वाली बात यह होगी कि कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं के साथ कैसे तालमेल बनाते हैं।

# गरियाबंद में गरबा की धूम



**गरियाबंद,** 20 अक्टूबर। नगर में नवरात्रि के अवसर पर गरबा की धूम है। स्थानीय गुजराती समाज द्वारा रोजाना रात पुराने देना बैंक परिसर में गरबा का आयोजन किया जा रहा है। बदलते परिवेश और आधुनिकता के दौर में गरबा महोत्सव में भी आधुनिकता की छाप दिलाई दे रही है। समाज के लोग रोज रोज नए नए ड्रेस कोड, आकर्षक परिधान के साथ ही गरबा नृत्य के विभिन्न विधाओं का लुफ्त उठा रहे है। खेलते नजर आ रहे है। आयोजन को लेकर बड़ी संख्या में लोग देखने पहुंच रहे है। गरबे की ताल और मधुर गीतों से मन मोहक दृश्य से लोग खूब आनंदित हो रहे है। समाज के प्रमुख हरीश भाई ठक्कर, घनश्याम सरवैया, संजय वखारिया ने बताया की बीते 50 वर्षो से नगर में गुजराती समाज द्वारा गरबा का आयोजन किया जा रहा है। आज समाज की तीसरी पीढ़ी उत्साह से गरबा खेल रही। गरबा समाज का प्रमुख उत्सव है, रोज रात पूरा समाज एकजुट होकर मां अम्बे की आरती के बाद गरबा की शुरवात करते है। जिसके बाद अलग अलग विधाओं में गरबा नृत्य करते है। इस अवसर पर भरत वखारिया, अरविंद भाई खिलोशिया, नितिन वखारिया, दीपक सरवैया, अमित ठक्कर, हरमेश चावड़ा, प्रकाश सरवैया, तरुण टांक, आशीष ठक्कर, अमित वखारिया, मयूर वखारिया, वैभव ठक्कर, नीरज वखारिया, राहुल मिठानी, हितेश ठक्कर सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरूष और युवा वर्ग उत्साह से गरबा खेलने शामिल होते है।

# शालिनी को शोध पत्र पर बेस्ट अवार्ड

**पिथौरा,** 20 अक्टूबर। समीपस्थ ग्राम लहरौद निवासी रायपुर कृषि महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा शालिनी गारुढ़िक ने राष्ट्रीय सेमिनार जबलपुर में अपनी शोध पत्र मेज हार्वेस्टर में शोध करते बेस्ट पेपर अवार्ड प्राप्त कर नगर व महाविद्यालय को गौरवान्वित की है। छात्रा शालिनी रमाकांत श्रीमती उषा गारुढ़िक की सुपुत्री है। इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई देते उज्वल भविष्य की कामना की है।



# मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर होगी रोक

**गरियाबंद,** 20 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिवस पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है।

# निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों की बैठक लेकर चुनाव कार्यक्रम नाम निर्देशन प्रक्रिया के संबंध में दी जानकारी

## नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अवधि आज से 30 तक

**महासमुंद,**20 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने आज कलेक्ट्रेट के महानदी सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक लेकर चुनाव कार्यक्रम, नाम निर्देशन प्रक्रियाए सभा.रैली, वाहन अनुमति, आचार संहिता, रूट चार्ट, व्यय लेखा, निर्वाचक नामावली, ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम रेण्डमाईजेशन आदि के संबंध में जानकारी दी। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दाऊलाल चंद्राकर, भारतीय जनता पार्टी के येतराम साहू व अशवंत तुषार साहू उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 9 अक्टूबर 2023 को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में निर्वाचन होना है। जिला महासमुंद में द्वितीय चरण में चुनाव होना है। इसके लिए नाम निर्देशन प्रारंभ होने की तिथि 21 अक्टूबर, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, नाम निर्देशन की संवीक्षा तिथि 31 अक्टूबर, अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवंबर, मतदान की तिथि 17 नवंबर और मतगणना की तिथि 30 दिसंबर निर्धारित है। नाम निर्देशन के तहत जानकारी दी गई कि शासकीय अवकाश एवं द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को शासकीय अवकाश होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं होगा। उन्होंने नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के बारीकियों के संबंध में अवगत कराया। साथ ही बताया कि नॉमिनेशन सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक लिया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि नामांकन दाखिल करने के लिए अभ्यर्थी सहित कुल पांच व्यक्ति ही नामांकन कक्ष में दाखिल हो सकते है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 10 हजार रुपए अमानत राशि तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए पांच हजार रुपए अमानत राशि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनैतिक दलों.अभ्यर्थियों को प्रचार के लिए सार्वजनिक स्थलों पर सभा, रैली आयोजन करने तथा वाहनों का उपयोग के लिए रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। स्कूलोंए कॉलेजों एवं निजी स्थलों पर सभा की अनुमति संबंधित संस्था प्रमुख एवं स्थल स्वामी की अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर जारी की जा सकेगी। सभा, रैली तथा वाहन की अनुमति के लिए सुविधा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 48 घंटे पहले कर सकते है। अनुमति पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, रिटर्निंग ऑफिसर महासमुंद उमेश साहू उपस्थित थे।



# दो जुआरियों से 4960 रुपए जप्त

**बिलाईगढ़,** 20 अक्टूबर (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन पर अवैध शराब, जुआ,सट्टा जैसे अवैधानिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सउनि अमृत भार्गव के नेतृत्व मे आज 19 अक्टूबर को मय शासकीय वाहन छ्त्र 03, 0226 में हमराह आरक्षक 254,318,238 के टाऊन पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था। जरिये मुखबीर सूचना मिला की झलवा तालाब के पास भटगांव सार्वजनिक स्थान में कुछ जुआडियान रूपये पैसे की हार जीत का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन को साथ लेकर घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया। कुछ जुआडियान पुलिस को देखकर भाग निकले, मौके पर जुआडियान 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकडा गया। पकड़े गये आरोपियों का नाम पता पुछने पर अपना अपना नाम रोहित कुमार खड़िया पिता छोटू खड़िया उम्र 25 वर्ष साकिन वार्ड नं 03 भटगांव, गुलशन साहू पिता होरीलाल साहू उम्र 31 वर्ष साकिन वार्ड नं 05 भटगांव का निवासी होना बताये। आरोपी रोहित खड़िया के फड से 1960/- रूपये पास से 1000/- रूपये, गुलशन साहू के फड से 1500/- रूपये एवं पास से 500/- रूपये, जुमला नगदी 4960/रुपये, 52 पत्ती ताश एवं तीन नग मोमबत्ती, एक प्लास्टिक बोरी आरोपियो के कब्जे से समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 की धारा 3(2) का अपराध सदर घटित करना पाये जाने से आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने एवं समक्ष जमानतदार पेश करने पर मौके पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में सउनि अमृत भार्गव थाना प्रभारी भटगांव, आरक्षक 254,238,318 एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



## निधन

### बलदाऊ गुप्ता

**बेमेतरा,** 20 अक्टूबर। वार्ड नं 10 निवासी भाई रवि गुप्ता एवं रोशन गुप्ता के पूज्य पिता बलदाऊ गुप्ता उम्र 53 वर्ष का आज सुबह 6 बजे हृदयगति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गृहग्राम समुदवारा में संपन्न हुआ।



### लक्ष्मी अम्माल

**भिलाई नगर,** 20 अक्टूबर। श्रीमति लक्ष्मी अम्माल का निधन 18 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास क्रमांक 2/क्सड़क 32 सेक्टर 10 से दिन के 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे के.माधवन की पत्नी, दयाल उन्नी ,प्रभा भास्करन, उदय के विजयन ,चंद्रिका उनी कृष्णन ,एम. पुष्पा भाग्यवती सुनील की माता थी।



### उपेन्द्र कुमार कोचेटा

**रायपुर,** 20 अक्टूबर। रायपुर जलविहार कालोनी निवासी उपेन्द्र कुमार कोचेटा पुत्र स्व. नेमीचंद कोचेटा का निधन 18 अक्टूबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे सुरेश, विरेंद, राजेन्द्र कुमार, तरुण, अरुण, अभय कोचेटा (जैन) के भाई व स्वप्निल कोचेटा के पिता तथा प्रेरक कोचेटा के दादा थे।



# कोसमंदी में की गई शिवलिंग की स्थापना



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम कोसमंदी में जिला सहकारी बैंक के सामने तालाब पार में शिवलिंग की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा के साथ की गयी। पंडितो के द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ व शिव लिंग का जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात प्रसादी स्वरूप भंडारे का आयोजन किया गया। यह स्थापना सनातनी युवा मंच कोसमंदी एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान जीवन साहू, बसंत मिश्रा, राकेश साहू, पुरसोत्म साहू, रोहित मिश्रा, पुरन साहू, जितेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

# संडीबंगला में दुर्गा उत्सव



**संडीबंगला।** सिद्धेश्वर धाम जारा के आस पास ग्रामीण क्षेत्र में नवरात्रि पर्व की धूम है। जारा के बार पारा, शिव मदिंर पारा, शीतला पारा, रेगाडीह महामाया मदिंर, दईहान पारा, मुसुवाडीह बस्ती पारा राजीव पारा में मां दुर्गा देवी विराजमान है।

# अमेरा में दुर्गा उत्सव



**अमेरा।** गुडी चौक अमेरा, नीम चौक लच्छनपुर।

# कटगी में दुर्गा उत्सव

**कटगी।** दुर्गा चौक कटगी, आमा चौक कटगी, सोना चौक(कूधूरालू पारा) कटगी, पचरी पारा कटगी, बीच पारा कटगी, महामाया चौक दुर्गा समिति कटगी।



# सांकरा चेक पोस्ट में गांजे तस्करी कर रहे आरोपी को सिहावा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अवैध शराब, गांजा एवं संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग कर वैधानिक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी. नगरी मयंक रणसिंह के नेतृत्व में लगातार संदिग्ध वाहनों कि सघन चेकिंग कराई जाकर सतत् नजर रखी जा रही है।



इसी तारतम्य में थाना सिहावा पुलिस द्वारा 18 अक्टूबर को रात्रि मे ग्राम सांकरा फारेस्ट नाका चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग दौरान मैनपुर की ओर से आ रहे एक नीले रंग के पल्सर वाहन क्रमांक सीजी 05 व्ही 7431 जिसमे दो व्यक्ति सवार थे जिसमें से पीछे में बैठा व्यक्ति पुलिस को देखकर वाहन से कूदकर जंगल की ओर भाग गया व वाहन चला रहे व्यक्ति ओमप्रकाश पटेल पिता रामदास उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम किशनपुरी थाना नरहरपुर जिला कांकेर को दौड़ाकर पकड़ा गया जिनके पास रखे काले रंग के बैग की विधिवत् तलाशी पर अपने पास अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखे मिला जिसके कब्जे से 05 किलोग्राम गांजा कीमती 10,0000 रूपये, 01 नग एन्ड्राईड मोबाईल कीमती 3000 रूपये एवं मोटर सायकल पल्सर सी.जी. 05 व्ही 7431 कीमती 20,000 रूपये को आरोपी ओमप्रकाश पटेल के कब्जे से बरामद कर जप्त किया गया आरोपी को थाना सिहावा के अपराध क्र. 160/23 धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। फरार आरोपी शिवनारायण विश्वकर्मा का पतातलाश जारी है। थाना प्रभारी सिहावा निरी. लेखराम ठाकुर, उनि. जी.एस. राजपूत, सउनि. लक्ष्मीनाथ निर्मलकर, प्रआर. चंद्रपाल डहरे, आर. विष्णु मरकाम, हरिशंकर सिन्हा थाना सिहावा एवं आर. योगेश सोम, आर. रंजीत कुर्रे थाना मेचका का विशेष योगदान रहा।

# परशुराम-लक्ष्मण संवाद व सीताहरण की मनमोहक लीला का मंचन

## तीसरे दिन भाटापारा रामलीला में,लोगों में बढ़ रहा रामलीला का क्रेज

**भाटापारा,** 20 अक्टूर (देशबन्धु)। भाटापारा में प्रतिवर्ष नवरात्र पक्ष में आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के द्वारा रामलीला का मंचन किया जाता है जो इस वर्ष भी नवरात्र की प्रथम दिवस से आरंभ हुई है इसके तीसरे दिन रामलीला मंचन में परशुराम लक्ष्मण संवाद, वनगमन, सीता हरण,जटायु मरण की शानदार एवं मार्मिक प्रस्तुति इस रामलीला के नन्हे बच्चों के द्वारा दी गई।तीसरे दिवस के मंचन प्रस्तुति कार्यक्रम एवं राम आरती करने के लिए मनवा कुर्मी समाज की तरफ से दीपक टिकरिहा, रविकांत वर्मा, गंगा प्रसाद वर्मा, राजूराम वर्मा, हिरदेश कर शायल, प्रशांत वर्मा रौनक टिकरिहा, अमर वर्मा, मोतीलाल वर्मा,तेजराम वर्मा एवं भाटापारा के प्रतिष्ठित डॉक्टर वासुदेव ठाकुर,डॉक्टर पूजा समीर भृगु, डॉक्टर शशांक गुप्ता, डॉ विकास आडील उपस्थित रहे। संबोधन की प्रक्रिया में डॉक्टर वासुदेव ठाकुर ने कहा कि जिस रामलीला का शुभारंभ इसके नींव रखने वालों ने 103 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया वही यहां तक वर्तमान में जो मंचन कर रहे हैं वह इस परंपरा को जीवंत रखने के लिए बधाई के पात्र हैं वही संस्कृति की पहल का निर्वहन लगातार इतने वर्षों से करना मामूली बात नहीं है, आदर्श रामलीला नाटक मंडली के वर्तमान के सभी व्यवस्थापक एवं कलाकारों के द्वारा आधुनिकता को ध्यान में रखकर परंपरा को आगे बढ़ाया है। डॉक्टर पूजा समीर भृगु ने कहा कि जब मैं पहली बार रामलीला देखने आई उस समय से हमेशा रामलीला लगातार कई वर्षों से देख रही हूं यहां आकर यहां की संस्कृति को समझ कर बहुत ही आनंद और सुकून प्राप्त होता है एवं भगवान की सेवा में लगे सभी लोग बधाई के काबिल हैं। वर्मा समाज से दीपक टिकरिया ने कहा कि आज नेक एवं पुण्य कार्य को कमाने के लिए आदर्श रामलीला नाटक मंडली के द्वारा हमें मौका दिया गया जिसके लिए इस मंडली को हम धन्यवाद देते हैं । भाटापारा की इस रामलीला में बच्चो को संगीत रामलीला के व्यास प्रमुख प्रकाश शर्मा,रामजी जोशी एवं अभिनय प्रशिक्षण कोमल शर्मा,जगदीश वैष्णव प्रदान करते है वही व्यवस्था मोनुमल,बजरंग चौरसिया,लाला शर्मा एवं वस्त्र साज सज्जा में बाबू शुक्ला एवं एनाउंसर कि भूमिका में धनजी जोशी रहते है ।



**लोगो की रुचि बढ़ रही रामलीला मे,बच्चे अपने पालको के साथ आ रहे रामलीला देखने**

भाटापारा रामलीला में लगातार हजारों की भीड़ में लोग रामलीला मंचन देखने पहुंच रहे हैं निश्चित तौर पर आधुनिक युग में मोबाइल टीवी के युग में रामलीला जैसी लाइव प्रस्तुति को देखने के लिए लोगों में उत्सुकता कम होते जा रही थी जिसके कारण लोग रामलीला देखने नहीं पहुंच रहे थे और रामलीला विलुप्ति के कगार पर धीरे-धीरे आने लगी थी फिर भी भाटापारा की रामलीला के द्वारा लगातार रामलीला का मंचन अनेक संघर्षों को करते हुए किया गया जो वर्तमान में अपने 104वें वर्ष का मंचन जारी रखी हुई है और ऐतिहासिक हो चुकी है । खुश होने वाली बात यह है कि लोगों में रामलीला का क्रेज फिर से बढ़ने लगा है और लोग रामलीला की ओर आकर्षित होने लगे हैं मोबाइल और टीवी के युग में फिर से रामलीला का जीवंत होना यह दर्शाता है कि लोग अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ना चाहते हैं और अपने बच्चों में यह भाव डालने के लिए ऐसे मंचन तक स्वयं भी पहुंच रहे हैं और अपने बच्चों को भी लाकर दिखा रहे हैं ।

**रामलीला में नन्हे कलाकारों की संख्या बढ़ रही है**

भाटापारा कि रामलीला की खूबसूरती है यहां के नन्हे बच्चों की कलाकारी है । वर्तमान में संचालित संस्था में महज 8 से 10 साल के बच्चों के द्वारा पेशेवर कलाकारों की तरह रामायण के किरदारों को रामलीला के मंच पर जीवंत करते है । वहीं जहां वर्तमान में बच्चों की पढ़ाई बहुत कठिन होते जा रही है और स्कूल बस्ते का बोझ बढ़ते जा रहे हैं इसके बावजूद इस रामलीला में लगातार कलाकारों की संख्या में नन्हे बच्चों की संख्या बढ़ रही है वर्तमान में 40 से 50 बच्चे अपने कला का जौहर इस रामलीला में दिखाते हैं और अपने संस्कृति धर्म ग्रंथ एवं उनमें आदर्श का निर्वहन करने वाले चरित्र की कल्पना को समझते हैं और जानकारी रखते हैं।जो कि अपने मे अद्भुत है ।

# सतीश अग्रवाल पर कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ने का कार्यकर्ताओं ने बनाया दबाव

## वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी पर कार्यकर्ताओं ने उठाए सवाल



**कांग्रेस नेतृत्व से भी पूछा कि किस आधार पर दी गई टिकट**

**भाटापारा,** 20 अक्टूर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी से भाटापारा विधानसभा में सबसे प्रबल दावेदार सतीश अग्रवाल को टिकट नहीं मिलने से उनके समर्थकों व जनता में जमकर आक्रोश है ।ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र के लोग उनके निवास और संस्थान में पहुंचकर गहरा आक्रोश व्यक्त कर रहे है । समर्थकों की मांग है कि सतीश अग्रवाल निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे उनके चुनाव लड़ने जीत सुनिश्चित है। बता दे की सतीश अग्रवाल बीते 5 वर्षों से लगातार शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रहे हैं सभी समाज के कार्यक्रमों में उनका आना-जाना रहा है बड़ी संख्या में सतनामी समाज ,आदिवासी समाज, यादव समाज, साहू समाज के लोग सतीश अग्रवाल के निवास पहुंचे और अपनी नाराजगी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के प्रति जाहिर की अनेक कार्यकर्ताओं ने यहां तक कह दिया कि जब मन से ही कांग्रेस पार्टी को टिकट देना रहता है तो सर्वे और 5 साल की मेहनत का क्या मोल है। रामाधार ध्रुव, मोहन निषाद, पूजा ध्रुव, दुर्गेश वर्मा, जगमोहन निषाद ,राम सिंह ध्रुव, प्रमिला साहू ,प्रेम घिटोड़े, हेमिन ध्रुव, काशीराम ध्रुव, कलीराम ध्रुव, सहदेव ध्रुव, द्वारिका यादव, अनिल धृतलहरें, हरीश लहरे ,सहित काफी बड़ी संख्या में लोग सतीश अग्रवाल के निवास पहुंचकर सतीश अग्रवाल जिंदाबाद के नारे लगाते रहे ।और कांग्रेस के बड़े नेताओं की मनमानी पर आपत्ति दर्ज कराई। इस मामले में जब सतीश अग्रवाल से बात करने की कोशिश की गई तो उनसे बात नहीं हो पाई वह काफी ज्यादा व्यस्त रहे कार्यकर्ताओं से घिरे रहे। सतीश अग्रवाल के निवास पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी कोई शहर में ठीक से जानता है ना ही ग्रामीण क्षेत्र में ना ही उसे व्यक्ति की 5 साल कोई सक्रियता रही कांग्रेस किस आधार पर उसे टिकट दी है किस आधार पर प्रत्याशी बनाई है यह समझ से परे हैं।

# जूनियर एवं सब जूनियर टेनिस वॉलीबॉल की टीम नेशनल के लिए रवाना



**भाटापारा,** 20 अक्टूर (देशबन्धु)। 25 वीं जूनियर एवं सब जूनियर नेशनल प्रतियोगिता 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 को शिव क्षत्रपति स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बालेवाड़ी पुणे महाराष्ट्र में आयोजित है। टेनिस वालीबॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव शरद पंसारी ने बताया कि विगत दिनों सब जूनियर एवं जूनियर बालक बालिका का चयन ट्रायल का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेगा में आयोजित किया गया था जिसमे प्रदेश के विभिन्न जिले के खिलाड़ी भाग लिए थे जिसमे खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन पुणे में आयोजित जूनियर एवं सब जूनियर प्रतियोगिता के लिए किया गया । जूनियर बालक टीम में आशीष मनहर, लायन कोशले, हर्ष शर्मा, गोमेश पात्र, खिलेंद्र कुर्रे, बालिका जूनियर टीम में आयुषी पटेल, यामिनी वर्मा, अर्शिया, कुस्मीता, सब जूनियर बालक टीम में समीर पात्र, प्रथम शर्मा, मयंक डोंडे, गीतेश दिवाकर, अक्षत आडिल , पियूष पात्र का चयन हुआ है । चयनित प्रतिभागी छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।चयनित प्रतिभागियों को टेनिस वॉलीबॉल के पदाधिकारी अजय मिश्रा, राजकुमार मल, अविचल पांडेय, आदित्य ठाकुर दीपक वर्मा, फिरोज टंडन, सुरेश राव, आलोक गुप्ता, सोनचंद ध्रुव, महेश्वरी पंसारी, स्वाति वर्मा , चित्र रेखा साहू, हीना यादव डीकेश्वारी, मनोज साहू आकाश आनद , ओमकुमार , पंकज साहू, राहुल वर्मा आदि ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



पलारी। बस स्टैंड बजरंग ( 2 )बाजार चौक में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा ( 3 )गांधी चौक पलारी ( 4 ) शितला चौक

# बिलाईगढ पुलिस की बड़ी सफलता

## चोरी के 02 आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**बिलाईगढ़।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर जिले में घटित अपराधों में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए ,जिसके पालन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा चोरी के,मामले में 02 आरोपी को किया गया गिरफ्तार ।विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 28.07.23 को प्रार्थी, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर को ताला लगा कर, नेपाल उज्जैन घूमने चले गए थे जब, वाहा से वापस आया, देखा, कमरा में रखें आलमारी का ताला टूटा हुआ है, जिसमे रखे सोने के जेवरात को, कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया, विवेचना दौरान ष्टष्टञ्जङ्क कैमरा फुटेज को खंगाला गया फुटेज के आधार पर आरोपी का पता किया आरोपी पूर्व में किसी अपराध में,जेल में निरुद्ध होने,पर माननीय न्यायलय दुवारा प्रोडक्सन वारंट जारी होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर मेमोरंडम कथन लिया गया ।आरोपी राजु खुटे पिता कन्हैया खुटे उम्र 26 साल सकिन बाराद्वार थाना बाराद्वार जिला सक्ती, विनोद कुमार चन्द्रा पिता मनीराम चन्द्रा उम्र 37 साल सकिन गुचगुलिया थाना जे जेजेपुर जिला सक्ती को धारा 454 380 34 द्बश्चष् के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

संपूर्ण विवेचना कार्यवाही में उप.निरी. शिव कुमार धारी ह्वद्ब मनहर ।ाष्ट निशांत दुबे ।ाष्ट दुर्गेश सिंह का विशेष योगदान रहा।

# आरंग में हुआ हैप्पी वोटिंग मतदाता जागरूकता का आयोजन, लोकतंत्र में मतदाता ही है भाग्य विधाता-होरी सिंह ठाकुर



**आरंग**/शुक्रवार को रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आरंग अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में हैप्पी वोटिंग मतदाता जागरूकता अभियान नगर पालिका आरंग में चलाया गया इस अभियान में सभी कर्मचारियों सहित आम जनों ने भी भाग लिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरंग आरंग होरी सिंह ठाकुर ने लोकतंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक और एक 11 होते हैं जबकि व्यक्ति अकेला तो मतदाता है किंतु सबके साथ मिलकर शत प्रतिशत मतदान की दिशा में पहल से वह भाग्य विधाता बन जाता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी को निष्पक्ष प्रलोभन रहित मतदान की शपथ भी कार्रवाई वही स्वीप प्रभारी शिक्षक गण महेंद्र पटेल एवं अरविंद वैष्णव ने अनुभाग के निर्देशों को स्पष्ट करते हुए आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए सभी को सचेत रहने के लिए कहा जागरूकता नारो से सब का उत्साह बढ़ाया इस अवसर पर इंजीनियर इंदीवर दुबे, पोषण साहू ,अजय ध्रुव, मेहतरू राम साहू, लक्ष्मण पाल, राजेश साहनी, सतीश साहू,सुरेंद्र साहू, रंजन कुर्रे, राजा बाबू साहनी,जय देवांगन,तरला सोनी,प्रज्ञा यादव, अंकित चंद्राकर, मुरली साहू,अमित वर्मा, भावेश कोसले,आदि के साथ अन्य नागरिक गणों की भी उपस्थित रही।

## ए बी व्ही पी ने लगाया सेवा बेंच



**सरायपाली 20** अक्टूबर( देशबंधु)अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नवरात्रि के पावन अवसर पर सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति जयस्तम्भ चौक में स्टूडेंट फॉर सेवा प्रोग्राम के तहत सेवा बेंच लगा कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर सेवाकार्य किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर मंत्री के संरक्षण में नगर आर के एम प्रमुख एवं नगर एस एफ एस प्रमुख एवं अन्य दायित्ववान कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। पूरे आयोजन में सरायपाली अंचल के लोग माँ दुर्गा के प्रसाद को ग्रहण कर एवं विद्यार्थी परिषद के इस सेवा कार्य का लाभ लेकर अत्यंत हर्ष का अनुभव किया इस कार्य की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया । सरायपाली अंचल के जनसमान्य का कहना है की वर्तमान समय में सरायपाली पूरे जोरों शोरो के साथ एक के बाद एक सराहनीय कार्यो के जरिये एक बार पुन: अपने पूरे ताकत के साथ आगे आ रही है ।पूरे कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ आयोजक समिति के कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## फिंगेश्वर में सजा है माता रानी का दरबार

**फिंगेश्वर,** 20 अक्टूर (देशबन्धु)। मनोकामना लेकर पहुंच रहे हैं श्रद्धालु क्षेत्र की कुलदेवी मावली माता मंदिर में भक्तों ने जलाई 1500 जोत हजारों लोग प्रतिदिन माता का श्रृंगार दर्शन लाभ ले रहे हैं सभी दुर्गा पंडालो में



जस गीत की टोलियां घूम-घूम कर जस गीत गाकर भक्ति मय वातावरण बना रहे हैं महिलाओं की भीड़ देखते बनती है सभी दुर्गा पंडालों में मंदिरों में माता के श्रृंगार चढ़कर पूजा अर्चना बड़े उमंग उत्साह के साथ किया जा रहा है दूर-दूर से लोग मावली माता के दर्शन एवं जोत के दर्शन करने पहुंच रहे पंच मंदिर ट्रस्ट कमेटी सर्वराकार राजा नीरेंद्र बहादुर द्वारा मंदिर स्थल को सजने संवरने एवं माता की प्रसिद्ध के अनुरूप रन रोगन सुरक्षित मार्ग भक्तों के आने जाने के रास्ते पार्किंग व्यवस्था की जबरदस्त व्यवस्था उनके मार्गदर्शन में की गई है पंचकोशी धाम फिंगेश्वर जो की प्राचीन समय से ही राजवाड़ा क्षेत्र है दिवंगत राजा महेंद्र बहादुर सिंह इस रियासत के राजा रहे हैं छत्तीसगढ़ में फिंगेश्वर ऐतिहासिक नगरी है पुरातत्व समय के अर्ध टूटे-फूटे अवशेष देवी देवताओं के फणीश्वर नाथ महादेव मंदिर में स्थापित है पंच मंदिर बालाजी मंदिर शीतला माता मंदिर सभी मंदिरों के देखरेख की व्यवस्था ट्रस्ट कमेटी द्वारा की जाती है

## सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए 21 से 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र जमा होंगे

**बिलाईगढ़,** 20 अक्टूबर (देशबंधु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत 21 अक्टूबर 2023 अधिसूचना का प्रकाशन तिथि है। विधानसभा क्षेत्र 17-सारंगढ़ के लिए कक्ष कलेक्टर न्यायालय जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 43-बिलाईगढ़ के लिए कक्ष न्यायालय अपर कलेक्टर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। निर्धारित तिथि अनुसार नाम निर्देशन 21 अक्टूबर 2023 शनिवार को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। 22 अक्टूबर शनिवार को अवकाश है। 23 अक्टूबर 2023 सोमवार को नाम निर्देशन पत्र प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। 24 अक्टूबर 2023 मंगलवार को विजयादशमी-दशहरा के दिन अवकाश है। 25, 26 और 27 अक्टूबर 2023 को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। 28-29 अक्टूबर शनिवार-रविवार को अवकाश है। 30 अक्टूबर 2023 सोमवार को नाम निर्देशन पत्र प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। 31 अक्टूबर 2023 मंगलवार को प्रात: 11 बजे से संवीक्षा किया जाएगा। नाम वापसी 02 नवंबर 2023 गुरूवार को अपरान्ह 3 बजे तक किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि द्वितीय चरण में मतदान की तिथि 17 नवंबर 2023 शुक्रवार को और मतगणना 03 दिसंबर 2023 रविवार को निर्धारित है।

# नवरात्रि विशेष- बच्चों को खूब रुलाती है, आरंग की माता सतबहनिया



**आरंग,** मंदिरों की नगरी के नाम से सुविख्यात नगर आरंग के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रीठा पेड़ के जड़ में प्रगट हुई है माता सतबहनियां। रीठा पेंड के नीचे विराजमान होने के कारण माता सतबहिनिया को रीठा वाली दाई के नाम से भी पुकारा जाता है। कहा जाता है अस्पताल परिसर और आसपास से गुजरने वाले छोटे बच्चों को माता सतबहनियां खूब रुलाती है। जैसे ही बच्चे के घर के लोगों द्वारा माता के दर्शन कर चूड़ी, चुनरी सुपली, मुर्रा, चना, नारियल चढ़ाकर मन्नत मांगते हैं। रोते बिलखते बच्चे शीघ्र ही शांत हो जाते हैं। जब तक यहां माता का श्रृंगार नहीं चढ़ता तब तक बच्चे शांत नहीं होते। इसलिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जन्म लेने वाले बच्चे के माता-पिता या परिवार के लोग बच्चे के जन्म होने पर स्वतरू ही माता का श्रृंगार चढ़ाकर मन्नत मांगते हैं। माता सतबहिनियां का इतिहास कितनी पुरानी है। इसके बारे में किसी को ज्यादा जानकारी नहीं है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी अनुसार पहले यहां काफी घना जंगल था। लोग यहां अकेले आने जाने से घबराते, कतराते थे। जंगल होने के कारण यहां सांप बिच्छू का बसेरा था। पर अब पंद्रह बीस साल से नवरात्रि में ज्योति प्रज्वलित कर भक्तों द्वारा विशेष पूजा आराधना किया जाता है। दोनों नवरात्रि में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। जन आस्थानुसार जो भी श्रद्धालु अस्पताल परिसर में पहुंचकर माता सतबहिनियां से कामना करते हैं। माता शीघ्र ही उनकी मनोकामना पूर्ण करती है।

# सांसद ने सोहेला में रेल लाइन निर्माण के संबंध में वरिष्ठ जनों से मुलाकात की

## दुर्गा पंडाल जाकर मां दुर्गा जी से लिया आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण किया

**सरायपाली** 20 अक्टूबर( देशबंधु)महासमुन्द के सांसद चुन्नीलाल साहू आज सोहेला में पूजा समिति द्वारा प्रतिवर्ष वृहद रूप से सजावट कर नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा की विशाल व आकर्षक मूर्ति स्थापित कर बड़े ही धूमधाम से यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है । पूजा समिति द्वारा स्थापित इस दुर्गा मंडप को देखने काफी दूरदराज से लोग आते हैं व काफी मशहूर भी है ।



बरगढ़ में आयोजित रेल समिति के कार्यक्रम में पहुंचे सांसद साहू जी को पूजा समिति सोहेला द्वारा आमंत्रित किया गया था ।जिसे स्वीकार करते हुवे रात्रि को वे सोहेला पहुंचे ।सर्वप्रथम वे पंडाल व मंदिर पहुंचकर दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया व प्रसाद भी ग्रहण किया ।

पश्चात समिति के कार्यालय में सोहेला के जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नागरिकों से चर्चा की ।

इस अवसर पर प्रकाश चंद्र देवता ( पूर्व विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री ओडिसा ) द्वारा शाल पहनाकर चुन्नीलाल साहू का स्वागत व सम्मान किया गया । सभी उपस्थित नागरिकों ने रायपुर संबलपुर रेल लाइन निर्माण की आवश्यकता व उसके निर्माण किये जाने की मांग की । इस पर साँसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि इस रेल लाइन के लिए रेलनिर्माण संघर्ष समिति के साथ वे प्रयासरत हैं। व इसके लिए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव भी रुचि ले रहे है । यही कारण है कि इतनी जल्द इसे स्पेशल कोटे से सर्वे के लिए आदेशित किया गया । जल्द ही सर्वे रिपोर्ट लेकर वे रेलमंत्री से चर्चा करेंगे कि इसे आगामी बजट में शामिल कर लिया जाए । पूर्व विधायक प्रकाश चंद्र देवता ने बताया कि वे पूर्व में जब अजित जोगी मुख्यमंत्री थे उस समय वे ओडिशा सरकार में मंत्री रहते हुवे रायपुर जाकर उन्हें ज्ञापन भी सौपा था ।

रेलवे के साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई । उस अवसर पर मो.रफीक ( पूर्व विधायक ), नाथूराम अग्रवाल , डॉ. शिशिर साहू , टंकधर झांकर , प्रमोद देवता , सत्या प्रधान , बलवीर सिंह ठाकुर , शुशांत मिश्रा , गिरिजेश खडंगा ,ललित अग्रवाल , संदीप झांकर , सुनील अग्रवाल ( सरायपाली )व दिलीप गुप्ता ( सरायपाली )के साथ ही अन्य नागरिकगण भी उपस्थित थे ।